

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

❊ जन्मदिवस 19–03–1971 ❊ मुनिदीक्षा–11–05–1989 ❊ आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

करकण्ड चरिउ

ग्रन्थकर्त्ता
परम पूज्य मुनिश्री कनकामर जी महाराज

सम्पादक
डॉक्टर हीरालाल जी जैन
लालचन्द जैन

प्रकाशक
भारतीय ज्ञानपीठ

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)




परम पूज्य तीर्थभक्त-शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या-चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।


सुविधि-परिवार

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला : अपभ्रंश ग्रन्थांक–४

मुनि-कनकामर-विरइयउ

करकंड चरिउ

आलोचनात्मक रीतिसे सम्पादित मूल, हिन्दी और अँगरेज़ी प्रस्तावना
व अनुवाद, परिशिष्ट, टिप्पण, शब्दकोश, आदि सहित



वीर सेवा मंदिर पुस्तकालय
4004
दिल्ली

सम्पादक
डॉ० हीरालाल जैन, एम्० ए०, डी० लिट्०
प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष
संस्कृत, पाली व प्राकृत, इन्स्टीट्यूट आफ़ लेंग्वेजेज़ एण्ड रिसर्च
जबलपुर विश्वविद्यालय [म० प्र०]
भूतपूर्व डायरेक्टर : प्राकृत, जैनधर्म और अहिंसा शोधसंस्थान
वैशाली (बिहार)

भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन

वीर निर्वाण सं० २४९०
वि० सं० २०२१, सन् १९६४

द्वितीय संस्करण
मूल्य दस रुपये

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवीकी पवित्र स्मृतिमें तत्सुपुत्र साहू शान्तिप्रसादजी-द्वारा संस्थापित

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमालाके अन्तर्गत प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड, तमिल आदि प्राचीन भाषाओंमें उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन-साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन तथा उसका मूल और यथासम्भव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन हो रहा है। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमालामें प्रकाशित हो रहे हैं।

●

8008

ग्रन्थमाला सम्पादक

डॉ० हीरालाल जैन, एम० ए०, डी० लिट्०

डॉ० आ० ने० उपाध्ये, एम० ए०, डी० लिट्०

●

प्रकाशक

भारतीय ज्ञानपीठ

प्रधान कार्यालय : ९ अलीपुर पार्क प्लेस, कलकत्ता–२७

प्रकाशन कार्यालय : दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी–५

विक्रय केन्द्र : ३६२०।२१ नेताजी सुभाष मार्ग, दिल्ली–६

मुद्रक : सन्मति मुद्रणालय, दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी–५

●

स्थापना : फाल्गुन कृष्ण ९, वीर नि० २४७० ● विक्रम सं० २००० ● १८ फरवरी सन् १९४४

सर्वाधिकार सुरक्षित



स्व० मूर्तिदेवी, मातेश्वरी सेठ शान्तिप्रसाद जैन

JÑĀNAPĪTHA MŪRTIDEVĪ JAIN GRANTHMĀLĀ : APABHRAṂŚA Grantha No. 4

KARAKAṆḌA-CARIU

of


MUNI KANAKĀMARA


An Apabhraṃśa Work on the Life of Karakaṇḍu Recognised as a Saint or Pratyekabuddha by the Jainas as well as Buddhists

Critically Edited

with

Hindi and English Introductions and Translations, Appendices, Notes, Glossary etc.





EDITOR

Dr. **HIRALAL JAIN**, M. A., D. Litt.

Professor and Head of Department of Sanskrit, Pali and Prakrit,
Institute of Languages and Research, Uuiversity of Jabalpur [M. P.]
Formerly Director, Research Institute of Prakrit, Jainology and Ahimsa,
Muzaffarpur [Bihar]

BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪTHA PUBLICATION

VIRA SAMVAT 2490
V. S. 2021, 1964 A. D.

Second Edition
Rs. 10/-

BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪṬHA MŪRTIDEVĪ

JAINA GRANTHAMĀLĀ

FOUNDED BY

SĀHU SHĀNTIPRASĀD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRĪ MŪRTIDEVĪ

IN THIS GRANTHAMĀLĀ CRITICALLY EDITED JAINA ĀGAMIC, PHILOSOPHICAL, PURĀNIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS AVAILABLE IN PRĀKRIT, SANSKRIT, APABHRAMSA, HINDI, KANNADA, TAMIL ETC., ARE BEING PUBLISHED IN THEIR RESPECTIVE LANGUAGES WITH THEIR TRANSLATIONS IN MODERN LANGUAGES AND CATALOGUES OF JAINA BHANDARAS, INSCRIPTIONS, STUDIES OF COMPETENT SCHOLARS & POPULAR JAINA LITERATURE ARE ALSO BEING PUBLISHED.

●

General Editors

Dr. Hiralal Jain, M. A., D. Litt.
Dr. A. N. Upadhye, M. A., D. Litt.

●

Bharatiya Jnanapitha
Head office : 9 Alipore Park Place, Calcutta-27.
Publication office : Duragakund Road, Varanasi-5.
Sales office : 3620/21 Netaji Subhash Marg, Delhi-6.

●

Founded on Phalguna Krishna 9, Vira Sam. 2470, Vikrama Sam. 2000.18th Febr.1944

All Rights Reserved

CONTENTS

1 *General Editorial (English and Hindi)* vii-viii

2 **प्रस्तावना** ९-६३

१ ग्रन्थका रचना-स्थल ९
२ ग्रन्थकारके समसामयिक नरेश व रचना-काल १०
३ ग्रन्थकारका चन्द्रर्षि गोत्र १२
४ ग्रन्थकारकी गुरु-परम्परा १३
५ ग्रन्थका विषय १३
६ करकंडु कथाकी प्राचीन परम्परा १६
७ प्रस्तुत कथानककी पूर्व कथाओंसे तुलना १९
८ कथानकके विविध तत्त्वोंकी खोज २०
९ अवान्तर कथाएँ २२
१० कथाके नायक २८
११ करकंडचरिउका उत्तरकालीन साहित्यपर प्रभाव २९
१२ तेरापुर और वहाँके लयन (गुफाएँ) ३०
१३ पहली गुफा किसने बनवायी ३१
१४ करकंडचरिउकी भाषा ३२
१५ करकंडचरिउके छन्द ३४

3 *Introduction*

1 Critical Apparatus 37
2 Summary of the Work 39
3 The Intervening Stories and their Sources 45
4 Popularity of the Hero 46
5 Authorship, Time and Place of Composition of the work 49
6 Terapur and its Cave-temples 56
7 Who Excavated the First Cave ? 60
8 Metres 63

4	*Apabhrams'a text of Karakaṇḍacariu in 10 Chapters with headlines to each Kadavaka in English, Variant Readings in the Footnotes, and Hindi Translation on the Opposite Page*	....	2-163
5	*English Translation*	....	165
6	*Appendices*	....	227
	A The Story (in Pāli) of Karaṇḍū Rājā with English Translation	....	227
	B The Story (in Prākrit) of Karakaṇḍū Rāyā with English Translation	....	230
7	*Notes : Critical and Explanatory*	....	239
8	*Glossary*	....	247
9	*Index of Personal Names with Notes*	....	286
10	*Index of Geographical Names with Notes*	....	290

GENERAL EDITORIAL

The Karakaṃḍacariu of Kanakāmara was first edited by Dr. Hiralal Jain and published as No. 4 of the Ambādāsa Chaware Digambara Jaina Granthamālā, or Karanja Jaina Series, in the year 1934. This Apabhraṃśa work was received very well not only by Oriental scholars interested in the Middle Indo-Aryan, but also in some of our Universities where it found a place as a text-book for graduate and post-graduate courses of study. The first edition was exhausted some years back, and the book has been in consant demand. I suggested a reprint of it to the authorities of the Bhāratīya Jñānapīṭha, Varanasi, which has come to be a premier Institution for the publication of works pertaining to the neglected branches of Indological study. Thanks to Dr. Hiralal Jain, in whom we have a doyen of Apabhraṃśa studies, that not only he readily agreed to the proposal of reprint, but also spared his valuable time to retouch the text and critical apparatus in their obscure contexts, to revise the Introductions and to add a full Hindi Translation. Thus, the present edition of the Karakaṃḍacariu has come to represent an exhaustive study of this Apabhraṃśa text from the historical and literary points of view. I have no doubt that the present edition has become more comprehensive and scholarly in its contents and would satisfy more fully the needs of the University students. It may be noted that for the speedy publication of this work the twelve plates pertaining to Terāpura cave, included in the first edition, could not be reproduced here.

We are grateful to the authorities of the Bhāratīya Jñānapīṭha, especially to its enlightended President, Smt. Ramadevi Jain, and to its benign Patron, Shriman Sahu Shanti Prasadaji, for patronising the publication of such works. Our thanks are due to Shri Laxmi Chandaji Jain who is enthusiastically implementing the schemes of publication undertaken by the Jñānapīṭha.

Kolhapur
9-6-64

A. N. UPADHYE

प्रधान सम्पादकीय

मुनि कनकामर कृत करकण्डचरिउका सर्वप्रथम सम्पादन डॉ० हीरालाल जैन द्वारा होकर सन् १९३४ में अम्बादास चवरे दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला (कारंजा जैन सीरीज) में उसका प्रकाशन हुआ था। इस अपभ्रंश रचनाका प्राकृत भाषाओंमें रुचि रखनेवाले प्राच्य विद्या-विशारदों-द्वारा अच्छा स्वागत हुआ और अनेक विश्वविद्यालयोंने उपाधि व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमोंमें उसे स्थान दिया। ग्रन्थका प्रथम संस्करण कुछ वर्ष पूर्व समाप्त हो गया था, किन्तु ग्रन्थकी निरन्तर माँग बनी हुई थी। अतएव मैंने भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, के अधिकारियोंको इसे पुनः प्रकाशित करानेका सुझाव दिया, क्योंकि यह ज्ञानपीठ भारतीय विद्याओंकी उपेक्षित शाखाओंके ग्रन्थोंको प्रकाशित करनेके लिए एक प्रधान संस्था बन गयी है।

डॉ० हीरालाल जैन अपभ्रंश भाषा और साहित्य सम्बन्धी अध्ययनके हमारे एक पथ-निर्माता हैं। उन्हें धन्यवाद है कि उन्होंने न केवल इस ग्रन्थके पुनः प्रकाशनके प्रस्तावको तुरन्त स्वीकार कर लिया, किन्तु उन्होंने अवकाश निकालकर ग्रन्थके मूल पाठमें अनेक स्थलोंपर उचित संशोधन किये, ह्रस्व और दीर्घ 'ए' तथा उसकी मात्रा एवं अनुनासिक और अनुस्वारके पृथक् संकेतोंका समावेश किया, हिन्दी प्रस्तावनाका उचित विस्तार व अँगरेजी भूमिकामें तदनुसार सुधार-बधार किये और सम्पूर्ण हिन्दी अनुवाद भी जोड़ दिया। इस प्रकार करकण्डचरिउके इस संस्करणमें इस अपभ्रंश रचनाका ऐतिहासिक व साहित्यिक दृष्टिसे सर्वांगपूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। मुझे इसमें कोई सन्देह नहीं कि इस संस्करणमें अपने विषयका अधिक व्यापक और विद्वत्तापूर्ण विवेचन हुआ है जिससे विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियोंकी आवश्यकताओंकी अधिक उत्तम रीतिसे पूर्ति हो सकेगी।

यहाँ यह भी प्रकट कर देना उचित है कि तेरापुरकी गुफाओं सम्बन्धी जो बारह चित्र प्रथम संस्करणमें प्रकाशित किये गये थे वे, प्रकाशनमें विलम्ब बचानेकी दृष्टिसे छोड़ दिये गये हैं।

हम भारतीय ज्ञानपीठके अधिकारियों, और विशेषतः इस संस्थाकी विदुषी अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी जैन, एवं उसके सुयोग्य संरक्षक साहू शान्तिप्रसादजीके कृतज्ञ हैं कि वे ऐसे ग्रन्थोंके प्रकाशनको आश्रय देते हैं। ज्ञानपीठ-द्वारा स्वीकृत प्रकाशन-योजनाको उत्साहपूर्वक क्रियान्वित करनेके लिए संस्थाके मन्त्री श्री लक्ष्मीचन्द्र जैन हमारे धन्यवादके पात्र हैं।

कोल्हापुर,
९-६-१९६४

आ० ने० उपाध्ये

प्रस्तावना

'करकंडचरिउ'के दर्शन मुझे प्रथम बार सन् १९२४ में कारंजाके सेनगण भण्डारमें हुए थे। तदनुसार ग्रंथका कुछ परिचय सन् १९२६ में मध्यप्रदेश शासन-द्वारा प्रकाशित संस्कृत-प्राकृत हस्तलिखित ग्रंथोंकी सूचीमें दिया गया था। खोज करनेपर इसी ग्रंथकी पाँच और भी प्रतियाँ मुझे देखनेको मिलीं। इन सब प्रतियोंका सूक्ष्म अवलोकन कर प्रस्तुत संस्करण तैयार किया है। (इन प्रतियोंका परिचय अंग्रेजी भूमिकामें देखिये।)

स्वयं ग्रंथमें उसके रचयिता व काल आदि सम्बंधी ऐतिहासिक संकेत केवल निम्नप्रकार पाये जाते हैं। ग्रंथकी प्रत्येक संधिके अन्तमें ग्रंथकारका नाम कनकामर अंकित कर दिया गया है, व प्रारंभ और अन्तमें उनके गुरुका नाम पंडित या बुध मंगलदेव बतलाया है। अन्तिम प्रशस्तिमें कहा गया है कि ग्रन्थकार ब्राह्मण वंशके चन्द्र ऋषि गोत्रमें उत्पन्न हुए थे, और वैराग्य लेकर वे दिगम्बर मुनि हो गये। तबसे उनका नाम कनकामर मुनि प्रसिद्ध हुआ। वे भ्रमण करते हुए 'आसाइय' नगरीमें पहुँचे और वहीं रहकर उन्होंने प्रस्तुत ग्रन्थकी रचना की। इस रचनाको उन्होंने जिन सज्जनके अनुरागसे प्रकाशित किया वे एक बड़े योग्य व्यवहार-कुशल, धर्मात्मा पुरुष थे। वे विजयपालनरेशके स्नेहभाजन तथा उनके मुखदर्पणवत् थे, उन्होंने भूवाल नरेशका मन मोह लिया था, तथा वे कर्ण नरेन्द्रके चित्तका मनोरंजन किया करते थे। उनके तीन पुत्र थे, आहुल, रल्हो और राहुल। ये तीनों मुनि कनकामरके चरणोंमें अनुरक्त थे। अपने भक्त श्रावकका इतना परिचय देनेपर भी, खेद है, कर्ताने उनका नाम नहीं बतलाया और न अपने ग्रंथके निर्माणका समय ही अंकित किया। अतः ग्रंथकारके सम्बन्धमें विशेष जानकारी उक्त संकेतोंके आधारसे बाह्य प्रमाणों-द्वारा संकलित करनेकी आवश्यकता पड़ी।

ग्रंथका रचना-स्थल

जिस 'आसाइय' नगरीमें रहकर कविने ग्रन्थ-रचना की उसका यह भी निश्चय नहीं होता कि वह कहाँ थी, तथा जिन राजाओंका उन्होंने उल्लेख किया है उनका भी कुछ निश्चित इतिहास ज्ञात नहीं है। कारंजाकी प्रतिमें 'आसाइय' नगरीपर 'आसापुरी' ऐसा टिप्पण है। इससे जान पड़ता है कि उस नगरीको आसापुरी भी कहते थे। खोज करनेपर इस नामके अनेक स्थानोंका पता लगा। एक तो 'आसाई' नामका इतिहासप्रसिद्ध वह स्थान है जहाँ सन् १८०३ में मराठों और अंग्रेजोंका युद्ध हुआ था। यह आंध्रप्रदेशके औरंगाबाद जिलेके अन्तर्गत है। यह अब एक छोटा-सा ग्राम है। इसका पूर्व इतिहास कुछ विदित नहीं है। दूसरा खानदेशमें आसीरगढ़ नामका किला है जिसका यह नाम वहाँ स्थापित आसादेवीपर-से पड़ा। कहा जाता है कि इस किलेको मौखरी वंश (लगभग सन् ६००) के एक नरेशने अपनी पुत्रप्राप्तिकी आशा पूर्ण होनेके उपलक्ष्यमें बनवाया था। किलेके पासका एक छोटा-सा ग्राम अब भी 'आसी' कहलाता है। एक तीसरा आसी नामका स्थान राजपुतानेके बून्दी राज्यमें है। यह भी एक किला है। पंजाबके कांगडा जिलेके अन्तर्गत कीरग्रामसे बारह मील दूरीपर एक पहाड़ी है जिसकी चोटीपर आसापुरी देवीकी स्थापना है और जिसके कारण वह स्थान आसापुरी कहलाता है। इस मन्दिरको एक राजा चन्द्रभानुके पुत्र विजयरामने बनवाया था। पाठक नामपर-से विजयरामको इस ग्रंथके विजयपाल ठहरानेका इरादा न करें, क्योंकि ये विजयराम सत्रहवीं शताब्दिमें हुए हैं और प्रस्तुत ग्रंथ जैसा ऊपर बतला आये हैं, इससे पूर्व ही बन चुका था। इत्यादि। किन्तु इस नाम मात्रकी समानताओंसे हमें ग्रंथकी रचनाके स्थानका निर्णय करनेमें विशेष सहायता नहीं मिलती, जबतक किसी स्थानके साथ उपर्युक्त राजाओंका भी कुछ इतिहास न पाया जावे। जिन दो स्थानोंमें-से किसी एकके कनकामरके रचनास्थल होनेकी अधिक सम्भावना है वे निम्नप्रकार हैं :

१. आसइखेड़ाके विषयमें जैन सिद्धांत भास्कर, भाग १३, २, पृष्ठ १३५पर लिखा है, "आसइखेड़ा नामक ग्राम इटावासे नौ मील दूर है। निस्सन्देह यह जैनियोंका प्राचीन स्थान है। इटावाके जैनी अब भी वहाँ जाकर अपने लड़कोंका मुण्डन कराते हैं। आसइ गाँव एक ऊँचे खेड़ेपर बसा हुआ है, जिसकी पश्चिमी ओर विशाल खंडहर पड़े हुए हैं। जमुनाके किनारेसे सटा हुआ खंडहर संभवतः किसी प्राचीन जैन मंदिरका अवशेष है। उसपर बहुत-सी दिगम्बर जैन प्रतिमाएँ बिखरी हुई मिलती हैं। इनमें-से १२वीं शताब्दिकी दो मूर्तियोंको जसवंतनगरके मन्दिरमें लाकर रखा गया था। एक चौबीसीपट था, जिसमें प्रत्येक तीर्थंकरका नाम भी अंकित था। यह आसइ ग्राम अपने दुर्गके लिए प्रसिद्ध था। कहते हैं कि आसइके दुर्गको चन्द्रपालुने बनवाया था। मुनि कनकामरने एक आसाइय नगरीमें आकर अपना करकंडचरिउ रचा था जहाँकि नरेश विजयपाल, भूपाल और कर्ण थे। हो सकता है कि यह आसाइय नगरी वर्तमान आसइखेड़ा ही हो।" किन्तु इससे आगे कहा गया है कि "तारीख-ई-यामिनीसे जाहिर है कि मुहम्मद तुगलकने हिज्री ४०९ (सन् १०१७ ई०)में कन्नौजसे मथुरा तक आक्रमण किया था। इटावाके पास मुंजके किलेमें हिंदुओंने उसका जबरदस्त विरोध किया था। प्रायः सभी हिन्दू उस संघर्षमें खेत रहे थे। वहाँसे सुलतानने आसईके दुर्गपर आक्रमण किया। उस समय आसईका शासक चंडाल भोर था। .... मुसलमान लेखकोंने लिखा है कि सुलतानके आक्रमणकी खबर पाकर चंडाल भोर घबरा गया और अपना दुर्ग छोड़ सुरक्षित स्थानको भाग गया। सुलतानने उसके पाँचों किलोंका गिरवाकर मिट्टीमें मिला दिया।" इससे न तो इस आसईखेड़ाका सन् १०१७ ईस्वीके पश्चात् ऐसा अस्तित्व पाया जाता जिससे वह कनकामर-द्वारा 'नगरी' कहा जा सके, और न वहाँ किसी ऐसे राजाओंका अस्तित्व सिद्ध होता है जिनका करकंडचरिउमें उल्लेख किया गया है।

२. भोपाल स्टेट गजैटियर (१९०८)में लिखा है कि भोपालके समीप आशापुरी नामक ग्राम २३" ५२" उत्तर व ७७" ४०" पूर्व ध्रुवांशपर स्थित है। वहाँ आशापुरी देवीकी कुछ असाधारण प्रकारकी मूर्ति विद्यमान है। सम्भवतः इसीपर-से ग्रामका उक्त नाम पड़ा। यहाँ एक जैन मंदिरके भी भग्नावशेष मिलते हैं, उनमें एक सोलह फुट ऊँची शान्तिनाथ तीर्थंकरकी प्रतिमा भी है।

मेरा अनुमान है कि वर्तमान मध्यप्रदेशकी राजधानी भोपालके समीपकी यही वह प्राचीन नगरी है जिसका उल्लेख मुनि कनकामरने 'आसाइयणयरि'के रूपमें किया है तथा जिसपर 'आशापुरी' ऐसा प्राचीन टिप्पण पाया जाता है। यह बात उल्लिखित राजाओंके विवेचनसे भी पुष्ट होती है।

ग्रथकारके समसामयिक नरेश व रचना-काल

'करकंडचरिउ' की अन्तिम प्रशस्तिमें तीन राजाओंका उल्लेख पाया जाता है – विजयपाल, भूपाल और कर्ण। इस उल्लेखसे ऐसा भी ज्ञात होता है कि ग्रंथकारके उत्साहवर्धक सज्जनके जीवनकालमें ही वे तीनों राजा हो चुके थे और उनके साथ इनका सम्बन्ध भी खासा रह चुका था। अतः उक्त नामोंके ऐसे तीन राजा ढूँढ़ना चाहिए जिनका एक ही कालमें या एक ही जीवनमें एक पुरुषसे सम्बन्ध होना संभव हो सके। तीन ऐसे शिलालेखोंका पता चला है जिनमें उक्त राजाओंका उल्लेख है। ये तीनों लेख बुन्देलखंड प्रान्तके भीतर या आसपास पाये गये हैं। इनमें-का एक लेख अपभ्रंश भाषामें है और नीचे उसका संस्कृत अनुवाद भी दिया गया है। उसमें प्रसंगोपयोगी यह बात दी हुई है कि विश्वामित्र गोत्रके क्षत्रिय वंशमें विजयपाल नामके एक राजा हुए जिनके पुत्र भुवनपाल थे। उन्होंने कलचुरी, गुर्जर और दक्षिणको जीत डाला था। यह लेख दमोह जिलेकी हटा तहसीलमें मिला था और अब नागपुरके 'अजायबघर' में सुरक्षित है। दूसरा लेख बाँदा जिलेके अन्तर्गत चन्देलोंकी पुरानी राजधानी कालिंजरमें मिला है। उसमें विजयपालके पुत्र भूमिपालका तथा दक्षिण दिशा और कर्ण राजाको जीतनेका उल्लेख है। तीसरा लेख जबलपुर जिलेके अन्तर्गत तीवरमें मिला है। उसमें भूमिपालके उत्पन्न होनेका उल्लेख स्पष्ट है तथा किसी सम्बन्धमें त्रिपुरी और सिंहपुरीका भी उल्लेख है। इन लेखोंमें-के दो अन्तिम लेख बहुत ही टूटे-फूटे हैं, इससे उनके पूर्वापर सम्बन्धका कुछ ज्ञान नहीं होता,

तथा प्रथम लेख पूरा मिलनेपर भी अभीतक स्पष्टतः नहीं पढ़ा जा सका है। जो कुछ पढ़ा गया है उसमें अपभ्रंश और संस्कृतकी बातोंमें कुछ परस्पर विरोध-सा पाया जाता है। तथापि उक्त नामोंके सम्बन्धमें कोई मतभेद नहीं है। लेखोंमें कोई सन्-सम्वत् भी नहीं पाया गया, किन्तु लिखावटपर-से वे ११वीं या १२वीं शताब्दिके अनुमान किये जाते हैं। सम्भवतः उक्त लेखोंके विजयपाल और उनके पुत्र भुवनपाल या भूमिपाल, तथा हमारे ग्रन्थके विजयपाल (अपभ्रंश विजवाल) और भूपाल एक ही हैं। रही कर्ण (अपभ्रंश कण्ण) नरेंद्रकी बात, सो ये कर्ण वे ही हो सकते हैं जिनका उल्लेख ऊपरके दूसरे शिलालेखमें आया है। यदि ज्ञात इतिहासमें इन राजाओंको समाविष्ट करनेका प्रयत्न किया जाय तो बुन्देलखंडके चंदेल वंशमें हो सकता है। चंदेल (चन्द्रात्रेय) वंशका संक्षिप्त इतिहास यह है कि नवमी शतीके प्रारंभमें बुन्देलखंड प्रदेशमें इस वंशके राजा नन्नूक प्रकाशमें आये। खर्जूरवाहक (आधुनिक खजुराहो, छतरपुर जिलेमें) उनकी राजधानी थी और वे संभवतः उस समयके प्रतिहार सम्राट् नागभट (द्वि) के अधीन थे। नन्नूकके पुत्र वाक्पतिने विन्ध्याचलके अंचलमें अपने राज्यका विस्तार किया। वाक्पतिका पुत्र जयशक्ति 'जेज्जाक' नामसे भी प्रसिद्ध हुआ, और उसीके नामसे यह प्रदेश 'जेज्जाकभुक्ति' भी कहलाने लगा। जयशक्तिके उत्तराधिकारी उनके लघु भ्राता विजयशक्ति (विज्जक) ने, खजुराहोके एक शिलालेखानुसार, दक्षिण भारतमें दूर तक अपना राज्यविस्तार किया। उसके उत्तराधिकारी पुत्र राहिलके नामसे महोबाके समीप राहिल्य-सागर बनवाया गया। राहलके उत्तराधिकारी पुत्र हर्षने, खजुराहोके लेखानुसार सन् ९१४ के लगभग क्षितिपालदेव (प्रतिहार नरेश महीपाल प्रथम) को कन्नौजका सिंहासन (राष्ट्रकूट इन्द्र तृ. से) पुनः प्राप्त करनेमें सहायता पहुँचायी, तथा चौहान राजकुमारी कंचुकासे विवाह किया। इस प्रकार चंदेल वंशकी प्रतिष्ठा बहुत बढ़ गयी। उसके पुत्र यशोवर्मन् (लक्षवर्मन्) ने प्रतिहार नरेश देवपालकी अधीनता अस्वीकार कर दी और कालंजरको जीतकर अपना राज्य यमुनाके तट तक फैला दिया। उसने कलचुरि युवराजदेव (प्र.) और परमार सीयक (द्वि.) को पराजित कर चेदि और मालवा तक अपना प्रभुत्व जमा लिया। उसने पूर्वमें पाल नरेश गोपाल (द्वि.) और काम्बोजोंको जीतकर गौड़ और मिथिला तक अपना साम्राज्य फैलाया। प्रतिहार नरेश देवपालसे विष्णुकी वह मूर्ति प्राप्त की जो उसके पिता हेरम्बपालने कीर (कांगड़ा) के शाही नरेशसे पायी थी, और उसे खजुराहोमें चतुर्भुज मन्दिर बनवाकर उसमें स्थापित की। यशोवर्मनके पुत्र धंग और उनके उत्तराधिकारियोंने अपनेको कालंजराधीश्वर कहा है। इस समय चंदेल राज्यकी सीमा कालंजरसे भास्वत (भिलसा) तक तथा कालिंदी (यमुना) व गोप (ग्वालियर) से चेदि मंडल (जबलपुर) तक फैल गयी थी। धंगने अंग (भागलपुर) व राधा (पश्चिम बंगाल) तथा आंध्र और कुंतल तक विजय यात्रा की। उसने संभवतः अमीर सुबुक्तिगीनके विरुद्ध लंघानके युद्धमें अन्य पन्द्रह हिंदू राजाओंके साथ भाग लिया। उसने महाराजाधिराजकी उपाधि धारण की। उसने गौतम अक्षपादके वंशज प्रभास नैयायिकको अपना प्रधान मंत्री नियुक्त किया। धंगने सन् ९५४ से १००२ तक राज्य किया।

धङ्गका पुत्र हुआ गण्ड और गण्डका विद्याधर जिसके समयमें महमूद गजनवीने दो बार सन् १०१९ और १०२२ में कालंजरपर आक्रमण किया, किंतु उसे वह लूट न सका। विद्याधरने उसे प्रचुर धन देकर प्रसन्न कर लौटा दिया। विद्याधरने कलचुरि नरेश कोकल्ल (द्वि.) और परमार भोजके विरुद्ध विजय प्राप्त की। विद्याधरके पुत्र विजयपालने कलचुरि गांगेयदेवपर विजय पायी। विजयपालका पुत्र देवेंद्रवर्मा सन् १०५० ई० में सिंहासनपर था, अतः इससे पूर्व विजयपालका राज्य समाप्त हो चुका था। देवेंद्रवर्माके लघुभ्राता कीर्तिवर्माको पराजित कर सन् १०५१ के कुछ पश्चात् कलचुरि कर्ण (राज्यारोहण सन् १०३४ और १०४२ के बीच) ने बुन्देलखंडको अपने अधीन कर लिया था। किंतु पश्चात् कीर्तिवर्माने कर्णदेवको परास्त किया। ऐसा उसी विजयकी स्मृतिमें लिखे गये प्रबोधचन्द्रोदय नामक संस्कृत नाटक तथा उस कालके कुछ शिलालेखोंसे ज्ञात होता है। संभव है ये कीर्तिवर्मा तथा उपर्युल्लिखित भुवनपाल, भूमिपाल व भूपाल एक ही हों। उस अवस्थामें जिस कर्णकी पराजयका उल्लेख दूसरे शिलालेखमें पाया जाता है वह कलचुरि

कर्णदेव ही ठहरेगा, और चूंकि विजयपाल, कीर्तिवर्मा (भुवनपाल) और कर्ण, इन तीनों राजाओंका अस्तित्व सन् १०४० और १०५१के बीच व आसपास पाया जाता है, अतएव यही काल अर्थात् ग्यारहवीं शतीका मध्यभाग करकंडचरिउकी रचनाका अनुमान किया जा सकता है। ग्रंथकी उत्थानिकामें सिद्धसेन, समन्तभद्र, अकलंक, जयदेव, स्वयंभू और पुष्पदंतका उल्लेख किया गया है। पुष्पदंतने अपना अपभ्रंश महापुराण सन् ९६५ ईस्वी-में समाप्त किया था। अतएव यह करकंडचरिउकी रचनाकी पूर्वावधि सिद्ध है। उसकी प्राचीन हस्तलिखित प्रतियोंमें प्राचीनतम कालनिर्देश सन् १५०२ का है। इन सीमाओंसे भी पूर्वोक्त रचनाकालका समर्थन होता है।

ग्रंथकारका चन्द्रर्षि गोत्र

मुनि कनकामरने अपनेको चन्द्र ऋषि गोत्रीय कहा है। पट्टावलियोंके अनुसार सुहस्तिके शिष्य सुस्थित और सुप्रतिबुद्ध-द्वारा स्थापित कोटिक गणकी वैरिशाखाका एक कुल चन्द्र नामक हुआ। "श्रीवज्रशाखाधुरिवज्रसेनान्नागेन्द्रचन्द्रादिकुलप्रसूतिः" (पट्टावली-समुच्चय, पृ० २६)। चन्द्रकुलके भी अनेक अन्वय और गच्छ हुए। उदाहरणार्थ, उत्तराध्ययनकी शिष्यहिता नामक वृत्तिके कर्ता शान्तिसूरि चन्द्रकुलके काठकरान्वयसे उत्पन्न थारापद्र गच्छके थे। उत्तराध्ययनकी सुखबोधा टीकाके कर्ता देवेन्द्र गणी भी चन्द्रकुलके थे। किंतु ये सब श्वेताम्बर परम्पराके भेदप्रभेद हैं जिनकी मान्यता दिगम्बर परम्परामें नहीं पायी जाती। और कनकामर उनके स्पष्ट कथनानुसार ही दिगम्बर मुनि थे। अनुमानतः कनकामरका चन्द्रर्षि गोत्र वही देशीगणकी 'चन्द्रकराचार्यान्वय' है जिसका उल्लेख बहुरिबंद (तहसील सीहोरा, जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश) के शान्तिनाथ तीर्थंकरके पादपीठपर उत्कीर्ण लेखमें आया है। उस मूर्तिके प्रतिष्ठा-चार्य श्रीमत् सुभद्र इसी आम्नायके कहे गये हैं। इस लेखमें गयाकर्णदेवका उल्लेख है जो निश्चयतः कलचुरि नरेश कर्णके पिताका ही नाम है। (कार्पस इंस्क्रि० इण्डी० भाग ४, १९५५, पृ० ३१०-११) इस सम्बन्धमें यह भी ध्यान देने योग्य है कि स्वयं चन्देलनरेशोंने अपनेको चन्द्रात्रेय ऋषिवंशीय कहा है। उदाहरणार्थ यशोवर्मन्के खजुराहो शिलालेखमें कहा गया है,

तस्माद् विश्वसृजः पुराणपुरुषादाम्नायधाम्नः कवे-
र्येऽभूवन्मुनयः पवित्रचरिताः पूर्वे मरीच्यादयः।
तत्राग्निः सुषुवे निरन्तरतपस्तीव्रप्रभावं सुतं
चन्द्रात्रेयमकृत्रिमोज्वलतरज्ञानप्रदीपं मुनिम् ॥
अस्ति स्वस्तिविधायिनः स जगतां निश्शेषविद्याविद-
स्तस्यात्मोपनताखिलश्रुतिनिधेर्वंशः प्रशंसास्पदम्।

यही बात यशोवर्मन्के पुत्र धङ्गके खजुराहो शिलालेखमें भी कही गयी है। उस लेखमें एक और बात ध्यान देने योग्य है। आदिके तृतीय श्लोकमें ही शिवके उस परिहासकी मंगल-कामना की गयी है जिसमें शिव-पार्वती संवाद-द्वारा शिव और दिगम्बर क्षपणकमें एकत्वका संकेत किया गया है। श्लोक है,

कस्त्वं द्वारि दिगम्बरः क्षपणकः कस्मादकस्मादहो
बाले शूलधरो धिगायुधविधिं वर्हास्त्वदाही ननु।
मां जानीहि महेश्वरं स्फुटमिदं वस्त्रेऽप्यभावादिति
प्रेयस्या परिहासतो विहसितं शंभोः शुभायास्तु वः।

इस परिहासोक्तिके द्वारा समस्त चन्देलवंशी नरेशों और विशेषतः धङ्गके उस उदार धार्मिक दृष्टिकोणको स्पष्ट किया गया प्रतीत होता है जिसके कारण ही खजुराहोके जैन, शैव और वैष्णव मंदिरोंका प्रायः एक-सा वैभवपूर्ण निर्माण कराया जा सका। इसी सम्बन्धमें खजुराहोके पार्श्वनाथ मंदिरके द्वारका वह लेख भी उल्लेखनीय है जिसमें धङ्गराज-द्वारा सम्मानित भव्य पाहिल द्वारा मंदिरको दानकी गयी सात वाटिकाओंका

निर्देश है—पाहिलवाटिका, चन्द्रवाटिका, लघुचन्द्रवाटिका, शंकरवाटिका, पंचाइतलवाटिका, आम्रवाटिका, और धंगवाटिका। (जै० शि० ले० संग्रह, भाग २, लेख नं० १४७, पृ० १९०)। इन वाटिकाओंमें दाताने अपने नामके अतिरिक्त अपने धर्मरक्षक नरेश, उनके विशेष इष्टदेव शिव तथा उनके चन्द्रात्रेय वंश एवं चन्द्रकराचार्याम्नायकी स्मृति चिरस्थायी बनानेका प्रयत्न किया प्रतीत होता है। आश्चर्य नहीं, जो यह चन्द्रकराचार्याम्नाय चन्देलवंशी राजकुलमें-से ही हुए किसी जैन मुनिने स्थापित की हो। स्वयं कनकामर भी इस राजवंशके रहे हों, तो आश्चर्य नहीं। चंदेलोंके क्षत्रियमा ने जाने एवं कनकामर-द्वारा अपनेको ब्राह्मण कहे जानेसे उक्त बातमें कोई विरोध उत्पन्न नहीं होता। चन्देल अपनेको अग्नि व चन्द्रात्रेयकी सन्तान तो मानते ही हैं। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, चन्देलवंशी नरेश जेज्जाकके नामसे ही बुन्देलखंड जेजकभुक्ति कहलाया और यहाँके जुझौतिया ब्राह्मण आज तक भी प्रसिद्ध हैं। केवल राजवंशी होनेसे चन्देल राजपूत जातियोंमें गिने जाने लगे हैं।

ग्रंथकारकी गुरु-परम्परा

ग्रंथके प्रारंभ (१, २, १) में कविने सरस्वतीके अतिरिक्त पंडित मंगलदेवके चरणोंका स्मरण किया है। तथा अन्तिम प्रशस्ति (१०, २८, ३) में अपनेको बुध मंगलदेवका शिष्य कहा है। इससे उनके गुरुका नाम मंगलदेव स्पष्ट है। इन मंगलदेवका तथा उनके गण-गच्छ आदिका अन्य कोई परिचय ग्रंथमें नहीं पाया जाता। किंतु रत्नाकर या धर्मरत्नाकर नामका एक संस्कृत ग्रंथ मिलता है जिसमें उसके कर्ताका नाम पंडित मंगल दिया गया है। इस ग्रंथकी एक प्रति बलात्कार जैन भण्डार, कारंजामें (केटेलाग आफ संस्कृत एण्ड प्राकृत मैनुस्क्रिप्टस इन सी. पी. एण्ड बरार, क्रमांक ७८२९) तथा दूसरी प्रति शास्त्र भण्डार दि० जैन मन्दिर पाटोदी, जयपुरमें है (राजस्थानके जैन शास्त्र भण्डारोंकी ग्रंथ सूची क्र० ७७८)। इस जयपुरकी प्रतिमें ग्रंथका अंतिम पुष्पिका-वाक्य है, **"सं० १६८० वर्षे काष्ठासंघे नन्दितटग्रामे भट्टारक श्रीभूषणशिष्य पंडित मंगलकृत शास्त्ररत्नाकर नाम शास्त्र सम्पूर्ण।"** इसपर-से ऐसा प्रतीत होता है जैसे सं० १६८० ग्रंथकी रचनाका काल हो। किंतु यथार्थतः यह कालनिर्देश उक्त प्रतिके लेखनका ही हो सकता है, क्योंकि कारंजा शास्त्रभण्डारकी प्रतिमें उसका लेखनकाल १६६७ अंकित है। काष्ठासंघ और नन्दितट ग्रामका प्राचीनतम उल्लेख देवसेनकृत दर्शनसार (गा० ३८) में प्राप्त होता है, जहाँ विक्रमराजकी मृत्युसे अर्थात् विक्रम संवत्के ७५३ वर्षमें नन्दितट ग्राममें काष्ठासंघकी उत्पत्ति कही गयी है। यदि कनकामरके कालके समीप इस संघके श्रीभूषण और उनके शिष्य मंगलदेवका अस्तित्व सिद्ध हो तो वे ही प्रस्तुत ग्रंथकर्ताके गुरु माने जा सकते हैं। किन्तु वर्तमानमें उक्त धर्मरत्नाकरकी पुष्पिकाके अतिरिक्त अन्य कोई साधक-बाधक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। हाँ, कुछ संशय उत्पन्न करनेवाली यह बात अवश्य है कि कविने उक्त गण-गच्छका उल्लेख न करके अपनेको चन्द्रर्षि गोत्रीय कहा है।

ग्रंथका विषय

इस ग्रंथमें करकंडु (अपभ्रंश-करकंड) महाराजका चरित्र दश संधियोंमें वर्णन किया गया है। संक्षेपमें यह कथा इस प्रकार है :

अंगदेशकी चम्पापुरीमें धाडीवाहन राजा राज्य करते थे। एकबार वे कुसुमपुरको गये और वहाँ पद्मावती नामकी एक युवतीको देखकर उसपर मोहित हो गये। युवतीका संरक्षक एक माली था जिससे बातचीत करने आदिसे पता लगा कि वह युवती यथार्थमें कौशाम्बीके राजा वसुपालकी पुत्री थी। जन्मसमयके अपशकुनके कारण पिताने उसे जमना नदीमें बहा दिया था। राजपुत्री जानकर धाडीवाहनने उसका पाणिग्रहण कर लिया और उसे चम्पापुरी ले आये। कुछ काल पश्चात् वह गर्भवती हुई और उसे यह दोहला उत्पन्न हुआ कि मन्द-मन्द बरसातमें, मैं नररूप धारण करके, अपने पतिके साथ, एक हाथीपर सवार होकर, नगर-

का परिभ्रमण करूँ। ऐसा ही प्रबन्ध किया गया। किन्तु दुष्ट हाथी राजा-रानीको लेकर जंगलकी ओर भाग निकला। रानीने समझा-बुझाकर राजाको एक वृक्षकी डाली पकड़कर अपने प्राण बचानेपर राजी कर लिया और आप उस हाथीपर सवार रहकर जंगलमें पहुँचीं। वह हाथी एक जलाशयमें घुसा। उसी समय रानीने कूदकर वनमें प्रवेश किया। उनके प्रवेशसे वह सूखा हुआ वन हरा-भरा हो गया। इस खबरको सुनकर वनमाली वहाँ आया और रानीको बहिन मानकर अपने घर लिवा ले गया। कुछ दिनोंके बाद ही मालिनको पद्मावतीके रूपपर ईर्ष्या उत्पन्न हो गयी और किसी बहानेसे उसने उसे अपने घरसे निकाल दिया। निराश होकर रानी श्मशान भूमिमें आयी और वहीं उसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ।(१)

रानीके उस पुत्रको एक मातंग [चाण्डाल] उठाकर ले चला। रानीके विरोध करनेपर उसने कहा कि वह यथार्थमें एक विद्याधर था। एक मुनिकी शापसे मातंग हो गया। उस शापका प्रतीकार मुनिने इस प्रकारसे किया था कि जब करकंडुका दन्तिपुरके श्मशानमें जन्म हो तब उसे बालकको ले जाकर उसका लालन-पालन करना चाहिए। बड़ा होनेपर जब उसे उस नगरका राज्य मिल जावेगा तब वह मातंग पुनः विद्याधर हो जावेगा। उसके इस प्रकार कहनेपर तथा बालकका यथोचित रूपसे लालन-पालन करनेकी प्रतिज्ञा करनेपर रानीने अपना पुत्र उसे सौंप दिया। उस मातंगने बालकको अच्छी तरह रक्खा और स्वयं खूब पढ़ाया-लिखाया। उसके हाथमें कण्डू (सूखी खुजली) होनेसे उसका नाम करकंडु पड़ गया। जब वह युवावस्थाको प्राप्त हुआ तब एक दिन दन्तीपुरके राजाका परलोकवास हो गया। उसके कोई पुत्र नहीं था इससे राजमंत्रियोंने यह व्यवस्था की कि एक हाथीको एक भरा घड़ा दिया जावे, और उससे वह जिस व्यक्तिका अभिषेक कर दे वही राजा बना लिया जाय। इस विधानमें करकंडुका भाग्य चमक उठा। किन्तु उसे मातंग-पुत्र जानकर मंत्री और नगर-निवासी अपना राजा स्वीकार करनेमें हिचकिचाये। इसी समय उस मातंगको अपनी विद्याधर-ऋद्धि प्राप्त हो गयी और उसने सबका समाधान करके करकंडुको राजा बनवा दिया। (२)

कुछ समय पश्चात् ही करकंडुका विवाह गिरिनगरकी राजकुमारी मदनावलीसे हो गया। एक बार उसके दरबारमें चम्पाके राजाका दूत आया जिसने उससे चम्पा नरेशका आधिपत्य स्वीकार करनेकी प्रेरणा की। इससे करकंडुको भारी क्रोध उत्पन्न हुआ। उसने तत्काल ही चम्पापर चढ़ाई कर दी। घोर युद्ध हुआ, अन्तमें पद्मावतीने रणभूमिमें उपस्थित होकर पिता-पुत्रका सम्मेलन करा दिया। धाडीवाहन पुत्ररत्नको पाकर बहुत हर्षित हुआ। उसने चम्पाका राजपाट भी करकण्डुको सौंप, वैराग्य धारण कर लिया। (३)

अपने विस्तीर्ण राज्यको पूरा जमाकर करकंडुने एक बार मन्त्रीसे पूछा, 'हे मंत्री ! क्या कोई ऐसा राजा है जो अभी भी मुझे मस्तक न नमाता हो' ? मन्त्रीने उत्तर दिया, महाराज ! और तो सब राजे आपकी अधीनता स्वीकार करते हैं, परंतु द्रविड देशके चोल, चेर और पाण्डय नरेश आपको नहीं मानते। राजाने उनके पास दूत भेजा जिसको उन्होंने यह कहकर विमुख कर दिया कि हम जिन भगवान्को छोड़ और किसीको भी सिर नहीं झुका सकते। यह उत्तर पाकर करकंडुने यह प्रण किया कि यदि मैं इन राजाओंके मस्तकपर अपना पैर न रखूँ तो सब राजपाटका त्याग कर दूँ। उसने तुरंत ही उनपर चढ़ाई कर दी। मार्गमें वह तेरापुर नगरमें पहुँचा। वहाँके राजा 'शिव' ने आकर उससे भेंट की और बताया कि वहाँसे पास ही एक पहाड़ीके चढ़ावपर एक गुफा है, तथा उसी पहाड़ीके ऊपर एक बड़ी भारी वामी है जिसकी पूजा प्रतिदिन एक हाथी किया करता है। यह सुनकर करकंडु शिवराजाके साथ उस पहाड़ीपर गया। उसने गुफामें श्री पार्श्वनाथ भगवान्का दर्शन किया और ऊपर चढ़कर उस वामीको भी देखा। उनके समक्ष ही हाथीने आकर और पासके ही एक तालाबसे कमल तोड़कर उस वामीकी पूजा की। करकंडुने यह जानकर कि अवश्य वहाँ कोई देवमूर्ति होगी, उस वामीको खुदवाया। उनका अनुमान यथार्थ निकला। वहाँ पार्श्वनाथ भगवान्की मूर्ति निकली, जिसे वे बड़ी भक्तिसे उसी गुफामें ले आये। इस बार करकंडुने पुरानी प्रतिमाका अच्छी

तरह अवलोकन किया। सिंहासनपर उन्हें एक गाँठ-सी दिखी जो शोभाको बिगाड़ रही थी। एक पुराने शिल्पकारसे पूछनेपर उसने कहा कि जब वह गुफा बनायी गयी थी तब वहाँ एक जलवाहिनी निकल पड़ी थी। उसे रोकनेके लिए ही वह गाँठ दी गयी है। यह सुनकर करकंडुको उस जलवाहिनीके दर्शन करनेका कौतुक उत्पन्न हुआ और उस शिल्पकारके बहुत रोकनेपर भी उन्होंने उस गाँठको तुड़वा डाला। गाँठके टूटते ही वहां एक भयंकर जलप्रवाह निकल पड़ा जिसे रोकना असम्भव हो गया। सारी गुफा जलसे भर गयी। यह देखकर करकंडुको अपने कियेपर पश्चात्ताप होने लगा। निदान एक विद्याधरने आकर उसका सम्बोधन किया, उस प्रवाहको रोकनेका वचन दिया तथा उस गुफाके बननेका इतिहास भी कह सुनाया। (४)

विद्याधरने कहा कि एक समय दक्षिण विजयार्धके रथनूपुर नगरमें नील और महानील नामके दो विद्याधर भाई राज्य करते थे। किन्तु शत्रुसे परास्त होकर वे वहांसे भाग निकले और तेरापुरमें आकर रहे। धीरे-धीरे उन्होंने वहाँ राज्य स्थापित कर लिया। एक मुनिके उपदेशसे उन्होंने जैनधर्म ग्रहण कर लिया और वह गुफा-मंदिर बनवाया। इसी समय दूसरे दो विद्याधर भ्राता लंकाकी तरफ यात्राको जा रहे थे। मलयदेशके पूदी पर्वतपर उन्होंने एक रावणके वंशज-द्वारा बनवाये हुए जिनमंदिरमें एक सुन्दर जिनमूर्ति देखी। उन्होंने विचार किया कि ऐसी मूर्ति हम अपने यहां बनवावेंगे, इस हेतु वे उस मूर्तिको उठा कर ले चले। तेरापुर पहुंचनेपर वे उस मूर्तिको पहाड़ीपर रखकर जिनमंदिरकी वन्दनाको गये। लौटकर आनेपर जब वे उस मूर्तिको उठाने लगे तब वह नहीं उठी। निदान एक मुनिके उपदेशसे उन्होंने उसे वहीं छोड़ा और वैराग्य धारण कर लिया। इनमें-से एक भाई तो शुद्ध तपस्या करके स्वर्गको गया और दूसरा मायाचारीके कारण मरकर हाथी हुआ। स्वर्गवासी भाई अवधिज्ञानसे अपने भाईकी दुर्गतिको जान कर वहां आया और उसे जातिस्मरण कराया जिसके कारण वह उस वामीकी मूर्तिको पूजने लगा। ये समाचार सुनकर विद्याधरने करकंडुको एक और गुफा बनवानेकी सलाह दी। करकंडुने वहां दो गुफायें और बनवायीं। इसके पश्चात् एक बड़े दुःखकी घटना हुई। एक विद्याधर, हाथीका रूप धरकर, आया और करकंडुको भुलाकर मदनावलीको हर ले गया। करकंडु शोकमें बहुत ही विह्वल हुए, किन्तु एक पूर्व जन्मके संयोगी विद्याधरके समझाने, तथा पुनः संयोगका आश्वासन देने व नरवाहन दत्तका आख्यान सुनानेपर समाधान हुए और आगे बढ़े। (५-६)

करकंडु सिंहल द्वीप पहुंचे और वहांकी राजपुत्री रतिवेगाका पाणिग्रहण किया। उसके साथ जब वे जलमार्गसे लौट रहे थे तब एक भीम-काय मच्छने उनकी नौकापर धावा किया। उसे मारनेके लिए वह शस्त्र लेकर और मल्ल-गांठ बांधकर समुद्रमें कूद पड़ा। मच्छको तो उसने मार डाला, पर वह लौटकर नावपर न आ सका। उसे एक विद्याधरपुत्री हर ले गयी। रतिवेगाके शोकका पारावार न रहा। मंत्री झटपट बेड़ेको किनारेपर लाया। रतिवेगाने पूजापाठ प्रारम्भ किया जिससे पद्मावती देवीने प्रकट होकर उसे आश्वासन दिया। (७)

देवीने अरिदमनका आख्यान सुनाया। रतिवेगाके दिन वहींपर धर्म-कर्ममें बीतने लगे। उधर करकंडुको वह विद्याधरी अपने घर ले गयी और अपने पिताकी आज्ञा लेकर उसने उन्हें अपना पति बना लिया। वहांकी ऋद्धिका उपभोग करके अपनी नवल वधूसहित करकंडु पुनः रतिवेगासे आ मिले। अब उन्होंने चोल, चेर और पाण्डय नरेशोंकी सम्मिलित सेनाका मुकाबला किया और उन्हें हराकर अपना प्रण पूरा किया। अपना पैर उनके मस्तकपर रखते समय राजाको उनके मुकुटोंपर जिन प्रतिमाके दर्शन हुए। यह देखकर राजाको भारी पश्चात्ताप हुआ। उन्होंने उन्हें पुनः राज्य देना चाहा, पर वे स्वाभिमानी द्रविडाधिपति यह कहकर तपस्याको चले गये कि अब हमारे पुत्र-पौत्रादि ही आपकी सेवा करेंगे। वहांसे लौटते हुए करकंडु पुनः तेरापुर आये। यहां उसी कुटिल विद्याधरने पश्चात्तापपूर्वक मदनावलीको लाकर सौंप दी। वे फिर चम्पा-नगरीको लौट आये और वहां राज्य-सुख भोगने लगे। (८)

एक दिन वनमालीने आकर खबर दी कि नगरके उपवनमें शीलगुप्त मुनिराजका शुभागमन हुआ

है। राजाने नगरमें भेरी पिटवायी और भक्तिभावसहित, पुरजनोंके साथ, दर्शनको प्रस्थान किया। मार्गमें उन्होंने एक पुत्रशोकसे व्याकुल, हाहाकारमें मग्न अबलाको देखा जिससे उनके चित्तमें संसारकी अनित्यता, जीवनकी असारता आदि भावनाएँ उठने लगीं। मुनिके पास पहुँचकर उन्होंने धर्मोपदेश श्रवण किया जिससे उनके चित्तमें वैराग्य उत्पन्न होने लगा। (९) करकंडुने फिर मुनिराजसे तीन प्रश्न किये, उनके सुंदर शरीर होनेपर भी उनके हाथमें कण्डू क्यों हुई, उनके माता पितामें अतिस्नेह होनेपर भी उनका वियोग क्यों हुआ, तथा उनकी प्रिया मदनावलीको उस खेचरने क्यों हरा? मुनिराजने इन प्रश्नोंके उत्तर इस प्रकार दिये : पूर्वजन्ममें करकंडु एक सेठके यहां धनदत्त नामक ग्वाल था। एक दिन यह ग्वाल भैंसे चराने गया था। उसे एक सरोवरमें बड़ा सुंदर कमल दिखा, जिसे उसने तोड़ लिया। तब एक देवने आकर उससे कहा कि तूने यह बड़े साहसका काम कर डाला। अब तेरी खैर इसमें है कि तू इसे जो त्रिभुवनमें बड़ा हो उसे चढ़ा देना, नहीं तो मैं तुझे मार डालूंगा। ग्वालने विचारा कि मेरा स्वामी ही सब संसारमें बड़ा है, उसकी अच्छे-अच्छे मनुष्य सेवा करते हैं। इससे उसे ही यह पुष्प चढ़ाना चाहिए। यह विचारकर वह सेठके सम्मुख उपस्थित हुआ और अपना मन्तव्य प्रकट किया। सेठने कहा निश्चयतः मुझसे बड़ा राजा है, इसलिए तूँ यह फूल राजाको चढ़ा। जब राजाके समीप वह उपस्थित हुआ तब राजाने मुनिराजको अपनेसे बड़ा बताकर उसे उनके पास भेजा और मुनिराजने जिनेन्द्र भगवान्के। अन्ततः उसने उस फूलसे भगवान्की पूजा की जिसके फलस्वरूप उसे करकंडुका उत्तम स्वरूप और अतुल वैभव प्राप्त हुआ, और क्योंकि उसने कीचड़से लिपटे हुए हाथसे वह कमल चढ़ाया, इससे उसके हाथमें कण्डू हुई।

दूसरे प्रश्नके उत्तरमें मुनिराजने कहा कि पूर्व जन्ममें पद्मावती श्रावस्ती नगरके एक सेठकी स्त्री थी। उसने एक ब्राह्मण युवकके साथ दुराचार किया जिससे उसके पतिने विरक्त होकर तपस्या की और वह मरकर चम्पाका धाडीवाहन राजा हुआ। वह ब्राह्मण मरकर हाथी हुआ। और सेठानी मरकर पुनः स्त्री हुई, उसने पतिवियोगका दुःख भोगा, किन्तु अपनी एक पुत्रीके प्रयत्नसे अन्तमें धर्मध्यानसे मरकर वह कौशाम्बीके वसुपाल राजाकी पुत्री हुई, अशुभ जन्मके कारण जमनामें बहायी गयी, पूर्वकर्मानुबंधसे धाडीवाहन-द्वारा ब्याही गयी, उस हाथी-द्वारा हरण की गयी और अन्ततः करकंडुकी जननी हुई।

तीसरे प्रश्नका उत्तर मुनिराजने इस प्रकार दिया कि पूर्व जन्ममें करकंडुके पास एक सुआ था जिसे वे एक पिंजड़ेमें बड़े प्यारसे रखते थे। एक दिन उस सुआपर एक सर्पने धावा किया जिससे करकंडुने उसकी रक्षा की और उसे नवकार मंत्र दिया। उस सर्पको भी मरते समय नवकार मंत्रका सुयोग मिल गया जिसके प्रभावसे यह एक विद्याधर हुआ और पूर्व वैरानुबन्धके कारण उसने मदनावलीका हरण किया।

यह वृत्तान्त सुनकर करकंडुका वैराग्य और भी बढ़ गया और वे अपने पुत्र वसुपालको राज्य देकर मुनि हो गये। उनकी माता पद्मावती भी आर्जिका हो गयीं और उनकी रानियोंने भी उन्हींका अनुकरण किया। करकंडुने घोर तपस्या करके केवलज्ञान और मोक्ष प्राप्त किया। (१०)

करकंडु कथाकी प्राचीन परम्परा

बौद्धसाहित्यके कुम्भकार जातक (क्र० ४०८) में करंडु राजाकी कथा इस प्रकार है। जब बनारसमें ब्रह्मदत्तका राज्य था तब एक बार बोधिसत्त्वने वहीं कुम्भारके घरमें जन्म लिया। उसी समय कलिंग राष्ट्रके दन्तिपुर नगरके राजा करण्डु बड़े परिवारसहित उद्यानको गये। वहां मधुर फलोंसे भरे हुए आम्र वृक्षको देखकर उन्होंने हाथीपर बैठे-बैठे ही एक आम्रगुच्छको तोड़ा और उद्यानकी एक शिलापर बैठकर कुछ फल अपने विशेष परिचारकोंको दिये और कुछ स्वयं खाये। इसके पश्चात् अमात्यों और गृहस्थोंने उस वृक्षके समस्त कच्चे पक्के फल तोड़कर खा लिये। सायंकाल लौटते

समय राजाने उस आम्रवृक्षको सर्वथा शोभाहीन देखा, तथा दूसरे एक फलहीन वृक्षको जैसाका तैसा हराभरा देखा। राजाने विचार किया गृहस्थ धर्म उस फलित वृक्षके समान है, जिसकी दुर्गति होती है, किन्तु प्रव्रज्या उस फलहीन वृक्षके समान है, जिसे कहींसे किसी अनिष्टका भय नहीं। मैं भी इसीके सदृश बनूँ। ऐसा विचारकर उन्होंने अपना राज-पाट व गृहमार्ग त्याग दिया और श्रमण वेष धारण कर व प्रत्येक बुद्ध पद प्राप्त कर उत्तर हिमवन्तकी नन्दमूल गुफाको चले गये। जातकमें करण्डूके पाठान्तर करण्डको, करकण्ड व करकण्डको (करकंडको) भी पाये जाते हैं। (देखिये परिशिष्ट १)

जातकमें कलिंगके करण्डूरायके अतिरिक्त गंधारके नग्गजी, विदेहके निमिराज और पाञ्चालके दुम्मुखके भी कथानक हैं, और अन्तमें यह गाथा कही गयी है,

"करण्डु नाम कलिंगानं गंधारानं च नग्गजी।
निमिराजा विदेहानां पंचालानं च दुम्मुखो॥
एते रट्ठानि हित्वान पब्बजिंसु अकिंचना॥"

उक्त जातकका प्रस्तुत ग्रंथकी कथासे इतना ही साम्य है कि कलिंग देशके राजा करकण्डू व करण्डू नाम प्रायः समान हैं और राज्यसे विरक्त होकर प्रव्रज्या धारण करना भी दोनोंमें मेल खाता है। किन्तु कथाकी अन्य बातोंमें व प्रव्रज्याके निमित्तमें कोई साम्य नहीं। जातककी कथा अति संक्षिप्त है।

जैनपरम्परामें बौद्ध जातककी पूर्वोक्त गाथाका प्राचीनतम रूपान्तर उत्तराध्ययन सूत्रके संजइज्जं नामक अठारहवें अध्ययनमें इस प्रकार पाया जाता है,

"करकंडू कलिंगेसु पंचालेसु य दुम्मुहो।
नमी राया विदेहेसु गंधारेसु य नग्गई॥
एए नरिंदवसभा निक्खंता जिणसासणे।
पुत्ते रज्जे ठवेऊणं सामण्णे पज्जुवट्ठिया॥ ४६-४७॥"

अर्थात् कलिंग देशमें करकंडु राजा हुआ, पंचाल देशमें दुर्मुख, विदेहमें नमि और गंधारमें नग्गई। ये श्रेष्ठ नरेन्द्र अपने-अपने पुत्रोंको राजसिंहासनपर स्थापित करके जैन धर्मानुसार निष्क्रमण कर श्रमण हुए।

करकंडुकी कथा उत्तराध्ययनके टीकाकार देवेन्द्र गणीने अपनी सुखबोधा टीकामें इस प्रकार कही है। चम्पा नगरीमें दधिवाहन राजा हुए। चेटक राजाकी पुत्री पद्मावती उनकी रानी थी। उसे दोहला हुआ कि मैं राजाके वेषमें हाथीपर बैठकर बाग-बगीचोंमें विहार करूँ और स्वयं राजा मेरे ऊपर छत्र धारण करे। राजाने ऐसा ही किया। वर्षाकालका प्रारम्भ था। शीतल सौंधी मिट्टीकी गंध पाकर हाथीको वनका स्मरण हो आया और वह भाग निकला। परिचारक उसका पीछा न कर सके। अटवीमें प्रविष्ट होनेपर आगे एक वटवृक्षको देख राजाने रानीसे कहा कि जब हाथी वटके नीचेसे निकले तब वृक्षकी शाखा पकड़कर रह जाना। कुशल राजाने वैसा ही किया; किन्तु बेचारी रानीसे वह न बन सका। राजा उदासमन किंकर्तव्यविमूढ हुआ चम्पा नगरीमें लौट आया। उधर निर्जन वनमें आगे बढ़कर हाथी एक तालाबमें प्रविष्ट हो क्रीड़ा करने लगा। तब रानी धीरेसे उतरकर तालाबसे निकल आयी। चारों ओर वन, और उसे दिशाओंका भी ज्ञान नहीं। वह रोने लगी और फिर अपनेको सम्हालकर धर्मचिन्तन करने लगी। वह एक दिशामें चल पड़ी। दूर जाकर उसे एक तपस्वी दिखाई दिया। वह चेटक राजाका कोई निजी पुरुष था। उसने रानीको धैर्य बँधाया, वनफलोंका आहार कराया और दन्तपुरके समीप तक पहुँचा दिया। नगरमें जाकर उसने साध्वियोंके आश्रममें प्रव्रज्या ग्रहण कर ली, उसने उन्हें अपने गर्भकी बात न बतलायी। गुप्त रूपसे उसने प्रसव किया और शिशुको कम्बलमें लपेटकर नामकी मुद्रा लगाकर श्मशानमें डाल दिया। श्मशानके रक्षकने उसे पाकर अपनी भार्याको दे दिया और पुत्रका नाम अपकीर्ण (प्रक्षिप्त) रखा। उसकी माताने उस चाण्डालीसे मैत्री कर ली। जिन आर्यिकाओंको गर्भकी बात ज्ञात थी उनके पूछनेपर उसने कह दिया प्रसव मृतक हुआ

था। इससे फेंक दिया। उधर बालक बड़ा हुआ। वह खेलमें अन्य बालकोंसे कहता मैं तुम्हारा राजा हूँ; मुझे कर दो। उसे सूखी खुजली हो गयी। वह बालसखाओंसे कहता मुझे खुजलाओ। इससे उसका नाम करकंडु पड़ गया। उसे अपनी उस आर्यिका मातासे स्नेह था। वह भी मोदक व अन्य जो भी पदार्थ भिक्षामें मिल जाय लाकर उसे खिलाती थी।

बालक और बढ़ा। वह श्मशान रखाने लगा। एक बार वहाँ दो मुनि आये। वहाँ झाड़ीमें एक बांसके दंडको देखकर दंडलक्षणके ज्ञायक मुनिने कहा कि जब यह बांस चार अंगुल और बढ़ जाय तब जो कोई इसे ले लेगा वह राजा होगा। यह बात उस मातंग बालकने सुन ली और एक द्विजने भी। द्विजने चार अंगुल भूमिके नीचे खोदकर उस बांसको काट लिया। किन्तु उस बालकने उससे वह छीन लिया। द्विजने न्यायालयमें बात उठायी। बालकने वहाँ कहा–बांस मेरे श्मशानका है, इसलिए मेरा है। न्यायाधीशके पूछनेपर उसने यह भी कहा कि मैं इस बांसके प्रभावसे राजा बनूँगा। न्यायाधीशने हँसकर निर्णय दिया कि अच्छा जब तुम राजा बन जाओ तब इस ब्राह्मणको एक गांव दे देना। बालकने स्वीकार किया। द्विजने अन्य द्विजोंकी सहायतासे उसे मारकर बांस छीननेका विचार किया। यह बात सुनकर मातंग अपनी स्त्री और उस बालकको लेकर कंचनपुर[1] भाग गया। वहाँका राजा बिना पुत्रके मर गया। अश्व छोड़ा गया जो नगरके बाहर सोते हुए करकंडुके पास आकर उसकी प्रदक्षिणा करके वहीं खड़ा हो गया। नागरिकोंने हर्ष मनाया और आनन्दके वादित्र बजाये। करकंडु जम्भाई लेता हुआ उठा, और विश्वस्त होकर अश्वपर आरूढ़ हो नगरमें प्रविष्ट हुआ। किन्तु उसे मातंग कहकर द्विजोंने नगर-प्रवेश नहीं करने दिया। तब करकंडुने वह दंडरत्न हाथमें लिया। वह जलने लगा जिससे वे भयभीत हो गये। तब करकंडुने वाटधानक मातंगोंको द्विज बना दिया। लोगोंने कहा—'दधिवाहनके पुत्र करकंडुने वाटधानक निवासी चांडालोंको ब्राह्मण बना दिया। उन्होंने उसका गूढनाम अपकीर्णक छोड़कर चेटकों-द्वारा दिया नाम करकंडु प्रतिष्ठित किया।'

अब उसके पास वह ब्राह्मण आया और उसने मांग की मुझे एक ग्राम दो। करकंडुने कहा जो तुझे अच्छा लगे ले ले। उसने कहा मेरा घर चम्पामें है, अतः उसी प्रदेशमें दीजिए। तब करकंडुने दधिवाहनके नाम एक लेख दिया कि इस ब्राह्मणको एक ग्राम दे दीजिए। उसके बदलेमें मैं आप जो ग्राम या नगर चाहें दूँगा। इसपर दधिवाहन रुष्ट हुआ – यह दुष्ट मातंग अपनेको नहीं जानता। दूतने लौटकर यह बात कही। करकंडुको रोष आया। उसने जाकर चम्पाको घेर लिया। युद्ध होने लगा। उसकी साध्वी माताने यह बात सुनी। गणिनीसे पूछकर वह चम्पा आयी और सब वृत्तान्त सुनाकर पिता-पुत्रका मेल कराया। दधिवाहन दोनों राज्य उसे देकर प्रव्रजित हो गये।

करकंडु श्रेष्ठ शासक हुआ। वह बड़ा गोकुलप्रिय था और उसके अनेक गोकुल थे। एक गोवरस उसे बड़ा प्रिय लगा। आदेश दिया इसकी मांको दुहा न जाय तथा दूसरी गायोंका भी दूध इसे पिलाया जाय। गोपोंने वैसा ही किया। वह बड़ा प्रचण्ड सांड हुआ। राजाने देखा फिर कुछ काल पश्चात् राजाने आकर देखा कि वह महाकाय वृषभ अतिजीर्ण हो गया है जिसे पड़ुए धक्के लगाते हैं। यह देख राजाको विषाद हुआ। वह चिन्तन करने लगा संसारमें सब अनित्य और अस्थिर है। इष्टजनसंगम भी चिरस्थायी नहीं। यह चिन्तन करता हुआ करकंडु प्रत्येक बुद्ध हो गया। उसने पंचमुष्टि केशलोंच किया और देवता द्वारा दिये गये वेषसे लोकमें विहार करने लगा। कहावत चल पड़ी —

श्रेष्ठ, सुजात, सुन्दर सींगोंवाले वृषभको गोकुलमें देख समृद्धि और हानिका विचार कर कलिंगके राजाने धर्मके मर्मको जान लिया।

---

१ यहाँ यह बात ध्यान देने योग्य है कि बौद्ध व जैन प्राचीन साहित्यमें कलिंगकी राजधानी कहीं दन्तपुर और कहीं कंचनपुर कही गयी है। (Dr. A. C. Mittal : Early History of Orissa P, 25 etc.)

यहां करकंडुकी कथाने बौद्ध जातककी अपेक्षा बहुत विस्तार लिया है। जातकमें तो कलिंगके राजा करकंडुकी हाथीपर बैठकर उद्यान-यात्रा, फलित आम्रवृक्षके दर्शन और फलोंका उपभोग, अन्य पुरुषों द्वारा वृक्षके समस्त फलोंका तोड़ डालना और उस निमित्तसे करकंडुकी संसारसे विरक्ति मात्रका वर्णन है। किन्तु उत्तराध्ययन टीकामें करकंडुके माता-पिता, माताका दोहला, हाथी द्वारा उसका अपहरण। दन्तपुरकी साध्वियों द्वारा आश्रय, श्मशानमें करकंडुका जन्म, वहाँके चाण्डाल द्वारा उसका पालन-पोषण, बांसके दंड-सम्बन्धी मुनि द्वारा भविष्यवाणी, द्विजसे तत्संबंधी विवाद, भयसे कंचनपुर पलायन, वहांके राजाका पुत्रहीन मरण व घोड़ेके दिव्य निमित्त द्वारा उसका राज्यारोहण तथा वाटधानक चाण्डालोंको द्विज बनाना, ये सब बातें जातक कथासे नयी हैं। विशेष ध्यान देने योग्य वह निमित्त है जिसे पाकर करकंडु संसारसे विरक्त हुए। जातकमें आम्रवृक्षको इसका निमित्त बतलाया गया है, किन्तु यहाँ वृषभको। इस सम्बन्धमें पूर्वोक्त चारों प्रत्येक बुद्धोंके वैराग्य उत्पादक निमित्तोंकी ओर ध्यान देना आवश्यक है। कुम्भकार जातकमें करकंडुका आम्रवृक्ष, नग्गजिका कंकण, निमिका चील तथा दुर्मुखका वृषभ वैराग्य-निमित्त बतलाया गया है। किन्तु उत्तराध्यन टीकामें निमित्तोंका हेरफेर पाया जाता है। यहां उक्त चारों राजाओंके वैराग्यनिमित्त क्रमशः वृषभ, आम्रवृक्ष, कंकण और इन्द्रध्वज बतलाये गये हैं। इनमें-से तीन निमित्त तो समान हैं किन्तु जातकका चील और उत्तराध्ययन टीकाका इन्द्रध्वज परस्पर सर्वथा भिन्न हैं। निमित्तोंके स्वरूप-वर्णनमें भी बहुत कुछ भिन्नता है। आम्रवृक्षका निमित्त तो प्रायः समान है, किन्तु जातकका कंकण जहाँ पीसनेवालीके हाथमें है, वहां उत्तराध्ययन टीकाका राजाका उपचार करनेवाली रानियोंके हाथमें। जातकमें वृषभ कामुकताके कारण अन्य ईर्ष्यालु वृषभ द्वारा मारा गया, किन्तु उ० टीकामें वह वृद्धत्वके कारण जीर्ण हुआ दिखलाया गया है। इन हेरफेरोंसे जान पड़ता है कि उ० टीकाकी कथाएँ सीधी जातकपर आधारित नहीं हैं। ये कथाएँ सम्भवतः लोकप्रचलित थीं, और धार्मिक उपदेशोंमें उनका दृष्टान्त रूपसे उपयोग किया जाता था। अतएव देश-कालानुसार उनमें घटनाओंका व्यत्यय तथा कथाविस्तार होना स्वाभाविक था।

अब हम प्रस्तुत ग्रन्थके मूल कथानकको देखें।

प्रस्तुत कथानककी पूर्वकथाओंसे तुलना

इस कथानकमें करकंडुकी पूर्वोक्त दोनों कथाओंसे बहुत वैशिष्ट्य और विस्तार पाया जाता है। करकंडुके माता-पिताके नाम यद्यपि वे ही हैं जो उ० टीकामें, किन्तु माताके अन्य परिचयमें बड़ा भेद है। वहाँ पद्मावती चेटकराजाकी पुत्री है, जिससे दंधवाहनका सामान्य रीतिसे विवाह हुआ है; किन्तु यहाँ वह कौशाम्बी नरेशकी पुत्री है जो अपशकुनके कारण जमुनामें बहा दी गयी थी, उसे पाटलीपुत्रके मालीने पाकर पाला-पोषा था, और राजाने अकस्मात् उसके रूपपर मोहित होकर उसे विवाहा था। उसका दोहला यद्यपि दोनों स्थानोंमें समान है, तथापि राजाके वटवृक्षकी डाल पकड़कर उतर जानेकी बात यहाँ रानीने ही सुझायी थी और उसमें स्वयं उतरनेकी कोई योजना नहीं थी। सरोवरमें उतरकर पहले उसके वनमें मालीसे भेंट होने और उसके घर जाकर रहने तथा मालिनके ईर्ष्यावश उसे घरसे निकाल देनेकी बात भी यहाँ नयी है। साध्वी आश्रममें जानेसे पूर्व ही श्मशानमें उसके पुत्रका जन्म हो जाता है, और मातंग उसे पालनेके लिए अपने घर रख लेता है, एवं यथासमय नाना विद्यायें पढ़ाता है। मातंग सामान्य चाण्डाल नहीं है, वह एक विद्याधर है जो उसकी अविनयके कारण मुनिके शापसे मातंग हुआ है और करकंडुकी राज्यप्राप्तिपर उसके शापका अन्त होनेकी अवधि बाँध दी गयी है। मुनि द्वारा लक्षण कहे गये बाँस-दंड यहाँ तीन हैं जिनके ध्वज, अंकुश और छत्रदंड बननेवाले हैं। जिस द्विजने उन्हें लेनेका प्रयत्न किया उसे यहाँ न्यायालयमें जाने व एक ग्राम पानेके निर्णयकी आवश्यकता नहीं पड़ी। उसने सीधे करकंडुसे ही राजा होनेपर उसे मंत्री बनानेका वचन ले लिया था। इस कारण उस मातंग कुटुम्बको अपने प्राण बचाने कंचनपुर नहीं भागना पड़ा। वहीं दन्तीपुरके पुत्रहीन राजाकी मृत्युके पश्चात् घोड़ा नहीं, किन्तु हाथीके दिव्य साधन द्वारा उसे

राज्यकी प्राप्ति हुई। इसीसे द्विजको चम्पाके राज्यमें ग्राम दिलानेके लिए उसे चम्पानरेशको पत्र नहीं लिखना पड़ा। चम्पानरेशने ही दूत द्वारा उसे अधीनता स्वीकार करनेका सन्देश भेजा जिससे कुपित होकर उसने चम्पापर चढ़ाई की। पद्मावतीने आकर युद्ध रोका और पिता-पुत्रका मेल कराया तथा पिता पुत्रको राज्य देकर प्रव्रजित हुआ; यह दोनों कथाओंमें समान है। यह सब वर्णन पूर्व कथानकोंकी अपेक्षा विशेष विस्तार व काव्यकी रीतिसे प्रस्तुत ग्रंथकी प्रथम तीन संधियोंमें ही समाप्त हो गया है। आगे करकंडुकी दक्षिण भारतकी विजय-यात्राका समस्त वृत्तान्त पूर्व कथाकारको सर्वथा अज्ञात है।

कथानकके विविध तत्वोंकी खोज

प्रस्तुत रचनामें जो अनेक विशिष्ट वृत्तान्तोंका समावेश किया गया है उनमें कुछ पूर्ववर्ती साहित्यपर आधारित प्रतीत होते हैं। उदाहरणार्थ, यहाँ जो पद्मावतीके यमुनामें प्रवाहित किये जाने और कुसुमपुरके माली द्वारा पाये जानेका वृत्तान्त (१,६,७–१,७,१० तथा १०,१२,६–१०,१३,१२ में) पाया जाता है। वह घटना जिनसेनकृत हरिवंशपुराण (३३, १३-२४) से तुलनीय है जहाँ कहा गया है कि जब जरासन्धने कंससे उसकी जातिके सम्बन्धमें प्रश्न किया तब वह बोला कि मेरी माता मंजोदरी कौशाम्बीमें मदिरा बनानेका काम करती है। राजाने उसे बुलवाया। उसने बतलाया कि "हे प्रभो, मैंने यमुनाके प्रवाहमें इसे इस मंजूषाके साथ पाया था। शिशुको देखकर मुझे दया आ गयी, अतः सहस्रों उपालम्भोंका पात्र बनकर भी मैंने इसका पालन किया। इसकी माता तो यह कांस्य-मंजूषिका है। राजाने उस मंजूषाको लेकर देखा तो उसमें नाम-मुद्रिका थी जिसमें लिखा था कि यह उग्रसेन और पद्मावती-का पुत्र गर्भावस्थासे ही अति उग्र था, अतः अब यह अपने ही कर्मों द्वारा रक्षित होकर जीवित रहे, यही अच्छा है (अर्थात् माता-पिताने त्यागकर उसे यमुनामें प्रवाहित कर दिया)। यह वाचकर राजा जरा-संधने जान लिया कि वह उसका भानजा है, अतः उसने अपनी पुत्री जीवद्यशासे उसका विवाह कर दिया!" यह घटना दोनों स्थलोंपर एक-सी है। भेद केवल यह है कि हरिवंशमें वह कंस विषयक है, तो करकंडचरिउमें पद्मावती विषयक। एवं वहाँ मंजूषिका मथुरासे बहकर कौशाम्बीमें मद्यकारिणी द्वारा पकड़ी गयी, तो यहां वह कौशाम्बीसे प्रवाहित होकर कुसुमपुरमें माली द्वारा प्राप्त की गयी। हरिवंशकी वह घटना वसुदेव हिंडी (पृ० ११९) में भी वर्णित है। जन्मतः अशुभ या निन्द्य शिशुका जलप्रवाह करा देनेकी परम्परा बड़ी प्राचीन है। महाभारत १,१०४,८ आदिमें वर्णित है कि यदुवंशी शूरकी पुत्री पृथाने कन्यावस्थामें ही सूर्यका आह्वान किया जिससे उसे गर्भ हो गया। प्रसव होनेपर उसने पुत्रको जलमें छोड़ दिया। उसे राधाके पति रथकारने ग्रहणकर पुत्र रूपसे पाला पोषा। वही महाप्रतापी कर्ण हुआ।

करकंडचरिउ (१,९,११ आदि) में जो रानी पद्मावतीके दोहलेका वर्णन है उसका पूर्वरूप हमें णायाधम्मकहाओ (१,१३ आदि) में दिखाई देता है जहाँ महाराज श्रेणिककी देवी धारिणीके गर्भके तीसरे मासमें उसे वही दोहला हुआ जिससे वह क्षीण होने लगी। परिचारिकाओंने राजाको खबर दी। वे आये और दोहला पूरा करनेका उन्होंने आश्वासन दिया। राजाने वह कार्य अपने ज्येष्ठ पुत्र अभयकुमारको सौंपा और वह अपने पूर्व मित्र सौधर्मस्वर्गके एक देवकी सहायतासे अकालवृष्टि कराकर रानीकी इच्छापूर्ति करानेमें सफल हुआ। रानीने राजासहित सजधजसे हाथीपर बैठकर मन्द-मन्द जलवृष्टिके बीच राजगृह नगरका परिभ्रमण किया। यह वर्णन खूब विस्तारसे काव्यकी रीति अनुसार किया गया है।

करकंडचरिउ (२,२,१ से २,५,७ तक) में गुणनिकेत विद्याधरकी कथा है कि जब वह विजयार्द्धसे विमान द्वारा दक्षिणकी ओर जा रहा था, तब अकस्मात् एक स्थानपर विमान रुक गया। नीचे सुव्रत मुनि ध्यानलीन थे। उन्हींको दोषी समझकर उसने उनका उपसर्ग किया। रुष्ट होकर मुनिने शाप दी कि तेरी विद्याएँ नष्ट हो जायें। तब मुनिके प्रभावको जानकर विद्याधरने उनके चरणोंमें गिरकर क्षमा-याचना की। मुनिने शान्त होकर कहा कि श्मशानमें करकंडुका जन्म होनेपर तू ही उसका पालन करेगा और जब उसे

राज्यकी प्राप्ति होगी तभी तेरी विद्यायें तुझे पुनः प्राप्त हो जायेंगी। इस घटनाकी तुलना सोमदेवकृत यशस्तिलक चम्पू (५ वां आश्वास) के उस कथानकसे की जा सकती है जहाँ कहा गया है कि जब मन्मथमथन नामक मुनि विजयार्द्ध पर्वतपर ध्यानमग्न थे, तब कन्दलविलास विद्याधर आकाश मार्गसे निकला। मुनिके ऊपर आकर उसका विमान रुक गया। कुपित होकर विद्याधरने मुनिका उपसर्ग किया। उसी समय विद्याधरोंके राजा रत्नशिखण्डीने वहाँ आकर उसे शाप दिया कि तू इस पापसे उज्जैनीमें चण्डकर्मा नामक चाण्डाल होगा। विद्याधरकी क्षमा-याचना करनेपर रत्नशिखण्डीने शापकी यह मर्यादा बांध दी कि जब तुझे आचार्य सुदत्तके दर्शन होंगे तब तेरी इस शापसे मुक्ति हो जायगी। इन दोनों आख्यानोंमें घटना समान है। केवल यशस्तिलक चम्पूमें मुनिको क्रोध और शापके अपराधसे बचाकर वे कार्य विद्याधर नरेश द्वारा कराये गये हैं।

करकंडचरिउमें (५,१-२में) नील महानील विद्याधरोंका शत्रुओं द्वारा विजयार्धपर्वतके रथनूपुर चक्रवाल नगरसे निकाल भगाने और उनके तेरापुरमें आकर राज्य स्थापित करनेका उल्लेख है। यह हमें रविषेणकृत पद्मपुराण (५,८५ आदि) व पउमचरिउ (५,७५ आदि) का स्मरण कराता है जहाँ शत्रुओं द्वारा अपनी राजधानी चक्रवालसे निर्वासित होकर मेघवाहन विद्याधर दक्षिणमें राक्षस द्वीपको आया और वहाँ लंकापुरीमें अपनी राजधानी बनायी।

करकंडचरिउ (३, १० से ३, २२) में दंतीपुरके राजा करकंडु और चम्पाके राजा धाड़ीवाहनके बीच युद्धका वर्णन है। युद्धके बीच करकंडुकी माता पद्मावतीने आकर उनकी पहिचान करायी कि वे दोनों पुत्र और पिता हैं। इससे युद्धका दृश्य वात्सल्य-स्नेहमें परिवर्तित हो गया और सजधजसे करकंडुका प्रवेश चम्पापुरीमें कराया गया। इसकी तुलना पद्मपुराण (पर्व १०२-१०३) तथा पउमचरिउ (पर्व ९९-१००) में वर्णित लवणांकुश द्वारा अयोध्यापर आक्रमण और रामचन्द्रकी सेनासे भयंकर युद्धसे की जा सकती है। जब उनकी पिता-पुत्र रूपसे पहिचान करायी गयी तब युद्ध बन्द हुआ और कुमारोंका अयोध्यामें शोभायात्राके साथ प्रवेश कराया गया। राम और उनके पुत्रोंके बीच युद्धकी घटना वाल्मीकि रामायणमें नहीं पायी जाती। तथापि उसका कुछ रूपान्तर भवभूति कृत उत्तररामचरित नाटक (अंक ४,५,६,) में प्राप्त होता है। रामके दोनों पुत्र लव और कुश वाल्मीकि मुनिके आश्रममें विद्याभ्यास कर रहे थे। तभी रामके अश्वमेध यज्ञके घोड़ेकी रक्षा करते हुए लक्ष्मणके पुत्र चन्द्रकेतु ससैन्य आश्रमके समीप निकले। अश्व देखनेके कौतुकवश आश्रमके बटु उस यज्ञाश्वके पास आये और लवने अश्वको पकड़ आश्रममें ले जानेका प्रयत्न किया। सेना कुपित हुई। चन्द्रकेतु और लवके बीच युद्ध प्रारम्भ हो गया। लवने रामचन्द्रके बल और प्रतापकी हंसी उड़ायी, जिससे चन्द्रकेतुका क्षोभ बढ़ा। अन्तमें समाचार पाकर पुष्पक विमान द्वारा स्वयं रामने वहाँ आकर युद्धको रुकवाया।

रामायणका प्रभाव यथार्थतः गुणाढ्यकृत बृहत्कथा और उसके अनुवर्ती कथा साहित्यपर स्पष्ट दिखाई देता है। रामके चरित्रमें केन्द्रीय घटना यही है कि रामकी पत्नीका रावण अपहरण करता है और उसकी खोजमें लगकर प्रवासी राम और उनके सहायक लोमहर्षक साहस और पराक्रमके कार्य करते हैं और अपनी पत्नीको पुनः प्राप्त कर रामका राज्याभिषेक होता है। यही मुख्य घटना नरवाहनदत्तके कथानककी है। हाँ, बहुविवाहके प्रसंग उसमें नवीन जोड़ गये हैं। यही घटनाचक्र हमें जैन साहित्यके अन्तर्गत वसुदेवके चरित्रमें मिलता है।

वसुदेव हिंडी तथा जिनसेन कृत संस्कृत हरिवंशपुराण (सर्ग १८-३२) में वसुदेवका चरित्र निम्न प्रकार वर्णित है। यदुवंशी नरेश अन्धकवृष्णिके समुद्रविजय आदि दश पुत्रोंमें सबसे छोटे वसुदेव अतिरूपवान् और साहसी थे। उन्होंने घरसे निकलकर समस्त देश एवं विजयार्ध पर्वतकी दोनों श्रेणियोंका परिभ्रमण किया एवं अपनी विद्वत्ता, कला व पुरुषार्थके बलसे अनेक विद्याधर व भूगोचरी कन्याओंसे विवाह किया। उन्होंने चम्पापुरीके चारुदत्त सेठकी पुत्री गन्धर्वसेनासे संगीत विद्या-द्वारा विवाह किया। एक विद्याधरीकी

सहायतासे उन्होंने विद्याधर नरेश सिंहदंष्ट्रको नीलयशा नामक कन्यासे विवाह किया। एक बार नीलकण्ठ नामक विद्याधरने नीलयशाका अपहरण किया। वेगवती और मदनवेगा विद्याधरियोंसे उनका विवाह हुआ। शूर्पणखी विद्याधरीने मदनवेगाका रूप धारण कर उनसे छल किया। प्रभावती विद्याधरीने उनकी सहायता की और उन्होंने उसका भी परिणय किया। अरिष्टपुरमें आकर स्वयंवरमें रोहिणीसे विवाह किया और अपने ज्येष्ठ भ्राता समुद्रविजयसे मिले। फिर उन्होंने अपनी समस्त विवाहिताओंको पुनः अपने पास बुला लिया, इस प्रकार राम, नरवाहनदत्त व वसुदेवकी कथाओंमें मूलतः एक ही प्रकारका घटनाचक्र दृष्टिगोचर होता है। यही नहीं, किन्तु करकंडु व अन्य कथानक भी उसी मूलस्रोतसे प्रभावित दिखाई देते हैं।

अवान्तर कथाएँ

करकंडचरिउकी मूल कथा ऊपर कही जा चुकी है। इस कथाके अन्तर्गत नौ और छोटी बड़ी कथाएँ हैं जो करकंडुको नीति सिखाने तथा मूल कथाकी किसी बातको समझानेके लिए कही गयी हैं। प्रथम चार दूसरी सन्धिमें आयी हैं और वे उस मातंग-विद्याधर द्वारा करकंडुकी शिक्षाके लिये कही गयी हैं। प्रथम कथा (२, १०-१२) में मंत्र-शक्तिका प्रभाव बताया गया है। एक राजाकी पुत्रीको एक राक्षस हर ले गया था। बहुत समय तक उसे बचानेका कोई उपाय नहीं निकला। निदान कन्नौजके एक ब्राह्मण और एक वैश्य, दो पथिकोंने मंत्र शक्तिसे उस राक्षसको वशमें किया, राजपुत्रीकी रक्षा की और राजासे भारी सम्मान पाया। दूसरी कथा (२, १३) में अज्ञानसे विपत्तिका उदाहरण है। दो मित्र धन कमाने घरसे बाहर गये थे। मार्गमें एक राक्षसने उन्हें धर पकड़ा। उनकी बहुत दुर्गति हुई होती, किन्तु उसी मार्गसे एक ज्ञानी पुरुष आ निकला जिसने दया करके उन्हें उस राक्षसके हाथसे बचाया। तीसरी कथा (२, १४-१५) में नीच संगतिका कुपरिणाम समझाया गया है। एक होशियार सेठ था। राजाने उससे कहा कि यदि तुम एक गाथा ऐसी पढ़ दो जिसमें ओंठ न मिलें तो मैं तुम्हें एक जागीर दे डालूं। सेठने एक ऐसी गाथा पढ़ दी। राजाको बड़े संतापके साथ अपना वचन पूरा करना पड़ा। उस सेठकी एक चेटीसे प्रीति हो गयी। चेटीने एक बार राजाके मोरका मांस खानेकी लालसा प्रकट की। सेठने राजाका मोर पकड़कर तो छिपा दिया और किसी दूसरे प्राणीका मांस लाकर उस चेटीको खिला दिया। फिर राजाके प्यारे मोरकी तलाश हुई। उसपर पारितोषक बोला गया। तब उस चेटीने सेठका सब हाल राजाको कह सुनाया। राजाने तत्क्षण सेठको फाँसीका आदेश सुना दिया। किन्तु उस होशियार सेठने राजाका मोर ला उपस्थित किया और इस प्रकार उस नीच चेटी और क्षुद्र राजासे अपना पिंड छुड़ाया। चौथी कथा (२, १५-१८) में, इसके विपरीत, उच्च संगतिका सुफल बताया गया है। एक बार एक राजा आखेटके लिए वनमें गया था। भटकते-भटकते उसे खूब भूख-प्यास लग आयी, पर पासमें कुछ न था। निदान उसकी भेंट एक बनियेसे हो गयी, जिसने उसे तीन फल खिलाये और पानी पिलाया। राजधानीको लौटकर राजाने उस बनियेका बड़ा सम्मान किया, उसे अपना मंत्री बना लिया। बनियेकी प्रीति एक वेश्यासे थी। एक बार उसने राजकुमारको कहीं छिपा दिया, और उसके आभूषण ले जाकर उस वेश्याको दे दिये, और कहा कि इन्हें मैं राजकुमारको मारकर लाया हूँ। वेश्याने अपने प्रेमीके हितकी अभिलाषासे कहा, यह बात मुझसे कही सो कही, और किसीसे नहीं कहना। निदान राजकुमारकी खोजबीन हुई और किसीने राजाको यह खबर दे दी कि मंत्रीने उसके प्राण हरण किये हैं। इस-पर राजाने उस मंत्रीको बुलाकर कहा – मैं प्रसन्न हुआ। आज तुम्हारे खिलाये हुए उन तीन फलोंमें-से एकका ऋण चुक गया। अब दो फलोंका ऋण और बाकी रहा। राजाके ये वचन सुनकर मंत्रीने राजकुमारको ला उपस्थित किया और वे पुनः बड़े प्रेमसे रहने लगे।

इन कथाओंकी स्फूर्ति कविको कथासरित्सागरके दशवें लम्बकसे मिलना संभव है। ये कथाएँ वहाँ जैसीकी तैसी तो नहीं पायी जातीं, किन्तु वहाँ नरवाहनदत्तके मंत्री गोमुखने जो विद्वानों व मूर्खों तथा स्त्रियों-के छल-कपट आदिकी कथाएँ सुनायी हैं उनमें इन कथाओंके बहुत-से तत्त्व विद्यमान हैं।

पाँचवीं कथा कुछ बड़ी है। वह पूरी छठवीं सन्धिमें समाप्त हुई है। इसे तेरापुरमें एक विद्याधरने मदनावलीके हरणसे विह्वल करकंडुको यह समझानेके लिए सुनायी थी कि पति-पत्नीके निराशाजनक वियोगके पश्चात् भी उनका पुनः संयोग हो जाता है। नरवाहनदत्त वत्सदेशमें कौशाम्बी नगरीके राजा वत्सराज और रानी सुवीणाका पुत्र था। वह अतिशय गुणवान और रूपमें कामदेवको भी जीतनेवाला था। उसे सुयोग्य जान पिताने उसे राजा बनाकर स्वयं ऋषिवृत्ति धारण की और सिद्धि प्राप्त की। एक बार नरवाहनदत्तकी रानी मदनमंजूषाको हंसरथ नामक विद्याधर हर ले गया। शोकसे विह्वल होकर राजाने आत्मघात करनेकी ठान ली और वह पास ही के वनमें गया। वहाँ उसकी भेंट एक विद्याधरीसे हुई जिसका प्रेमी विद्याधर एक ऋषिकन्याके शापसे सुआ बन गया था। उस ऋषिकन्याने दयालु होकर यह भी बतला दिया था कि जब नरवाहनदत्तका विवाह रतिविभ्रमा नामकी विद्याधरपुत्रीसे हो जायगा तब वह पुनः विद्याधर रूप पा जावेगा। यह सुनकर नरवाहन बड़े विस्मयमें पड़ गये। इतनेमें ही वहाँ एक और लीलावती नामक विद्याधरी आयी जो रतिविभ्रमाका चित्रपट लिये थी। उसने कहा कि रतिविभ्रमाने अपने पिता द्वारा हरकर लायी हुई एक स्त्रीसे नरवाहनदत्तका नाम सुना है तभीसे वह उनके लिए छटपटा रही है। फिर वह विद्याधरी नरवाहनको विजयार्ध पर्वतपर ले गयी। वहाँ नरवाहनने अपनी हरी गयी पत्नीको भी पा लिया और रतिविभ्रमा तथा उसकी अनेक सखी सहेलियोंके तथा अन्य पाँच सौ विद्याधर कुमारियोंके साथ विवाह कर लिया। फिर धीरे-धीरे वे समस्त विद्याधरोंके अधिपति बन गये।

नरवाहनदत्तकी कथा संस्कृत साहित्यमें प्रसिद्ध है। सोमदेवकृत कथासरित्सागर, क्षेमेन्द्रकृत बृहत्कथामंजरी और बुद्धस्वामीकृत बृहत्कथा श्लोकसंग्रहमें यही कथा बड़े विस्तारसे पायी जाती है। इसी कथाको सबसे पहले गुणाढ्य कविने पैशाची भाषामें अपनी बृहत्कथामें रचा था। यह पैशाची भाषाकी बृहत्कथा अब नहीं मिलती। सम्भव है हमारे कविके समय तक वह बृहत्कथा लुप्त न हुई हो और उसीके आधारपर उन्होंने अपनी कथा लिखी हो, क्योंकि उपर्युक्त प्राप्य ग्रंथोंकी कथासे करकंडचरिउमें लिखी गयी कथामें कुछ भेद पड़ता है। इस कथामें मदोन्मत्त मदनामर विद्याधरके, एक ऋषिकन्याके शापसे, सुआ बन जानेकी जो वार्ता कही गयी है उससे हमें बाण कविकृत कादम्बरीमें महाश्वेताकी कथाका स्मरण आये बिना नहीं रहता। बाणने भी अपनी कथा बृहत्कथाके आधारपर ही लिखी थी।

कथासरित्सागरके अनुसार नरवाहनदत्तकी कथा संक्षेपतः इस प्रकार है। कौशाम्बीमें क्रमशः जनमेजयका पुत्र शतानीक, सहस्रानीक और उदयन राजा हुए। उदयनका विवाह उज्जयिनीके राजा चण्डमहासेनकी पुत्री वासवदत्तासे हुआ और उन्हींसे कामदेवके अवतार नरवाहनदत्तका जन्म हुआ। यथासमय उसे युवराजपद प्राप्त हुआ और उसका विवाह कलिंगसेनाकी पुत्री मदनमञ्चुकासे हो गया। एक बार मानसवेग विद्याधर मदनमञ्चुकाका अपहरण कर ले गया जिससे वह बहुत दुखी हुआ। मानसवेगकी बहिन वेगवतीने मदनमञ्चुकाका रूप धारण करके छलसे नरवाहनदत्तसे विवाह कर लिया और वह उसे अपने पिताके घर आषाढपुर ले गयी। अनेक घटनाएँ घटीं और उसका विवाह अनेक विद्याधर कुमारियोंसे हुआ। श्रावस्तीमें पहुँचनेपर उसका विवाह वहाँके राजा प्रसेनजित्की पुत्री भगीरथयशासे भी हुआ। प्रभावती विद्याधरीकी मायाके प्रभावसे उसकी भेंट अपनी पत्नी मदनमञ्चुकासे भी हो गयी जिसके साथ वह उसकी सहेलीके रूपमें रहने लगा। किन्तु वह उसे छुड़ा न सका और मानसवेगको इसका पता चलनेपर यद्यपि सभामें वह निर्दोष पाया गया, तथापि उसे अपने प्राण बचानेके लिए गुप्तरूपसे भागना पड़ा। क्रमशः अनेक और विद्याधर नरेश उसके पक्षपाती हो गये जिनकी सहायतासे उसने मानसवेगका बधकर मदनमञ्चुकाको छुड़ाया एवं उत्तर-दक्षिण दोनों विद्याधर श्रेणियोंके राजाओंको पराजित किया। तत्पश्चात् सब विद्याधरोंने मिलकर ऋषभ पर्वतपर उसका मदनमञ्चुका रानीसहित महाभिषेक किया।

उक्त दोनों कथानकोंके मिलानसे स्पष्ट हो जाता है कि उनका मूल ढांचा एक ही है। नरवाहनदत्त कौशाम्बीका राजा था। उसकी रानी मदनमञ्जूषा या मदनमञ्चुकाका एक विद्याधरने अपहरण किया।

वेगवती विद्याधरी आकर नरवाहनदत्तसे मिली और वह उसे विद्याधरलोकमें ले गयी जहाँ और अनेक विद्याधर कुमारियोंसे उसका विवाह हुआ। उसको अपहृत पत्नी भी उसे मिल गयी और सब विद्याधरोंने मिलकर उसका राज्याभिषेक किया। स्वभावतः यह कथानक कथासरित्सागरका प्रधान विषय होनेसे वहाँ वह खूब विस्तारसे व अवान्तर कथाओंसे परिपूर्ण वर्णित पाया जाता है। किन्तु करकंडचरिउमें अपहृत पत्नीकी पुनः प्राप्तिके एक दृष्टान्त रूपसे आनेके कारण अतिसंक्षिप्त है। तथापि एक बात ध्यान देने योग्य है कि नायक नायिका तथा वेगवती कनकवती जैसी दो चार विद्याधरियोंके नाम छोड़कर शेष सब नामोंमें अन्तर है। स्वयं नायकके माता-पिता जहाँ कथासरित्सागरमें उदयन और वासवदत्ता कहे गये हैं जो नरवाहनदत्तके महाभिषेक तक जीवित पाये जाते हैं, तब यहाँ उनके नाम हैं वत्सराज और सुवीणा जो आदिमें ही गृह त्याग सिद्धिको प्राप्त हो जाते हैं। क० स० सा० में नरवाहनदत्तका विवाह श्रावस्तीके राजा प्रसेनजित्की पुत्रीसे भी हुआ कहा गया है, किन्तु यहाँ उसका कोई उल्लेख नहीं। इन नामभेदोंके अनेक कारण हो सकते हैं। कथाओंकी परम्पराओंमें भेद होना संभव है, या स्मृतिके सहारे लिखे जानेसे अप्रधान पात्रोंके नाम विस्मृत हो सकते हैं जिनकी पूर्ति कल्पनासे कर दी गयी। यह संभावना इस कारण और भी प्रबल है कि करकंडुके रचयिता जैन मुनि विहार करते हुए आशापुरीमें आये थे, जहाँ उन्हें बृहत्कथाकी परम्परावाली उक्त तीन रचनाओंमें से कोई भी ग्रंथ रूपमें सुलभ न हुई हो। किन्तु यह भी असम्भव नहीं है कि कविने जानबूझकर ही नामोंमें परिवर्तन किया हो, क्योंकि कथासरित्सागर आदि ग्रंथोंमें नरवाहनदत्त सम्बन्धी समस्त वातावरण भगवान् महावीरके व उनसे उत्तरवर्ती कालका है। उदाहरणार्थ, कथासरित्सागरमें जो नरवाहनदत्तके प्रपितामह शतानीक कहे गये हैं उनका विवाह महापुराण (७५ वाँ पर्व) के अनुसार महावीरके नाना चेटककी एक पुत्री मृगावतीके साथ हुआ था। नरवाहनदत्तकी माता वासवदत्ताके पिता चण्डप्रद्योतकी मृत्युके पश्चात् जिस रात्रि उनके पुत्र पालकका राज्याभिषेक हुआ था उसी रात्रि भगवान् महावीरका पावामें निर्वाण हुआ था। कोसलके जिन प्रसेनजित् राजाकी पुत्री भगीरथयशासे नरवाहनदत्तका विवाह हुआ था, वे उन मगधराज श्रेणिकके समसामयिक व सम्बन्धी थे जिन्हें महाराज चेटककी चेलना नामक कन्या विवाही थी। यदि इनमें-से किसी राजा व तत्सम्बन्धी स्त्री-पुरुषोंका उल्लेख किया जाता तो करकंडचरिउके कथानकमें काल-वैषम्य प्रत्यक्ष दिखाई देने लगता, क्योंकि करकंडु को भगवान् महावीरके नहीं, किन्तु भगवान् पार्श्वनाथके तीर्थमें हुए माना गया है।

नरवाहनदत्तकी कथाके अन्तर्गत उसे उपवनमें मिली विद्याधर कन्याने अपना परिचय इस प्रकार दिया – विद्याधर पर्वतकी दक्षिण श्रेणीमें सिंधुशृंगपर जयन्ती नामक पुरीके अधिपति मेरे पिता धूमकेतु और माता सुनन्दा रहते हैं। एक बार मैं अपनी सखियोंके साथ वनक्रीडा कर रही थी कि मदनामर नामक विद्याधर वहाँ पहुँचा जिसे देख मैं उसपर मोहित हो गयी। मेरी सखीके पूछनेपर उसके मित्रने बतलाया कि वह उसी विजयार्धकी उत्पलखेडी पुरीके विद्याधर पद्मदेवका पुत्र मदनवेग है और वह अपने मित्र, उत्तर विजयार्धके विद्याधर मनोवेगके पुत्र पवनवेगसे मिलने जा रहा है। उसने मेरा कुल भी पूछ लिया, और फिर वे दोनों वहाँसे चले गये। किन्तु मदनामर पुनः वापिस आया। उसने अपने कंठसे मोतियोंकी माला निकालकर मेरे गलेमें पहना दी। इतनेमें ही मेरी सहचरी केतुमती मुझे बुलाकर घर ले गयी। विह्वल होकर मैं पुनः वहाँ आयी, किन्तु वहाँ मदनामर दिखायी नहीं दिया। फिर किसी एक विद्याधरीने मुझे यह समाचार दिया कि उसके विरहमें बेभूल होकर मदनामरने एक ऋषि-कन्याका स्पर्श कर लिया जिसकी शापसे वह सुआ हो गया। उसके मित्रकी प्रार्थनापर उस ऋषि-कन्याने शापकी यह मर्यादा बाँध दी कि जिस दिन नरवाहनदत्तका रति-विभ्रमासे परिणय हो जाय, उसी समय वह पुनः सुन्दर मनुष्य हो जायगा। यह जानकर हे सुन्दर, मैंने वनवास ग्रहण किया है। (६, १०–११)

सुआकी एक और कथा क. च. ८, ३ आदिमें अरिदमनके कथानकमें आयी है। अवन्ती देशकी उज्जयिनी नगरीके समीप वनमें एक विद्याधरने शुकका रूप धारण किया था। उसने एक ग्वालसे कहा कि

तू मुझे राजाके पास ले चल और पाँच सौ सुवर्ण मुद्रा लेकर उसके हाथ सौंप दे। ग्वालने वैसा ही किया। मार्गमें तोतेने अपनी बुद्धिका चमत्कार भी दिखलाया। उनके राजद्वारपर पहुँचनेपर द्वारपालने राजा अरिदमनको खबर दी। उनकी अनुमतिसे सम्मुख पहुँचकर शुकने अपना पैर उठाकर राजाको आशीर्वाद दिया कि हे राजन् जबतक गंगाका प्रवाह है तबतक चिरजीवी होओ। राजाने प्रसन्न होकर सुएसे उसका वृत्तान्त पूछा। तब उसने अपना यह 'कपट कथानक' रचकर सुनाया कि हम पाँच सौ सुए एक सेंवलके वृक्षमें रहते थे। एक भीलने आकर सब घोंसलोंपर अपना जाल बिछा दिया। मैंने सुओंको कहा कि मृतक समान हो जाओ। भीलने मरा समझकर सबको नीचे डाल दिया। हम सब दशों दिशाओंमें उड़ गये। मैं एक तपस्वियों-के आश्रममें जा पहुँचा जहाँ मैंने सब शास्त्रोंका ज्ञान प्राप्तकर लिया। उसने राजाको मंत्रीके यहाँ उत्पन्न हुए एक तेजस्वी अश्वकी भी सूचना दी। राजाने उसे मंगाकर तोतेसहित उसपर सवारी की। अश्व आकाशमें उड़-कर उन्हें समुद्र पार छोहार द्वीपमें ले गया जहाँ राजाका विवाह कुमारी रत्नलेखासे हुआ। नौका बनाकर लौटते समय उनकी नौका छिन्न-भिन्न हो गयी और समुद्रकी लहरों द्वारा रत्नलेखा खंभायत पट्टन और राजा कोकन पहुँचा। सुआ और घोड़ा भी बिछुड़ गये। किन्तु अन्ततः उन सबका पुनः मिलन हो गया।

सुएके उक्त दोनों कथानकोंकी तुलना बृहत्कथाकी परम्पराके बृहत्कथामंजरी व कथासरित्सागरके शक्तियशा नामक लम्बककी सुमना राजाकी कथासे करने योग्य है। सुमना कांचनपुरीका राजा था। एक समयउ सकी सभामें निषाधपतिकी कन्या मुक्तालता अपने भ्राता वीरप्रभके साथ पिंजड़ेमें एक तोतेको लेकर आयी। तोतेने राजाकी स्तुतिमें एक श्लोक कहा व शास्त्रचर्चा करनेकी अनुमति माँगी। राजा आश्चर्य-चकित हुआ। पूछनेपर तोतेने बतलाया कि हिमालयके समीप एक विशाल वृक्षके कोटरमें मेरा जन्म हुआ था। जन्म होते ही मेरी माताका देहान्त हो गया। पिताने बड़े कष्टसे मेरा पालन किया। एक बार एक वृद्ध भीलने वृक्षपर चढ़कर तोतोंको मार-मारकर नीचे गिरा दिया। मैं पिताके पंखोंमें छिपा था इससे नहीं मर पाया। नीचे गिरनेपर मैं आसपासके सूखे पत्तोंमें छिप गया। भील सब पक्षियोंको एकत्र कर उन्हें ले गया। रात्रि-भर वहीं रहकर मैं प्रातः तृषातुर होकर समीपके सरोवरको गया। वहाँ मरीचि मुनिने मुझे देख कृपापूर्वक जल पिलाया और अपने साथ आश्रमको ले गये। वहाँ मुझे देख महर्षि पुलस्त्य मुस्कुराये। पूछनेपर उन्होंने मेरा पूर्ववृत्तान्त इस प्रकार सुनाया – रत्नाकर नगरमें ज्योतिप्रभ राजा और हर्षवती रानीको महादेवजीकी कृपासे एक पुत्र उत्पन्न हुआ जिसका नाम रानीके स्वप्नमें चन्द्र देखनेके कारण सोमप्रभ रखा गया। युवावस्थामें सर्व विद्याओं व कलाओंमें प्रवीण देखकर राजाने उसे युवराज बनाया और प्रभाकर मंत्रीके पुत्र प्रियंकरको उसका मंत्री। उसी समय मातलि एक घोड़ा लेकर आकाशसे उतरा और सोमप्रभसे बोला कि आप पूर्व जन्ममें इन्द्रके मित्र विद्याधर थे, इसीलिए उन्होंने अपने उच्चैःश्रवाके पुत्र अश्वश्रवा नामक इस घोड़ेको भेंटस्वरूप भेजा है। इसपर आरूढ़ होते हुए आपको कोई शत्रु जीत नहीं सकेगा। पितासे आज्ञा लेकर सोमप्रभ उस घोड़ेपर आरूढ़ हो दिग्विजयको निकल पड़ा और उसने चारों दिशाओंके राजाओंको जीत लिया। लौटते समय हिमालयके समीप एक मणिमय किन्नर दिखाई दिया जिसे पकड़नेके लिए उसने घोड़ा दौड़ाया। किन्नर तो एक कन्दरामें छिप गया और सोमप्रभ वनमें बहुत दूर चला गया। वहाँ एक बड़ा सरोवर देख उसने कुछ विश्राम करना व रात्रि व्यतीत करना चाहा। अकस्मात् उसे मधुर गीतोंकी ध्वनि सुनाई पड़ी, जिसका पता लगानेपर महादेवके मन्दिरमें एक रूपवती कन्यासे भेंट हुई। उसने बतलाया कि वह हिमालयपर कांचननाभ नगरके विद्याधर नरेश पद्मकूट और रानी हेमप्रभाकी मनोरथप्रभा नामक पुत्री है। एक बार जब वह उस सरोवरपर क्रीड़ा कर रही थी तब उसे एक मुनि-युवक दिखाई दिया जिसपर वह मोहित हो गयी। उसकी सखीने युवकके मित्रसे पता लगाया कि वह वहींके एक तपोवनमें रहनेवाले मुनि दीधितिका लक्ष्मीसे उत्पन्न मानस-पुत्र रश्मिवान है। उसने मेरी सखीसे मेरा भी परिचय ले लिया। उसी समय भोजनके लिए पिताने मुझे बुला लिया। मेरे भोजनोपरान्त ही उस मुनि-पुत्रके मित्रने आकर खबर दी कि रश्मिवान उसके वियोगमें बहुत विकल है। मैं तुरन्त अपनी सखीके साथ उससे मिलने गयी, किन्तु तब-

तक उसका प्राणान्त ही हो गया। मैं उसकी चितापर अपनेको भस्म करनेकी तैयारी करने लगी, किन्तु उसी समय एक तेजस्वी पुरुष आकाशमार्गसे आकर रश्मिवानके मृत शरीरको उठा ले गया। मुझे आकाशवाणी सुनाई दी कि तुम अपने शरीरकी रक्षा करो, पुनः उस मुनि-कुमारसे तुम्हारी भेंट होगी। बस, तभीसे मैं यहाँ महादेवकी आराधनामें लगी रहती हूं। विद्याधरोंके स्वामी राजा सिंहविक्रमकी रूपवती कन्या मकरंदिका मेरी प्राणप्रिय सखी है और उसने प्रतिज्ञा की है कि जबतक मेरा विवाह न होगा तबतक वह भी अपना विवाह नहीं करेगी। उसीकी खबर लेने मेरी वह साथकी सखी गयी है। उसने यह कहा ही था कि वह सखी भी लौट आयी। प्रातः देवजय नामक विद्याधरके साथ वे सभी राजा सिंहविक्रमके यहाँ गये। वहाँ मकरन्दिका सोमप्रभको देखकर उसपर आसक्त हो गयी। किन्तु सोमप्रभने अपने शिविरको लौटनेकी इच्छा प्रकट की। वहाँ अपने पिताका सन्देश पाकर उसे राजधानी लौटना पड़ा। इधर मकरन्दिका उसके वियोगमें बहुत विह्वल हो उठी। बहुत समझानेपर भी न माननेके कारण उसके पिताने उसे यह शाप दे दिया कि तू कुछ काल तक निषादकन्या होकर रहेगी। उसका पिता मरकर ऋषि हुआ और फिर किसी पापसे तोता हो गया और माता शूकरी। यही वह तोता था जो पहले पुलस्त्य मुनिके आश्रममें और फिर अपना पूर्वजन्मका स्मरणकर सुमना राजाकी सभामें पहुँचा था। अन्ततः पापोंसे छूटकर राजा सुमना पुनः रश्मिवान बन गया और मनोरथप्रभासे उसका विवाह हो गया। निषादकन्या पुनः मकरन्दिका हो गयी और उसका विवाह सोमप्रभसे हुआ। तोता भी अपना शरीर त्यागकर पूर्वतपस्यानुसार उच्चपदको प्राप्त हुआ। गोमुख मंत्रीने यह कथानक अपने स्वामी नरवाहनदत्तको उसकी शक्तियशा सम्बन्धी आकुलताको दूर करनेके लिए सुनाया था।

यही कथानक **बाणकृत** कादम्बरीमें महाश्वेताकी कथाके रूपमें पाया जाता है। दोनोंमें भेद यह है कि बाणका वर्णन काव्यगुणोंसे परिपुष्ट है और वहाँ नामोंमें बहुत हेर-फेर पाया जाता है। यहाँकी मनोरथ-प्रभा और मकरन्दिका वहाँ महाश्वेता और कादम्बरीके रूपमें दिखाई देती हैं और उनके पति रश्मिवान् और सोमप्रभ, पुण्डरीक और चन्द्रापीडके रूपमें। राजाओं व सखी-सखाओं व नगरोंके नाम भी सब भिन्न हैं। विशेष भेद यह है कि जहाँ कथासरित्सागरमें मुनिकुमार रश्मिवान राजा सुमनाके रूपमें एवं मकरन्दिकाके पिता सिंहविक्रम तोतेके रूपमें उत्पन्न हुए हैं, वहाँ कादम्बरीमें मुनिकुमार पुण्डरीक तोताके रूपमें एवं स्वयं चन्द्रापीड (सोमप्रभ) राजा शूद्रकके रूपमें। कथासरित्सागरका घटनास्थल है हिमालय, किन्तु कादम्बरीका विन्ध्याचल।

करकंडचरिउका कथानक भी नामों व घटनाओंकी दृष्टिसे उक्त दोनों कथाओंसे बहुत कुछ स्वतन्त्र है, फिर भी सुआके दोनों कथानकोंका मूलाधार कादम्बरीका कथानक ही प्रतीत होता है, क्योंकि नायक-द्वारा नायिकासे प्रथम मिलनके समय माला पहनाना तथा उस नायकका ही नायिकाके ही शापसे तोता बन जाना कादम्बरी और करकंडचरिउमें समान हैं, जब कि कथासरित्सागरमें उनका अभाव है। घोड़ेका प्रसंग तीनों ग्रन्थोंमें भिन्न-भिन्न रीतिसे आया है। कथासरित्सागरका घोड़ा उच्चैःश्रवाका पुत्र है और स्वयं इन्द्रने उसे राजाको भेंटस्वरूप भेजा था। कादम्बरीका घोड़ा इन्द्रायुध उच्चैःश्रवाके लक्षणोंसे युक्त था, किन्तु उसे राजाको भेंटस्वरूप भेजा था फारसके नरेशने। किन्तु करकंडचरिउका घोड़ा मंत्रीकी घोड़ी और पहाड़ी घोड़ेसे उत्पन्न हुआ था, उसे तोतेने देखा था और तोतेने ही उसकी सूचना राजा अरिदमनको दी थी।

नरवाहनदत्तकी कथाके अन्तर्गत ही हमारी छठवीं अवान्तर कथा है (६, ४-७) जिसके द्वारा अपने पिताकी मृत्युके शोकसे व्याकुल नरवाहनदत्तका एक मुनिराजने सम्बोधन किया है। माधव और मधुसूदन भाई-भाई थे, पर उनमें बड़ा वैर था। दिनोंके फेरसे माधव यहाँतक दरिद्री हो गया कि उसे भोजन-वस्त्रका भी कष्ट होने लगा। माधवकी स्त्रीने उसे मधुसूदनका आश्रय लेनेकी सम्मति दी। पहले तो माधवने अपने स्वाभिमानका विचार करके अमान्य कर दिया, किन्तु पीछे स्त्रीके समझानेपर और अपनी दुर्दशासे विह्वल होकर वह मान गया। मधुसूदनने उनका बड़ा आदर-सत्कार किया और उन्हें प्रेमसे रक्खा, किन्तु

माधवके हृदयकी ईर्ष्याग्नि शान्त न हुई। एक दिन वह घरसे निकल भागा और प्रयागमें जाकर उसने यह निदान बाँधकर, अनशन द्वारा, अपना प्राणान्त कर डाला कि मरकर मैं मधुसूदनके यहाँ पुत्र होऊँ और फिर उसका प्रेम बढ़ाकर मर जाऊँ जिससे उसे घोर क्लेश हो। हुआ भी ऐसा ही। मधुसूदन पुत्रशोकमें मरनेको तत्पर हो गया, तब उसे एक विद्याधरने माधवके पूर्वभवका हाल सुनाकर उसके चित्तको शान्त किया। इस प्रकार ये पिता-पुत्रादि सम्बन्ध सब निदानके कारण हैं इनमें हर्ष या शोक नहीं मानना चाहिए।

सातवीं अवान्तर कथा (७, १-४) शुभ-शकुनकी है जिसे विद्याधरने करकंडुको सुनायी थी। एक दरिद्री ब्राह्मणको मार्गमें एक मुनिके दर्शन हुए जिससे वह खुशीके मारे नाचने लगा। एक क्षत्रिय कुमार घोड़ेपर सवार वहाँसे निकला और उस ब्राह्मणको नाचते देख उसने हाल पूछा। ब्राह्मणने कहा मुझे वनमें मुनि-दर्शनका शुभ शकुन हुआ है जिसके फलस्वरूप मुझे राज्य मिलेगा। क्षत्रिय कुमारने ब्राह्मणसे कह सुनकर उस शकुनका फल आप ले लिया और बदलेमें अपना घोड़ा और आभूषण दे डाले। ब्राह्मण चला गया और क्षत्रिय कुमारने वनमें प्रवेश किया। वहाँ सुदर्शना देवी, स्त्रीका रूप धरके, साथ हो गयी। उन्होंने एक अन्धकूप देखा जिसमें एक साँप और मेंढक लड़ रहे थे। युवकने अपनी देहसे एक मांसका टुकड़ा काटकर उनके बीच डाल दिया। उसके साहससे प्रसन्न होकर वे दोनों भी मनुष्यका रूप धारण कर उसके साथ हो गये। एक राजाने उन्हें देखा और वह उस स्त्रीके रूपपर मोहित हो गया। उसने युवकको एक कुएँमें ढकेल दिया, और उस स्त्रीसे प्रेम करना चाहा। इतनेमें ही उसे एक सर्पने डस लिया और वह मर गया। स्त्रीने उस युवकको कुएँसे निकाला और पश्चात् उसका मृत राजाके स्थानपर राज्याभिषेक हो गया। सुदर्शना देवी शकुनका यह फल देकर चली गयी।

आठवीं अवान्तर कथा अरिदमनकी है, जिसे पद्मावती देवीने करकंडुके समुद्रमें विद्याधरी द्वारा हरण किये जानेके शोकसे व्याकुल रतिवेगाको सुनाया था (८,१-१६)। अरिदमन उज्जैनका राजा था। एक विद्याधरने सुआका रूप धरकर अपनेको एक ग्वाल द्वारा उस राजाके हाथ बिकवा दिया। सुआने राजाको बताया कि उसके मंत्रीके पास एक बड़ा सुंदर और प्रतापी घोड़ा है। राजाने मंत्रीसे इसे प्राप्त किया और सुआसहित उसपर सवार हुआ। एक चाबुक मारी कि घोड़ा उड़कर समुद्रपार एक द्वीपपर जा पहुँचा। वहाँ राजाने बहुत-सी कन्याओंको जलक्रीडा करते हुए देखा और उनमें प्रधान रत्नलेखासे उसने विवाह कर लिया। एक दिन रत्नलेखाने कहा कि मैं आपका पितृगृह देखना चाहती हूँ। तब राजाने एक नौका निर्माण करायी और राजा-रानी, सुआ और घोड़ासहित, उसपर बैठकर चल दिये। विपरीत वायुके कारण नाव एक उजाड़ द्वीपपर जा पहुँची। वहाँ उन्हें रात-बसेरा करना पड़ा। रात्रिको ही नावको कोई चुरा ले गया। तब सुआकी सलाहसे राजाने लकड़ी काट और उन्हें बांधकर एक डोंगी बनायी और वे चारों उसपर बैठकर चले। समुद्रकी लहरोंसे डोंगीके बन्धन टूट गये और वे चारों बिछुड़ गये। सुआ उड़ गया, घोड़ा कहीं गया, राजा कोकन पहुँचे और रानी खंबायत बन्दरपर पहुँची। वहाँ उसे एक कुट्टिनीके यहाँ आश्रय मिला। उसने यह प्रण किया कि जो कोई मुझे सार-पांसे खेलनेमें हरा देगा उससे ही मैं प्रेम करूँगी। किन्तु उससे कोई भी पुरुष नहीं जीत पाया। एक दिन वह सुआ उड़कर उसके घर आ गया और उनकी पहिचान हो गयी। उसकी द्यूतक्रीडाकी कीर्ति चारों ओर फैल गयी। कोकनमें अरिदमनने भी समाचार सुने। वे आये। खेल हुआ और उन्होंने रत्नलेखाको हरा दिया। रत्नलेखा बहुत व्याकुल हुई, किन्तु इसी क्षण उनकी परस्पर पहचान हो गयी और वे मिलकर बहुत सुखी हुए। एक दिन एक ठक्क वहाँ घोड़े बेचने लाया। उनमें अरिदमनने अपना घोड़ा पहचान कर खरीद लिया। इस प्रकार वे सब बिछुड़े प्रेमी एक बार फिर मिलकर अपने घर आनन्दसे आ गये।

पूर्वोक्त सुआकी कथामें प्रसंगवश वर्णित एक घटना उल्लेखनीय है। जब ग्वाल उसे लेकर उज्जैनीमें आया तब नगरके मार्गमें एक वेश्या एक सेठको पकड़े-पकड़े फिरती थी और कहती थी कि मैंने तुम्हारे जेठे

लड़केको स्वप्नमें अपनी लड़कीके साथ देखा है, इसलिए तुम मुझे धन दो। सेठ बेचारा बड़ी विपत्तिमें पड़ा था। सब लोग तमाशा देख रहे थे, पर किसीको कुछ बुद्धि काम नहीं करती थी कि क्या किया जावे। निदान सुआने इस झगड़ेका निपटारा किया। उसने सेठसे धन मंगाया। और एक दर्पणमें उसकी छाया डालकर कुट्टिनीसे कहा, ले बहिन, तेरा धन लेले। कुट्टिनीने कहा, रे नगोड़े सुए! कहीं दर्पणका प्रतिबिम्ब भी लिया जा सकता है? सुएने तुरन्त उत्तर दिया, कहीं स्वप्नकी बात प्रत्यक्ष हुई है? इस प्रकार सेठको उस झंझटसे छुड़ाकर यह सुआ राजसभामें पहुँचा। इससे आगेका वृत्तान्त ऊपर कहा जा चुका है।

अन्तिम अवान्तर कथा मुनिराजने करकंडुकी माता पद्मावतीको यह बतलानेके लिए सुनायी है कि भवान्तरमें स्त्रीलिंगका परिवर्तन भी हो सकता है (१०,१८-२२)। उज्जैनके राजाकी सुमित्रा नामकी पुत्री थी। उसने उपवासके फलसे मरकर एक ब्राह्मणके घरमें लड़केका जन्म पाया, किन्तु पिताकी मृत्यु उसके गर्भकालमें ही हो गयी। विधवा स्त्रियोंके छोटे लड़के बहुधा बड़े नटखटी हो जाते हैं। ऐसा यह भी हुआ। एक बार अपनी मातासे लड़कर वह घरसे भाग गया और वनमें एक पुरानी मढ़ियामें रात-बसेरा किया। वहाँ रात्रिको विद्याधरियाँ आयीं, जिनमें-से एकका चीर उसने उड़ा दिया। उसे लेकर वह घर आया। माताने उसे एक सेठको बेंच दिया और सेठने उसे राजाको भेंट किया। राजाको उसके जोड़ मिलानेकी अभिलाषा हुई और अन्तमें उसी ब्राह्मण पुत्रको यह काम सौंपा गया। इस बार वह एक डंडा लेकर वनमें गया और एक राक्षसीको वशमें कर लाया। उससे उसके जोड़का कपड़ा लेकर उसने राजाको दिया। राजाकी उसपर प्रसन्नता बढ़ गयी। यह बात मंत्रीको सहन न हुई। उसने रानीको उभाड़ा और उस ब्राह्मणके प्राण लेनेकी दृष्टिसे कहीं शेरनीका दूध, और कहीं बोलता हुआ पानी लानेके लिए उसे भिजवाया। पर राक्षसीकी सहायतासे ब्राह्मणने सब कुछ ला दिखाया। निदान राजाको मंत्रीका कपटजाल ज्ञात हो गया। उसने उसे मंत्री-पदसे निकाल दिया और उस ब्राह्मणको मंत्री बनाया। अन्तमें उस ब्राह्मणने वैराग्य धारण कर लिया, और अगले भवमें वह अर्जुन हुआ। इस प्रकार उपवासके प्रभावसे सुमित्रा अर्जुन हो गयी।

इस कथाको कविने कोई परियोंकी कहानियोंमें-से लिया है। यही कथा और परिवर्धित रूपमें भावचन्द्र सूरिके शान्तिनाथ चरितमें भी पायी जाती है।

ये नौ अवान्तर कथाएँ करकंडचरिउके लगभग चौथाई भागमें आयी हैं।

कथाके नायक

इस ग्रंथमें यह बतलाया गया है कि पंच-कल्याण-विधानके प्रभावसे किस प्रकार एक ग्वाला अगले भवमें राज्य-सुखको पाकर मोक्षगामी हुआ। इस ग्रंथके कथानायकका स्थान अद्वितीय है। वे दिगम्बर सम्प्रदायमें ही नहीं, श्वेताम्बर सम्प्रदायमें भी माने गये हैं। यही नहीं, किन्तु बौद्धोंने भी उन्हें अपना एक महात्मा माना है। बौद्धोंके जातक साहित्यमें वे करण्डू या करकंडूके नामसे प्रसिद्ध हैं। उन्हें वे प्रत्येकबुद्ध मानते हैं। प्रत्येकबुद्ध उन्हें कहते हैं जो स्वयं केवलज्ञान प्राप्त कर लें, किन्तु बिना धर्मोपदेश किये ही शरीरान्त कर, मोक्ष चले जावें। इस प्रकारके चार प्रत्येकबुद्ध बौद्धोंने माने हैं, करकंडू, नग्गई, नमि और दुर्मुख, और इन चारोंकी कथाएँ पाली साहित्यमें पायी जाती हैं। किन्तु बौद्धोंकी करकंडू-कथा और वर्तमान कथामें उनके जन्मस्थान व माता-पिताके नाम तथा स्वयंबुद्धत्वके अतिरिक्त और कोई साम्य नहीं है। श्वेताम्बर सम्प्रदायमें भी वे चारों प्रत्येकबुद्ध माने गये हैं और उनकी कथाओंपर बहुत-सा साहित्य निर्माण हुआ है। उनका सबसे पुराना उल्लेख उत्तराध्ययन सूत्रमें है, और, कथाएँ उसकी टीकाओंमें पायी जाती हैं। इन कथाओंसे वर्तमान ग्रंथकी मूल कथाका बहुत कुछ साम्य है, केवल उन कथाओंमें करकंडूकी दक्षिण विजययात्राका हाल नहीं पाया जाता। छोटी मोटी बातोंमें कई जगह भेद भी है, जो पूर्वोक्त कथाओंके वर्णन व तुलनासे स्पष्ट है।

दिगम्बर साहित्यमें उपर्युक्त चारों प्रत्येकबुद्धोंका उल्लेख तो मुझे अभीतक देखनेको नहीं मिला और न ऐसा ही कहीं पढ़ा जहाँ करकंडुको ही स्पष्टतः प्रत्येकबुद्ध कहा हो। पर प्रत्येकबुद्धोंकी महिमाके कुछ उल्लेख अवश्य देखनेमें आये हैं। उदाहरणार्थ, जयसेनकृत प्रतिष्ठापाठमें उन महात्माओंको अर्घ चढ़ाया गया है जो अन्योपदेशके बिना ही संयमकी उच्चकोटिको पहुँच जाते हैं, और प्रत्येकबुद्ध-ऋद्धिको प्राप्त कर लेते हैं। उनका थोड़ा-सा स्मरण करनेसे भी पापोंका नाश होता है' (प्र० पा० ६७२)। एक संस्कृत सुकुमाल चरितमें कहा गया है कि अंगपूर्वप्रकीर्णकोंकी रचना गणधर, श्रुतकेवली व प्रत्येकबुद्ध योगीन्द्रोंने की थी। कनकामरने भी करकंडुको कहीं प्रत्येकबुद्धकी संज्ञा नहीं दी। यह कथा दिगम्बर साहित्यमें मुझे श्रीचंद्रकृत कथाकोष, रामचन्द्रमुमुक्षुकृत पुण्याश्रवकथाकोष और नेमिदत्तकृत आराधना-कथाकोषमें भी देखनेको मिली है। वहाँ भी मेरी दृष्टिमें प्रत्येकबुद्धका उल्लेख नहीं आया। इस विषयका संस्कृतमें एक पूरा ग्रंथ मेरे देखनेमें आया है। वह है करकंडु चरित्र जिसे शुभचन्द्रने सकलकीर्तिकी सहायतासे संवत् १६११ में रचा था। यह ग्रंथ संस्कृत पद्यमें है और पन्द्रह सर्गोंमें समाप्त हुआ है। कर्ताने उसे ऐसे वचनोंसे प्रारम्भ और समाप्त किया है जिनसे जान पड़ता है कि वे एक स्वतंत्र ग्रंथ रचनेका दावा करते हैं। पर मैंने इस ग्रंथका कनकामरके ग्रंथसे मिलान किया तो विदित हुआ कि वह इसका अनुवाद मात्र है। मूल कथा तो पूरी वैसीकी वैसी है ही, अवान्तर कथाएँ भी वहाँ ज्योंकी त्यों विद्यमान हैं। कर्ताने सिद्धसेन समन्तभद्रादिका स्मरण तो अवश्य किया, पर जिसके काव्यको सामने रखकर वे कीर्तिके ग्राहक बने उसका कहीं कुछ उल्लेख करनेमें न जाने क्यों लजा गये? इस ग्रंथमें भी प्रत्येकबुद्धका उल्लेख देखनेमें नहीं आया। रैधू, जिनेन्द्रभूषण भट्टारक और श्रीदत्त पंडितकृत करकंडूचरितोंका भी उल्लेख भंडारोंकी सूचियोंमें पाया जाता है।

इस बातकी खोज करनेकी आवश्यकता है कि दिगम्बर जैनियोंने उपर्युक्त चार प्रत्येकबुद्ध माने है या नहीं, तथा बौद्धों और श्वेताम्बरों, दोनोंने उन्हें ठीक उसी प्रकार कब और क्यों मान लिये।

करकंडुको इस अपूर्व मानतापर-से मुझे उनके समयके सम्बन्धमें कुछ अनुमान होता है। बौद्ध उन्हें महात्मा बुद्धसे पूर्व हुए स्वीकार करते हैं, और जैन उन्हें भगवान् पार्श्वनाथके तीर्थमें अर्थात् महावीर स्वामीसे पूर्व हुए मानते हैं। जिस महात्माके सम्बन्धमें दो तीन भिन्न-भिन्न धार्मिक सम्प्रदायोंमें समान आस्था हो उसे यह समझना आवश्यक है कि वह उन साम्प्रदायिक भेदोंके उत्पन्न होनेसे पूर्व ही हुए होंगे। अतः करकंडु महाराजको हम यदि पार्श्वनाथके तीर्थमें अर्थात् लगभग ईस्वी पूर्व ८०० से ५०० के बीच हुए मान लें तो अयुक्तिसंगत न होगा।

करकंडचरिउका उत्तरकालीन साहित्यपर प्रभाव

करकंडचरिउमें जो उसके नायक करकंडकी सिंहलद्वीपकी यात्रा, राजकुमारी रतिवेगासे विवाह, समुद्रमें करकंडुका वियोग, रतिवेगाको पद्मावती देवी द्वारा अरिदमनका दृष्टान्त सुनाकर पुनः मिलनका आश्वासन आदि घटना-चक्र पाया जाता है उसका पश्चात्कालीन साहित्यपर गम्भीर प्रभाव पड़ा प्रतीत होता है। उदाहरणार्थ, यहाँ जो करकंडुके सिंहलद्वीप जाकर वहाँकी राजकुमारी रतिवेगाका परिणय कर लौटनेकी घटना वर्णित है उसकी छाया जिनहर्षगणिकृत रयणसेहरी कहा (रत्नशेखरीय कथा—लगभग वि. सं. १४४५में रचित) में पायी जाती है जहाँ रत्नपुरके राजा रत्नशेखरके सिंघलकी राजकुमारी रत्नावतीपर मोहित होकर उसके विवाह करनेकी कथा वर्णित है। तत्पश्चात् हिजरी सन् ९४७ (ई. १५४०) के लगभग मलिक मुहम्मद जायसी द्वारा रचित हिन्दी काव्य *पद्मावतपर करकंडचरिउ एवं रयणसेहरी इन दोनों कथाओंका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। सिंहलद्वीपकी राजकुमारी पद्मावतीके सौन्दर्यका वर्णन हीरामन तोतेके मुखसे सुनकर चित्तौड़का राजा रतनसैन उसपर मोहित हो गया और वह योगीका वेष बनाकर सिंहल पहुँचा, वहाँ महादेवके मन्दिरमें उसकी पद्मावतीसे भेंट हुई, दोनोंका विवाह हुआ, समुद्रमार्गसे लौटते हुए नौका विच्छिन्न हो गयी, दोनोंका वियोग हुआ और फिर उनका

मधुर मिलन हो गया। पद्मावतका यह कथानक करकंडचरिउमें वर्णित अरिदमन नरेशके आख्यानसे बहुत समता रखता है, एवं सिंहलद्वीपमें योगीके वेष व राजकुमारीसे मिलनका वृत्तान्त रत्नशेखरी कथासे मेल खाता है। करकंडचरिउमें जो अपभ्रंश काव्यकी घत्ता-कडवक छंदात्मक टकसाली रचना पायी जाती है उसी शैलीसे पद्मावतकी दोहा-चौपाई रूप हिन्दी रचनाका आविष्कार हुआ स्पष्ट दिखाई देता है। यह शैली हिन्दी काव्यमें बहुत लोकप्रिय हुई और तुलसीदास कृत रामायण द्वारा उसे बड़ा गौरव प्राप्त हुआ।

(देखिये – ही. ला. जैन : दी सोर्सेज़ आफ पद्मावत – मध्यभारती – २ जबलपुर वि. वि. १९६३)

तेरापुर और वहाँके लयन [गुफाएँ]

ग्रंथकी चौथी और पांचवीं सन्धियोंमें करकंडु महाराजके तेरापुर पहुँचने, वहाँकी पहाड़ीमें एक गुफा और उसमें विराजमान पार्श्वनाथ भगवान्‌का दर्शन करने, गुफामें एक जलवाहिनी प्रकट कराने, तथा वहाँ तीन और गुफाओंके बनवानेका विशद वर्णन है। यदि कनकामरका वर्णन सच है तो ये गुफाएँ आज भी किसी न किसी रूपमें वर्तमान होना चाहिये? पर उनका पता लगानेसे पूर्व तेरापुर कहाँ था इसका निश्चय होना चाहिए। करकंडु अंगदेशकी चम्पापुरीसे चोल, चेर आदि दक्षिणके राज्योंकी तरफ जा रहे थे तभी उन्हें तेरापुर मिला था। अतः दक्षिणापथमें ही उसे होना चाहिये। खोज करनेसे हैदराबाद राज्यके उस्मानाबाद जिलेमें एक 'तेर' नामक स्थान मिला है। यह उस्मानाबाद शहर जिसका अभी कुछ ही पूर्व धाराशिव नाम था, से बारह मील उत्तर पूर्वकी ओर है। वहाँ अब चौदह वाडियाँ (छोटे छोटे ग्राम) बसे हुए हैं। इसी 'तेर'को डॉक्टर फ्लीटने इतिहासप्रसिद्ध, प्राचीन तगरपुर ठहराया है। मेरा अनुमान है कि यही कनकामर कविका तेरापुर है। कविके दिये हुए वर्णन और इस स्थानकी परिस्थितिके सूक्ष्म मिलानसे इस अनुमानमें कोई सन्देह नहीं रहता। कनकामरके अनुसार करकंडु तेरापुरसे दक्षिणकी ओर जाकर ठहरे थे। वहाँसे कुछ दूर पश्चिमकी ओर एक पहाड़ीके चढ़ावपर उन्हें वह गुफा मिली। वहीं एक तालाबके होनेका भी उल्लेख है। आज भी ये सब बातें उसी प्रकार विद्यमान हैं। तेरके पास पहाड़ी भी है। उसकी बाजूमें गुफाएँ भी हैं। एक तालाब भी मौजूद है। इस तालाबमें कमल भी होते थे जो कुछ वर्षोंसे नष्ट हो गये हैं। अब वहाँकी गुफाओंका वर्णन देखिए। करकंडूने जिस गुफाके दर्शन किये उसे कविने 'सहसखंभलयन' कहा है। कवितामें सहस्रका अर्थ साधारणतः अनेक, बहुत-से जिनकी संख्या बिना सावधानीसे गिने न जानी जा सके, लेना चाहिए। वर्तमान प्रधान गुफा बड़ी विशाल है। इसका बरामदा अठहत्तर फुट लम्बा और साढ़े दस फुट चौड़ा है जिसमें पुराने सात-आठ खंभे रहे होंगे। एक बाजूमें कुंडवाला कमरा है जिसमें दो खंभे हैं। पाँच दरवाजे भीतर शालामें जानेके लिए हैं। यह शाला पचीस फुट लम्बी और लगभग उतनी ही चौड़ी चौकोर आकारकी है। यहाँ बत्तीस खंभे दोहरे चौकोर आकारमें हैं, बारह भीतरी चौकोरमें और बीस बाहरी। इस बृहत् शालाकी प्रत्येक बाजूमें आठ-आठ कमरे हैं जो प्रत्येक नव फुट चौकोर है। फिर गर्भ-गृह कोई बीस फुट लम्बा और पन्द्रह फुट चौड़ा है। यहाँ पाँच फुटकी पार्श्वनाथ भगवान्‌की काले पाषाणकी पद्मासन मूर्ति विराजमान है। इस गुफाको यदि कवि सहसखंभ कहे तो कोई बड़े आश्चर्यकी बात नहीं है।

कविने गुफाके भीतर एक जलवाहिनी प्रकट होनेका वर्णन किया है। जब करकंडुने गुफाकी मूर्तिके दर्शन किये तो सिंहासनपर उन्हें एक गांठ दिखी। उस गांठको उन्होंने तुड़वायी और वहाँसे एक भारी जलका प्रवाह निकल पड़ा। गुफाके भीतर अब भी जलकुंड है। जिस कमरेमें जलकुंड है वह सत्रह फुट लम्बा और बारह फुट चौड़ा है। इसी कमरेमें एक सप्तफणी नागसहित पार्श्वनाथ भगवान्‌की प्रतिमा है। दो पाषाण और भी हैं जिनपर भी जिनप्रतिमाएँ खुदी हैं। कमरेके भूतलमें दो छिद्र भी हैं जिनका सम्बन्ध कुंडसे है। जान पड़ता है, करकंडूके समयमें यही गर्भगृह था। वर्तमान गर्भगृहमें जो मूर्ति है सम्भवतः वही करकंडुको पहाड़ीके ऊपर वामीमें गड़ी हुई मिली थी। बड़ी शालाकी बाजूके कमरेमें भी जमीनमें एक छिद्र है जो सदैव पानीसे भरा रहता है। इससे कनकामर द्वारा वर्णित जलवाहिनीके प्रकट होनेकी बात भी सत्य प्रतीत होती है।

कविने कहा है कि जलवाहिनी प्रकट करानेसे पूर्व करकंडुने एक लयन चिनवायी और फिर विद्याधरके कहनेसे दो और लयन बनवायी। मैंने लयन चिनवानेका तात्पर्य मूलके प्रसंगानुसार 'पुरानी लयनकी मरम्मत करवाई' ऐसा लिया है। किन्तु यह भी संभव है कि जलवाहिनीसे समस्त गुफाके नष्ट हो जानेके भयसे करकंडुने पहले भी एक नयी ही गुफा निर्माण करायी हो और दो फिर पश्चात्। इस प्रकार पुरानी गुफा सहित चार गुफाएँ हुईं। ये ही चार गुफाएँ पहाड़ीके इस भागमें आजतक विद्यमान हैं। यदि करकंडु द्वारा बनवाई दो ही नयी गुफाएँ मानी जावें तो तीसरी गुफा किसीने और पीछे बनवायी होगी। इन सब गुफाओंमें जहाँ प्रतिमाएँ हैं वहाँ अधिकतः पार्श्वनाथ भगवान्‌की ही हैं, महावीर भगवान्‌की तो एक भी प्रतिमा नहीं है। इससे भी इस संस्थानके पार्श्वनाथ भगवान्‌के तीर्थमें निर्माण किये जानेकी बात पुष्ट होती है।

इस प्रकार सिद्ध होता है कि कनकामर द्वारा उल्लिखित तेरापुर यही 'तेर' है तथा करकंडुकी निर्माण करायी हुई गुफाएँ वर्तमान गुफाएँ ही हैं। इनके समीप जो धाराशिव नामका नगर बसा है, संभवतः उसका नाम इसी जलधाराके कारण पड़ा। करकंडुने तेरापुरके राजाका नाम शिव सुना था। शुभचन्द्रने तेरापुरके दो भिल्लों 'धारा' और 'शिव' नामधारियोंका उल्लेख किया है। यह भी सम्भव है कि वहाँ कोई शिवका मंदिर बननेसे वह नाम पड़ा। मूल गुफाके सामने जो आजकल शिवका मंदिर है वह बहुत प्राचीन नहीं है।

पहली गुफा किसने बनवायी ?

अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि जिस प्राचीन गुफाको करकंडुने तेरापुरमें बनी पायी वह किसने बनवायी होगी। यह प्रश्न करकंडुको भी उपस्थित हुआ था और उन्हें एक विद्याधरने इसका उत्तर दिया था। सौभाग्यसे कनकामरने उसका वर्णन अपने ग्रंथमें किया है। विद्याधरने करकंडुसे कहा था कि दक्षिण विजयार्ध-में नील और महानील नामके दो विद्याधर भ्राता राज्य करते थे। शत्रुओंसे पराजित होकर वे वहाँसे भागे और तेरापुर आये। यहां उन्होंने धीरे-धीरे एक राज्य स्थापित कर लिया। एक मुनिने उन्हें जैन धर्मका उपदेश दिया और उन्होंने फिर वह गुफा-मंदिर बनवाया। है तो यह पौराणिक कथा, किन्तु खोज करनेसे इसमें कुछ ऐतिहासिक तथ्य प्रतीत होता है। आठवीं शताब्दि और उसके पश्चात्‌के कई शिलालेखोंमें एक शिलाहार नामके राजवंशका उल्लेख मिलता है। इनकी तीन शाखाओंने क्रमशः उत्तर कोकण, दक्षिण कोकण तथा कोल्हापुरके आसपास राज्य किया। तीनों शाखाओंके राजाओंने अपने शिलालेखोंमें अपनेको 'जीमूत वाहन विद्याधरके वंशज' तथा 'तगरपुरके अधीश्वर' कहा है। इससे विदित होता है कि उनके पूर्वजोंने कभी तगरपुरमें राज्य किया होगा। तगरपुर वही 'तेर' व कनकामरका तेरापुर सिद्ध हो चुका है। अतएव शिलाहार वंशके सम्बन्धकी उक्त दो बातोंपर-से ऐसा प्रतीत होता है कि यह वंश सम्भवतः कनकामर द्वारा कथित नील महानीलसे ही चला। कथासरित्सागरमें वर्णन है कि जीमूतवाहन विद्याधरोंका राजा था। उसने एक बार अपने दान और त्यागकी बड़ी प्रशंसा की इसीसे वह पदभ्रष्ट हो गया। वहींपर दक्षिण विजयार्ध या वेद्यर्धका भी वर्णन है, और बताया गया है कि हिमाचल पर्वतकी दो श्रेणियां हैं, कैलाशसे उत्तरकी श्रेणी उत्तर वेद्यर्ध और दक्षिणकी दक्षिण वेद्यर्ध कहलाती है। कथासरित्सागरसे यह भी पता चलता है कि एक बार वत्सदेशके नरवाहनदत्त और विजयार्धके विद्याधरोंके बीच बड़ा घोर युद्ध हुआ था जिसके अन्तमें विद्याधर हार गये और नरवाहनदत्तके अधीन हो गये। सम्भवतः यही शत्रुबल था जिससे पराजित होकर नील और महानील विद्याधर दक्षिणको गये। पद्मगुप्तकृत नवसाहसांकचरित नामक संस्कृतकाव्यमें नर्मदाके दक्षिणमें एक विद्याधर राजकुलका उल्लेख है। इन विद्याधरोंने मालवाके सिन्धुराजकी सहायता की थी। इस प्रकार कनकामरकी कही हुई बातोंकी अन्य ग्रंथों तथा शिलालेखोंसे भी पुष्टि होती है। इससे अनुमान होता है कि संभवतः नील महानीलके वंशज ही शिलाहार वंशके नामसे प्रसिद्ध हुए, और या तो स्वयं नील महानीलने ही या उनके किसी वंशजने तेरापुरकी प्रचीन गुफा बनवायी। इतिहासमें पता नहीं चलता कि इस वंशका राज्य तेरापुरमें कब रहा। वह बहुत प्राचीन कालमें रहा होगा। इससे भी उन गुफाओंके पार्श्वनाथके तीर्थमें

बननेकी बात अयुक्ति-संगत सिद्ध नहीं होती ।

जिस पार्श्वनाथकी मूर्तिको करकंडुने पहाड़ीके ऊपर वामीमें-से निकालकर गुफामें स्थापित की उसके संबंध-में कहा गया है कि दो अन्य विद्याधर उसे मलयदेशमें पूदी पर्वतपर रावणके एक वंशजद्वारा बनवाये हुए जिन मंदिरसे लाये थे । यह पूदी पर्वत संभवतः वर्तमान मालाबारके अन्तर्गत पोदियल नामकी पहाड़ी ही होगी ।

करकंडचरिउकी भाषा

करकंडचरिउकी भाषा वही अपभ्रंश है जिसका इतिहास व स्वरूप अन्यत्र विस्तारसे प्रकट किया जा चुका है[1] । संक्षेपतः भाषाके सम्बन्धमें अपभ्रंश शब्दका सर्वप्राचीन उल्लेख महर्षि पतञ्जलि कृत महाभाष्य (ई० पू० द्वितीय शती) में पाया जाता है जहाँ उन्होंने कहा है कि एक-एक संस्कृत शब्दके बहुत-से अपभ्रंश होते हैं, जैसे एक संस्कृत शब्द गौके गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका आदि अपभ्रंश । यहाँ स्पष्टतः अपभ्रंशसे किसी भाषा-विशेषका तात्पर्य नहीं है, किन्तु संस्कृतके सभी विकृत या देश-प्रचलित रूपान्तरोंको अपभ्रंश कहा गया है । भरतने अपने नाट्यशास्त्र (ई० ३०० के लगभग) संस्कृत और देशीके अतिरिक्त 'विभ्रष्ट' भाषा-का उल्लेख किया है जो आभीरोंकी बोली थी और जिसमें उकारकी बहुलता पायी जाती थी । भामह (६ ठी शती) ने गद्य व पद्य काव्यको भाषाकी दृष्टिसे संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन तीन भेदोंमें विभक्त किया है । दण्डीने अपने काव्यादर्श (ई० ६०० के लगभग) में तथा भामहके तीन भेदोंमें मिश्र और मिलाकर चार भेद कहे हैं । तथा पतञ्जलि और भरतके मतोंका समन्वय करते हुए कहा है कि आभीर आदि जनोंकी बोलीमें जो काव्यरचना की जाती है उसे अपभ्रंश कहते हैं, किन्तु शास्त्र (व्याकरण शास्त्र) में तो संस्कृतके अतिरिक्त जो शब्द-रूपान्तर पाये जाते वे सब अपभ्रंश माने गये हैं । स्पष्ट है कि दण्डीके कालमें अपभ्रंश काव्य-रचना प्रचलित हो चुकी थी । इस काव्यरचनाने इतनी प्रतिष्ठा भी प्राप्त कर ली थी कि वल्लभीके नरेश धरसेन द्वि० (ई० ६००के लगभग) के सम्बन्धमें उनके एक ताम्रपत्रमें गर्वके साथ कहा गया है कि वे संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन तीनों भाषाओंकी प्रबन्ध-रचनामें निपुण थे ।

छठी शतीमें अपभ्रंशकी इस प्रतिष्ठाके प्रकाशमें कोई आश्चर्यकी बात नहीं जो गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (ई० ४०० के लगभग) के समकालीन महाकवि कालिदासने अपने विक्रमोर्वशीय नाटकके चतुर्थ अंकमें अपभ्रंशका भी प्रयोग किया हो । जैसा प्रो० वेलणकरने उक्त नाटककी प्रस्तावनामें सिद्ध किया है, नाटकके वे अंश प्रक्षिप्त माननेका कोई कारण नहीं है । शक ७०० (ई० ७७८) में रचित अपनी कुवलयमालामें अपभ्रंशका उल्लेख व यत्र-तत्र प्रयोग तो किया ही है, साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट उल्लेख किया है कि उनसे पूर्व रचित कथामें कौतूहल नामक कविने भी किंचित् अपभ्रंशका प्रयोग किया था । यह कथा निस्सन्देह कोऊहल कृत लीलावती ही है जो अब प्रकाशित हो चुकी है (भा० वि० भवन, बम्बई १९४९) और जिसकी भाषाके सम्बन्धमें उसके विद्वान् सम्पादक डॉ० आ० ने० उपाध्येने कहा है, "Scrutinised from this point of view, we find in the dialect of Lilavati good many traits which are not usual in Prakrit or Maharashtri, but are quite normal in Apabhramśa as described by Hemacandra and as current in literature. (Intro. P. 84). अर्थात् इस दृष्टिसे छानबीन करनेपर हमें लीलावतीकी भाषामें ऐसे बहुत-से लक्षण मिलते हैं जो प्राकृत या महाराष्ट्रीमें साधारणतः नहीं पाये जाते, किन्तु उस अपभ्रंशमें वे सुप्रचलित हैं जिसका वर्णन हेमचन्द्रने किया है व जो साहित्यमें पायी जाती है । आठवीं शतीसे तो अपभ्रंश काव्यकी प्रौढ और सुविशाल

---

१. देखिए मेरी प्रस्तावना णायकुमारचरिउ, सावयधम्मदोहा व पाहुडदोहाकी, तथा नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भा० ५० अंक १–४, परमात्मप्रकाशकी प्रस्तावना डॉ० ए० एन० उपाध्ये कृत एवं जी० व्ही तगारे कृत हिस्टोरिकल ग्रामर आफ अपभ्रंश ।

अनेक रचनाएँ प्राप्त होती हैं जिनके प्रधान महाकवि हैं स्वयंभू और उनके पुत्र त्रिभुवन, पुष्पदन्त, कनकामर, धनपाल आदि जिनकी रचनायें सुसम्पादित होकर प्रकाशित भी हो चुकी हैं।[1]

उक्त प्रकाशित सामग्रीके सद्भावमें यहाँ न तो अपभ्रंश साहित्यके इतिहासका और न उस भाषाके स्वरूपका विस्तारसे वर्णन करना आवश्यक है। केवल करकंडचरिउके एक कडवक मात्रके भाषात्मक विश्लेषण द्वारा यहाँ प्रयुक्त अपभ्रंशका संस्कृत-प्राकृतके साथ साम्य और वैशिष्ट्यका स्पष्टीकरण पर्याप्त होगा। इस कार्यके लिए ग्रंथका प्रथम कडवक ही ले लीजिए। पूरे कडवकमें हमें लगभग एक सौ भिन्न शब्द दिखाई देते हैं। इनमें मार, पुरि, वास, तिमिरहर, परम, विलय, चरण, करण, देव, सेव, पार, सार, बीज, रण, हरण, हंस, वारि, केवल, वास, वासव, सरोरुह, कमल, बंधु, बंधुर, गुण, रस, बहुल, सिन्धु, भव, भय, महा और फल, ये बत्तीस शब्द शुद्ध तत्सम हैं। जिन शब्दोंमें केवल 'न' के स्थानमें रूढि अनुसार 'ण' उच्चारणसे भेद पड़ गया है वे हैं – विणास, लीण, विहीण, जिणवर, दमण, जण, णिवह, णिवास, णिरंजण, भंजण, मंडण, भुवण और णर ये तेरह शब्द। जहाँ केवल, या णत्वके अतिरिक्त, श या ष के स्थानपर दंत्य स हो जानेसे भेद पड़ गया है वे शब्द हैं – विणास, सिव, सरण और णिवास ये चार। जहाँ णत्व व सत्व रहित या सहित मध्य व्यंजनका लोप होकर य अथवा व श्रुति हुई है, या नहीं हुई वे शब्द हैं – पाव (पाय), दिणयर (दिनकर), पय (पद), अणुवम (अनुपम), कलिय (कलित), आविय (आपित), भुवंगम (भुजंगम), गइ (गति), रहिय (रहित), सुयण (सुजन), राय (राज), हंसोवम (हंसोपम), -यण (-जन), हुआसण (हुताशन), वारिय (वारित), संपय (सम्पदा), सय (शत), सेविय (सेवित), णिय (निज), समिच्छिअ (समिच्छित-इष्ट), ये बीस। जहाँ केवल, अथवा उपर्युक्त एक व अधिक विकारोंके अतिरिक्त संयुक्त व्यंजनका समीकरण व किसी एकका लोप हुआ है, एवं कहीं स्वरका ह्रस्व-दीर्घत्व आदि भेद पड़ गया है वे शब्द हैं – सरमि (स्मरामि), देविंद (देवेन्द्र), फणिंद (फणीन्द्र), णरिंद (नरेन्द्र), कम्म (कर्म), मंत (मंत्र), गह (ग्रह), कयंत (कृतान्त), कय (कृत), पसंस (प्रशंस), सासय (शाश्वत) और हियय (हृदय), ये बारह। जहाँ ख, घ आदि महाप्राणोंके स्थानमें ह का आदेश हुआ है वे शब्द हैं – सुह (सुख), महोवहि (महोदधि), पह (पथ), दुह (दुख), बुह (बुध), कोह (क्रोध) और होइ (भवति) ये सात। जहां स्वरभक्तिके द्वारा संयुक्त वर्णका सरलीकरण किया गया है वे शब्द हैं – सिरि (श्री), भविय (भव्य), और सुमरंत (स्मरन्) ये तीन। वर्ण–परिवर्तन णाण (ज्ञान) संजम (संयम) तथा घर (गृह) इन तीन शब्दोंमें दिखाई देता है। इस प्रकार ये ६२ शब्द तद्भव हैं। देशी केवल एक डरिय (पतित) कहा जा सकता है, क्योंकि वह किसी संस्कृत शब्दसे उत्पन्न नहीं प्रतीत होता। सामान्यतः इस कडवकको प्रमाण मानकर कहा जा सकता है कि करकंडचरिउमें लगभग तेतीस प्रतिशत शब्द तत्सम व उससे द्विगुणित तद्भव शब्द हैं, एवं देशी शब्द प्रायः एक प्रतिशत। इस प्रकरणमें यदि प्राकृतसे अपभ्रंशका कोई वैशिष्ट्य है तो यह कि यहां मध्य व्यंजन लोप एवं य और व श्रुतिका बहुलतासे प्रयोग पाया जाता है, जब कि शौरसेनीमें त के स्थानपर द एवं थ के स्थानपर कहीं-कहीं ध भी पाया जाता है, तथा सेतुबंध व गाथासप्तशतीमें प्रयुक्त महाराष्ट्रीमें मध्यव्यंजन लोप तो बहुलतासे अपभ्रंशके समान ही पाया जाता है किन्तु वहां य व श्रुतिका प्रयोग नहीं किया गया।

व्याकरणकी दृष्टिसे अपभ्रंशकी अपनी बहुत विशेषतायें है जो उसे संस्कृत और प्राकृत दोनोंसे पृथक् निर्दिष्ट करती हैं। उदाहरणार्थ, उपर्युक्त कडवकमें प्रयुक्त दो वाक्योंको ले लीजिए। प्रथम वाक्य है – 'सरमि चरणु सिरिजिणवरहो' दूसरा वाक्य है – 'तव चरण णमंतहो मणे सुमरंतहो होइ समिच्छउ फलु णरहो'।

---

१. प्रकाशित व अप्रकाशित अपभ्रंश साहित्यके लिए देखिए हरिवंशकोछड़कृत अपभ्रंश साहित्य (दिल्ली, वि० सं० २०१३)

इनका संस्कृत रूपान्तर होगा 'स्मरामि चरणं श्रीजिनवरस्य' और 'तव चरणे नमतः मनसि स्मरतः भवति समिष्टं फलं नरस्य।'

इन वाक्योंपर-से ही हमें अपभ्रंशकी कारक-रचना तथा क्रियारूपोंकी कुछ झलक मिल जाती है। 'समिच्छिउ फलु' कर्ता कारक एक वचन है, और चरणु तथा चरण कर्मकारक एक वचन और बहुवचन। अतः कर्ता और कर्मकारक एकवचनकी विभक्ति 'उ' अपभ्रंशकी विशेषता है, जिसके कारण ही भरतमुनिने उसे उकारबहुल भाषा कहा है। इस विभक्तिका विकास संस्कृत स् = विसर्गसे हुआ है जो सघोष वर्णोंसे पूर्व संधिके नियमानुसार 'ओ' हो जाता है। प्राकृतमें यही 'ओ' कर्ता एकवचनकी विभक्ति बन गया। यही 'ओ' लघुप्रयत्नके द्वारा अपभ्रंशमें 'उ' हुआ है। दूसरी कारक विभक्ति ध्यान देने योग्य है षष्ठीका 'हो' जो उक्त वाक्योंके जिणवरहो, णमंतहो, सुमरंतहो व णरहो में दिखाई दे रही है। इसका विकास संस्कृतकी 'स्य' और उसके प्राकृत रूप 'स्स' विभक्तिसे हुआ है। 'मणे' में सप्तमीकी 'ए' विभक्ति है जो संस्कृत-प्राकृतके समान है। इसके स्थानपर 'म्मि' भी आती है जो प्राकृतमें भी पायी जाती है और संस्कृतकी 'स्मिन्' से विकसित हुई है। अन्य कारक विभक्तियाँ गौण हैं।

क्रिया रूप उक्त दो वाक्योंमें 'सरमि' और 'होइ' ये दो ही आये हैं। उत्तम पुरुष एकवचन वर्तमान कालिक 'मि' प्रत्यय संस्कृत व प्राकृतके समान है, और अन्य पुरुषका 'इ' संस्कृतके 'ति' में त् का लोप होकर बचा हुआ स्वर है।

इस प्रकार ग्रंथके अन्य खण्डोंका भी विश्लेषण करके देखनेपर हमें अपभ्रंशका वही स्वरूप प्राप्त होता है जो मैं णायकुमार चरिउकी भूमिकामें विस्तारसे दिखला चुका हूँ।

इस ग्रंथमें एवं अपभ्रंश रचनाओंमें अन्यत्र सर्वत्र एक यह बात ध्यान देने योग्य है कि जहाँ संस्कृतमें ए और ओ स्वर दीर्घ अर्थात् द्विमात्रिक ही हैं, वहाँ अपभ्रंशमें, विशेषतः प्रत्ययोंमें, वे ह्रस्व अर्थात् एक मात्रिक भी पाये जाते हैं जिन्हें प्रकट करनेके लिए उनकी मात्राओं एवं ए को इस संस्करणमें उलटे टाइपमें मुद्रित कराया गया है। यही एक मात्रिक ए और ओ कहीं-कहीं इ और उ का रूप धारण किये हुए हैं।

करकंडचरिउके छन्द

णायकुमारचरिउकी प्रस्तावनामें मैंने उसके छन्दोंका विस्तारसे परिचय करा दिया है, तथा मयणपराजयचरिउकी भूमिकामें उसके छन्दोंके अतिरिक्त वैदिक व संस्कृत छंदोंके विकासका भी कुछ निर्देश किया है। इनमें अपभ्रंश काव्योंमें बहुलतासे प्रयुक्त प्रायः सभी छन्दोंका विवरण आ गया है। करकंडचरिउमें प्रयुक्त अधिकांश छन्द भी उन्हींमें-से हैं अतः उनका यहाँ संक्षिप्त उल्लेख ही पर्याप्त होगा।

करकंडचरिउकी दश संधियोंमें क्रमशः १७ २१, २२, १७, १९, १६, १६, २०, २४ और २९ कुल २०१ कडवक हैं। इनमें निम्नलिखितको छोड़कर सबमें पज्झटिका छंद प्रयुक्त हुआ है जिसके प्रत्येक चरणमें सोलह मात्राएँ होती हैं, अन्तमें जगण अर्थात् लघु, गुरु और लघु मात्रायें आती हैं, एवं प्रत्येक दो चरणोंमें परस्पर यमक (तुक मिलान) होता है। अन्य जो छन्द प्रयुक्त हुए हैं वे निम्नप्रकार हैं—

२ अलिल्लह—यह छन्द पज्झटिकाका ही एक रूप है जिसमें मात्राओंकी संख्या व तुक उसी प्रकार रहती है। विशेषता केवल यह है कि अन्तमें गुरु लघु मात्रायें न होकर दोनों ही लघु होती हैं। ऐसे एक-एक दो-दो यमक अनेक कडवकोंके बीच पाये जाते हैं जैसे—१, १, ६; १, २, २-३; २, १०, १-२; २, १०, ६; २, १४, ४; २, १५, ४; २, १९, ७; ३, ३, ६; ३, १९, ४; ६, १५, १; १०, २९.

३ पादाकुलक—यह भी पज्झटिकाका एक प्रकार है जिसमें १६ मात्रायें और यमक तो उसी प्रकार होता है, किन्तु उसकी अन्तिम मात्राओंके लघु-गुरु होनेका कोई नियम नहीं अतएव जिनमें पज्झटिका व अलिल्लहके पूर्वोक्त नियम घटित नहीं होते। इसका प्रयोग निम्न पद्योंमें

पाया जाता है – १, ५; २, ७, १-३; २, १६, ५; ३, ४, २-३; ३, २०; ३, २१, १; ३, २१, ३-८; ३, २२, १-३; ४, १४, १; ४, १५, ८; ५, ९, १-७; ५, १०; ५ १३; ६, ५, ६; ७, ५, १; ७, १४; ८, १९, १; ९, ५; १०, १; १०, ६; १०, ९; १०, १५, १-३.

इसमें बहुधा चरणकी अन्तिम मात्रा यद्यपि लघु दिखाई देती है, तथापि छन्दकी दृष्टिसे उसे गुरु ही मानना पड़ता है। अलिल्लह और पादाकुलकका यह भेद इतना सूक्ष्म है कि कहीं-कहीं एक ही यमकका प्रथम चरण अलिल्लह और द्वितीय पादाकुलक पाया जाता है; जैसे–९, ५, ४।

४ समानिका – यह वर्णात्मक चरणोंवाला यमक सहित वर्णवृत्त है जिसकी गण-व्यवस्था है – र ज ग ल है। इसका प्रयोग १-७; १-८; १-१२; १-१३; १-१७ (आधा) ३-१७; ५-१; ७-१०; ८ ५; और १०-१७ कुल १० कडवकोंमें पाया जाता है।

५ तूणक – इस छन्दका प्रत्येक चरण समानिकाका द्विगुणित होता है, किन्तु अन्तमें गुरु-लघु न होकर मात्र एक गुरु वर्ण ही होता हैं जिससे प्रत्येक चरणमें वर्णोंकी संख्या सोलह न होकर पन्द्रह ही रह जाती है। इसका प्रयोग १-१७के अन्तिम पाँच यमकोंमें किया गया है।

६ स्रग्विणी – यह भी वर्णवृत्त है जिसके प्रत्येक चरणमें बारह वर्ण चार रगणके रूपमें रखे जाते हैं। इसका प्रयोग ३-१४ और ८-२ इन दो कडवकोमें हुआ है।

७ दीपक – इसके प्रत्येक चरणमें दश मात्रायें होती हैं और अन्तमें लघु मात्रा आती है। प्रयोग ३-१५; ३-१८; ५-११; ९-७ और ९-२० इन पाँच कडवकोंमें देखिये।

८ सोमराजी – इस वर्णवृत्तके प्रत्येक चरणमें छह वर्ण य य गणानुसार पाये जाते हैं। इसका प्रयोग ४-१६ व ८-४ इन दो कडवकोमें पाया जाता है। इस छन्दका दूसरा नाम संखनारी भी है।

९ भ्रमरपदा या भ्रमरपट्टा – यह एक षट्पदी गेय छन्द है जिसके प्रत्येक चरणमें चौबीस मात्राएँ होती हैं तथा १० और १८ मात्राओंपर यति। इसका प्रयोग ७-११ में करुण रसात्मक विलापके लिए बहुत उपयुक्त रूपसे किया गया है। इस छन्दका नाम मुझे नयनन्दि कृत सुदंसणचरिउमें मिला जहाँ उसका प्रयोग ८, २६ तथा ११, ६ में पाया जाता है।

१० चित्रपदा – इस वर्णवृत्तके प्रत्येक चरणमें आठ वर्ण दो भगण और दो गुरुके रूपमें पाये जाते हैं। इसका प्रयोग ८-३में देखिये।

११ प्रमाणिका – इस वर्णवृत्तके प्रत्येक चरणमें आठ वर्ण ज र गण और दो गुरुके क्रमसे आते हैं। प्रयोग ९-३में देखिये।

१२ चन्द्रलेखा – यह विषमपदात्मक छन्द है जिसका प्रथम चरण सोलह मात्रिक पद्धडिया होता है और उसका यमक पद्धडियाके आधे अर्थात् आठ मात्राओंके द्वितीय चरणके साथ बैठाया जाता हैं। इसका प्रयोग १०-२६ कडवकमें देखिये। इसका नाम भी मुझे नयनन्दिकृत सुदंसण चरित्रमें मिला जहाँ इसका प्रयोग २-९ और १०-७में आया है।

१३ घत्ता – यह छंद विविध प्रकारका होता है, और उसका प्रयोग प्रत्येक कडवकके अन्तमें किया जाता है। एक संधिमें वह प्रायः एक रूप ही रहता है और इसीलिये वह ध्रुवक कहलाता है। प्रस्तुत ग्रंथकी प्रत्येक संधिके प्रारम्भमें एक-एक ध्रुवक पाया जाता है। प्रथम संधिका ध्रुवक व घत्ता षट्पदी है जिसके प्रत्येक चरणमें ३१ मात्रायें हैं तथा १० और १८पर यति है।

शेष समस्त संधियोंका ध्रुवक चतुष्पदी है और चरणके बीच पन्द्रह मात्राओंके पश्चात् यति पायी जाती है। परन्तु कहीं-कहीं घत्ता ऐसे भी आये हैं जिनमें प्रथम यति तो १५ मात्राओंपर ही है, किन्तु दूसरे चरण-भागमें १२,१३ या १४ मात्रायें ही हैं; १५ या १६ नहीं। उदाहरणार्थ, देखिये, ९-४; ९-६; ९-७; ९-१०; १०-७ आदि कडवकोंके घत्ते।

INTRODUCTION

CRITICAL APPARATUS

In preparing the present edition of Karakaṇḍacariu the editor has fully collated four MSS. (DJNS) and has consulted one recent MS (J2). They are as follows :

MS. D. This ms. is deposited in Bābā Dulichand's Bhaṇḍār in the Terāpanthi Digambara Jaina temple of Jaipur. It was collated on the spot. Leaves 61; size $10\frac{1}{2}'' \times 4\frac{3}{4}''$; lines per page 12; letters per line about 37; margin right and left $1\frac{1}{4}''$, top and bottom $\frac{3}{4}''$. Leaves No. 12 and 60 as well as 62 on which the colophon was obviously continued are missing. The incomplete colophon is as follow :

॥ छ ॥ समाप्तमिदं करकण्डचरित्रं ॥ छ ॥ छ ॥

इसके शरीरकी रूप-ऋद्धि अत्यधिक भाती है। नखोंके रूपमें मानो सूर्य और चन्द्र इसका अनुसरण करते हैं। इसके सुन्दर शरीरकी इच्छा करती हुई ही कदली इसकी जंघाओंका अनुकरण करने लगी है; और ऐरावत हाथीने उनके समक्ष अपनी सूंडको भला न जान, मानो मेरुके उच्च शिखरका सेवन किया है। सुरगिरिने अपनेसे भी कठिन मानकर इस ललितदेह रमणीके नितम्बका अनुसरण किया है। इसके श्रोणि भागकी मनोहर विशालताका, मानो मदनने वहाँ ही अपना घर मानकर निर्माण किया है। नाभिकी गहराई तो इतनी है कि जैसे समुद्रने उसे ही अपनी कन्या (लक्ष्मी) मानकर, उपहारमें दी हो। उसके रेखांकित पीन और उन्नत स्तन तो ऐसे हैं, जैसे मानो नये घावोंसे युक्त हाथीके कुम्भ ही हों। करपल्लवोंकी शोभासे युक्त उसकी भुजा लताओंकी

किं वण्णमि सरलिम भुवलयाहिँ करपल्लवसोहासंजुआहिँ ।
दंतावलि सोहइ विप्फुरंति णं दाडिमवीयहँ अणुहरंति ।
णासहे उण्णइ असहंतएण रत्तत्तणु धरियउ अहरएण । 10
सियकसण नयण सोहंति तार णं केययदलि गय भमर तार ।
अइकुडिली भउहावलि विहाइ धणुलट्ठि व मयणेँ धरिय णाइँ ।
सोहामहग्घु भालयलु भाइ अद्धिंदु व लग्गउ सहइ णाइँ ।
अलिणीलकेस सिररुह घुलंति मुहइंदुभयइँ णं तम मिलंति ।
घत्ता—जइ आयहि रूवइँ मयणसरूवइँ महो पिउ होइ विमणमणु । 15
ता कलहु करेविणु मइँ मेल्लेविणु णिच्छउ माणइ एह पुणु ॥१६॥

१७

The birth of the hero at the cemetery.

ताव ताए रोसियाइँ दोसु देवि घल्लियाइँ ।
सा घराउ मेल्लि राउ तक्खणेण चल्लियाउ ।
दुक्खएण जंतियाए भूयथाणु दिट्ठ ताए ।
सूलभिण्ण चोरजार तुंड खंड[1] धिट्ठ[2] घार ।
दारियाहँ जीवयाहँ लोहिएण थिप्पिरं आमिसाण गिद्धएहिँ भूयएहिँ णच्चिरं । 5
लोलजीह भल्लुएहिँ फाडियं मयोवरं मंसरत्तफेक्करंतरक्खसाण गोयरं ।
उड्डिराण रिंगिराण पक्खिलक्खसंकुलं चिच्चिजालजीववग्गडज्झमाणआउलं ।
वायएण सोसभूयकेसभारलोलिरं थामि थामि बद्धियाहिँ चिंधियाहिँ घोलिरं ।
देहिदेहगंधएण माणुसेहिँ जूरियं कहिँ मि थामे भग्गएहिँ[3] खप्परेहिँ पूरियं ।
घत्ता–देहहो अवसाणइँ भीममसाणइँ तहिँ तहे जायउ पुत्तु वरु । 10
कणयामरवण्णउ लक्खणपुण्णउ जणमणणयणाणंदयरु ॥ १७ ॥

इय करकंडमहारायचरिए मुणिकणयामरविरइए भव्वयणकण्णावयंसे पंचकल्लाणविहाण-
कप्पतरुफलसंपत्ते करकंडजम्मोप्पत्तिवण्णणो णाम पढमो परिच्छेउ समत्तो ।

॥ संधि ॥ १ ॥

17. १ JDN मुंड. २ DN 'धिट्ठघार'के स्थानमें 'धिट्ठयं'. ३ N भग्गताण.

सुडौलताका तो मैं क्या वर्णन करूँ ? दन्तावलि ऐसी चमकदार शोभा धारण कर रही है, मानो अनारके दानोंका ही अनुसरण कर रही हो। नासिकाकी उन्नतिको सहन न करके ही तो उसके अधरने वह (क्रोधकी) लालिमा धारण की है। उसके श्वेत और कृष्ण नयन तारे तो ऐसे सोहते हैं, जैसे मानो केतकीके पत्रपर दो बड़े-बड़े भौंरे आ बैठे हों। उसकी अति कुटिल भौहोंकी आवलि ऐसी अच्छी भाती है, जैसे मानो मदनने अपनी धनुर्यष्टि धारण की हो। भालतल ऐसा महान् शोभा सम्पन्न भाता है, जैसे मानो अर्धचन्द्र ही वहाँ लगकर शोभा दे रहा हो। भौंरोंके समान काले केश सिरपर लहलहाते हुए ऐसे प्रतीत होते हैं, जैसे मानो उसके मुखचन्द्रके भयसे अन्धकार वहाँ मिलकर काँप रहा हो। यदि इसके मदन स्वरूप सौन्दर्यसे मेरा पति विचलित मन हो गया, तो वह निश्चय ही कलह करके मुझे निकाल देगा और इसीको मानने लगेगा।

१७—भीषण श्मशानमें पुत्र-जन्म

ऐसा विचार कर उस मालिनने कुछ दोष देकर उसे घरसे निकाल दिया। वह घरसे मोह छोड़ उसी क्षण वहाँसे चल पड़ी। गर्भके कारण दुःखसे चलते-चलते उसने श्मशान भूमिको देखा। वहाँ चोर और व्यभिचारी शूलोंसे भिदे हुए थे और उनके मृत शरीरको ढीठ चील-कौए अपनी चोंचोंसे खण्ड-खण्ड कर रहे थे। वहाँकी भूमि विदीर्ण हुए जीवोंके रुधिरसे भर रही थी। मांसके लोभी गीध व अन्य प्राणी वहाँ नाच रहे थे। लपलपाती जीभों वाले भालू मृतशरीरोंका पेट फाड़ रहे थे। मांसके लोभी राक्षस फे-फे करते हुए वहाँ फिर रहे थे। उड़ते और रेंगते लाखों पक्षियोंकी वहाँ भीड़ लगी थी। आगकी ज्वालामें जलते हुए जीवोंसे सारी भूमि व्याप्त थी। मृतशरीरोंके केश वायुके झोंकोंसे लहरा रहे थे और स्थान-स्थानपर बँधी झण्डियाँ फहरा रही थीं। जीवोंके मृतशरीरोंकी सड़ी गन्धसे मनुष्योंको वहाँ ज्वर आ जाता था। भग्न हुए खप्परोंके वहां कहीं-कहीं ढेर लगे थे। इस प्रकार देहके अवसानभूत उस भयंकर श्मशानमें पद्मावतीने एक पुत्र रत्नको जन्म दिया, जो कनक व अमर वर्ण, लक्षणोंसे पूर्ण और जन-मन-आनन्दकारी था।

इति मुनि कनकामर विरचित भव्यजनकर्णावतंस पञ्चकल्याणविधान कल्पतरु फल संपन्न करकण्ड महाराज चरित्रमें करकण्डजन्मोत्पत्तिवर्णन नामक प्रथम परिच्छेद समाप्त।

संधि—२

१

A Mātanga attempts to take the child away.

उप्पण्णए बालए विमलदिणे मंगलइँ अणेयइँ तहिँ हुयइँ ।
णं दिणयरु उइयउ णिम्मलइँ संजायइँ पयडइँ दिम्मुहइँ ॥ १ ॥
तेँ जायएँ तहे वीसरिउ दुक्खु णं अडविहे जायउ कप्परुक्खु ।
णं मेइणि भिंदिवि महिहरिंदु णं जायउ णियकुलणहि छणिंदु ।
सो णंदणु जायउ जाव लेइ मायंगु ताम अग्गइ णिएइ ।
कसणच्छवि लोयण रत्त जासु सो आयउ तहिँ णंदणहो पासु ।
[1]उच्चायिउ तेँ सो णियकरेण णं हेमकलसु कुंजरवरेण ।
तहिँ करयलि थक्कउ सोह देइ णं फणिवइमत्थइँ मणि सहेइ ।
णियणिलउ लएविणु जाइ जाम पुक्कार पमेल्लिय ताए ताम ।
अरे भग्ग मलीमस केत्थु पत्तु किं लेवि जाहि महो तणउ पुत्तु ।
ण वि एक्कहो दुक्खहो पारु जाम संपत्तउ गरुवउ दुक्खु ताम ।

घत्ता—मायंगहो रूवेँ खेयरइँ कर जोडिवि पउमावइ भणिय ।
मा रोवहि बहिणिए सुंदरिए आयण्णहि वत्त महो तणिय ॥१॥

२

The Mātanga explains. His parentage.

एत्थत्थि भरहि पव्वयपहाणु विजयद्ध पसिद्धउ अप्पमाणु ।
पुव्वावरसायरलग्गमाणु णं तोलादंडु सुसोहमाणु ।
सुरकिंणरखेयरसुरहँ संगु तारेण विणिम्मिउ जो अहंगु ।
तहिँ दाहिणि सेढिहिँ णयरि अत्थि जहिँ जणहिँ जाहिँ णाणाहिँ पंथि ।
विज्जुप्पह णामेँ जा पसिद्ध वरगुणपरियाणिय जा समिद्ध ।
जो विज्जाणियरहिँ हुउ समिद्धु तहिँ णरवइ विज्जुप्पहु पसिद्धु ।
तहो घरिणि सुविज्जलया पहूय णं गउरि महेसहो कामरूव ।
तहि जायउ णंदणु गुणणिकेउ हउँ धरणिहिँ पयडउ बालएउ ।
अणुराएँ रत्तिय सयलकाल महो घरिणि पहूई हेममाल ।

घत्ता—हउँ ताएँ समउ दक्खिणदिसिहेँ रम्ममाणु गयणयले गउ ।
[1]अंधकलिंगहो अंतरिण [2]विंझसेलु अग्गइँ ठियउ ॥ २ ॥

---

१. १ DN उच्चायउ. २ DJS ता.

२. १ N में सुधार कर 'अंध' के स्थान पर 'अंग'. २ SD अंतरेण.

संधि—२

१—जन्म होते ही मातंगका आगमन

जिस शुभ दिन उस बालकका जन्म हुआ, उस दिन वहाँ अनेकों मंगल हुए; मानो सूर्य उदित हुआ हो और दिशाओंके मुख स्पष्ट रूपसे निर्मल हो गये हों। पुत्र-जन्मसे माताको अपने दुःखका विस्मरण हो गया, मानो उस वनमें कल्पवृक्ष उत्पन्न हुआ हो; अथवा पृथ्वीको भेद कर पर्वतराज सुमेरु निकल आया हो, या अपने कुलरूपी नभमें पूर्णचन्द्रमा उदित हुआ हो। जैसे ही वह अपने उत्पन्न हुए पुत्रको लेने लगी, तैसे ही उसने अपने आगे एक मातंगको खड़ा देखा। उसका रंग काला और नेत्र लाल थे। वह उस नवजात शिशुके पास आया और उसने अपने हाथमें बालकको ऐसा उठा लिया, जैसे मानो किसी विशाल हाथीने स्वर्णकलशको उठा लिया हो। उसके हाथमें स्थित वह बालक ऐसी शोभा देता था, जैसे मानो काले नागके फणपर मणि चमक रहा हो। उसे लेकर जब वह अपने घर जाने लगा, तब उसकी माताने पुकार मचायी—अरे भगोड़े, पापी, तू कहाँसे आया? और मेरे पुत्रको तू क्यों लिये जा रहा है? एक दुःखका ही तो पार पाया नहीं कि यह दूसरा और बड़ा दुःख आ पड़ा। इसपर उस मातंग रूपधारी विद्याधरने हाथ जोड़कर पद्मावतीसे कहा—"हे सुन्दरी बहन, रो मत, मेरी बात सुन।"

२—मातंगका कुल-वर्णन

इसी भारत देशमें पर्वतोंमें प्रधान, प्रसिद्ध और अप्रमाण विजयार्द्ध पर्वत है। वह पर्वत पूर्व और पश्चिम सागरोंसे लगकर ऐसा शोभायमान हो रहा है, जैसे (पृथ्वीको तौलनेके लिए) तुला-दण्ड ही हो। वहाँ सुरों, किन्नरों और खेचरोंका समागम हुआ करता है। उसे अभंगरूपसे तार (देवता) ने निर्माण किया है। उसकी दाहिनी श्रेणीपर एक नगरी है, जहाँ पथिक नाना प्रकारके यानोंसे गमन करते हैं। वह नगरी विद्युत्प्रभा नामसे प्रसिद्ध है, समृद्ध है और अपने उत्तम गुणों के लिए विख्यात है। वहाँ विद्याओंके समूहोंसे समृद्ध हुआ विद्युत्प्रभ नामका प्रसिद्ध राजा था। उसकी गृहिणी विद्युल्लता नामकी हुई, जो महेशकी देवी गौरीके समान सुन्दरी थी। उसी से उत्पन्न मैं गुणनिकेत पुत्र हुआ और पृथ्वीपर बालदेव नामसे प्रसिद्ध हुआ। मेरी गृहिणी हुई हेममाला, जो सदैव मुझमें स्नेहसे अनुरक्त रहती थी। एक बार उसीके साथ मैं दक्षिण दिशामें रमण करता हुआ आकाशमार्गसे जा रहा था। आन्ध्र और कलिंगदेशोंके बीच विन्ध्यपर्वत मेरे आगे खड़ा था।

३

His insolence towards a sage.

चलंतु खलंतु सकिंकिणिरोलु
णहेण वि जंतउ तीहँ समाणु
थिरट्ठिउ पेक्खवि तं अयमाणु
पलोइवि दिम्मुहु थाउ खणेण
अहोमुहु होप्पवि जोवउँ जाम
पवड्ढियकित्ति जणाण पसंसि
पलंबियबाहु करि व्व पयंडु
अकंपउ मेरु व सुद्धु सुयाणु

परंजियतेयदिवायरबोलु ।
तहो णउ चल्लइ दिव्वविमाणु ।
सरोसइँ कड्ढिउ तिक्खकिवाणु ।
पणट्ठउ तोसु विसण्णु मणेण ।
मुणीसरु दिट्ठउ सुव्वउ ताम ।
णिवेसिय लोयण णासपएसि ।
पयासिउ दुद्धरु इंदियदंडु ।
णिरूवउ झायइ णिच्चलु झाणु ।

घत्ता—सो पेक्खवि रुट्ठउ बहिणि हउँ जहिँ अच्छइ झाणपरिट्ठियउ ।
असिलय करयलि करिवि पुणु सो कोहें हणणहुँ उट्ठियउ ॥ ३ ॥

४

The sage's curse.

महो जंतहो कीयउ कज्जणासु
तें रूसिवि पुणु महो दिण्णु साउ
तें सावें विज्जउ गउ खणेण
प्रहु मुणिवरु णउ सामण्णु होइ
इय मणिवि चलणहिँ लग्गु तासु
हउँ किंकरु तुम्हहँ देवदेव
कोहाणलु सामहि सामिसाल
तें वयणें उवसमु गउ मुणिंदु

इउ मणिवि किउ उवसग्गु तासु ।
णउ भग्ग लहेसहि विज्जयाउ ।
मइँ चिंतिउ बहिणिप्र णियमणेण ।
तं होइ खणद्धें जं भणेइ ।
किं मुणिवर महो किउ विज्जणासु ।
जम्मे वि ण छंडउँ तुज्झ सेव ।
मा पसरउ तणुवणे सयलकालु ।
मंताण पहावें णं फणिंदु ।

घत्ता—सो मुणिवरु जाणिवि तुट्ठमणु कमकमल णवेविणु पभणियउ ।
हे मुणिवर करुणइं कहहि महो कह होहिँहिँ विज्जउ रमणियउ ॥ ४ ॥

५

Modification of the curse.

तं सुणिवि मुणीसरु परमणाणि
हे खेयर चंपणराहिवासु
पोमावइ तहो भामिणि गएण
पावेवी सा पुणु मालिएण
तहो घरिणिप्र कलहु करेवि सा वि
तहो णंदणु होसइ परवतेउ · · ·
सो रज्जु लहेसइ पुरि विसालि

महो सम्मुहुँ बोल्लइ दिव्ववाणि ।
सिरिधाडीवाहणबंधुरासु ।
णेवेवी दुट्ठें हरिवि तेण ।
दंतीपुरे णेवी तुरियएण ।
णीसारिय आवेसइ इहावि ।
पालेसहि सो तुहुँ गुणणिकेउ ।
तुहुँ विज्जउ होसहिँ तम्मि कालि ।

---

३. १ D परिज्जिय. २ JS अपमाणु. ३ N दिम्मुहं. ४ सुट्ठु. ५ D सयाण; J सयाणु.

४. १ DJS ए. २ J किंकरु हउं. ३ D रुट्ठमणु. ४ J होसइं.

५. १ J करिवि. २ S में भूलसे इस कडवकका शेष अंश व अगलेकी ढाई पंक्तियाँ 'जं भणहि बहिणि तं करमि सव्वु.' तक छूट गयी हैं । ३ D पउरतेउ. ४ DN होहहिं.

३—विद्याधरकी जैनमुनिसे भेंट

मैं अपनी गृहिणीके साथ आकाशमें जा रहा था और मेरा दिव्य विमान चलता हुआ, मटकता हुआ, घंटियोंकी ध्वनि करता हुआ, अपने तेजसे सूर्यके प्रतापको भी पराजित कर रहा था। अकस्मात् उस दिव्य विमानका चलना बन्द हो गया। उसे निश्चल खड़ा देख मैंने रोषपूर्वक अपना तीक्ष्ण कृपाण खींच लिया। चारों दिशाओंमें देखता हुआ क्षणमात्र स्तब्ध रहा, मेरा सन्तोष नष्ट हो गया और क्षणमात्रमें मैं विषादयुक्त हो गया। अधोमुख होकर जब मैं नीचेकी ओर देखता हूँ, तो मुझे वहाँ सुव्रत मुनीश्वर दिखायी दिये। उनकी कीर्त्तिकी प्रशंसा लोगोंमें खूब बढ़ी हुई थी। उनके लोचन नासिका-प्रदेशपर निवेशित थे। उनके हाथीके समान प्रचण्ड बाहु नीचेको लटक रहे थे, मानो उन्होंने दुर्द्धर इन्द्रिय (निग्रहरूप) दण्डको प्रकट कर रखा हो। वे मेरुके समान अकंप, शुद्ध और ज्ञानी होते हुए, निश्चल अरूपी ध्यानमें निमग्न थे। उन्हें देखकर, हे बहिन, मुझे रोष आ गया और जहाँ वे मुनिराज ध्यान लगाये बैठे थे, वहाँ अपने हाथमें तलवार लेकर क्रोधपूर्वक हनन करनेके लिए उठ खड़ा हुआ।

४—मुनिका शाप

'मेरे जाते हुए इन्होंने मेरे कार्यका नाश किया'—ऐसा मनमें विचारकर मैंने उनका उपसर्ग किया। उन्होंने रुष्ट होकर मुझे शाप दे दिया—'रे भगोड़े, तुझे विद्याओंका लाभ नहीं होगा।' उस शापसे मेरी विद्याएँ एक क्षणमें चली गयीं। तब, हे बहिन, मैंने अपने मनमें विचारा—'ये मुनिवर कोई सामान्य नहीं हैं। ये जो कुछ कहते हैं, वैसा ही आधे क्षणमें हो जाता है।' ऐसा मनमें विचार कर मैं उनके चरणोंमें लग गया और बोला—'हे मुनिवर, आपने मेरी विद्याओंका नाश क्यों कर दिया? हे देवोंके देव, मैं तो आपका किंकर हूँ। जन्म-भर भी मैं आपकी सेवाको नहीं छोड़ूँगा। हे स्वामिसार, अपने क्रोधानलको शान्त कीजिए और उसे सदा काल मेरे तनरूपी तृणवनमें न फैलने दीजिए।' मेरे इस वचनसे मुनि उपशमको प्राप्त हो गये, जैसे मन्त्रोंके प्रभावसे फणीन्द्र! जब मैंने जान लिया कि मुनिवर अपने मनमें तुष्ट हो गये, तब उनके चरणकमलोंको नमस्कार करके मैंने कहा—'हे मुनिवर, करुणापूर्वक मुझे कहिए कि मेरी रमणीक विद्याएँ मुझे कब पुनः प्राप्त होंगी?'

५—शापका प्रायश्चित्त

मेरी बात सुनकर वे परमज्ञानी मुनीश्वर मेरे सम्मुख इस प्रकार दिव्यवाणी बोले—'हे खेचर, चम्पाके सुन्दर राजा श्रीधाडीवाहनकी भामिनी पद्मावतीको एक दुष्ट हाथी हरण करके ले जायेगा, वह एक मालीको मिल जायेगी और वह उसे तुरन्त दन्तीपुरमें ले जायेगा। मालीकी गृहिणी कलह करके उसे निकाल देगी और वह यहाँ (श्मशानमें) आवेगी। उसके एक प्रखर तेजस्वी पुत्र उत्पन्न होगा और तू गुणनिकेत उसका पालन करेगा। वह उस विशाल पुरीमें राज्य प्राप्त करेगा। उस समय तेरी विद्याएँ तुझे पुनः प्राप्त हो जावेंगी।' मुनिकी यही बात मानकर मैंने इस श्मशानका

इउ मणिणवि सेविउ मइँ ससाणु हउँ पालिमि जा होहइ सयाणु ।
घत्ता—इउ मणिणवि मइँ तउ सुउ गहिउ मा रोवहि हियवउ संथवहि ।
जो अज्जिउ अण्णभवंतरइँ ते दियह महासइ अणुहवहि ॥ ५ ॥

६

Padmāvatī allows him the guardianship of the child and herself takes yows.

जं विज्जाणाहे भणिउ वाइ तं चिंतिवि पोमावइइ ताइ ।
तहो अप्पिउ णंदणु दुक्खियाइ पालेसहि बुद्धिइ णिउणियाइ ।
जं भणहि बहिणि तं करमि सव्वु पालेसमि इहु सव्वंगभव्वु ।
सो खेयरु एहउ तहे भणेवि गउ णियघरु णंदणु तणउ लेवि ।
तं अप्पिवि घरिणिहे वयणु वुत्तु लइ हेममालि इहु तुज्झ पुत्तु । 5
सो लइयउ ताइँ तुरंतियाइँ परिपालिउ पुत्तु भणंतियाइँ ।
ता दुक्खिइ मणि पोमावयाइँ समणियरहो णयरहो खणि गयाइँ ।
समणिरया अज्जियकंतियाहे अच्छंतिइँ जम लइँ ताव ताहे ।
घत्ता—तहिँ देक्खिवि मुणिवरु झीणतणु णामेण समाहिगुत्तु पवरु ।
वउ लइयउ ताइँ तुरंतियइँ तहो पासि मुणिंदहो दुक्खहरु ॥ ६ ॥ 10

७

The child is named Karakaṇḍa. A miracle.

सा पुत्तहो णेहे दिणि जि दिणे गुडसक्करलड्डु व लेवि खणे ।
संपाडइ तहो खेयरहो घरि परिपालइ णंदणु वइरिअरि ।
तहो पउरकंडु देखेवि करि करकंडु णामु किउ पयडु धरि ।
सो वड्ढइ दिणि दिणि कलणिहाणु णं रेहइ ससहरु फुरियभाणु ।
तहिँ अवसरि आया सुअसमुद्द जसहद्द मुणीसर वीरभद्द । 5
अइझीणा दुद्धरतवभरेण संघेण समउ चउविहवरेण ।
के वि झाणसमग्गल णाणवंत के वि जल्लमलेण विलित्तगत्त ।
ते भीममसाणइँ आय जाम तहिँ एक्कें दिट्ठउ चोज्जु ताम ।
घत्ता—णरहो [2]कवाले समुट्ठियउ णयणवयणे वंसहो विडउ ।
[3]इउ कारणु पभणहि मुणिपवर जं पुच्छिउ तं सयलु वि [4]घडउ ॥ ७ ॥ 10

८

Sage Jasahadda expiains the miracle. Karakaṇḍa acquires the lucky bamboos.

तं वयणु सुणिवि जसहद्दएण लहु मुणिहि पयासिउ तं पि तेण ।
तिहिँ वंसहिँ एयहिँ अइपयंड होसहिँ धयअंकुसछत्तदंड ।
जसु हत्थे चडेसहिँ वंसलेस पावेसइ मेइणि सो असेस ।
मुणिणाहहो पासि परिट्ठिएण आयण्णिउ इउ सम्मइदिएण ।

---

५ D पालेसमि; N पालेसु. ६ DJ सइं.

६. १ S मुज्झ.

७. १ SJ सममूल. २ SJ कवालु; DN कवाल. ३ J एउ. ४ S चडिउ.

सेवन किया है। सयाना होने तक मैं इसका पालन करूँगा। इसी विचारसे मैंने तेरे इस पुत्रको ग्रहण किया है। रोवो मत, अपने हृदयको सम्हालो जो कुछ अन्य भवान्तरमें अर्जित किया है, उसीके अनुसार दिन तुम्हें अनुभव करने पड़ रहे हैं।

६—मातंग बालकको अपने घर ले जाता है, और पद्मावती व्रत लेती है

इस प्रकार उस विद्याधरने अपनी वाणीसे जो कुछ कहा, उसका चिन्तन करके, पद्मावतीने दुःखी होकर भी, अपना पुत्र उसे यह कहते हुए अर्पित कर दिया कि तू निपुण बुद्धिसे इसका पालन करना। 'हे बहिन, जैसा तू कहती है, मैं सब वैसा ही करूँगा और उसका ऐसा पालन करूँगा कि वह सर्वांग भव्य बन जाये।' उसे इतना कहकर, विद्याधर उस छोटेसे बालकको ले, अपने घर चला गया और उसे अपनी गृहिणीको अर्पितकर वचन बोला—ले हेममाला, यह तेरा पुत्र है। उसने तुरन्त उस बालकको ले लिया और पुत्र कह-कहकर उसका पालन किया। इधर पद्मावती मनमें दुःखी होती हुई, उसी क्षण सन्निकट नगरमें चली गयी। वहाँ वह सामयिक धर्ममें निरत आर्यिका कान्तिके पास रहने लगी और उसीसे उसने यम (अणुव्रत) धारण कर लिये। वहीं उसने क्षीणशरीर समाधिगुप्त नामके प्रवर मुनिवरके दर्शन किये और उन्हीं मुनीन्द्रके पाससे उसने तुरन्त ही दुःखहारीव्रत (अर्जिका) व्रत ले लिया।

७—बालकका नामकरण, मुनि-आगमन व आश्चर्यदर्शन

पद्मावती पुत्रके स्नेहसे दिन-प्रतिदिन गुड़ व शक्करके लड्डू लेकर जल्दी-जल्दी उस खेचरके घर पहुँचा आती। वह खेचर भी उसके पुत्रका इस प्रकार पालन करने लगा कि वह अपने शत्रुओंको जीतनेवाला बने। बालकके हाथमें एक बड़ा खाजका दाग देखकर उसने उसका नाम करकण्ड रखकर प्रकट किया। वह दिनों-दिन बढ़ने और कलाओंका निधान बनने लगा, जैसे मानो चन्द्रमा अपनी स्फुरायमान होती हुई कलाओंसे शोभित होता है। उसी अवसरपर वहाँ शास्त्रोंके समुद्र, यशोभद्र और वीरभद्र मुनीश्वर आये। वे दुर्द्धर तपके भारसे अति क्षीण शरीर थे। उनके साथ उत्तम चतुर्विध संघ भी था। कितने ही साधु ध्यानमें संलग्न व ज्ञानवान् थे; एवं कितने ही जल्ल और मलसे विलिप्त गात्र थे। वे जब उस भीम श्मशानमें आये तब उनमें-से किसी एकने एक चौज (अचरज) देखा। एक नर-कपालके आँखों और मुखसे बाँसका विटप निकला था। इसे देखकर उस साधुने अपने आचार्यसे पूछा—हे मुनिराज, इसका कारण बतलाइए, जिससे मैंने जो पूछा, वह सब ही घटित हो जाये।

८—आश्चर्यका फल

यह वचन सुनकर उन यशोभद्र मुनिने लघुमुनिको वह बात इस प्रकार बतलायी—'इन तीन बाँसोंके ध्वजा, अंकुश और छत्रके प्रचण्ड दण्ड बननेवाले हैं। ये थोड़ेसे बाँस जिसके हाथ चढ़ जायेंगे, वह समस्त पृथ्वीको पावेगा।' यह बात मुनिनाथके पास बैठे हुए सम्मति नामक

पुणु हियवइ मंतेइ दिणवियाले मुणिवयणु ण चुक्कइ कहिँ मि काले । 5
ता एक्कहिँ दिणि ते वंस तेण खंडाविय तिण्णि वि तुरियएण ।
किर जाइ लेवि सो णियघरासु करकंडु परायउ पासि तासु ।
उद्दालिय भट्टहो पासि तेण तेँ भट्टेँ अप्पिवि भीयएण ।
तहो पुरउ तेउ असहंतएण पुणु भट्टेँ भणिउ विसण्णएण ।
तुहुँ जइयहुँ रज्जु लहेहि मित्त मइँ मंति करेसहि ललियगत्त । 10

घत्ता—करकंडइँ मण्णिउ तं सयलु जं भणियउ भट्टेँ मणहरइँ ।
गउ वंस लएविणु णियघरहो पुणु अक्खिउ तायहो कलसरइँ ॥ ८ ॥

९

Karakanda is taught various arts and sciences.

करकंडो उप्परि खेयरासु अइपउरु पवड्ढिउ णेहु तासु ।
पाढाविउ सो णीतिए जुयाइँ वायरणतक्कणाडयसयाइँ ।
[1]कविविरइयकव्वइँ बहुरसाइँ वच्छायणगणियइँ णवरसाइँ ।
मंताइँ असेसइँ तंतयाइँ वसियरण सुसोहइँ जंतयाइँ ।
असिचक्कुंतछुरियउ वराउ धणुवेयसत्तिदिढतोमराउ । 5
मल्लाण जुज्झ तणुघट्टणाइँ उल्लालणइँ वलणइँ लोट्टणाइँ ।
फलफुल्लपत्तछेयंतराइँ जाणाविउ सयलइँ सुहयराइँ ।
पडु पडह मुरय वीणाइ वंसु विज्जाइँ असेसइँ कलिउ एसु ।

घत्ता—जं किं पि पसिद्धउ भुवणयले खेयरइँ जणाविउ सो सुरइ ।
लोहेण विडंविउ सयलु जणु भणु किं किर चोज्जइँ णउ करइ ॥९॥ 10

१०

The story of learned company.

हियएण गरुउ उवयारु वहइ करकंडहो सो पुणु खयरु कहइ ।
विज्जाहिवेण सहुँ संगु करहि घरे जाएवि सो णियमेण सरहि ।
करकंडु भणइ किँ ताय[1] तासु उवयारु अत्थि विज्जाहिवासु ।
ता कहइ खयरु सुणि सरलचित्त कणउज्जणयरे दुइ अत्थि मित्त ।
वणिविप्प कलिय विज्जाए संत गय चोडदेसे धणलोल संत । 5
धणु अज्जिवि पुणु ते घरहो चलिय अद्धवहिहे दियसासुरउ [2]वलिय ।
तहिँ दिट्ठा ससुरइँ दियवरासु णिय तेण तुरिउ ते णियघरासु ।
सम्माणिय ते वीसमहिँ जाव वज्जंतउ डिंडिमु आउ ताव ।

घत्ता—आयण्णिवि डिंडिमु खरविरसु परिपुच्छिउ [3]सुसुरउ तेहिँ खणे ।
केँ कज्जेँ वज्जइ माम इहु असुहावउ कण्णहँ पयडु जणे ॥१०॥ 10

११

The story continues.

तेँ कहिउ एत्थु णरणाहधूव णिय मंडइँ रक्खसेँ कामरूव ।
छंडावइ को वि ण सा वराय रक्खेण जित्त णरणियर राय ।

---

८. १ N चितइ.
९. १ N के हासियेमें इससे पूर्व जोड़ा गया है— वसियरणु सुसोहइं जंतयाइं कण्णाडयाइभासासयाइं,
१०. १ S ताए. २ DN चलिय. ३ J सुसरउ.

द्विजने सुन ली। सन्ध्याके समय उसने अपने हृदयमें मन्त्रणा की कि मुनिका वचन किसी काल में भी चूकता नहीं। तब किसी एक दिन उसने जल्दीसे उन तीनों बाँसोंको कटवा लिया। किन्तु ज्योंही उन्हें लेकर वह अपने घर जाने लगा, त्योंही करकण्ड उसके पास आ पहुँचा। करकंडने भट्टके पाससे उन बाँसोंको उड़ा लिया। भट्टने भयभीत होकर उन बाँसोंको उसे अर्पित करके, अपने सम्मुख उसका तेज सहन न कर, विषादयुक्त होकर पुनः कहा—'हे मित्र, जब तू राज्य प्राप्त कर ले, तब, हे ललितगात्र, मुझे मन्त्री बना लेना।' उस मनोहर भट्टने जो कुछ कहा, उस सबको करकंडने मान लिया और उन बाँसोंको लेकर वह अपने घर गया। फिर उसने मधुर स्वरमें अपने तातको सब वृत्तान्त सुना दिया।

९—मातंगने करकण्डको नाना विद्याएँ सिखलायीं

करकण्डके ऊपर उस खेचरका बहुत अधिक स्नेह बढ़ा। उसने उसे नीति-सहित व्याकरण, तर्क व सैकड़ों नाटक पढ़ाये। कवियों-द्वारा विरचित बहुरसात्मक काव्य, वात्स्यायन-द्वारा गिनाये गये नौ रस, समस्त मन्त्र और तन्त्र, वशीकरण और सुशोभनीय यन्त्र, असि, चक्र, कुन्त, छुरी, धनुर्वेद, शक्ति, दृढ़तोमर ये सब उत्तम कलाएँ; मल्लोंके युद्ध, तनुघट्टन, उल्ललण, वलण और लोटन; फल, फूल व पत्रोंका नाना प्रकारसे छेदन; ये सब सुखकारी कलाएँ सिखायीं। पटुपटह, मुरज, वीणा आदि व बाँसुरी, ये सभी विद्याएँ भी उसे सिखलायीं। इस भुवनतलपर जो भी प्रसिद्धकला है, विद्याधरने उसे बड़ी लगनसे सिखलाया। सब जन लोभसे विडम्बित होकर कहो कैसे-कैसे आश्चर्य नहीं करता।

१०—विद्यावान्‌की संगतिका उपदेश

वह विद्याधर अपने हृदयमें करकण्डसे बड़े उपकारकी वांछा रखता था। वह करकण्डको उपदेश देने लगा—'तू विद्यावान्‌के साथ ही संग कर, उसके घर जाकर नियमसे उसका अनुसरण कर।' करकण्डने पूछा—'हे तात, विद्यावान्‌से क्या उपकार होता है?' तब वह खेचर बोला—हे सरलचित्त, सुन। कान्यकुब्ज नगरमें दो मित्र रहते थे, एक वणिक् और दूसरा विप्र। वे दोनों विद्यासे सम्पन्न थे। धन कमानेकी लालसासे वे चौड़ देशको गये। धन अर्जित कर जब वे घरको लौटने लगे तो आधे मार्गमें वे द्विजकी ससुरालकी ओर मुड़ गये। वहाँ द्विजके श्वसुरने उन्हें देखा और वह उन्हें तुरन्त अपने घर ले गया। वहाँ सम्मानित होकर जब वे विश्राम कर रहे थे तब वहाँ बजता हुआ डिंडिम (डौंडी) आया। उस स्वर और विरस डिंडिमको सुनकर उन्होंने श्वसुरसे पूछा—हे मामा, यह कानोंको असुहावना डिंडिम जनतामें खुलकर किस कार्यसे बज रहा है?

११—राक्षसका उपद्रव

श्वसुरने कहा—यहाँके राजाकी सुन्दर कन्याको एक राक्षस बलपूर्वक ले गया है। उस बेचारीको कोई नहीं छुड़ा पाता। उस राक्षसने लोगोंके समूहोंको व राजाओंको जीत डाला है।

णइपारि णयरि उव्वसि वसेइ तहो भीएँ को वि ण उससेइ ।
विज्जाहिउ णरु आयउ णिएइ ते कज्जें दिवि दिवि इहु भमेइ ।
तं सुणिवि वयणु पहसियमुहेहिँ सद्दंतउ डिंडिमु धरिउ तेहिँ । 5
ता तक्खणे डिंडिमवाइएण णरणाहहो कहिउ पराइएण ।
णर दोण्णि पराइय देव इत्थ णं धम्मपुंज णिम्मल पसत्थ ।
ते भणहिँ देव मणे धरहिँ गव्वु जं भणइ राउ तं करहुँ सव्वु ।
घत्ता—ता राएँ जाइवि बे वि जण सम्माणिवि णीया णियघरहो ।
परिपेसिय तक्खणे तेण पुणु रक्खसहो पासि अइदुद्धरहो ॥११॥ 10

१२

The story of learned company concluded.

गय विण्णि वि ते रक्खसणिवासे परिभमइ ण कवणु वि जासु पासे ।
तहिँ थोरपओहर दिट्ठ कण्ण लायण्णतरंगिणि कणयवण्ण ।
पुणु दिट्ठउ रक्खसु कविलकेसु उद्धारइँ मंतहो गलियदेसु[1] ।
असहंतउ पभणइ मंततेउ हउँ किंकरु तुम्हहँ पवणवेउ ।
संसिद्धउ मण्णिवि तेहिँ रक्खु गय कण्ण लेवि जहिँ णिउ समक्खु । 5
रक्खससमेय कण्णाउ जुत्तु आवंत दिट्ठ लोएहिँ वुत्तु ।
जण भणहिँ अज्जु हुय एत्थु संति एवंविह आया जेत्थु मंति ।
ते दिक्खवि राणउ हिट्ठचित्तु अइपउरु[2] पइण्णउ ताहँ[3] वित्तु ।
घत्ता—कण्ण भणेविणु णियबहिणि तेहिँ समप्पिय णरवरहो ।
पुणु करिकरपीवरथोरभुयँ[4] गय लीलएँ ते णियपुरवरहो ॥१२॥ 10

१३

The story of foolish company.

किउ विज्जावंतहो संगु जेण सुहसंपइ लब्भइ णरहो तेण ।
तें विज्जावंतहो तणउ संगु सयमेव करेव्वउ जह अहंगु ।
विज्जाविहीणु मा करहि मित्तु विवरीउ करइ सो विहुरे चित्तु ।
किं विज्जएँ हीणहो दिट्ठु दोसु सो खयरु कहइ तहो जणियतोसु ।
वाणारसिणयरहो मित्त बे वि देसंतरु गय अण्णाण ते वि । 5
धणु अज्जिवि आवहिँ वलिवि जाव ता अंतरि रक्खसु दिट्ठु ताव ।
सो पेक्खवि ते भयभीय णट्ठ पाविट्ठ जेम तवचरणभट्ठ ।
णउ मुणहिँ किं पि हियवएँ अयाण ते पाविय तेण पलायमाण ।
घत्ता—ता णिसियरें सहुँ जुज्झेवि फुडु ते केण वि बद्धइँ पंथियइँ ।
छंडाविय सहयर बे वि जण परउवयारें संठियइँ ॥ १३ ॥ 10

१४

The story of low company.

तह णिवहेँ[1] सहुँ संसग्गु धीर इहु कह व ण किज्जइ लडहवीर ।
णिवेण[2] समउ जें कियउ संगु उप्पज्जइ तहो खेवेण भंगु ।

---

१२ १ D J °देसु. २ J पवरु. ३ J ताहि. ४ J °भुव.
१४. १ S णीचएं. २ S णीचेण.

नदीके उस पार ऊजड़ नगरीमें वह राक्षस निवास करता है। उसके भयसे कोई श्वास भी नहीं ले पाता। कोई विद्यावान् पुरुष इस नगरमें आया दिख जाये इसी कार्यसे दिन-प्रतिदिन यह डौंड़ी घुमायी जाती है। श्वसुरका यह वचन सुनकर उन्होंने प्रसन्नमुख होकर उस बजते हुए डिंडिमको रोका। तब उसी क्षण डौंड़ी बजानेवालेने लौटकर राजासे कहा—"हे देव, यहाँ दो पुरुष आये हैं, मानो निर्मल और प्रशस्त धर्मपुंज ही हों। हे देव, वे कहते हैं और मनमें गर्व रखते हैं कि राजा जो कुछ कहे, हम सब कर सकते हैं।" तब राजा स्वयं आकर व उन दोनों पुरुषोंका सम्मान कर उन्हें अपने घर लिवा लाया और उसी क्षण उस अत्यन्त दुर्द्धर राक्षसके पास भेजा।

१२—राक्षसका पराजय और राज-कन्याका उद्धार

वे दोनों उस राक्षसके निवासको गये जिसके पास कोई परिभ्रमण नहीं करता था। वहाँ उन्होंने उस स्थूलपयोधरा, लावण्यतरंगिणी, कनकवर्ण कन्याको देखा। फिर उन्होंने उस कपिल-केश राक्षसको भी देखा। उनके मन्त्रोच्चारणसे राक्षसका द्वेष गलित हो गया। वह मन्त्रका तेज सहन न कर बोला—"मैं तो आपका पवनवेग नामका किंकर हूँ।" जब उन्होंने जाना कि वह राक्षस उन्हें भले प्रकार सिद्ध हो गया, तब वे उस कन्याको लेकर राजाके समक्ष लौटे। राक्षस-सहित और कन्यासे युक्त आते हुए उनको लोगोंने देखा और घेर लिया। लोग कहने लगे—"यहाँ आज शान्ति हुई जब इस प्रकारके मन्त्रवेत्ता यहाँ आये।" उन्हें देखकर राजा अपने चित्तमें बहुत हर्षित हुआ और उसने उन्हें अति प्रचुर धन दिया। उन्होंने उस कन्याको अपनी बहिन कहकर राजाको समर्पित किया। फिर हस्तीकी सूंडके समान पुष्ट और विशाल भुजाओं-वाले वे दोनों मित्र आनन्दपूर्वक अपने नगरको चले गये।

१३—मूर्ख-संगतिका कुफल

जिसने विद्यावान्का संग किया उस मनुष्यको सुख-सम्पत्तिका लाभ होता है। इसलिए विद्यावान्का संग स्वयमेव ऐसा करना चाहिए कि कभी भंग न हो। विद्या-विहीनको कभी अपना मित्र मत बनाना। आपत्ति पड़नेपर वह अपना चित्त विपरीत कर लेता है। करकण्डने पूछा—"विद्यासे हीन मनुष्यका आपने कौन-सा दोष देखा?" इसके उत्तरमें वह खेचर उसे सन्तोष उत्पन्न करता हुआ बोला—"बनारस नगरके निवासी दो मित्र देशान्तरको गये। वे दोनों ही अज्ञानी थे। धन उपार्जन कर जब वे लौट कर आ रहे थे, तब बीचमें ही उन्हें एक राक्षस दिखायी दिया। उसे देखकर वे भयभीत होकर ऐसे भागे, जैसे पापिष्ठ तपश्चरणसे भ्रष्ट होकर भाग उठते हैं। वे हृदयसे अज्ञानी कुछ नहीं जानते थे। पलायन करते हुए उन्हें उस राक्षसने पा लिया। तब किसी एक पथिकने उस निशाचरके साथ खुलकर युद्ध करके उन्हें बन्धनसे छुड़ाया। इस प्रकार वे दोनों सहचर परोपकारके द्वारा जीवित रहे।

१४—नीच-संगतिकी कहानी

"उसी प्रकार, हे धीर! हे लाडले वीर! नीचके साथ संसर्ग यहाँ कभी नहीं करना चाहिए! जिसने नीचके साथ संग किया उसका खेदके साथ भंग हो जाता है। सुन, मैं तुझे एक नीचकी

सुणु णीचकहाणी कहमि तुज्झु इह णीइ सुलक्खण हियइँ बुज्झु ।
को वि अत्थि सुदंसणु णाम वणिउ सो णिच्चणरिंदें लहु जि भणिउ ।
जइ अहरअलग्गी पढहि गाह हउँ देमि धरित्ती तुह अवाह । 5
उट्ठउडअलग्गी गुणसणाह ता वणिणा तुरिएँ पढिय गाह ।

गाथा—अरितेयजलणजालासंजलिया धरणि काणणे सयले ।
असिजलधारातोएँ संसित्ता णिहणयं जाया ॥

तें राएँ तूसिवि वणिवरासु महि दिण्णी खेवें सुंदरासु ।
ता एक्कहिँ दिणि गुणसायरेण संपीणिय दुत्थिय वणिवरेण । 10

घत्ता—संसग्गु कियउ सहुँ चेडियइँ कुडिलेण य वणिणा जाम तहिँ ।
ता जायउ गब्भु खणेण तहे संजणिय मणोरह सयल जहिँ ॥ १४ ॥

१५

The story of low company concluded.

ता तुरिउ ताएँ सो वणिउ उत्तु महो एक्कु वयणु तुहुँ करि णिरुत्तु ।
[1]म्ह रायहो वरहिणिमंसुएण [2]महो दिज्जइ जोवमि णिच्छएण ।
ता गयउ तुरंतउ वणिपहाणु तहो वरहिणि सम्मुहुँ लद्धु ठाणु ।
सो वरहिणु लिहिविवि जीउ अवरु घरे जाइवि तें [3]तहे दिण्णु पवरु ।
वणिवरहो तुरिउ आसीस देवि तं खद्धु ताइँ मोरउ भणेवि । 5
ता णयरिहिँ सिहि अलहंतएण देवाविउ डिंडिमु राणएण ।
सो सुणिवि ताएँ चेडिएँ णिवासु सिहिवइयरु अक्खिउ सयलु तासु ।
सो णरवइ रुट्ठउ वणिवरासु मारणहँ समप्पिउ तलवरासु ।

घत्ता—अणुहुंजिवि णिच्चहो संगफलु भयभीएँ वणिणा तुरियएण ।
घरु जाइवि णिच्चणराहिवहो मोरुल्लउ अप्पिउ तक्खणेण ॥ १५ ॥ 10

१६

The story of noble company.

पुणु उच्चकहाणी णिसुणि पुत्त संपज्जइ संपइ जें विचित्त ।
परिकलिवि संगु णीचहो हिएण उच्चेण समउ किउ संगु तेण ।
वाणारसिणयरि मणोहिरामु [1]अरविंदु णराहिउ अत्थि णामु ।
संतोसु वहंतउ णियमणम्मि पारद्धिहें गउ एक्कहिँ दिणम्मि ।
जलरहियहिँ अडविहिँ सो पडिउ तहिँ तण्हएँ भुक्खएँ विण्णडिउ । 5
अमिएण विणिम्मिय सुहयराइँ तहो दिण्णइँ वणिणा फलइँ ताइँ ।
संतुट्ठउ तहो वणिवरहो राउ घरि जाइवि तहो दिण्णउ पसाउ ।
उवयारु महंतउ जाणएण वणि णिहियउ मंतिपयम्मि तेण ।

घत्ता—अणुराएँ विण्णि वि तहिँ वसहिँ दिणयरतेयकलायर ।
गुणगणरयणहँ सीलणिहि गहिरिमाइँ णं सायर ॥ १६ ॥ 10

---

१४. ३ J सलक्खण. ४ J तहो.

१५. १ J अह. २ J महु. ३ J तहिं. ४ S णीचहो.

१६. १ S अरिविंद.

कहानी कहता हूँ। इस नीतिको, हे सुलक्षण, अपने हृदयसे बूझ ले। कोई एक सुदर्शन नामका वणिक् था। उसे एक नीच राजाने सहज ही कहा—'यदि तू अपने होठोंको बिना मिलाये एक गाथा पढ़ दे तो मैं तुझे अबाध (कर आदिकी बाधासे रहित) भूमि दूँगा।' तब उस वणिक्ने तुरन्त ही ओष्ठ पुट लगाये बिना एक सगुण गाथा पढ़ी। गाथा—'अरिके तेजरूपी ज्वलनकी ज्वाला समस्त धरणी रूपी काननमें संज्वलित थी। किन्तु वह आपके खड्गकी धाररूपी जलधारा के जलसे सिंच कर नाशको प्राप्त हो गयी।' इसपर उस राजाने सन्तुष्ट होकर उस सुन्दर वणिक्वर को तुरन्त भूमि प्रदान कर दी। तत्पश्चात् एक दिन उस गुणसागर वणिक्वरने एक दुश्चरित्र स्त्रीसे प्रेम किया। जब उस कुटिल वणिक्ने चेटीके साथ संसर्ग किया, तब जहाँ उसके सकल मनोरथ उत्पन्न हुए थे, वहाँ उसके उसी समय गर्भ उत्पन्न हो गया।"

१५—चेटीका विश्वासघात

तब तुरन्त ही चेटीने उस वणिक्से कहा—"तू मेरी एक बात अवश्य कर। इस राजाके मयूरका मांस मुझे दे, तब मैं निश्चयसे जी सकूँगी।" इसपर वह वणिक्-प्रधान तुरन्त ही गया और उस मयूरको पकड़ने योग्य स्थानपर पहुँचा। उसने उस मयूरको छिपाकर एक दूसरे जीवका बहुत-सा मांस घर जाकर उस चेटीको दे दिया। उसने वणिक्वरको तुरन्त आशीष देकर उस मांसको मयूर कहकर खा लिया। इधर राजाने नगरीमें अपने मयूरको न पाकर डौंड़ी दिलवायी। उसे सुनकर उस चेटीने राजाको मयूरका समस्त वृत्तान्त कह सुनाया। वह राजा उस वणिक्वर पर रुष्ट हो गया और मारनेके लिए उसे तलवारधारियोंको सौंप दिया। इसप्रकार नीचके संगका फल अनुभव करके, भयभीत हुए उस वणिक्ने तुरन्त घर जाकर उस नीच राजाको तत्क्षण ही मोर अर्पित कर दिया।

१६—उच्च पुरुषकी कहानी

हे पुत्र, अब एक उच्च पुरुषकी कहानी सुन, जिससे विचित्र सम्पत्ति प्राप्त होती है। नीचके संगको अपने हृदयसे विचार कर उस वणिक्वरने एक उच्च पुरुषके साथ संग किया। बनारस नगरमें एक अरविन्द नामका मनोभिराम राजा था। वह एक दिन अपने मनमें सन्तोष धारण करता हुआ शिकारके लिए गया। वह एक जलरहित अटवीमें जा पड़ा। वहाँ भूख-प्याससे वह बहुत दुःखी हुआ। तब उस वणिक्ने उसे अमृतसे बने, सुखकारी, तीन फल दिये। राजा उस वणिक्वरपर सन्तुष्ट हो गया और घर जाकर उसने उसे प्रसाद दिया। उसके महान् उपकारको जानकर राजाने वणिक्को मन्त्री पदपर बैठाया। वे दोनों अनुरागपूर्वक, तेजमें सूर्य और चन्द्रके समान, गुणगणरूपी रत्नों व शीलके निधान तथा गम्भीरिमामें सागरके समान, वहाँ रहने लगे।

१७

The story of noble company continues.

ता एक्कहिँ दिणि मंतीवरेण तहो रायहो णंदणु हरिवि तेण ।
आहरणइँ लेविणु दिहिकरासु गउ तुरिउ विलासिणिमंदिरासु ।
गयमोल्लइँ जणणयणहँ पियाइँ तहिँ वणिणा ताहे समप्पियाइँ ।
[1]सरयागमससहरआणणीहे[2] पुणु कहियउ तेण विलासिणीहे ।
मइँ मारिउ णंदणु णरवईहिँ इउ कहियउ सयलु वि थिर[3]रईहिँ । 5
तं सुणिवि ताइँ पभणिउ सणेहु मा कासु वि पयडु करेहिँ[4] एहु ।
एत्तहिँ अलहंतेँ सुउ णिवेण देवाविउ डिंडिमु णयरे तेण ।
जो रायहो णंदणु कहइ को वि सहुँ दविणइँ मेइणि लहइ सो वि ।

घत्ता—ता केण वि धिट्ठेँ तुरियप्पण णरणाहहो अग्गइँ भणिउ ।
उवलक्खिउ तुह सुउ देव मइँ सो णवल[5]इँ मंतिएँ हणिउ ॥ १७ ॥ 10

१८

The story of noble company concluded.

तं वयणु सुणेविणु सरलबाहु संतुट्ठउ मंतिहे धरणिणाहु ।
तिहिँ फलहिँ मज्झे एक्कहो फलासु णिरहरियउ रिणु मइँ मइवरासु ।
अवराह दोण्णि अज्ज वि खमीसु खणि हुयउ पसण्णउ धरणिईसु ।
परियाणिवि मंतिइँ रायणेहु णिवणंदणु अप्पिउ दिव्वदेहु ।
अइ होहि णरेसर परममित्तु मइँ देव तुहारउ कलिउ चित्तु । 5
वणिवयणु सुणेविणु णरवरेण अइपउरु पसाउ पइण्णु तेण ।
गुरुआण संगु जो जणु वहेइ हियइच्छिय संपइ सो लहेइ ।
एह उच्चकहाणी कहिय तुज्झु गुणसारणि पुत्तय हियइँ बुज्झु ।

घत्ता—करकंडु जणाविउ खेयरइँ हियबुद्धिएँ सयलउ कलउ ।
इय णित्तिएँ जो णरु ववहरइ सो भुंजइ णिच्छउ भूवलउ ॥ १८ ॥ 10

१९

The king of Dantipur dies heirless. Selection of a successor by a divine method.

तं वयणु सुणेविणु खेयरासु करकंडु ण मेल्लइ पासु तासु ।
णियमंदिरु मेल्लिवि रम्ममाणु करकंडु ण मेल्लइ तं मसाणु ।
रइ करइ तेत्थु लीलाए जाम दंतीपुरि एक्कहिँ दिवसि ताम ।
वियरंतवइरिविद्दावणासु दुस्सील[1]रायभयदावणासु ।
जणु आण ण लंघइ तणिय जासु हुउ णयरि णरिंदहो णासु तासु । 5
हा हा रउ उट्ठिउ पुरवरम्मि अइदुक्खु पवड्ढिउ जणवयम्मि ।
जणु जंपइ को वि ण अत्थि कुमरु जो रज्जु करेसइ एत्थु पवरु ।

---

१७. १ D सुरयागम. २. S आणणाहें. ३. J थिरमईहिं. ४ D करेवि. ५ S J णवल्लइं.
१९. १ J दुण्णील; S दुण्णीइ.

१७—विलासिनीका सच्चा प्रेम

फिर किसी एक दिन वह मन्त्रिवर उस राजाके पुत्रका हरण करके और उसके आभरणों को लेकर तुरन्त सुखकारी विलासिनीके घर गया और उसे वणिक्ने वे अमूल्य व जन-नयन-प्रिय आभूषण समर्पित कर दिये। फिर उस शरद्के आगमकालवर्ती चन्द्रके समान मुखवाली विलासिनी को उसने कहा—"मैंने राजाके पुत्रको मारा है।" यह सारी बात उसने उस स्थिर प्रेमवाली स्त्री से कही। इसे सुनकर उसने स्नेहपूर्वक कहा—"यह बात किसीपर भी प्रकट मत कीजिए।" यहाँ राजाने अपने पुत्रको न पाकर नगरमें डौंड़ी दिलवायी, "जो कोई राजाके पुत्रका वृत्तान्त कहेगा, वह धनके साथ भूमि भी पायेगा।" इसपर किसी एक ढीठने तुरन्त ही राजाके आगे कह दिया—"हे देव, मैंने तुम्हारे पुत्रको देखा है। उसे आपके नये मन्त्रीने मार डाला है।"

१८—राजाकी कृतज्ञता

यह बात सुनकर वह सरलबाहु राजा मन्त्रीपर सन्तुष्ट हुआ और बोला—"उन तीन फलों में-से एक फलका ऋण मैंने मतिवर मन्त्रीका चुका दिया। अन्य दो फलोंका ऋण अभी भी क्षमा कीजिए। इस प्रकार धरणीश उस क्षण प्रसन्न हुआ। मन्त्रीने जब राजाके स्नेहको जान लिया, तब उस दिव्यदेह राजकुमारको लाकर राजाको अर्पित कर दिया। वह बोला—"हे नरेश्वर, आप मेरे परम मित्र हैं। हे देव, मैंने तो आपके चित्तकी परीक्षा की थी।" वणिक्का यह वचन सुनकर राजाने उसे अपना खूब प्रसाद दिया। इस प्रकार जो मनुष्य गौरवशाली पुरुषोंका संग करता है, वह मनचाही सम्पत्ति प्राप्त करता है। यह मैंने तुझे एक उच्च पुरुषकी कहानी कही। हे पुत्र, इस गुणोंकी सारभूत कहानीको अपने हृदयमें बूझ ले। करकंडको उस खेचरने हितबुद्धिसे समस्त कलाएँ सिखा दीं। इस नीतिसे जो मनुष्य व्यवहार करेगा वह निश्चय ही भूमण्डलका उपभोग कर सकता है।

१९—दन्तीपुरके राजाकी मृत्यु

खेचरके ऐसे वचन सुनकर करकंड कभी उसका पास नहीं छोड़ता। अपने घरको छोड़कर यदि वह क्रीड़ाके लिए बाहर जाता, तो वह श्मशानको न छोड़ता। इस प्रकार जब वह वहाँ क्रीड़ामें अनुरक्त था, तब दन्तीपुर नगरमें एक दिन उस राजाकी मृत्यु हो गयी जो अपने विरुद्ध चलनेवाले वैरियोंका विनाशक और दुःशील राजाओंको भयदायक था, तथा जिसकी आज्ञाका लोग कभी उल्लंघन नहीं करते थे। राजधानीमें हाहाकार मच गया। देश-भरमें अति दुःख बढ़ा। लोग कहते—"कोई राजकुमार भी तो नहीं है जो यहाँ इतने बड़े राज्यको सँभाले।" तब मन्त्रीके

ता मंतिमणहो परिफुरिउ मंतु अवलोयउ गयवरु लडहदंतु ।
घत्ता—तं पुज्जिवि मयगलु महवरहँ परिपुण्णउ कुंभु समप्पियउ ।
जो रज्जु करेसइ तहो उवरि ढालेसहि एउ वियप्पियउ ॥ १९ ॥ 10

२०

Karakaṇḍa's luck.

पढंत दिएसर साम सरेण मिलाविय देवणिकाय वरेण ।
ससंख सडिंडिम काहलतूरु पवज्जिउ [1]मद्दलु मेइणिपूरु ।
घराउ विणिग्गउ वारणु तुंगु विलासिणिगेहहो णाइँ भुयंगु ।
लुलावियसुंडु चलावियकण्णु विलोलसुलोयणु उज्जलवण्णु ।
स पुण्णउ कुंभु करेण करंतु छणिंदु व पव्वयसिंगु सरंतु 5
पुरम्मि घरेण घराइँ लहंतु समुण्णइ तो वि समग्ग वहंतु ।
भमेविणु पट्टणु चच्चरवंतु गओ गउ बाहिरि दूरे भमंतु ।
मसाणहो मज्झे अउव्वउ मारु गएण तुरंतएँ दिट्ठु कुमारु ।
सुसोहणु कुंभु सिरेण णएण सिरम्मि विरेइउ तासु गएण ।
घत्ता—सो देक्खवि लोयहिँ सिरु [2]धुणिउ हा हा रउ गरुयउ घोसियउ । 10
किं कीयउ एएँ करिवरिण[3] मायंगहो कलसु णिवेसियउ ॥ २० ॥

२१

Karakaṇḍa is made king of Dantipur.

इउ मण्णिवि ते सामंत मंति णउ अग्गइ चल्लहिँ णउ णियंति ।
उद्दुंमण अच्छहिँ जा मणम्मि खेयरहो ताम तहिँ तक्खणम्मि ।
मुणिदिण्ण[1] सावें जउ णासियाउ विज्जाउ पराइउ तासु ताउ ।
ता हरिसुकंठेँ खयरेण लोयहँ परिअक्खिउ सुंदरेण ।
मायंगहो सुउ णउ होइ एहु णिवणंदणु एहउ दिव्वदेहु । 5
मा संकहु वच्चइ सरइ अग्गि करु लायहु तुम्हइँ करिकरग्गि ।
जा विज्ज लँखइँ णर संगरम्मि करकंडहो सा[3] देविणु करम्मि ।
इउ करिवि खयरु विज्जावलेण णियभवणु गयउ पुणु णहयलेण ।
घत्ता—जयघोसु पवड्डिउ गयणयले अमरेहिँ सुमंगलु पूरियउ ।
कणयामरवण्णहिँ माणवहिँ करकंडु रज्जे वइसारियउ ॥ २१ ॥ 10

इय करकंडमहारायचरिए मुणिकणयामरविरइए भव्वयणकण्णावयंसे पंचकल्लाणविहाण-
कप्पतरुफलसंपत्ते करकंडरज्जलंभो णाम बीउ परिच्छेउ समत्तो ।

॥ संधि ॥ २ ॥

---

२०. १ J मंदलु. २ S धुणेवि. ३ S करिवरेण.
२१. १ N मुणिदिण्णें. २ N लहय देवेण रम्मि. ३ S J सो.

मनमें एक मन्त्र (युक्ति) स्फुरायमान हुआ। उसने सुन्दर दाँतोंवाले एक श्रेष्ठ गजको देखा (चुना) बुद्धिमान् मन्त्रीने उस हाथीको पूजकर उसे जलसे परिपूर्ण घड़ा समर्पित किया और "जो कोई राज्य करनेवाला हो, उसके ऊपर इसे ढालेगा"—ऐसा विकल्प अपने मनमें किया।

२०—हाथी-द्वारा दैवी विधिसे राजाका चुनाव

द्विजेश्वर स्वरसे सामवेद पढ़ने लगे। वरण (आह्वान)-द्वारा देवगणोंको एकत्र किया गया। शंख, डिंडिमके साथ काहल और तूर्य एवं मार्दल (नगाड़ा) बजने लगा, जिससे मेदिनी पूरित हो गयी। ऐसे अवसरपर वह विशाल हाथी घरसे निकला, जैसे प्रेमी अपनी विलासिनीके घरसे निकलता है। वह हाथी सूँड़ डुला रहा था और कान चला रहा था। उसकी सुन्दर आँखें चंचल थीं। वह स्वयं उज्ज्वल वर्ण था। जलसे भरे हुए घड़ेको वह अपनी सूँड़में ऐसे लिये हुए था, जैसे मानो पूर्णचन्द्र पर्वतके शिखरपर चल रहा हो। वह उस पुरमें एक घरसे दूसरे घरोंको पार करता हुआ समग्र उन्नतिको धारण किये हुए, चौराहों-सहित समस्त पट्टणका भ्रमण करके बाहर दूर तक भ्रमण करता चला गया। उसने श्मशानके बीच तुरन्त एक कुमारको देखा, जो अपूर्व कामदेव ही था। हाथीने उसके आगे अपने सिरको नवाकर, वह शोभनीक कुम्भ उसीके सिरपर खाली कर दिया। उसे देखकर लोग सिर धुनने लगे, महान् हाहाकारका रव घोषित हो उठा। अरे, इस करिवरने यह क्या किया जो मातंगके ऊपर कलश रख (ढाल) दिया।

२१—करकंडकी राज्यप्राप्ति

इसी असमंजसमें पड़कर वे सामन्त और मन्त्री न आगेको चलते और न सामनेको देखते। वे जब अपने मनमें इस प्रकार उदास खड़े थे, तब उसी क्षण उस खेचरकी, जो मुनि-द्वारा दिये गये शापसे नष्ट हो गयी थीं, वे सब विद्याएँ लौट आयीं। तब उस सुन्दर विद्याधरने हर्ष से उत्कंठित होते हुए लोगोंको बतलाया—"अरे! यह कोई मातंगका पुत्र नहीं है; यह दिव्यदेह राजकुमार है। तुम शंका मत करो। उसे अपने आगे चलने दो और तुम उसके हाथीकी सूँड़के अग्रभागपर अपना हाथ लगाओ।" ऐसा कहकर, तथा जो विद्या संग्राममें लोगोंको स्खलित कर देती है, उसे करकण्डके हाथमें देकर, यह सब करके, वह खेचर विद्याके बलसे नभस्तल-द्वारा अपने भवनको गया। यहाँ गगनतलमें जयघोष बढ़ा, देवोंने सुमंगल पूरा किया तथा कनक वा अमरवर्णके मानवोंने करकण्डको राज्यपर बैठाया।

इति मुनि कनकामर विरचित, भव्यजनकर्णावतंस, पंचकल्याणविधानरूप कल्पतरु फल सम्पन्न करकण्ड महाराज चरित्रमें, करकण्डको राज्य लाभ नामक दूसरा परिच्छेद समाप्त।

संधि—३

१

Karakaṇḍa enters Dantipur with pomp and ceremony.

ध्रुवकं—पुणु मंतिहिँ भणियउ णवउ णिउ तुहुँ गयवरखंधि समारुहहि ।
चलु चलु सुंदर लहु चलहि दंतीपुरि रज्जहो भरु वहहि ॥

णिज्झरझरंतमयगिल्लगंडे करकंडु चडिउ ता करिपयंडे ।
क वि लीला मणहर अइवहेइ णं सुरवइ अइरावइँ सहेइ ।
संचल्लिउ सो सहुँ णरवरेहिँ विज्जिज्जमाणु चलचामरेहिँ । 5
लीलाविलाससुहसा[2] मिणीहिँ गाइज्जमाणु वरकामिणीहिँ ।
कलयंठिरावकयहीलणेहिँ संथुव्वमाणु वंदीजणेहिँ ।
गुणपउररायतग्गयमणेहिँ सेविज्जमाणु णायरजणेहिँ ।
परलोयकज्जे उज्जुवगईहिँ सलहिज्जमाणु सज्जणमईहिँ ।
अवरेहिँ वि लोयहिँ कलियमाणु गउ सुंदरु पुरवरे जणसमाणु । 10

घत्ता—सो पुरवरणारिहिँ गुणणिलउ पइसंतउ दिट्ठउ णयरे कह[3] ।
णं दसरहणंदणु तेयणिहि उज्झहिँ सुरणारीहिँ जहँ ॥ १ ॥

२

The flutter amongst the damsels of the town at his entry.

तहिँ पुरवरि खुहियउ रमणियाउ झाणट्ठियमुणिमणदमणियाउ ।
क वि रहसइँ तरलिय चलिय णारि विहडप्फड संठिय का वि [1]वारि ।
क वि धावइ णवणिवणेहलुद्ध परिहाणु ण गलियउ गणइ मुद्ध ।
क वि कज्जलु बहलउ[2] अहरे देइ णयणुल्लउँ लक्खारसु करेइ ।
णिग्गंथवित्ति क वि अणुसरेइ विवरीउ डिंभु क वि कडिहिँ लेइ । 5
क वि णेउरु करयलि करइ बाल सिरु छंडिवि कडियले धरइ माल ।
णियणंदणु मण्णिवि क वि वराय मज्जारु ण मेल्लइ साणुराय ।
क वि धावइ णवणिउ मणे धरंति विहलंघल मोहइ धर सरंति ।

घत्ता—क वि माणमहल्ली मयणभर करकंडहो समुहिय चलिय ।
थिरथोरपओहरि मयणयण उत्तत्तकणयछवि उज्जलिय ॥ २ ॥ 10

३

He enters the decorated palace and is crowned king.

णवरज्जलंभरंजियहिएण करकंडइँ पुरे पइसंतएण ।
गयखंधे चडिएणय जंतएण णिउ राउलु लीलएँ पत्तएण ।

---

१. १ S भणिउ. २ D J N भामिणीहिं ३ S किह. ४ S जिह.

२. १ S चारि. २ D बहुलउ.

सन्धि–३

१—गजारूढ़ करकण्डका नगर-प्रवेश

फिर मन्त्रियोंने नये राजासे कहा—"आप इस गजवरके स्कन्धपर आरूढ़ हो जाइए। चलिए, चलिए, हे सुन्दर, शीघ्र चलिए; और दन्तीपुरमें राज्यके भारको वहन कीजिए।" तब करकण्ड, निर्झरके समान झरते हुए मदसे जिसके गण्डस्थल गीले हो रहे थे, ऐसे उस प्रचण्ड हाथीपर चढ़ा। इस समय वह ऐसी मनोहर शोभाको धारण कर रहा था जैसे मानो सुरपति ऐरावत हस्तीपर विराजमान हो। वह उन नरवरोंके साथ वहाँसे चला। उसके ऊपर चँवर ढोले जा रहे थे; लीला, विलास व सुखकी स्वामिनी उत्तम कामिनियाँ उसके गीत गा रही थीं। कोकिलकी ध्वनिको लज्जित करनेवाले वन्दीजन उसकी स्तुति कर रहे थे। गुणोंके अत्यन्त अनुरागसे उसीमें अपना मन लगाकर नगरके लोग उसकी सेवा कर रहे थे। तथा परलोक कार्यमें सीधी गतिसे चलनेवाले सज्जनमति उसकी श्लाघा कर रहे थे। और भी अन्य लोगोंसे सम्मानित वह सुन्दर राजा सब जनोंके साथ पुरवरमें प्रविष्ट हुआ। नगरमें प्रवेश करते समय उस गुणोंके निलय राजाको पुरकी नारियोंने कैसा देखा जैसे कि तेजनिधि दशरथनन्दनको अयोध्यामें सुरनारियोंने देखा था।

२—करकण्डको देखनेके लिए नगरनारियोंकी विह्वलता

उस समय नगरकी उन रमणियोंमें क्षोभ उत्पन्न हो उठा, जो ध्यानस्थ मुनियोंके मनको भी दमन कर लेती थीं। कोई रमणी उत्कण्ठित होकर वेगसे चल पड़ी, कोई विह्वल होकर द्वारपर ही खड़ी रह गयी। कोई नये राजाके स्नेहसे लुब्ध होकर दौड़ पड़ी। उस मुग्धाको अपने गलित हुए परिधानकी भी सुध न रही। कोई अपने अधरमें खूब काजल देने लगी और नेत्रोंमें लाक्षारस करने लगी। कोई निर्ग्रन्थवृत्तिका अनुसरण कर रही थी, तो कोई अपने बालकको विपरीत (उल्टा) कटिपर ले रही थी। कोई बाला नूपुरको करतलमें पहन रही थी और मालाको शिर छोड़ कर कटितलपर धारण कर रही थी। कोई बेचारी अनुरागमें इतनी डूब गयी कि वह मार्जार (बिलौटे) को अपना पुत्र समझकर उसे छोड़ती ही नहीं थी। कोई नये राजाको मनमें धारण कर दौड़ रही थी और विह्वल हुई भूमिपर चलती-चलती मूर्च्छित हो रही थी। कोई स्थिर-स्थूल पयोधरी, मृगनयनी, उत्तप्त कनक-छवि और उज्ज्वल महामानिनी मदनके वश होकर करकण्डके सम्मुख ही चल पड़ी।

३—करकण्डका राजकुल-प्रवेश

नये राज्यके लाभसे हृदयमें प्रसन्न होते हुए नगरमें प्रवेश करते, गजके स्कन्धपर चढ़ कर जाते हुए लीलासहित नये राजकुलमें पहुँचकर करकण्डने उस उत्तुंग राजनिकेतको देखा जो

तेँ दिट्ठउ रायणिकेउ तुंगु अइमणहरु णं हिमवंतसिंगु ।
मुत्ताहलमालातोरणेहिँ णं विहसइ सियदंतहिँ घणेहिँ ।
किंकिणिरणंतु धयवडवमालु णं णच्चइ [1]पणयिणि विहियतालु । 5
चामीयरमणिरयणेहिँ घडिउ णं सग्गहो अमरविमाणु पडिउ ।
तहिँ पइसइ णवणिउ विमलबुद्धि पारंभिय [2]गुरुयण मणविसुद्धि ।
करहेमकुंभु मंगलु करंति क वि माणिणि णिग्गय ता तुरंति ।
परिमंगलु किउ वरदीवएहिँ जय कारिउ पुणु णारीसएहिँ ।
सोवण्णकलसकयउच्छवम्मि पइसारिउ सो णिवमंदिरम्मि । 10

घत्ता—सो सयलगुणायरु सीलणिहि विणयभावसंजुत्तउ ।
[3]सामंतमंतिजणपरियरिउ पुरि अच्छइ रज्जु करंतउ ॥ ३ ॥

४

Karakaṇḍa sees a portrait and feels attracted.

तहिँ तेण वि रज्जु करंतएण आणाविय वंस तुरंतएण ।
आएसवसेण व जे धरिय धयअंकुसछत्तहँ दंड किय ।
आसावसेण जो तहिँ जि ठिउ[1] पुणु आणिवि दियवरु मंति किउ[2] ।
ता एक्कहिँ दिणि करकंडएण वरलीलएँ णयरे भमंतएण ।
देसंतरु जो हिंडंतु पत्तु तहिँ दिट्ठउ सो णरु ललियगत्तु । 5
पुणु दिट्ठउ तहो करे पडु विचित्तु जो मोहइ लोयहँ तणउ चित्तु ।
सो भणियउ करकंडइँ णिवेण पडु अप्पहि देक्खहुँ सहुँ हिएण ।
ता तेण समप्पिउ पत्थिवासु जणु रत्तउ अणुराएण जासु ।
सो पंचवण्णु गुणगणसहंतु[3] करकंडइँ जोयिउ पडु महंतु ।
तहिँ रूउ सलक्खणु तेण दिट्ठ णं मयणवाणु हियवएँ[4] पइट्ठ । 10
मुहकमलु सउण्हउ दीहसासु जरु दाहु अरोचकु हुयउ तासु ।

घत्ता—करकंडइँ जोइउ पडु पवरु थिउ [5]हियवएँ विंभिउ एक्कु खणु ।
जणे पुलयइँ कहियउ तहो विरहु तेँ मउलिउ[6] णवणिउ विमणमणु ॥ ४ ॥

५

He learns that the portrait was of the princess of Saurāṣṭra

णिवहियउ मुणिउ पडधरणरेण वरु होहइ कण्णहे पहु भरेण ।
इय मुणिवि तो वि पडिलविउ भाय पडु अप्पहि अम्हहँ जाहुँ राय ।
णउ छंडइ सो पडु उल्लसंतु पुणु भणइ णरेसरु णीससंतु ।
महो सहयर अक्खु पयत्तएण पडु लेवि भमहि कज्जेण केण ।
आयण्णिवि तेँ वयणाणुसारु तहो रायहो कहियउ पडवियारु । 5
एत्थत्थि देव सोरट्ठ देसु सुरलोउ विडंबिउ जेँ असेसु ।
तहिँ णयरु अत्थि गिरिणयरु णामु सुरखेयरणरणयणाहिरामु ।

---

३. १ D N पणएं. २ N गुरयण; D गुणरयणमणसुद्धि. ३ N सामंति.
४. १ J ठियउ. २ J कियउ. ३ S महंतु. ४ DJ जोयउ. ५ S हियएं. ६ Mss. मउलय.

हिमवन्तके शिखरके समान अति मनोहर था। वह प्रासाद मुक्ताफलोंकी मालाके तोरणोंसे मानो अपने सघन श्वेत दाँतोंसे हँस रहा था। किंकिणियोंकी ध्वनि-सहित अपनी ध्वजा और पताकाओंकी माला-सहित ऐसा प्रतीत होता था, मानो कोई प्रणयिनी ताल दे-देकर नाच रही हो। सुवर्ण और मणिरत्नोंसे जड़ा हुआ वह प्रासाद ऐसा दिखायी देता था, मानो स्वर्गसे देवोंका विमान आ पड़ा हो। उस विमल-बुद्धि नये राजाने अपने मनकी विशुद्धि-सहित गुरुजनोंको प्रारम्भ (आगे) करके वहाँ प्रवेश किया। उसी समय तुरन्त कोई एक मानिनी हाथमें सुवर्ण-कलश रूप मंगल करती हुई निकली। उत्तम दीपकोंसे राजाका सब प्रकार मंगल किया गया और फिर सैकड़ों नारियोंने उसका जयजयकार किया। इस प्रकार सुवर्ण-कलशोंसे सजाये हुए उस राजमन्दिरमें करकण्डका प्रवेश कराया गया। वह सकलगुण-शीलनिधि, विनयभाव-संयुक्त करकण्ड, सामन्त, मन्त्री व अन्य जनोंसे परिचारित राज्य करता हुआ उस पुरीमें रहने लगा।

४—करकण्डका प्रेम-जागरण

वहाँ राज्य करते हुए करकण्डने शीघ्र ही वे बाँस मँगवाये जो आदेशके अनुसार रखे हुए थे। उनके ध्वज, अंकुश और छत्रके दण्ड बनवाये गये। जो द्विजवर आशाके वश वहीं रह रहा था, उसको बुलाकर मन्त्री बनाया गया। फिर एक दिन जब करकण्ड बड़ी लीलासे नगरमें भ्रमण कर रहा था, तब उसने एक ललितगात्र मनुष्यको देखा, जो देशान्तरमें भ्रमण करता हुआ वहाँ पहुँचा था। फिर उसके हाथमें उन्होंने एक विचित्र पट देखा, जो लोगोंके चित्तको मोहित कर रहा था। करकण्ड राजाने उससे कहा—"जरा पट तो दे, मैं उसे हृदयसे देख लूँ।" उसने राजाको वह पट समर्पित किया जिसके अनुरागसे लोग आसक्त हो रहे थे। करकण्डने उस पचरंगे, गुणगणोंसे शोभायमान महान् पटको देखा। ज्योंही उसने उसमें उस सलक्षण रूपको देखा, त्योंही मानो उसके हृदयमें मदनका बाण प्रविष्ट हो गया। उसका मुखकमल सूख गया। दीर्घ श्वासें निकलने लगीं, तथा उसे ज्वर एवं अरोचक दाह भी हो उठा। करकण्डने उस उत्तम चित्रपटको देखा और वह एक क्षण अपने हृदयमें विस्मित होकर रह गया। लोगोंके रोमांचने उसके विरहकी बात कही। उस रोमांचसे मुकुलित वह नया राजा उदास मन होकर रह गया।

५—मदनावलीका जन्म-वृत्तान्त

पटधारी मनुष्यने राजाके हृदयको समझ लिया और जान लिया कि बहुत करके यही कन्याका वर होगा। ऐसा समझकर फिर भी उसने कहा—"हे भाई, हे राजन्, पट दीजिए, मैं जाऊँ।" किन्तु राजा अपने उल्लासमें उस पटको छोड़ता ही नहीं था। श्वासें भरता हुआ राजा बोला—"हे मेरे सहचर, ठीकसे कहो तो सही कि तुम इस पटको लेकर किस कार्यसे घूम रहे हो।" यह सुनकर उसके वचनानुसार राजासे उसने पटका वृत्तान्त कहा—"हे देव, यहाँ सोरठ नामका देश है जिसने अशेष रूपसे सुरलोकका अनुकरण किया है। वहाँ गिरिनगर नामका नगर है जो सुरों, खेचरों व नरोंका नयनाभिराम है। वहाँ अपने शत्रुओंके सिरोंका यमराज अजयवर्म नामका राजा

तहिँ राउ अत्थि अरिसिरकयंतु अजवम्मु णाउ[1] अजियंगिकंतु ।
घत्ता—[2]तहे रूवकरंडी कलसरिय जा णयणपियारी णरवरहँ ।
मयणावलि णामइँ तेयणिहि सा हूई धीय मणोहरहँ ॥ ५ ॥ 10

६

She herself had become enamoured of him.

मयणावलि सा एक्कहिँ दिणम्मि गय सहियहिँ सहुँ णंदणवणम्मि ।
तहिँ खेयर जणमणणयणइट्ठ दोल्लहरि[1] चडीणा ताइँ दिट्ठ ।
गायंता गेयइँ मणहराइँ कागलियइँ करकंडहो[2] किराइँ ।
गेयाइँ मणोज्जइँ सा सुणेवि धरणीयले णिवडिय तणु धुणेवि ।
विहलंघल गयकल झीणदेह कसणम्मि पक्खि णं चंदलेह । 5
वायाहयकेलि व कंपमाण णिय सहियहिँ घरु सोएँ समाण ।
समसीलहिँ जणमणदुहहरीहिँ परिपुच्छिय विणएँ सहयरीहिँ ।
विहलंघल किं हूई सहीए अम्हहँ कहि बहिणिए वच्छलीए ।
मोहेण वि सहियहिँ सरलियाए विरहाणलु अक्खिउ बालियाए ।
घत्ता—जो गीयउ गायउ खेयरहिँ मइँ सूवउ करकंडहो तणउ । 10
तो तेण वियंभिउ महो हियउ पुणु चउदिसु लायउ रणरणउ ॥ ६ ॥

७

Marriage—proposal.

मइँ तुज्झ सहिए पायडिय वित्ति जइ सक्कहि ता महो करि परित्ति ।
विरहग्गिजालपज्जलियमाण [1]महो णासहिँ जाव ण[2] सहिए पाण ।
ता दुक्खु वहंतिए णरवरासु संखेवेँ अक्खिय वत्त तासु ।
करकंडगेयआयण्णणेण मयणावलि पीडिय कामएण ।
आयण्णेवि बालहे तणिय वत्त राएण लिहाविय हरिणणेत्त । 5
जयभूसण कुलगयणम्मि चंद पडु अप्पिउ राएँ महो णरिंद ।
अरिदूसहमोडणमडसहाउ हउँ तुज्झ णयरे पडु लेवि आउ ।
पडु पेक्खिवि गच्छइ मोहु जो वि वरु होइ णरेसर [3]ताहे सो वि ।
घत्ता—मइँ एहउ पिसुणिउ तुज्झ णिव ण्हउ इत्तिउ तम्हा महो सरउ ।
सा कमलदलच्छी ससिवयण तउ करयलु करपल्लवे धरउ ॥ ७ ॥ 10

८

Madanāvali is brought and is married to Karakaṇḍa.

तहो सुणिवि वयणु पडधरणरासु पडिवण्णिउ राएँ सयलु तासु ।
तेँ सरिसा कुलणहससहरेण संपेसिय णियणर णिववरेण ।
विवहम्मि पसण्णए कयसहाय मयणावलि लेविणु ते वि आय ।
किय हट्टसोह घरि तोरणाइँ संबद्धइँ तहो [1]करकंकणाइँ ।

---

५. १ D णामु. २ J तहिं.

६. १ S डोल्लहरि. २ S में इसे काटकर हाँसियेमें 'तणाइं' किसी अन्यके हस्ताक्षरोंमें लिखा गया है।

७. १ J महु. २ J णु सहिय. ३ J ताहिं.

८. १ D करे.

अपनी अजितांगी नामक कान्ता-सहित रहता है। उसी मनोहर रानीकी मदनावली नामकी रूप-करण्डी कल-स्वरा, लोगोंकी नयन-पियारी, तेजनिधि, पुत्री हुई।

६—मदनावलीका मोह

एक दिन वह मदनावली सखियोंके साथ नन्दन वनको गयी। वहाँ उसने देखा कि लोगोंके मनों और नयनोंको इष्ट खेचर झूलोंमें चढ़कर मधुर ध्वनिसे करकंडकी कीर्त्तिके मनोहर गीत गा रहे हैं। उन मनोहर गीतोंको सुनकर मदनावली अपने शरीरको धुन कर धरणीतलपर गिर पड़ी; वह ऐसी विह्वल, कलहीन व क्षीण देह हो गयी जैसे कृष्ण पक्षमें चन्द्रलेखा। पवनसे आहत केलीके समान काँपती हुई उसे सखियाँ शोक-सहित घर ले आयीं। जनोंके मनके दुःखोंको हरण करनेवाली उसकी श्रमशीला सहचारियोंने विनयसे पूछा—"हे सखी, तू विह्वल क्यों हो गयी? हे प्यारी बहन, हमें कह तो।" तब उस सरल बालिकाने मोहवश अपनी सखियोंसे अपने विरहानलकी बात कही—"जो उन खेचरोंने करकंड-सम्बन्धी गीत गाया, उसे मैंने सुना; उसीसे मेरा हृदय प्रफुल्लित हो उठा, और चारों दिशाओंमें उत्सुकता लगने लगी।

७—चित्रपट-द्वारा प्रेमीकी खोज

हे सखि, मैंने तुझे बात प्रकट कर दी। यदि तुझसे हो सके तो मेरा सन्तोष कर, जबतक कि, हे सखि, विरहाग्निकी ज्वालासे जलते हुए मेरे ये प्राण नष्ट न हो जायें।" तब उस सखीने दुःख धारण करते हुए राजासे वह बात संक्षेपमें कही कि करकण्डका गीत सुननेसे मदनावली कामसे पीड़ित हो उठी है। बालिका-सम्बन्धी इस बातको सुनकर राजाने उस हरिणनेत्रीका चित्रपट लिखवाया और हे जगभूषण! व कुलरूपी गगनके चन्द्र नरेन्द्र! उस राजाने वह पट मुझे अर्पित किया। उसी पटको लेकर, दुस्सह शत्रुओंको मोड़नेमें समर्थ वीरोंके साथ, मैं तुम्हारे इस नगरमें आया हूँ। इस पटको देखकर जो कोई मोहको प्राप्त हो, हे नरेश्वर, वही उस कन्याका वर होगा। हे नृप, मैंने तुम्हें यह सब बतला दिया। अब आप भी मेरी इतनी बात मानिए कि वह कमलदलाक्षी शशिवदना आपके करतलको अपने करपल्लवमें ग्रहण करे।

८—करकण्डका मदनावलीसे विवाह

उस पटधारी मनुष्यका यह वचन सुनकर राजाने उसकी समस्त बात मान ली। फिर अपने कुलरूपी नभके चन्द्र राजा करकण्डने उस भटके सदृश ही अपने निजी मनुष्य प्रेषित किये। वे मनुष्य एक शुभ दिन सहायकों-सहित मदनावलीको लेकर लौट आये। हाटकी शोभा की गयी।

णाणाविह वज्जइँ वाइयाइँ गीयाइँ रसालइँ गाइयाइँ । 5
भावड्ढइँ णच्चइँ णच्चियाइँ गयतुरयहँ थट्टइँ खंचियाइँ ।
उग्घाडिउ मुहवडु विहिँ जणाहँ णं मोहपडलु तग्गयमणाहँ ।
[1]घयजलिअजलणभामरिउ सत्त देवावियं भट्टहिँ पढिवि मंत ।
करु बालहे[3] अप्पिउ णववरेण किय सवहणाइँ दाहिणकरेण ।
भउ तारामेलउ णिविडु तेम जम्मे वि ण विहडइ णेहु जेम । 10
पहिलारउ मिलियउ मणु पसत्थु किउ लोयचारु जणरंजणत्थु ।
सुविसुद्धदिणहिँ रंजियमणाहँ सामंतहिँ कियउ विवाहु ताहँ ।

घत्ता—णरणाहहो हुयउँ विवाहु तहिँ सुर खेयर देक्खवि उल्लसिय ।
णियभोयहो उवरि विरत्तमणु तहो तणिय रिद्धि मणि अहिलसिय ॥ ८ ॥

९

Karakaṇḍa's mother appears at the marriage. Ambassy from the king of Campā.

तहिँ अवसरि पोमावइ वि माय णियणंदणु देक्खहुँ तुरिय आय ।
सा दिट्ठी करकंडेँ णिवेण पुणु पणमिय भावे णवणवेण ।
णियपुत्तविवाहेँ हरिसियाएँ आसीस पदिण्णी तुरिउ ताएँ ।
चिरु जीवहि णंदण पुहइणाह कालिंदी सुरसरि जाव वाह ।
वइसारिय विणएँ सा णवेवि दिणु अज्जु सहलु एहउ भणेवि । 5
सम्माणिय वयणहिँ कोमलेहिँ परिहाविय वत्थहिँ उज्जलेहिँ ।
आसीस देवि सा गय तुरंति करकंडकित्ति णं विप्फुरंति ।
ता एत्तहिँ जणमणजणियराउ करकंडपुरउ पडिहारु आउ ।

घत्ता—करकमल णिवेसिवि सिरकमले पडिहारु पयंपइ [1]पुट्ठसरु ।
चंपाहिवरायहो दूउ णिव सो अच्छइ सिंहवारम्मि वरु ॥ ९ ॥ 10

१०

The king of Campa claims homage from Karakaṇḍa.

तं सुणिवि वयणु करकंडएण पडिहारु पउत्तउ तुरियएण ।
लइ जाहि तुरिउ सो सुहडु जेत्थु चंपाहिवदूवउ आणि एत्थु ।
तं रायहो वयणु सुणेवि तेण लहु आणिउ सो पडिहारएण ।
सो देक्खवि दूवउ राणएण संमाणिउ दाणइँ आसणेण ।
संसिद्धी[1] मेइणि सयल जासु भणु कुसलु दूव चंपाहिवासु । 5
दूवेण भणिउ तहो कुसलु राय पइँ जेहा अच्छहिँ जसु सहाय[2] ।
अणवरउ णरिंदहिँ विहियसेव सो सुमरइ तुम्हहँ देवदेव ।
जह जलहँ ण भिण्णउ सीयलत्तु तह चंपणरिंदहो तुहुँ णिरुत्तु ।

घत्ता—लइ पालहि णिव करकंड तुहुँ चंपाहिवरायहो केर वर ।
होएविणु एक्कइँ वे वि जण अणुहुंजहु तुम्हइँ भोय धर ॥ १० ॥ 10

---

२ J घिय. ३ J बालहि. ४ S J में 'हुहउ' पाठ था किन्तु उसके स्थानपर S और J में 'हुअउ' लिख दिया गया है।

९. १ J N तुट्ठसरु या रुट्ठसरु (?).

१०. १ N संदिट्ठी. २ J सहाइं.

घरपर तोरण लगाये गये। हाथोंमें कंकण बाँधे गये। नानाविध वादित्र बजवाये गये। रसाल गीत गाये गये। भावपूर्ण नृत्य नाचे गये। गजों और तुरङ्गोंके ठाठ खींचे गये। वधू-वर दोनोंका मुखपट उघाड़ा गया, जैसे मानो उनके मनका मोहपटल उघाड़ दिया गया हो। घृतसे प्रज्वलित अग्निकी भट्टोंने मन्त्र पढ़कर सात भाँवरें दिलवायीं। नये वरने अपना कर बालिकाको अर्पित किया व दाहिने हाथसे शपथ आदि विधियाँ कीं। तारा-मेल ऐसा सघन हुआ कि जिससे जन्म-भर स्नेह विघटित न हो। प्रशस्त मन तो पहले ही मिल चुका था; यह लोकाचार तो लोगोंके मनोरंजनार्थ किया गया। इस प्रकार एक शुद्ध दिन उन अनुरक्त-मन वधू-वरका विवाह सामन्तों-द्वारा करा दिया गया। राजाका जब वह विवाह हुआ तो उसे देखकर सुर और खेचर भी उल्लसित हो उठे। अपने भोगोंके ऊपर उनका मन विरक्त हो गया और मनमें करकण्डकी ऋद्धिकी अभिलाषा जाग उठी।

९—माताका आशीर्वाद

उस अवसरपर पद्मावती माता भी अपने पुत्रको देखनेके लिए तुरन्त आयी। करकण्ड राजाने उसके दर्शन किये और नये-नये भावसे उसे प्रणाम किया। अपने पुत्रके विवाहसे हर्षित होकर उसने तुरन्त आशीष दी—"हे नन्दन, पृथ्वीनाथ, चिरंजीवी हो, जबतक कि यमुना और गंगाकी धारा बह रही है।" करकण्डने नमनपूर्वक विनयसे यह कहते हुए उसे बैठाया कि मेरा आजका यह दिन सफल हुआ। कोमल वचनोंसे उसका सम्मान किया गया और उसे उज्ज्वल वस्त्र पहनाये गये। वह आशीष देकर तुरन्त वापिस चली गयी, मानो करकण्डकी कीर्त्ति विस्फुरायमान हो रही हो। इसी समय लोगोंके मनमें अनुराग उत्पन्न करता हुआ प्रतिहार करकण्डके सम्मुख आया। प्रतिहारने अपने करकमलोंको सिरपर रखकर स्पष्ट स्वरमें कहा—"हे राजन्, चम्पाके राजाका बड़ा दूत सिंह-द्वारपर खड़ा है।"

१०—चम्पाधीशका सन्देश

यह वचन सुनकर करकण्डने तुरन्त प्रतिहारसे कहा—"जल्दी जा, जहाँ वह सुभट है; और चम्पाके राजाके दूतको यहाँ ले आ।" राजाका वचन सुनकर वह प्रतिहार उसे शीघ्र ले आया। राजाने दूतको देखकर आसन व दानसे उसका सम्मान किया, और पूछा—"हे दूत, जिनकी समस्त मेदिनी संसिद्ध (वशीभूत) हो चुकी है, उन चंपाधीशकी कुशल कहो।" दूतने कहा—"हे राजन्, जिसके आप-जैसे सहायक बैठे हों उसकी कुशल ही है। हे देवदेव, निरन्तर अन्य नरेन्द्रोंसे सेवित होते हुए भी वे तुम्हारा स्मरण किया करते हैं। जिस प्रकार जलसे शीतलता भिन्न नहीं है, उसी प्रकार चम्पा-नरेशके लिए पूर्णरूपसे आप हैं। हे करकण्ड राजन्, तुम चम्पाके राजा की उत्तम सेवाका पालन करो और आप दोनों जन एक होकर भोगों और धराका उपभोग करो।"

११

Karakaṇḍa proposes to decide the issue by an open battle.

विणु केरइँ लब्भइ णाहि मित्त एह मेइणि भुंजहुँ हत्थमेत्त ।
ण वि पालहि जइ पुणु सेव तासु तो ठाउ करहि अह कहिँ मि णासु ।
तं सुणिवि वयणु करकंडएण तेँ हियवइँ कोहु धरंतएण ।
आयंबणयण भालयले णीय णं चंददिवायर सग्गि ठीय ।
जाजाहि दूव तउ सामि जेत्थु तुहुँ खणु वि एक्कु मा वसहि एत्थु । 5
संखेवेँ कहि चंपाहिवासु हउँ आयउ तुरियउ तुज्झ पासु ।
जइ संगरि अत्थि भडावलेउ संगामु मज्झु ता तुरिउ देउ ।
इउ सुणिवि वयणु गउ दूउ तेत्थु सिरिधाडीवाहणु वसइ जेत्थु ।
घत्ता—तेँ कहियउ दंतीपुरिणिवइँ सो पइँ देव ण[3] वि णवइ ।
संगामरंगि तुम्हेँ हिँ सहुँ अइजुज्झइ धीरउ इउ लवइ ॥११॥ 10

१२

Karakaṇḍa's march. The Ganges. Siege of Campā.

तं [1]सुणिवि वयणु चंपाहिराउ सण्णज्झइ ता किर बद्धराउ ।
तावेत्तहिँ दंतीपुरिणिवेण कंपाविय मेइणि मंदरेण ।
णिण्णासियअरियणजीवएण उड्डाविय दहदिसि रय रणेण
णहु छायउ खलियउ रवि रएण[3] लहु दिण्णु पयाणउ कुद्धएण
गंगापएसु संपत्तएण गंगाणइ दिट्ठी जंतएण । 5
सा सोहइ सियजल कुडिलवंति णं सेयभुवंगहो महिल जंति ।
दूराउ वहंती अइविहाइ हिमवंतगिरिंदहो कित्ति णाइँ ।
विहिँ कूलहिँ लोयहिँ एहंतएहिँ आइच्चहो जलु परिदिंतएहिँ ।
दब्भंकियउड्ढहिँ करयलेहिँ णइ भणइ णाइँ एयहिँ छलेहिँ ।
हउँ सुद्धिय णियमग्गेण जामि मा रूसहि अम्महो उवरि सामि । 10
णइ पेक्खिवि णिउ [4]करकंडणामु गउ जणणणयरु गुणगणियधामु ।
घत्ता—जेँ संगरि सुरवरखेयरहँ भउ जणियउ धणुहरमुअसरहिँ ।
तेँ वेढिउ पट्टणु चउदिसिहिँ गयतुरयणरिंदहिँ दुद्धरहिँ ॥१२॥

१३

The king of Campā receives information.

तं वेढिउ जा राएण तेण ता आउलि पुरयणु हुउ खणेण ।
णरणाहहो कहिउ परेण केण उवरुद्धउ परबलु सयलु जेण ।
हे णरवइ परबलबणहुआस बंदीयणसज्जणपूरियास
उद्दंडसुंड गय गुलुगुलंत कुडिलाणण वरहय हिलिहिलंत ।
संचल्लिय रहवर [2]घरहरंत फारकहिँ फुरियहिँ फरहरंत । 5
करवालकिरण रविकरहरंत वंकुडिय कउत्तल [3]थरहरंत ।

---

११. २ S सग्गे. २ J तुज्झु. ३ DN ण णवि.
१२. १ S सुणेवि. २ S N अरिणर. ३ SJ वएण. ४ J करकंडु णामु.
१३. १ J °सु. २ S J घरहरंत. ३ S J थलहरंत; N घरहरंत.

११—करकण्डका रोष

"हे मित्र, बिना सेवाके यह मेदिनी एक हस्तमात्र भी भोगनेके लिए नहीं मिल सकती। यदि आप चम्पाधिपका सेवा-पालन नहीं करेंगे तो यहाँसे भागकर कहीं अन्यत्र अपना ठाँव कीजिए।" इस वचनको सुनकर करकण्डने अपने हृदयमें क्रोध धारणकर लाल आँखें कपालकी ओर खींच लीं, जैसे मानो चन्द्र और सूर्य स्वर्गमें स्थित हों। वह बोला—"हे दूत जा, चला जा यहाँसे जहाँ तेरा स्वामी है। तू अब एक क्षण भी यहाँ मत ठहर। संक्षेपसे चम्पाधिपको कहना कि मैं तुरन्त ही तुम्हारे पास आता हूँ। यदि समरमें शूर-वीरताका अभिमान हो तो जल्दी मुझसे संग्राम करे।" यह वचन सुनकर दूत वहाँ गया, जहाँ श्री धाडीवाहन राजा रहता था। उसने कहा—"हे देव, वह दन्तीपुरका राजा आपको नमन करनेके लिए तैयार नहीं है। समरांगणमें वह तुम्हारे साथ जूझेगा। वह धीर ऐसा कहता है।"

१२—दुर्धर सेना चलकर गंगातीर पहुँचती है।

यह वचन सुनकर, तब चम्पाधिराज लगनके साथ युद्धकी तैयारी करने लगा। उसी समय यहाँ दन्तीपुरके राजाने मन्दर-सहित मेदिनीको कम्पायमान कर दिया। जिसने अपने शत्रुजनोंको जीव-रहित करके नाश कर दिया था, उस करकण्डने रण-यात्राके द्वारा दसों दिशाओंमें धूल उड़ायी। आकाश आच्छादित हो गया और रवि अपनी चालसे स्खलित हो गया। क्रुद्ध होकर उसने जल्दी-जल्दी प्रयाण किया। चलते-चलते गंगा प्रदेशमें आकर उसने गंगा नदीको देखा। वह श्वेत जल-सहित अपनी कुटिल धारासे ऐसी शोभायमान थी जैसे मानो श्वेत भुजङ्गकी महिला जा रही हो। दूरसे ही बहती हुई वह ऐसी दिखायी दी, जैसे वह हिमवन्त गिरीन्द्रकी कीर्त्ति ही हो। दोनों कूलोंपर नहाते हुए व आदित्यको जल चढ़ाते हुए दर्भसे युक्त ऊँचे उठाये हुए करतलों-सहित लोगोंके द्वारा, मानो इन्हीं बहानोंसे, नदी कह रही थी कि 'मैं शुद्ध हूँ, और अपने मार्गसे जाती हूँ; हे स्वामी, हमारे ऊपर रुष्ट मत होइए।' नदीको देखकर करकण्ड राजा अपने पिताके नगर गुणगणोंके धाम चम्पापुरको गया। जिसने बड़े-बड़े देवों और खेचरोंको समरमें धनुषसे छोड़े हुए बाणों-द्वारा भय उत्पन्न किया था, उसने चम्पापट्टणको चारों दिशाओंमें दुर्द्धर गज, तुरङ्ग और नरेन्द्रोंकी सेनाओंसे घेर लिया।

१३—आक्रमणकारी सैन्यका समाचार

जब उस राजाने नगरको घेर लिया, तब एक क्षणमें पुरजन आकुल हो उठे। किसी एकने, जिसने समस्त शत्रुकी सेनाको घेरा डालते देख लिया था, जाकर राजासे कहा—"हे नरपति, शत्रुके सैन्यवनके दावानल, बन्दीजनों और सज्जनोंके आशा-पूरक, उधर उद्दण्ड सूँड़ोंवाले गज गुड़गुड़ा रहे हैं। टेढ़ी घींच किये बड़े-बड़े घोड़े हिनहिना रहे हैं। बड़े-बड़े रथ घर्राते हुए व स्फुरायमान ध्वजाओंसे फहराते हुए चल रहे हैं। तलवारोंकी किरणें सूर्यकी रश्मियोंको भी जीत रही हैं। बाँकुड़े कुन्तल थर्रा रहे हैं। छुरियों-सहित भाले खूब चमचमा रहे हैं। योद्धा पवनके

छुरिएहिँ कोंत अइविप्फुरंत पवणा इव वेएँ संचरंत ।
सीहोव[4] मदुद्धरु अइपयंडु तुह[5] उवरि पराइउ वइरिदंडु ।
घत्ता—तं सुणिवि णरिंदहो मुहकमलु संजायउ रत्तुप्पलसरिसु ।
डसियाहरु भूभंगुरणयणु कोहाणलु वड्ढिउ गउ हरिसु ॥ १३ ॥ 10

१४

The Campā-king marches out with his forces.

ताव सो उट्ठिओ धाइया किंकरा संगरे जे वि देवाण भीयंकरा ।
वाउवेया हया सज्जिया कुंजरा चक्कचिक्कार संचल्लिया रहवरा ।
हक्क डक्कार हुंकार मेल्लंतया धाविया के वि कुंताइँ गेण्हंतया ।
के वि सम्माणु सामिस्स मण्णंतया पायपोमाण रायस्स जे भत्तया ।
चावहत्था पसत्था रणे दुद्धरा धाविया ते णरा चारुचित्ता वरा । 5
के वि कोवेण धावंति कप्पंतया के वि उग्गिण्णखग्गेहिँ दिप्पंतया ।
के वि रोमंचकंचेण संजुत्तया के वि सण्णाहसंबद्धसंगत्तया ।
के वि संगामभूमीरसे रत्तया सग्गिणीछंदमग्गेण संपत्तया ।
घत्ता—चंपाहिउ णिग्गउ पुरवरहो हरिकरिरहवरपरियरिउ ।
उद्दंडचंडपीवरकरहिँ भणु केहिँ[1] ण केहिँ ण अणुसरिउ ॥ १४ ॥ 10

१५

Fight begins.

ता हयइँ तूराइँ भुवणयलपूराइँ ।
वज्जंति वज्जाइँ सज्जंति सेण्णाइँ ।
आणाए घडियाइँ परबलइँ भिडियाइँ ।
कुंताइँ भज्जंति [1]कुंजरइँ गज्जंति ।
रहसेण वग्गंति करिदसणे लग्गंति । 5
गत्ताइँ तुट्टंति मुंडाइँ फुट्टंति ।
रुंडाइँ धावंति अरिथाणु पावंति ।
अंताइँ गुप्पंति रुहिरेण थिप्पंति ।
हड्डाइँ मोडंति गीवाइँ तोडंति ।
घत्ता—के[2] वि भग्गा कायर जे वि णर के[2] वि भिडिया के वि पुणु । 10
खग्गुग्गामिय के वि भड मंडेविणु थक्का के वि रणु ॥ १५ ॥

१६

Karakaṇḍa requisitions the Vidyā.

ता रोसेँ चंपाहिउ णरिंदु रह चडिवि पधायउ णं सुरिंदु ।
सो तुरिउ गयउ परबलणिवासु अब्भिडियउ[2] करकंडहो णिवासु ।

---

४ D सीहो इव. ५ DN तहो.

१४ १ SD. केहें.

१५ १ J में 'कुंजरइं गज्जंति' छूटा है. २ J कि वि.

१६ १ S चंपाहिव. २ N अब्भडियउ.

समान वेगसे सञ्चार कर रहे हैं। इस प्रकार वैरीका सिंहके समान दुर्द्धर, अति प्रचण्ड सैन्य आपके ऊपर चढ़ आया है। यह सुनकर राजाका मुखकमल रक्तोत्पलके सदृश लाल हो उठा। उन्होंने अपने होंठ चबाये; आँखोंपर भौंहें चढ़ गयीं, क्रोधानल भभक उठा और हर्ष चला गया।

१४—चम्पाकी सेना भी तैयार हुई

तब वह चम्पाका राजा उठ खड़ा हुआ। दौड़ने लगे वे किंकर जो समरमें देवोंको भी भयङ्कर थे। वायुवेग घोड़े और कुञ्जर सज गये। बड़े-बड़े रथ चक्कोंकी चीत्कार करते हुए चल पड़े। हाँकें, डँकारें और हूँकार छोड़ते हुए कितने ही योद्धा भाले ग्रहण करके दौड़ पड़े। कितने ही अपने स्वामीके सम्मानको मानते थे, और राजाके चरण-कमलोंके भक्त थे। वे प्रशस्त, रणमें दुर्द्धर नर प्रसन्नचित्त होकर हाथोंमें धनुष लिये दौड़े। कितने ही कोपसे काँपते हुए और कितने ही उघाड़े हुए खड्गोंसे दीप्तिमान् होते हुए दौड़े। कितने ही रोमाञ्चरूप कञ्चुकसे संयुक्त थे, और कितने ही अपने गात्रपर सन्नाह बाँधकर तैयार थे। कितने ही संग्राम-भूमिके रसमें रक्त होकर स्वर्ग पानेके इच्छित मार्गसे आ पहुँचे। (इस कडवक की रचना सर्गिणी छन्दमें हुई है)। चम्पाधिप उत्तम घोड़ों, हाथियों और रथोंसे युक्त होकर पुरवरसे निकल पड़ा। उद्दण्ड, चण्ड, स्थूल भुजशाली, कहो, किन-किनने उसका अनुसरण नहीं किया ?

१५—भीषण संग्राम

तब नगाड़ोंपर चोट पड़ी जिससे भुवन-तल पूरित हो गया। बाजे बज रहे हैं और सैन्य सज रहे हैं। आज्ञानुसार व्यूह-घटित होकर वे सेनाएँ शत्रु-बलसे भिड़ गयीं। भाले भग्न हो रहे हैं, कुञ्जर गरज रहे हैं, योद्धा वेगसे बढ़ रहे हैं, हाथीके दाँतोंसे लग रहे हैं। गात्र टूट रहे हैं, मूँड़ें फूट रही हैं। रुण्ड दौड़ रहे हैं और शत्रु स्थानको पा रहे हैं। आँतें निकल रही हैं, रुधिर से सन रही हैं। हड्डियाँ मुड़ रही हैं, ग्रीवाएँ टूट रही हैं। जो कोई नर कायर थे, वे भाग उठे, कोई भिड़ गये। भट खड्ग तानकर और कोई रणमांड कर डट गये।

१६—करकण्ड और चम्पाधिपका युद्ध

तब रोषसे चम्पाधिप नरेन्द्र रथपर चढ़कर दौड़ा, जैसे सुरेन्द्र। वह तुरन्त परसैन्यके नृपके समीप गया और करकण्ड राजासे भिड़ गया। तब दोनों बलोंमें कलकल बढ़ गया। नभस्तल

ता कलयलु वड्ढिउ विहिँ बलाहँ बाणावलिछाइयणहयलाहँ ।
करकंडेँ कोहाणलजुएण अइरावइकरदीहरभुएण ।
ता तुरियइँ चंपणराहिवासु सहसत्ति पमेल्लिय सत्ति तासु । 5
रहु छिण्णिउ चिण्हद्धउ खणेण पुणु सारहि पाडिउ तुरिउ तेण ।
ता खेवेँ चंपणराहिवेण संपेसिय बाण तुरंतएण ।
सर पेसिय जा चंपाहिवेण करकंडहो बलु भग्गउ खणेण ।
घत्ता—करकंडेँ पेच्छिवि बलु चलिउ मणि रोसु महंतउ विप्फुरिउ ।
जा विज्ज पइण्णी खेयरइँ तहे पेसणु दिण्णउ तेँ तुरिउ ॥ १६ ॥ 10

१७

The havoc wrought by the Vidyā until overpowered by Campā-king.

ताव तेण दुद्धरेण मुक्क विज्ज मच्छरेण ।
ता खणेण विज्ज धिट्ठ धाविया तुरंत दिट्ठ[1] ।
फे करंति हुं करंति वाउवेय संचरंति
रक्खसी व वावरंति भासुरा वि खे मिलंति ।
कुंभिकुंभ णिद्दलंति रहवरेण रह दलंति । 5
संगरम्मि जे वि दिट्ठ दंसणेण ताहे णट्ठ ।
के वि मुच्छमोहियाइँ के वि जोह[3] जोहियाइँ ।
के वि घायखंडियाइँ के वि जीव छंडियाइँ ।
घत्ता—ता कुवियइँ चंपणरेसरइँ तुरिएण वि असिलय करे धरिय ।
जा विज्ज गिलंती णरसयइँ बलसत्ति खणद्धेँ तहे हरिय ॥ १७ ॥ 10

१८

Karakaṇḍa takes up his bow in wrath.

गय विज्ज तट्ठीय करकंडेँ दिट्ठीय ।
रोसं वहंतेण करे धणुहु[1] किउ तेण ।
तहो चप्पे गुणु दिण्णु तं पेक्खि जणु खिण्णु ।
ता गयणे गुणसेव खोहं गया देव ।
टंकारसद्देण घोरेँ[2] रउद्देण । 5
धरणियलु तडयडिउ तस[3] कुम्मु कडयडिउ ।
भुवणयलु खलभलिउ गिरिपवरु टलटलिउ ।
मयरहरु झलझलिउ धरणिंदु सलवलिउ ।
खगणाहु परिसरिउ सुरराउ थरहरिउ ।
घत्ता—सो सहु सुणेविणु धणुगुँणहो रह भग्गा णट्ठा गयपवर । 10
मउगलियउ चंपणराहिवहो भयभीय ण चल्लहिँ कहिँ खयरँ[5] ॥ १८ ॥

---

१७. १ N S दुट्ठ. २ J N S में यह चरण छूटा है, तथा D में वह हाँसियेमें जोड़ा गया है. ३ J जोय.

१८. १ J का पत्र १९ अप्राप्त होनेसे इस कडवकके 'हु किउ तेण' से लेकर कडवक १९, २० और २१ की प्रथम ८ पंक्तियाँ नहीं मिलीं. २ S J घोरेण. ३ N तसु. ४ D धणुहरहो. ५ S J 'कहिं खयर'के स्थानमें 'खेयर'.

बाणावलिसे आच्छादित हो गया। तब क्रोधानल युक्त होकर, ऐरावतकी सूँड़के समान दीर्घ भुजशाली करकण्डने तुरन्त चम्पा-नराधिपपर शक्तिके साथ अपनी शक्ति छोड़ी। उसने एक क्षणमें चिह्नध्वज-सहित रथको छिन्न कर डाला, और फिर तुरन्त ही सारथीको धराशायी किया। तब शीघ्र ही चम्पाधिपने जल्दी-जल्दी बाण प्रेषित किये। जब चम्पाधिपने बाण छोड़े, तब एक क्षणमें करकण्डका सैन्य भाग उठा। करकण्डने जब अपने बलको चलायमान देखा तब उसके मनमें महान् रोष विस्फुरित हुआ, और जो विद्या उसे खेचरने दी थी उसे तुरन्त प्रेषण दिया।

१७—करकण्डकी खेचरी विद्याका प्रभाव

तब उस दुर्द्धर राजा करकण्डने मात्सर्यसे विद्या छोड़ी। वह ढीठ विद्या एक क्षणमें तुरन्त दौड़ती हुई दिखायी दी। वह विद्या फे करती, हूँ करती, वायुवेगसे सञ्चार करती एवं राक्षसोके समान व्यापार करती तथा चमकती हुई आकाशमें मिल जाती। हाथियोंके कुम्भस्थलोंका निर्दलन करती। एक रथसे दूसरे रथको टकराकर चूर्ण करती। संग्राममें जिनकी ओर उसने देखा वे उसके दर्शनमात्रसे नष्ट हुए। कोई मूर्च्छासे मोहित हो गये। कितने ही योधा जूझ गये। कोई घातसे खण्डित हो गये और कितने ही जीवनसे छूट गये। तब चम्पानरेशने कुपित होकर तुरन्त ही खड्गलता हाथमें धारण की और जो विद्या सैकड़ों नरोंको निगल रही थी, उसकी बल-शक्तिको क्षणार्द्धमें हर लिया।

१८—करकण्डकी भीषण धनुष-टंकार

करकण्डने देखा कि उसकी विद्या चली गयी। तब उसने रोष धारण करके, अपने हाथमें धनुष लिया और उसकी चापपर प्रत्यञ्चा चढ़ायी। इसे देख लोग खिन्न हो उठे। उसी समय गगनमें गुणसेवी देव क्षोभको प्राप्त हुए। धनुषके घोर व रुद्र टङ्कार शब्दसे धरणीतल तड़तड़ाया। उसके नीचेका कूर्म कड़कड़ाया, भुवनतल खलभलाया। प्रवर गिरि टलटलाया। सागर झलझलाया और धरणीन्द्र सलबलाया। खगनाथ खिसक गया और सुरराज थर्रा उठा। धनुषकी प्रत्यञ्चाके उस शब्दको सुनकर रथ (के घोड़े) भाग उठे, गजप्रवर नष्ट हुए, चम्प-नराधिपका मद गलित हुआ तथा भयभीत खेचर निश्चल हो गये।

१९

Karakaṇḍa's mother appears on the scene.

सुरलोयहँ छुडु हियवउ विभिण्णु छुडु परबलु भयभीयउ णिसण्णु ।
संबद्धउ छुडु वइसाहथाणु[1] छुडु भग्गउ चंपणरिंदमाणु ।
छुडु चाउ खणद्धें सज्जियाउ छुडु सेयजलें गुणु मज्जियाउ ।
करकंडें गुणे किउ बाणु पवरु चंपाहिवेण ता मुक्कु अवरु ।
हुउ बाणु णिरत्थउ सो हु जाव पोमावइ संगरे पत्त ताव । 5
सा दिट्ठिय तेण णरेसरेण पुणु [2]पणमिय दूरहो णयसिरेण ।
हे माइ माइ संगरे असज्झे किं आइय तुहुँ भडनियरमज्झे ।
सा भणइ पुत्त संवरहि चाउ प्रहु धाडीवाहणु तुज्झ ताउ ।
घत्ता—कहि माइ महासइ गुणणिलउ किमु ताउ महारउ णिउ हवइ ।
ता ताइँ तुरंतइँ तहो कहिउ सुणि पुत्त महाबल धरणिवइ ॥ १९ ॥ 10

२०

Padmavati recalls the incidents connected with his birth.

चंपाउरिरायहो घरे रमणी हउँ [1]होंती जणवयमणदमणी ।
संजायउ जइयहुँ गब्भे तुहुँ उप्पण्णउ तइयहुँ दुक्खु महुँ ।
हउँ हरिवि णीय ता करिवरेंइँ दंतीपुरि बाहिरि दुद्धरेंइँ ।
तहिं जायउ भीममसाणि तुहुँ पइँ पेक्खिवि जायउ मज्झु सुहु ।
करकंडु णरेसरु एक्कु खणु तं सुणिवि वयणु थिउ बिमणमणु । 5
णियपुत्तहो अक्खिवि चत्तभया पुणु तुरियउ कंतहो पासे गया ।
सा दिट्ठिय चंपणरेसरेण गंगाणइ णं रयणायरेण ।
जाणंतें प्रह पोमावइया तो वि तेण सहावें सा णमिया ।
अह [4]गरुवउ जो वयभरु धरेइ तें राणउ कंतहे थुइ करेइ ।
घत्ता—परिपुच्छिय चंपणराहिवइँ कह छुट्टिय तुहुँ तहो गयवरहो । 10
ता कहियउ ताइँ तुरंतियइँ णिव गयइँ पमुक्की तडे सरहो ॥ २० ॥

२१

The battle field becomes a scene of family embraces.

तहो पासे मसाणइँ महो सुयउ कुलमंडणु णंदणु सो हुयउ ।
परिपालिउ केण वि खेयराइँ वउ लइयउ तहिं मइँ णिव भराइँ ।
दंतीपुरिराणउ ता मुयउ तहिं णयरे णराहिउ सो कियउ ।
सो जाणहि एवहिं तुह भिडिउ तुहुँ कोह पिसाएँ परिणडिउ ।
मा मुज्झहि छंडहि एहु गहु [3]णिव णंदणु तेरउ एहु पहु । 5
तं वयणु सुणिवि चंपाहिवइ संतुट्ठउ तक्खणे सो हियइँ ।
हउँ धण्णउ जसु एहउ सुयउ जो संगरे धीरउ दिढभुयउ ।
परिछंडिवि [4]धणुहरु गलियसरु करकंडपासु गउ णिवपवरु ।

---

१९ १ N वइराह ठाणु. २ N पणविय लहु पहु णियसरेण.
२० १ N हुंतिय. २ D J S °रइं. ३ N णविया. ४ D J S गरुयउ जो वयभारु धरइ.
२१ १ N सइं. २ N गाहु. ३ N जाहु. ४ N धणु गंभीरसरु. ५ N करकंड पयासिउ णिउ पवरु.

१९—समराङ्गणमें पद्मावती माता

तुरन्त ही सुर लोगोंका हृदय भिन्न हो गया और शत्रुबल भयभीत होकर सन्न रह गया। उसी क्षण करकण्डने वैशाख स्थान साधा (शरसन्धान मुद्रा धारण की) जिससे तुरन्त ही चम्पा नरेन्द्रका मान भङ्ग हो गया। उसी समय क्षणार्द्धमें चापको सजाया और पसीनेके जलसे प्रत्यञ्चा को माँजा। करकण्डने ज्योंही इधर प्रचण्ड बाणको प्रत्यञ्चापर किया, तभी उधर चम्पाधिपने दूसरा बाण छोड़ा। ज्योंही वह बाण निरर्थक हुआ, त्योंही समरमें पद्मावती आ पहुँची। करकण्ड नरेश्वरने उसे देखा और दूरसे ही सिर नवाकर प्रणाम किया। वह बोला—"हे माता, माता, इस असाध्य संग्राममें, भटसमूहके मध्य, तू क्यों आई ?" वह बोली—"हे पुत्र, चाप रोको; यह धाडीवाहन तुम्हारा पिता है। करकण्डने पूछा—"हे महासती माता, कहो तो, यह गुणनिलय नृप मेरा पिता कैसे होता है ?" तब उसने तुरन्त उससे कहा—"हे महाबली धरणीपति पुत्र, सुनो"

२०—पद्मावतीने पिता-पुत्रकी पहचान करायी

मैं चम्पापुरीके राजाके घरमें उनकी रमणी थी। समस्त देशके लोगोंका मन मुझसे प्रसन्न था। ज्योंही तू गर्भमें आया, त्योंही मुझे एक दुःख उत्पन्न हुआ। मुझे एक बड़ा दुर्द्धर हाथी हरकर दन्तीपुरके बाहर ले गया। वहाँ भीम श्मशानमें तू उत्पन्न हुआ। तुझे देखकर मुझे सुख हुआ। करकण्ड नरेश्वर उस वचनको सुनकर एक क्षणके लिए मनमें विस्मित होकर रह गया। उधर पद्मावती अपने पुत्रसे उक्त प्रकार कहकर, भय छोड़, तुरन्त अपने कान्तके पास गयी। उसे चम्पा नरेशने देखा, जैसे रत्नाकर गङ्गानदीको देखे। यह जानकर भी कि पद्मावती है, उसने उसे स्वभावतः नमन किया। वह जो गौरवशाली व्रतोंका भार धारण किये हुए थी, इससे राजाने अपनी कान्ताकी स्तुति की। फिर चम्पनराधिपने उससे पूछा कि तू उस गजवरसे छूटी कैसे ? तब उसने तुरन्त कहा—"हे राजन्, गजसे मुझे सरोवरके तटपर मुक्ति मिली।"

२१—पिता-पुत्र सम्मेलन

"उसीके पास श्मशानमें मुझे प्रसूति हुई और वह कुलमण्डन नन्दन उत्पन्न हुआ। किसी एक खेचरने उसे पाला। मैंने वहीं हृदयके भारसे व्रत ले लिया। फिर दन्तीपुरके राजाकी मृत्यु हुई और मेरे उसी पुत्रको नगरका राजा बनाया गया। जान लीजिए, वही पुत्र इस प्रकार तुमसे आ भिड़ा है। तुम क्रोधरूपी पिशाचसे विडम्बित हुए हो। मूढ़ मत होइए। इस आग्रहको छोड़िए। हे नृप, यह तेरा ही प्रभावशाली पुत्र है।" उस वचनको सुन करचम्पाधिप तत्क्षण हृदयसे सन्तुष्ट हुआ और बोला—"मैं धन्य हूँ जिसका ऐसा पुत्र हो, जो दृढ़ भुजाशाली और संग्राममें धीर हो। उस प्रवर राजाने अपने धनुषको छोड़ा, बाणको नीचे गिरा दिया और करकण्डके पास गया

घत्ता—पुणु जाइवि धाडीवाहणहँ आलिंगिउ णंदणु सो खणिण ।
जह संगरे जाइवि तेयणिहि पज्जुण्णु कुमरु[६] दामोयरिण ॥ २१ ॥ 10

२२

Karakaṇḍa is Crowned king of Campā and his father retires for penances.

करकंडहँ वुत्तउ णियजणणु पहँ सरिसउ जं मइँ कियउ रणु ।
मा गिण्हहि मेरउ देव छलु तं खमहि भडारा महो सयलु ।
तं सुणिवि वयणु चंपाहिवइँ उल्लसियउ तक्खणे सो हियइँ ।
गउ लेविणु णयरहो सहुँ णिवेहिँ पइसारिउ णाणाउच्छवेहिँ ।
सा णयरी करकंडें सहेइ अमराउरि लज्जा तहो वहेइ । 5
णर रयणइँ लेविणु साणुराय णिवमंदिरे वद्धावणहुँ आय ।
ता दुद्धररायहँ जो [१]धरट्टु करकंडहो बद्धउ रायपट्टु ।
पुणु अप्पुणु राएँ तक्खणेण तणु मंडिउ तवसिरिभूसणेण ।
कम्मट्ठगंठिणिट्ठवणसारु तउ चरिवि सुदुद्धरु काममारु ।
तणु छंडिवि खंडिवि हिययगंठि सो लग्गउ सिववहुतणहँ कंठि । 10

घत्ता—गउ धाडीवाहणु सिवणिलउ कणयामरवण्णउ गुणहँ घरु ।
करकंडु करंतउ रज्जु पुरि सो अच्छइ माणिणिहिययहरु ॥ २२ ॥

इय करकंडमहारायचरिए मुणिकणयामरविरइए भव्वयणकण्णावयंसे पंचकल्लाणविहाण-कप्पतरुफलसंपत्ते करकंडचंपापुरिपवेसो णाम तइउ परिच्छेउ समत्तो ।

॥ संधि ॥ ३ ॥

---

६ में 'कुमरु'के स्थानमें 'णाइं'

२२. १ N मरट्ठु.

वहाँ जाकर घाडीवाहनने उसी क्षण अपने पुत्रका आलिङ्गन किया, जिस प्रकार कि संग्राममें जाकर दामोदरने तेजनिधि प्रद्युम्नकुमारका आलिंगन किया था।

२२—करकण्ड चम्पामें सिंहासनारूढ़

करकण्डने अपने पितासे कहा—"आपके साथ मैंने रण किया, इसे हे देव, मेरा (अपराध) मत ग्रहण कीजिए। उस मेरे समस्त अपराध को, हे भट्टारक, क्षमा कीजिए।" इस वचनको सुनकर वह चम्पाधिप तत्क्षण हृदयमें उल्लसित हो उठा। वह उसे लेकर अन्य राजाओं-सहित नगरको गया और नाना उत्सवोंसे उसका प्रवेश कराया। करकण्डके द्वारा वह नगरी ऐसी शोभायमान हुई कि अमरपुरी भी उससे लज्जित हो गयी। लोग रत्न लेकर अनुराग-सहित राज- ५
महलमें बधाईके लिए आये। फिर दुर्द्धर राजाओंको पीसनेके लिए घरट्टके समान राजपट्ट करकण्ड को बाँधा गया, और राजाने उसी क्षण अपने शरीरको तपश्रीरूपी भूषणसे मण्डित किया। राजा अष्टकर्म रूपी ग्रन्थिका नाश करनेमें समर्थ, काम-विनाशक सुदुर्द्धर तपश्चरण करके, शरीरको छोड़कर, हृदयकी गाँठको खण्डित कर, शिवरूपी वधूके कण्ठसे जा लगे। गुणोंके घर घाडीवाहन कनक व अमरवर्ष्य शिवनिलयको गये, और यहाँ नगरीमें मानिनियोंके हृदयहारी करकण्ड चम्पापुरी १०
में राज्य करते हुए रहने लगे।

इति मुनि कनकामर विरचित भव्यजनकर्णाक्तंस पञ्चकल्याणविधान कल्पतरु फल सम्पन्न करकण्ड महाराज चरित्रमें करकण्डका चम्पापुरी-प्रवेश नामक तृतीय परिच्छेद समाप्त।

संधि–४

१

Karakaṇḍa's resolve to subdue the kings of the South.

ध्रुवकं—करकंडइँ साहिवि महि सयल परिपुच्छिउ मइवरु विमलमइ ।
भणु सम्मइ मइवर को वि णरु जो अज्जु वि दुट्ठउ ण वि णवइ ॥

सो मइवरु पभणइ देवदेव तुह महियलु सयलु वि करइ सेव ।
पंरि दिविडदेसे णिव अत्थि धिट्ठ ते णमहिँ ण कासु वि हियइँ दुट्ठ ।
सिरि चोडि पंडि णामेण चेर णउ करहिँ तुहारी देव केर ।
आयण्णिवि तं चंपाहिवेण संपेसिउ दूवउ तहो खणेण ।
तें जाइवि ते चोडाइराय इउ भणिय णवहु करकंडपाय ।
णिब्भत्थिउ दूवउ तेहिँ सो वि जिणु मेल्लिवि अण्णु ण णवहुँ को वि ।
करकंडहो आइवि कहिउ तेण णउ करहिँ सेव तुह किं परेण ।
तं सुणिवि वयणु करकंडु राउ जइ देमि ण तहो सिरि णिययपाउ ।
तो महियलपुत्तइंदियसुहासु महो अत्थि णिवित्ति परिग्गहासु ।
[1]पहु पेइज करवि करकंडएण लहु दिण्णु पयाणउ कुद्धएण ।

घत्ता—चंपाहिउ चल्लिउ तहो उवरि गय चडिवि विणिग्गउ पुरवरहो ।
चउरंगइँ सेण्णइँ संजुयउ सो लीला धरइ सुरेसरहो ॥ १ ॥

२

His march and camp at Terapur.

तहो जंतहो महि हयखुरहिँ भिण्ण गयणंगणि गय रय धूमवण्ण ।
पसरंतहिँ तेहिँ दिगाणणाहँ णं मुहवडु किउ दिसिवारणाहँ ।
महि हल्लिय चल्लिय गिरिवरिंद कंपंत पणट्ठा खे सुरिंद ।
दक्खिणवहे गउ तेरापुरम्मि तहो दक्खिणदिसिहिँ महावणम्मि ।
आवासिउ तहिँ बलु चाउरंगु खणे सीहपुलिंदहँ हुयउ भंगु ।
संताडिय दूसय पंचवण्ण णं अमरगेह भूमिहिँ पवण्ण ।
गय करिवर लेविणु जलहो मेट्ठ रासहियहिँ धाविय खर पहिट्ठ ।
लोलाविय [1]धय णिवणरवरेहिँ महि णच्चइ णं उब्भियकरेहिँ ।

घत्ता—आवासिउ अच्छइ [2]जाव तहिँ करकंडणराहिउ [3]पउरबलु ।
पडिहारु पराँइउ तहो पुरउ दूराउ णमंतउ हरियमलु ॥ २ ॥

---

१. १ N पर. २ S पयज.
२. १ D J N गय, २ J जाम. ३ N पवर°. ४ J परायउ.

सन्धि—४

१—करकण्डकी द्रविड़ देशको जीतनेकी प्रतिज्ञा

करकण्डने समस्त पृथ्वीको वशीभूत करके विमलमति मन्त्रिवरसे पूछा, "हे सन्मति मन्त्रिवर, कहो, क्या कोई आज भी ऐसा दुष्ट मनुष्य है जो मुझे नमन न करता हो ?" तब उस मन्त्रिवरने कहा—"हे देव देव, आपकी समस्त ही महीतल सेवा करता है। परन्तु द्रविड़ देशमें ऐसे ढीठ नृप हैं जो किसीको नमन नहीं करते। वे हृदयसे बड़े दुष्ट हैं। श्री चोड, पाण्ड्य और चेर नामके राजा, हे देव, आपकी सेवा नहीं करते।" यह सुनकर चम्पाधिपने उनके पास उसी क्षण एक दूतको प्रेषित किया। उसने जाकर उन चोड आदि राजाओंसे कहा कि आप करकण्डके चरणोंको नमन कीजिए। किन्तु उन्होंने उस दूतको बहुत डाँटा-फटकारा और कहा—"जिनेन्द्रको छोड़कर हम अन्य किसीको नमन नहीं करते।" उस दूतने आकर करकण्डसे कहा—"वे आपकी सेवा नहीं करेंगे, बहुत कहनेसे क्या ?" इस वचनको सुनकर करकण्ड राजाने प्रतिज्ञा की कि 'यदि मैं उन राजाओंके सिरपर अपना पाँव न दूँ, तो महीतल, पुत्र, इन्द्रियसुखों एवं परिग्रहोंसे मेरी निवृत्ति है' (अर्थात् मैं इन सबका त्याग कर दूँगा)। यह प्रतिज्ञा करके करकण्डने क्रुद्ध होकर शीघ्र प्रयाण कर दिया। चम्पाधिप उस देशपर चढ़ाई करने चल पड़ा। वह एक हाथीपर चढ़कर राजधानीसे निकला। अपनी चतुरङ्गिणी सेनासे संयुक्त होकर वह सुरेश्वरकी शोभाको धारण करने लगा।

२—करकण्डका चतुरङ्गिणी सेनासहित प्रयाण

करकण्डकी यात्रासे पृथ्वी घोड़ोंके खुरोंसे भिद गयी और धूमवर्ण रज गगनाङ्गणमें उड़ने लगी। उस धूलिने दिशाओंमें प्रसारकर मानो दिग्गजोंके मुखोंपर पट डाल दिया। मही हिल पड़ी, बड़े-बड़े पर्वत चलायमान हो गये और सुरेन्द्र आकाशमें कम्पित हुए भागे। दक्षिणापथ पर चलते हुए करकण्ड तेरापुरमें पहुँचा। वहाँ नगरकी दक्षिण दिशामें महावनके बीच चतुरङ्गिणी सेना का डेरा डाला गया। क्षणमात्रमें वहाँके सिंहों और पुलिन्दोंकी मगदड़ मच गयी। पचरङ्गे तम्बू ठोंक दिये गये, मानो देवोंके विमान भूमिपर उतर आये हों। महावत हाथियोंको लेकर जलाशयको गये, और गधे प्रहृष्ट होकर गधियोंकी ओर दौड़े। राजपुरुषोंने ध्वजाएँ फहरा दीं, मानो मही ऊँचे हाथ करके नाचने लगी हो। इस प्रकार जब करकण्ड नरेश अपनी विशाल सेनासहित वहाँ डेरा डाले बैठे थे, तब उनके सम्मुख प्रतीहार आया और दूरसे ही उसने विशुद्धभावसे नमन किया।

३

Siva, the king of Terapur, visits Karakaṇḍa.

णिउ अत्थि देव तेरापुरम्मि सिउ णामें रूढउ भूवलम्मि ।
सो तुम्हहँ पेक्खहुँ एत्थु आउ किं आवइ किं सो वलिवि जाउ ।
करकंडें वयणु सुणेवि तासु पडिहारु भणिउ तेराहिवासु ।
पइसारु खणद्धें तासु देहि तुहुँ अप्पुणु जाएवि लेवि एहि ।
पडिहारें सो णिउ आणिओ वि करकंडहँ पुणु सम्माणिओ वि । 5
पुणु तेण पपुच्छिउ करिवि वाल तुह कुसलु णरेसर सयलकाल ।
तें भणिउ णरेसर कुसलु मज्झु जं सिंचिउ करुणजलेण तुज्झु ।
तहो वयणें करकंडहो णिवासु तहो उवरि पवड्ढिउ णेहु तासु ।
अइपउरु पइण्णउ पुणु पसाउ किउ दाणइँ वयणइँ साणुराउ ।
घत्ता—पुणु पुच्छिउ सिउ करकंडएण महो भाइय अक्खु पयत्तएण 10
जं दिट्ठउ किं पि मणोहरउ अच्छरिउ वणम्मि भमंतएण ॥ ३ ॥

४

Karakaṇḍa, guided by Siva, explores the locality.

तं वयणु सुणिवि तेराहिवेण करकंडहो अक्खिउ पुणु सिवेण ।
एत्थत्थि देव पच्छिमदिसाहिँ अइणियडउ पव्वउ रम्मु ताहिँ ।
तहिं अत्थि लयणु णयणावहारि थम्हाण सहासहिँ जं पि धारि ।
तहो लयणहो उप्परि गिरिवरम्मि चूडामणि णं मउडहो सिरम्मि ।
गुरु वामिउ अच्छइ सोहमाणु केणावि ण कलियउ जासु माणु । 5
जलु पउमइँ लेविणु तहिँ पवण्णु तं पुज्जइ करिवरु सेयवण्णु ।
एम अच्छइ सो करि बहुअकाल एउ कहियउ मइँ तुहँ सामिसाल ।
आयण्णिवि तं करकंडु राउ गउ पव्वयसम्मुहुँ सिवसहाउ ।
घत्ता—महिमहिलहे थणु व मणोहरउ कीलाघरु देवहँ जो भरेण ।
करकंडइँ सो गिरि दिट्ठु खणे कइलासु णाइँ भरहेसरेण ॥ ४ ॥ 10

५

Discovery of an old cave-temple.

करिकुंभ बियारिवि जहिँ भमंति मुत्ताहल चरणहिँ हरि मुअंति ।
रुंजंति सीह कत्थइँ सहंति जहिँ मयजलु मयगल णउ वहंति ।
सारंग णिरंतरु जहिँ चरंति साहामय कत्थइँ वुक्करंति ।
परिभमहिँ कहिँ मि दाढाकराल हरिसम्मुह दिंतहो दुक्क कोल ।
थोवंतरि तहिँ सो चडइ जाम करकंडइँ दिट्ठउ लयणु ताम । 5
णं हरिणा अमरविमाणु दिट्ठ करकंडु णराहिउ तहिँ पइट्ठ ।
सो धण्णु सलक्खणु हरियदंभु जें लयणु करावित सहसखंभु ।
पुणु दिट्ठउ तें जिणु वीयराउ संथुणणहिँ लग्गउ साणुराउ ।
घत्ता—जय चउगइणासण मलहरण जय माणगिरिंदहो दलणपवि ।
महो देव णिरंजण तुहुँ सरणु अण्णाणतिमिरपरिहरणरवि ॥ ५ ॥ 10

---

३. १ D पयसारु.
४. १ S J वि तेण. २ S N अत्थत्थि.

३—तेरापुरके राजाकी भेंट

प्रतीहार बोला—"हे देव ! तेरापुरमें एक राजा है जो शिव नामसे भूमण्डलमें प्रसिद्ध है। वह आपके दर्शनके लिए यहाँ आया है; वह क्या आवे या लौटकर चला जाये ?" करकण्डने उसका वचन सुनकर प्रतिहारीसे कहा—"तेराधीशको क्षणार्द्धमें प्रवेश दे। तू स्वयं जाकर उन्हें लेकर आ।" प्रतीहार उस राजाको ले आया और करकण्डने उसका सम्मान किया। शिष्टाचार करनेके पश्चात् फिर उसने पूछा—"हे नरेश्वर, आपकी सदाकाल कुशल तो है ?" उसने उत्तर ५
दिया—"हे नरेश्वर, मेरी कुशल ही है, जो मैं आपके करुणारूपी जलसे सींचा गया।" उसके वचनसे करकण्ड राजाका उसके ऊपर स्नेह बढ़ गया। उन्होंने उसपर अपनी खूब प्रसन्नता दिखायी और दानसे व वचनोंसे उसे सानुराग किया। फिर करकण्डने शिव राजासे पूछा—"हे मेरे भाई, प्रतीतिपूर्वक कहो तो, क्या तुमने वनमें भ्रमण करते हुए कोई मनोहर आश्चर्य देखा है ?"

४—तेराधीश-द्वारा पर्वतपर सहस्रस्तम्भ गुफा व पूज्य वामीका समाचार

उस वचनको सुनकर तेराधिप शिवने फिर करकण्डसे कहा—"हे देव, यहाँसे पश्चिम दिशामें अति निकट एक रम्य पर्वत है। वहाँ एक नयनाकर्षक लयण (गुफामन्दिर) है, जो सहस्रों स्तम्भोंके आधारसे बनी है। उस लयणके ऊपर पर्वतपर, सिरपर मुकुटके चूड़ामणिके समान एक बड़ी सुन्दर वामी है, जिसका प्रमाण किसीने भी नहीं जाना। वहाँ जल और कमल लेकर एक श्वेतवर्ण हाथी आकर उसकी पूजा करता है। इस प्रकार वह हाथी बहुत कालसे रह रहा ५
है। हे स्वामिसार, मैंने तुम्हें यह बात कह दी।" इसे सुनकर करकण्ड राजा शिवके साथ उस पर्वतके सम्मुख गया। महीरूपी महिलाके स्तनके समान मनोहर जो देवोंका एक बड़ा क्रीड़ागृह था, उस पर्वतको करकण्डने उसी क्षण देखा, जैसे भरतेश्वरने कैलासके दर्शन किये थे।

५—भीषण वन तथा लयणका दर्शन

जहाँ हाथियोंके कुम्भस्थलोंको विदीर्ण कर सिंह घूमते हैं और अपने चरणोंमें-से मुक्ताफल बिखराते हैं। कहीं सिंह दहाड़ते हुए सोहते हैं, जिससे वहाँ हाथी मदजल नहीं झराते। जहाँ निरन्तर सारंग चरते हैं व कहीं बन्दर बुप्-बुप् कर रहे हैं। कहीं विकराल दाढ़ोंवाले कोल (वराह) केहरीके सम्मुख ढोक देते हुए परिभ्रमण कर रहे हैं। वहाँ थोड़े ऊपर चढ़नेपर करकण्डने उस लयणको देखा, जैसे देवेन्द्र देव विमान को देखे। करकण्ड नराधिपने वहाँ प्रवेश किया। धन्य है ५
वह सुलक्षण, दम्भरहित भव्यपुरुष जिसने उस सहस्र स्तम्भ लयणको बनवाया। फिर उसने वीतराग जिनेन्द्रके दर्शन किये और भक्तिसहित स्तवन करने लगा—"जय, चतुर्गतिनाशक, मलहरण; जय मानगिरीन्द्रके विदारक वज्र; हे निरञ्जन, अज्ञानरूपी तिमिरके परिहारक रवि; हे देव, तू ही मेरे लिए शरण है।"

६

An elephant is found worshipping an ant-hill.

जिणेसरु वंदिवि पत्थिव वे वि गिरिंदहो उप्परि सिग्घ चडेवि ।
णिहालिय तेहिँ दिसाहँ मुहाइँ मणम्मि णिवाहहँ जाइँ सुहाइँ ।
णिहालिय अच्छहिँ जाव वणम्मि सुवारणु पत्तउ ताव खणम्मि ।
सरोवरे पोमइँ लेवि करिंदु समायउ पव्वउ णाइँ समुद्दु ।
झलाझल कण्णरएण सरंतु कवोलचुएण मएण झरंतु । 5
सुपिंगललोयणु दंतहिँ संसु चडाबियचावसमुण्णयवंसु ।
दुरेहकुलाइँ सुदूरे करंतु दिसामुह सुंडजलेण भरंतु ।
करेण सरोयसयाइँ हरंतु सुमोत्तियदाम सिरेण धरंतु ।

घत्ता—तेँ करिणा लेविणु पंकयइँ करु भरेवि जलेण तुरंतएण ।
परिदक्खिण देविणु सिंचियउ तें पूजिउ वामिउ भवियएण ॥ ६ ॥ 10

७

Karakaṇḍa sees the lake and examines the ant-hill.

गउ वामिउ पूजिवि करि सुराउ ता गयउ सरहो करकंडु राउ ।
आवंतहो तहो अइदिहि जणंतु खगरावइँ आवहु णं भणंतु ।
जलकुंभिकुंभकुंभइँ धरंतु तण्हाउरजोवहँ सुहु करंतु ।
उद्दंडणलिणिउण्णइ वहंतु उच्छल्लियमीणहिँ मणु कहंतु ।
डिंडीरपिंडरयणहिँ हसंतु अइणिम्मलपउरगुणेहिँ जंतु । 5
पच्छण्णउ वियसियपंकएहिँ णच्चंतउ विविहविहंगएहिँ ।
गायंतउ भमरावलिरवेण धावंतउ पवणाहयजलेण ।
णं सुयणु सुहावउ णयणइट्ठु जलभरिउ सरोवरु तेहिँ दिट्ठु ।

घत्ता—जलु लेविणु दोहिँ वि णिववरहिँ पय धोइवि मुहुँ पक्खालियउ ।
जं पुज्जउ करिणा पंकयहिँ तं वामिउ तेहिँ णिहालियउ ॥ ७ ॥ 10

८

The ant-hill is excavatid.

करकंडें चिंतिउ मणि मणोज्जु इउ वामिउ णिच्छउ वंदणिज्जु ।
इह अच्छइ को वि महंतु देउ परिपूजिवि करि गउ तें सुवेउ ।
जें वामिउ पुज्जइ करि पसण्णु तें धम्में हुउ णं सेयवण्णु ।
मणि चिंतिवि इउ सो साणुराउ उववासइँ थिउ करकंडराउ ।
अण्णहिँ दिणि वामिउ तं पि तेण [२]खाणाविउ करकंडें खणेण । 5
तं समथलु तेहिँ खणेण कीउ णं पावपडलु णिण्णासु णीउ ।
थोवंतरु खणियउ[३] पुणु वि जाव मणिकिरणदित्ति णीसरिय ताव ।

घत्ता—ता मिलिय णहंगणे अइवहल चउदिसिहिँ भमेविणु णिम्मलिय ।
करकंडहो णावइ कित्ति वर अमराहिउ देखहुँ संचलिय ॥ ८ ॥

---

६. १ J में यह व आगे के ३ चरण छूटे हैं.

८. १ N में इससे पूर्व हाँसिये में जोड़ा गया है—'जं अच्छइ वामिए किं पि वत्थु तं पेक्खउं जइ ता महु पसत्थु. २ S खण्णाविउ. ३ S J खणियइं.

६—सरोवरमें हाथी कमल लेने आया

जिनेश्वरकी वन्दना करके और पर्वतके ऊपर शीघ्र चढ़कर उन दोनों राजाओंने चारों दिशाओंका अवलोकन किया जिससे उन राजाओंके मनमें सुख हुआ। जब वे वनमें देखते हुए खड़े थे, तब उसी क्षण वह सुन्दर हाथी वहाँ आया। सरोवरमें-से कमल लेनेके लिए आता हुआ वह करीन्द्र ऐसा प्रतीत होता था, जैसे मानो एक पर्वत समुद्रके पास आया हो। वह कानोंसे झलझल स्वर उत्पन्न कर रहा था और कपोलोंसे मद बहा रहा था। उसके लोचन खूब लाल वर्ण थे। दाँतोंसे वह प्रशंसनीय था, तथा उसकी रीढ़ चढ़ाये हुए चापके समान उठी हुई थी। वह भौंरोंके पुञ्जोंको दूर हटाता जाता था और सूँडके जलसे दिशामुखोंको भर रहा था। वह सूँडसे सैकड़ों कमलोंको तोड़ रहा था और सिरपर मोतियोंकी माला धारण किये था (यहाँ मौक्तिक दाम छन्दका प्रयोग है)। उस हाथीने कमलोंको लेकर तथा अपनी सूँडको जलसे भरकर तुरन्त आकर वामीकी प्रदक्षिणा दी, जल सींचा और पूजा की। वह हाथी ऐसा भव्य था।

७—सरोवर-द्वारा राजाका स्वागत

भक्तिसहित वामीकी पूजा करके हाथी चला गया। तब करकण्ड राजा उस सरोवरके पास गया। उसे आते देख वह सरोवर मानो उसे विश्वास दिलानेके लिए पक्षियोंके कोलाहल द्वारा कह रहा था—'आइए।' वह जल हस्तियोंके कुम्भस्थलों-द्वारा कलश धारण किये था और तृष्णातुर जीवोंको सुख उत्पन्न करता था। वह उच्च-दण्ड कमलोंके द्वारा उन्नति वहन कर रहा था और उछलती मछलियों-द्वारा अपना उछलता मन प्रकट कह रहा था। फेन पिण्डरूपी दाँतोंको प्रकट करता हुआ वह हँस रहा था, एवं अति निर्मल व प्रचुर गुणों-सहित चल रहा था। फूले हुए कमलों-द्वारा वह अपनी प्रसन्नता प्रकट कर रहा था और विविध विहंगोंके रूपमें नाच रहा था। भ्रमरावलीकी गुंजार-द्वारा वह गा रहा था और पवनसे प्रेरित जलके द्वारा दौड़ रहा था। इस प्रकार एक सुहावने व नयन-इष्ट सज्जनके समान उस जलसे भरे हुए सरोवरको उन्होंने देखा। जल लेकर दोनों राजाओंने अपने पैर धोये और मुखका प्रक्षालन किया। तत्पश्चात् उन्होंने उस वामीको देखा, जिसकी हाथीने कमलोंसे पूजा की थी।

८—वामीका खनन

करकण्डने मनमें विचारा—यह मनोज्ञ वामी निश्चय ही वन्दनीय है। यहाँ कोई महान् देव रहता है। इसीलिए वह हाथी इतने वेगसे आकर व पूजा करके गया है। चूँकि वह हाथी प्रसन्न होकर वामीकी पूजा करता है, इसी धर्मसे मानो वह श्वेत वर्ण हो गया है। इस प्रकार मनमें चिन्तन करके करकण्ड राजा उस दिन भक्तिसहित उपवास करके रहे। दूसरे दिन करकण्डने क्षणमात्रमें उस वामीको खनवाया। लोगोंने क्षणमात्रमें ही उसे समतल कर दिया, जैसे मानो पापका पटल नाशको प्राप्त किया गया हो। जब थोड़ा और गहरा खोदा गया तब मणि-किरणोंकी दीप्ति निकल पड़ी। वह दीप्ति इतनी निर्मल और तेज थी कि चारों दिशाओंमें घूमकर आकाशमें जा मिली, मानो करकण्डकी उत्तम कीर्त्ति अमरेश्वरको देखने चली हो।

९

Discovery of a Jina image.

ते रहसें तरलिय खणहिँ जाव जिणबिंबु विणिग्गउ तेत्थु ताव ।
मणिरयणविणिम्मिउ फणकडप्पु छत्तायमाणु तहो सहइ सप्पु ।
दुंदुहि भामंडलु चमर वे वि सुहु जणहिँ सवणणयणाण ते वि ।
सिंहासणु वहुरयणहिँ जडीउ सुरराएँ णं अप्पणु[1] घडीउ ।
तं पयडउ किउ बाहिरे विहाइ महि भिंदिवि धम्महो पिंडु णाइँ । 5
ता अमरहिँ दुंदुहि णहे हईय घणकुसुमविट्ठि गयणहो पडीय ।
अइणिम्मल दिम्मुह सयल जाय संभूया परिमलसहिय वाय ।
गुणरयणणिहाणहो पत्थिवासु संपुण्ण मणोरह सयल तासु ।
घत्ता—अणुराएँ तहो कंटइयतणु पप्फुल्लिउ तोसें मुहकमलु ।
जलु लेवि सरोवरि जिणु ण्हविउ बहुकमलहिँ पुज्जिउ विगयमलु ॥९॥ 10

१०

Karakaṇḍa's hymn to the Jina.

वरभत्तिभारसण्णयसिरेण पारंभिय पुणु थुइ णिव्ववरेण ।
जय सुरतिरीडमणिलिहियपाय जय भुवणणयरपालणसुराय ।
जय कम्मविडविछिंदणकुठार जय चउगइसायरपरमतार ।
जय पावतिमिरफेडणदिणेस जय णिज्जियमयभडणिरवसेस ।
जय [1]रायभुवंगमदमणमंत जय मयणइक्खुपीलणसुजंत । 5
जय केवलकिरणफुरंत संत जय रुंभियकम्मासववहंत ।
जय जय सिरिवहुकण्णावतंस जय भवियणमणसरहंस ।
जय णिच्च णिरंजण कलविहीण जय सिवगइमहिलहे वयणे लीण ।
घत्ता—जय जय देव जिणिंद पहु पइँ झायइँ अणुदिणु णियमणिण[3] ।
तवँ दंसणे णयणइं अज्जु पुणु संजायइँ णिद्धइँ महो खणिण[4] ।। १० ।। 10

११

The Jina image is carried into the cave.

[1]उच्चायिउ सो जिणु णिववरेण कइलासु णाइँ लंकेसरेण[2] ।
विहिँ करहिँ धरिउ सिरउवरि भाइ गोवद्धणु हरिणा कलिउ णाइँ ।
तहिँ अवसरे देवहिँ कुसुमविट्ठि परिमेल्लिय तहो मणे भइय तुट्ठि ।
अमरेहिँ मि केहि मि धरिउ छत्तु घुसिणेण वि चच्चिउ किहिँ मि गत्तु ।
परिचालिय केहिँ मि चमर तार दुंदुहि अप्फालिय केहिँ फार । 5
के वि तंडउ णच्चहिँ साणुराय दूराउ णमहिँ के वि जिणहो पाय ।
जिह अमरहिँ ण्हाइवि मंदराउ घरु णियउ जिणेसरु मंदराउ ।
एयाइँ विहिँ[3] तह गुणणिकेउ करकंडें णीयउ लयणु देउ ।
घत्ता—लियणे णिवेसिउ तें णिवेणँ परिपुज्जिवि अविवि चंदणिण[4] ।
अवलोइय पढमी पुणु पडिम अणुराउ वहंतें णियमणिण[5] ।। ११ ।। 10

---

९. १ JN अप्पुणु. २ SD किय.

१०. १ N काम. २ DN माण. ३ S मणेण. ४ N तउ. ५ N खणेण.

११. १ JDN उच्चायउ. २ N लंकेसुरेण. ३ S एयई. ४ DN णियेण. ५ S चंदणेण. ६ S °मणेण.

९—वामीसे जिन-बिम्ब निकला

जब वे आवेगसे जल्दी-जल्दी खोदने लगे, तब वहाँ एक जिनबिम्ब निकला। मणिरत्न निर्मित फणावलीयुक्त सर्प उसपर छत्रके समान शोभायमान था। दुन्दुभि, भामण्डल और दो चमर ये भी श्रवण और नयनोंको सुख उत्पन्न कर रहे थे। सिंहासन बहुतसे रत्नोंसे जड़ा हुआ था, मानो सुरेन्द्रने उसे अपने हाथों गढ़ा हो। जब उस बिम्बको निकालकर बाहर किया, तब वह ऐसा भाया, जैसे मानो महीको भेदकर धर्मका पिण्ड ही निकल पड़ा हो। तब देवोंने आकाशमें दुन्दुभी बजायी और गगनसे घनी पुष्पवृष्टि हुई। समस्त दिशाओंके मुख अति निर्मल हो गये और सुगन्धयुक्त वायु चलने लगी। इस प्रकार उस गुणरत्नोंके निधान पार्थिवके सब मनोरथ पूरे हुए। अनुरागसे उसका शरीर रोमांचित और मुखकमल सन्तोषसे प्रफुल्लित हो गया। उसने सरोवरसे जल लेकर जिन भगवान्‌को स्नान कराया और मल-रहित हुए बिम्बकी बहुतसे कमलोंसे पूजा की।

१०—जिनेन्द्रकी स्तुति

फिर उस नृपवरने उत्तम भक्तिके भारसे सिर झुकाकर स्तुति प्रारम्भ की—जय हो भगवन् आपकी, जिनके चरण देवोंके मुकुट-मणियोंसे घर्षित होते हैं और जो संसार-नगरके पालन करनेवाले उत्तम राजा हैं; जो कर्मरूपी वृक्षको काटनेवाले कुठार हैं और चतुर्गतिरूप सागरके परम-तारक हैं। जय हो आपकी, जो पापान्धकारको नाश करनेवाले दिनेश हैं। हे भगवन्, आपने मदरूपी घटोंको पूर्णरूपसे जीत लिया है; आप रागरूपी भुजङ्गको दमन करनेके लिए मन्त्र तथा मदनरूपी इक्षुको पेरनेके लिए उत्तम यन्त्र हैं। आप केवलज्ञानकी किरणोंसे स्फुरायमान हैं तथा आपने कर्मके प्रवाहको अवरुद्ध कर डाला है। जय हो, भगवन् आपकी, जो जयश्री रूपी वधूके कर्णावतंस एवं भव्यजनोंके मनरूपी सरोवरके राजहंस हैं। जय हो, नित्य निरञ्जन, इन्द्रिय-विजयी, जय हो आपकी, जो शिवगतिरूपी महिलाके वदनमें लीन हैं। जय-जय, देव जिनेन्द्र प्रभु, आपका ध्यान अपने मनमें तो मैंने प्रतिदिन किया, किन्तु आज इस क्षण आपके दर्शनोंसे मेरे नेत्र भी सन्तुष्ट हो गये।

११—करकण्ड जिनबिम्बको लयणमें ले आये

उस राजाने जिनबिम्बको उठाया, जैसे लंकेश्वरने कैलाशको उठाया था। दोनों हाथोंसे सिरके ऊपर रखा हुआ वह बिम्ब ऐसा प्रतीत हुआ, जैसे मानो हरिने गोवर्द्धनको उठा लिया हो। उस अवसरपर देवोंने पुष्प-वृष्टि की, जिससे राजाके मनमें सन्तोष हुआ। किन्हीं देवोंने छत्र धारण किया और किन्हींने केशरसे गात्रका लेप किया। किन्हींने चमचमाते चमर चलाये और किन्हींने जोरसे दुन्दुभी बजायी। कोई अनुरागसे ताण्डव नृत्य करने लगे और कोई दूरसे ही जिनेन्द्रके चरणोंको नमन करने लगे। जिस प्रकार देव अभिषेक करके मन्दराग जिनेश्वरको मन्दर-पर्वतसे घर वापस लाये थे, उसी प्रकार करकण्ड राजा उन गुणनिकेत देवको लयणमें ले गये। राजाने जिन भगवान्‌को लयणमें प्रतिष्ठित कर दिया और फिर उनकी पूजा करके व चन्दनसे अर्चना करके अपने मनमें अनुराग धारण करते हुए पहली प्रतिमाका अवलोकन किया।

१२

Karakaṇḍa discovers a knot on the lion-seat of the first image and an sculptor explains to him its purpose.

ता तक्खणे तहो जिणे गइय दिट्ठि हरिवीढहो उप्परि दिट्ठि गंठि ।
णं फलिहसिलहे हरिमणि विहाइ उडुरायहो लग्गउ हरिणु णाइँ ।
सा पेक्खवि मणे चिंतेइ राउ गंठीएँ हयउ जिणबिंबराउ ।
जो सयलकम्मफरिकरणकारि कोकाविउ सो तें सुत्तधारि ।
भो परममित्त अक्खहि पसत्थु तुहुँ जाणहि सयलु वि कम्मसत्थु । 5
परिपुच्छिउ बोल्लिवि अइपियाइँ जिणपडिमहे दीसइ गंठि काइँ ।
तं णिसुणिवि पभणइ पावहारि पडिमागयरूवअणेयकारि ।
जं पुच्छिउ देव मणोहिराउ तं अक्खमि तुम्हहँ दुहविराउ ।

घत्ता—जिणपडिम घडिय जइयहुँ णिवइ जलवाहिणि सिर तइयहो खणेण ।
मइँ णिसुअउ दिट्ठु परंपरएँ एह धरिय गंठि तें कारणेण ॥ १२ ॥ 10

१३

Karakaṇḍa desires to see the water-spring blocked by the knot.

ता भणइ णरेसरु परममित्त किम दीसइ जलवाहिणि विचित्त ।
तं सुणिवि भणइ भो ललियदेह णीसरइ कह व जइ देव एह ।
बहुरोय करइ जणवएँ पसत्थ जे सलिलु पियहिँ ते चिरु असत्थ ।
बहुदुक्खपरंपरभरिएँ आएँ इउ मण्णेवि किं पयडाइआएँ ।
ता राएँ भणियउ तं सुणेवि जलु धरमि मित्त लयणु वि चिणेवि । 5
कोऊहलु एउ दक्खालि तो वि पुणु सुत्तधारि पभणइ सुणेवि ।
जइ एह गंठि फेडेहुँ देव णीसरहुँ तुरिउ जलभरिए[1] केव ।
तं वयणु सुणंतें[2] णिववरेण दद्दुरउ कराविउ तक्खणेण ।

घत्ता—तं लयणु चिणिवि णिउणउ करिवि सणरालहिँ बहुविहपत्थरहिँ ।
सो राणउ सिलवइ दो वि जण जिणपडिमहे सम्मुहुँ संचरहिँ ॥ १३ ॥ 10

१४

The knot is scraped and water gushes forth.

जा राएँ[1] असुहाई गणिया सिलवइणा टंकिएँ सा हणिया ।
गुरुघायवडणें णिग्गय फुलिंग णं कोहवसइँ अहिजलणलिंग ।
तहे[2] गंठिहे वयणहो बहलफार ता णिग्गय तक्खणि सलिलधार ।
पढमउ भुंभुकइ णिग्गमेइ णं मेइणि भीएँ उव्वमेइ ।
णिग्गंतो बाहिरि सा विहाइ महि भिंदिवि फणिवइघरिणि णाइँ । 5
परिसहइ सा वि भूमिहिँ मिलंति गंगाणइ णं खलखल खलंति
पसरंतिएँ ताएँ खणेण भव्वु तं भरियउ लयणु जलेण सव्वु ।
णं अमियकुंडु बहुरसजलेण णं धम्मसारु थिउ जलछलेण

---

१२. १ DN दीह. २ DN °गइ°.

१३. १ S G जलभरिय, DN जलभरिउ. २ प्रतिषु 'तुरंते"

१४. १ J असुहा. २ DN तहे वयणहो बहलइं देइ फार.

१२—सिंहासनपर गाँठ दिखायी दी

तब उस समय राजाकी दृष्टि जिनप्रतिमापर गयी और उन्हें सिंहासनके ऊपर एक गाँठ दिखायी दी, जैसे मानो स्फटिक शिलापर हरा मणि चमक रहा हो, अथवा जैसे चन्द्रमापर हरिण लगा हो। उस गाँठको देखकर राजाने सोचा कि इस गाँठसे जिनबिम्बकी शोभा नष्ट होती है। उन्होंने एक सूत्रधारको बुलवाया, जो सब प्रकारके निर्माण कार्यमें कुशल था। उन्होंने उससे अति प्रिय वचन बोलकर पूछा—"हे परममित्र! तुम समस्त उत्तम कर्मशास्त्र (वास्तुकला) को भले प्रकार जानते हो, अतएव कहो तो कि जिनप्रतिमा (के सिंहासन) पर यह गाँठ क्यों दिखायी देती है?" यह सुनकर वह निष्पाप सूत्रधार, जिसने अनेक प्रतिमागत रूपोंका निर्माण किया था, बोला—"हे देव; आपने जो मनोहर बात पूछी, उसे मैं बताता हूँ, जिससे आपका दुःख दूर हो। हे नृपति, जब यह जिनप्रतिमा गढ़ी गयी थी, तभी यहाँ एक जलवाहिनी निकल पड़ी थी। उसी कारणसे (जलवाहिनीको रोकनेके लिए) यह गाँठ धर दी गयी है," ऐसा मैंने परम्परासे देखा-सुना है।

१३—राजाका जलवाहिनी-दर्शनके लिए कुतूहल

तब नरेश्वर बोला—"हे परममित्र, वह विचित्र जलवाहिनी मुझे कैसे दिखायी दे?" यह सुनकर सूत्रधार बोला—"हे ललित-देह देव, यदि किसी प्रकार वह जलवाहिनी निकल पड़ी, तो वह जनपदमें बहुतसे भीषण रोग उत्पन्न करेगी, जो उसका जल पीयेंगे वे चिरकालके लिए अस्वस्थ हो जावेंगे। यह समझकर यह जो बहुत दुःखोंकी परम्परासे भरी है उसे प्रकट करानेसे क्या लाभ?" यह सुनकर राजाने कहा—"हे मित्र, मैं जलको रुकवा दूँगा और लयणको भी चिनवा दूँगा; किन्तु यह कौतूहल तो तू मुझे दिखला ही दे।" यह सुनकर सूत्रधार पुनः बोला—"हे देव, यदि मैं इस गाँठको फोड़ दूँ तो जल भर जानेपर मैं तुरन्त निकलूँगा कैसे?" इस वचनको सुनकर राजाने उसी क्षण एक दर्दुर (टीला) बनवाया। फिर उस लयणको टेढ़े-मेढ़े बहुत प्रकारके पत्थरों से निपुणतापूर्वक चिनवा कर वह राजा और शिलपति ये दोनों जन जिनप्रतिमाके सम्मुख गये।

१४—जलवाहिनी निकल पड़ी

जिस गाँठको राजाने अशोभनीय गिना था, उसे शिलपति (शिल्पी) ने टाँकीसे ठोका। भारी चोटें पड़नेसे चिनगारियाँ निकलने लगीं, मानो शेषनागके क्रोधवश जल उठनेके चिह्न हों। फिर उस गाँठके मुखसे शीघ्र ही एक बड़ी भारी जलकी धारा निकल पड़ी। पहले भुक-भुक करती हुई निकली, मानो मेदिनी भयसे वमन करने लगी हो। बाहर निकलती हुई वह जलधारा ऐसी प्रतीत हुई जैसे मानो पृथ्वीको भेद कर नागेन्द्रकी गृहिणी निकल पड़ी हो। भूमिमें मिलकर वह ऐसी शोभायमान हुई, जैसे मानो गंगा नदी खल-खला रही हो। उसने प्रसार करते हुए एक क्षणमें उस समस्त लयणको जलसे भर दिया, जैसे मानो वह बहुत रसोंके जलसे भरा अमृतकुण्ड हो; अथवा जैसे जलके बहानेसे धर्मसार भरा हो; अथवा जैसे मानो उस गिरिने अपना मन प्रकट

घत्ता—अह पयडिउ गिरिणा णियमणु हउँ एत्थउ सज्जणु हियहरु ।
णं तुट्ठें तासु णराहिवहो संखेवें दिण्णउ अमियघरु[3] ॥ १४ ॥ 10

१५

Karakandu's repentance.

तं पेक्खवि ते मणे भयभरीय तम्हाउ दुहेण विणीसरीय ।
दद्दुरहो उवरि सो गयउ राउ चिंताविवण्णु थिउ मंदराउ ।
णं कुलिसणिहाएँ महिहरिंदु णं भग्गउ बले थिउ सुरवरिंदु ।
णं मयगलु केसरिणहविभिण्णु थिउ णरवइ तहिं दुक्खेण खिण्णु ।
पुणु कंपइ डोलइ सलवलेइ अणवरउ दुहेण सुकर मलेइ । 5
सिरकमलु धुणइ दीहरु कणेइ घग्घरसरेण पुणु पुणु भणेइ ।
हा किं किउ मइँ दुट्ठें खलेण हा दुरिउ लहेसमि ग्रह फलेण ।
हा कम्में केण गलत्थियउ करु वयणे णिवेसिवि णिउ थियउ ।
घत्ता—जो अमरणिकायहिं वंदियउ पुज्जमहिम धम्महँ णिलउ ।
सो हा हा पावें देउ मइँ कहिं आणिवि मुक्कउ जगतिलउ ॥ १५ ॥ 10

१६

A Sura appears and consoles the king.

णिवो सोयभिण्णो थिओ जा विसण्णो ।
सुरो को वि धण्णो णहाओ पवण्णो ।
गुणाणं णिवासो दुहाणं विणासो ।
विरायं हणंतो सरायं जणंतो ।
तिरीडेण जुत्तो जिणे दिण्णचित्तो । 5
महादित्तिवंतो णहेणं भमंतो ।
सुरूवं धरंतो गिरिंदं सरंतो ।
धराएविसारो भुजंगो कुमारो ।
णएणं णमंतो विसुद्धं चवंतो ।
सुसंपुण्णगत्तो तहिं ताव पत्तो । 10
णिवेणावि दिट्ठो मणेणं पहिट्ठो
णिवाणंदयारी जणाणंदयारी ।
घत्ता—सो भणइ णराहिव दुहु मुअहि मा सोयहिं छंडहि एहु गहु ।
जं चिंतिउ णियमणें किं पि मइँ पइँ कीयउ तं पुणु करिवि बहु ॥ १६ ॥

१७

The Sura congratulates the king for what he had done.

भो णरवइ हउँ चिरु वसउँ एत्थु जलवाहिणि ग्रह धरणहिं समत्थु ।
जइ रूसमि पाडमि गहगणो वि धरणीयले तोडमि फणिफणो वि ।
मुसुमूरमि भूधर विप्फुरंत पडिखलमि देव संगरे सरंत ।

---

३ J अमियतरु.

१५. १ DN णरवरिंदु.

किया हो कि मैं ऐसा हृदयहारी सज्जन हूँ; अथवा जैसे उसने सन्तुष्ट होकर राजाको संक्षेपमें अमृतका घर प्रदान किया हो। १०

१५—राजाका पश्चात्ताप

उसे देखकर वे राजा और सूत्रधार दोनों मनमें भयभीत हुए और दुःखपूर्वक वहाँसे निकले। राजा दर्दुरके ऊपर चढ़ गया और चिन्तासे फीका मुख और हतोत्साह हुआ ठहरा। जैसे वज्रके प्रहारसे महीधरेन्द्र, जैसे सैन्य भग्न हो जानेसे सुरेन्द्र, अथवा जैसे केशरीके नखोंसे विदीर्ण हुआ हाथी; वैसे ही वह नरपति वहाँ दुःखसे खिन्न हुआ ठहरा। वह काँपता, डोलता व सलबलाता था और लगातार दुःखसे अपने हाथ मलता था। सिरकमल धुनता, दीर्घ ध्वनि करता ५
और गद्गद स्वरसे पुनः-पुनः कहता—हाय, आज मुझ दुष्ट खलने यह क्या किया? हाय, इसके फलसे मुझे पाप लगेगा। हाय, मैं किस कर्मसे प्रेरित हो गया। राजा हाथपर मुँह रखकर बैठ रहा और कहने लगा—"जो देवसमूहों-द्वारा वंदित, पूज्य-महिम व धर्मका निलय था, उस जगतिलक देवको मैंने कहाँ लाकर छोड़ा?"

१६—देवका आगमन व राजाको आश्वासन

इस प्रकार शोकसे विह्वल, विषादयुक्त हुआ राजा जब वहाँ बैठा था, तभी कोई एक पुण्यवान् देव आकाशसे वहाँ आ उतरा। वह गुणोंका निवास और दुःखोंका विनाश था, एवं विरागका हन्ता और सरागका जनक। किरीटसे युक्त, जिनेन्द्रमें दत्त-चित्त, महा दीप्तिवान्, नभमें भ्रमणशील, सुरूपधारी, गिरीन्द्रका अनुसरण करता हुआ, धरादेवीका सार, भुजङ्गकुमार, झुककर नमनशील और विशुद्ध वाक्शील तथा सम्पूर्ण रूपसे सुन्दर गात्र वह देव वहाँ आकर पहुँचा। ५
राजाने उसे देखा और मनमें प्रसन्न हुआ। वह देव नृपका आनन्दकारी और जनोंका भी आनन्दकारी था। वह बोला—"हे नराधिप, दुःखका त्याग कर। किन्तु शोकवश अपने इस आग्रहको मत छोड़। मैंने अपने मनमें जो कुछ सोचा था, उसे तूने किया और वही आगे करेगा भी बहुत।"

१७—देवका आत्म-परिचय

हे नरपति! मैं यहाँ चिरकालसे रहता हूँ और इस जलवाहिनीको रोकनेमें समर्थ हूँ। यदि मैं रुष्ट हो जाऊँ तो ग्रहोंके समूहको भी नीचे गिरा दूँ, धरणीतलमें शेषनागके फणको भी तोड़ डालूँ, विस्फुरायमान भूधरोंको चूर-चूर कर दूँ, व संग्राममें बढ़ते हुए देवोंको भी प्रति-

संचरइ ण महो भीएँ सुरो वि किं अवरु [1]विरुद्धउ पुणु णरो वि ।
[2]पर अच्छिउ पडिमहे रक्खवालु भारियउ हवेसइ दुसमु कालु । 5
चिरकालें कलियउ सरलचित्त पेच्छंतहँ तुहु [3]आयउ सि मित्त ।
मइँ रक्खिय एत्तिउ कालु भद्द थिय णिक्खय सट्ठिसहास अद्द ।
लइ सुंदरँ [4]सुंदरु कियउ एउ जललयणि णिवेसिउ परमदेउ ।
घत्ता—जिणु आणवि धरियउ रयणमउ कणयामरलयणे समुज्जलए ।
पइँ कीयउ णिव हउँ मोक्कलउ सइँ हिंडमि लीलएँ महिवलए ॥ १७ ॥ 10

इय करकंडमहारायचरिए मुणिकणयामरविरइए भव्वयणकण्णावयंसे पंचकल्लाणविहाण-
कप्पतरुफलसंपत्ते करकंडजिणपडिमादंसणो णाम चउत्थो परिच्छेउ समत्तो ।

॥ संधि ॥ ४ ॥

---

१७. १ N वि कुद्धउ. २ N अर अत्थिउ. ३ J आयओ सि, S आउसि. ४ S J सुंदरु.

स्खलित कर दूँ। मेरे भयसे सुर भी सञ्चार नहीं कर सकता; दूसरे वैरी मनुष्यकी तो बात ही क्या ? पर मैं तो यहाँ इस प्रतिमाका रक्षपाल होकर रहा हूँ। आगे भारी दुष्काल आनेवाला है। ५
हे सरल चित्त, मैंने चिरकालसे तेरी प्रतीक्षा की है, और हे मित्र, तू मेरे देखते यहाँ आ गया। हे भद्र, मैंने इतने काल तक इस प्रतिमाकी रक्षा की, जिससे वह साठ हजार वर्षों तक अक्षत रही। हे सुन्दर, तूने यह सुन्दर काम किया जो परमदेवको जल-लयणमें निवेशित कर दिया। रत्नमय जिनेन्द्रको लाकर इस समुज्ज्वल कनकवर्ण अमर-लयणमें रखा, यह काम तूने कर दिया। हे राजन्, अब मैं मुक्त हुआ, स्वयं महीमण्डलमें लीलापूर्वक भ्रमण करूँगा। १०

इति मुनि कनकामर विरचित भव्यजनकर्णावतंस पञ्चकल्याणविधान कल्पतरु-फलसम्पन्न करकण्डमहाराज चरित्रमें करकण्डका जिनप्रतिमादर्शन नामक चतुर्थ परिच्छेद समाप्त।

संधि–५

१

Who built the ancient cave ?

ध्रुवकं—करकंडें पुच्छिउ सो अमरु भणु केण करावित्रु इहु लयणु ।
वररयण विणिम्मिय कें पडिम रंजियउ जाइँ महो तणउ मणु ॥

तं सुणेवि वाउवेउ ता फणीकुमारु एउ
पुच्छियं पि जं णिवेण तं कहेइ तक्खणेण ।
एत्थु जंबुदीवयम्मि भारहम्मि खेत्तयम्मि । 5
तत्थ अत्थि सोहमाणु विज्जयड्ढु अप्पमाणु ।
खेयरेहिँ रम्ममाणु कुंजरेहिँ गज्जमाणु ।
तासु तुंग बे वि अग्ग सायरस्स जाइ लग्ग ।
चक्कलत्तु जोयणाइँ पंचवीसदूणियाइँ ।
तुंगएण पंचवीस जोयणाइँ अत्थि तस्स । 10

घत्ता—जोयणदसहिँ मि उप्परिण अत्थि सेणि दाहिणिय वरं[1] ।
विज्जाणाहहिँ परियरिय अहिलसहिँ जा वि देक्खिवि सुर ॥ १ ॥

२

Nila and Mahānīla came from Vijayārdha, settled at Terapur and became devotees of Jina.

तहिँ अत्थि णयरु खेयरवमालु णामें रहणेउरु चक्कवालु ।
तहिँ खेयर भायर अत्थि वे वि णामेण णीलमहणील ते वि ।
ते अच्छहिँ रज्जु करंत जाव पडिपेल्लिय दोण्णि वि अरिहिँ ताव ।
उद्दालिउ ताहँ वि विज्जयाउ णिद्धाडिवि घल्लिय पट्टणाउ ।
सिरिपासजिणिंदहो तणइँ काले सुरखेयरकिण्णररवबमाले । 5
अइदुम्मण[2] दुक्खु वहंति भाय महि लंघिवि तेराणयरु आय ।
तहिँ थाइवि कीयउ रज्जु भव्वु उवसाहिउ महियलु तेहिँ सव्वु ।
कह पासजिणिंदहो दुरियणासि सुय एक्कहिँ दिणि मुणिवरहो पासि ।

घत्ता—सा सुणिवि मणोहर दुहमहिय परिओसें ते कंटइयतणु ।
थिय णिच्चल धम्में दयसहिय जिणु झायहिँ भत्तिए एयमण ॥ २ ॥ 10

---

१. १. N हर.
२. १ J N उद्दमण.

सन्धि—५

१—विजयार्द्ध पर्वतकी दक्षिण श्रेणी

करकण्डने उस देवसे पूछा–"कहिए, इस लयणको किसने बनवाया है, तथा जिस प्रतिमाने मेरे मनको इतना अनुरक्त किया है उस उत्तम रत्नमयी प्रतिमाको किसने निर्मित कराया ?" यह सुनकर वायुवेग नामके नागकुमार देवने जो कुछ राजाने पूछा वह तत्क्षण कहा–"इस जम्बद्वीपके भरतक्षेत्रमें शोभायमान व अप्रमाण विजयार्द्ध पर्वत है। वहाँ खेचर रमण करते हैं, एवं कुञ्जरोंकी गर्जना सुनायी देती है। उसके दो ऊँचे अग्र (पार्श्व) भाग हैं जो समुद्रसे जाकर लगे हैं। उस पर्वतकी परिधि पचीसके दुगुने (अर्थात् पचास) योजन है, और उसकी ऊँचाई पचीस योजन है। उसकी दस योजनकी ऊँचाईपर वह उत्तम दक्षिण श्रेणी है जो विद्याधरोंसे सेवित है, एवं जिसे देखकर देव भी उसकी अभिलाषा करने लगते हैं।" ५

२—नील और महानील विद्याधरोंका तेरानगरमें आगमन

वहाँ खेचरोंसे भरा हुआ रथनूपुरचक्रवाल नामका नगर है। वहाँ नील और महानील नामके दो विद्याधर भ्राता रहते थे। जब वे वहाँ राज्य करते हुए रह रहे थे, तब उन दोनोंपर वैरियोंने दबाव डाला। उन्होंने दोनोंकी विद्याओंको उड़ा दिया और उन्हें पट्टणसे बाहर निकाल फेंका। यह श्रीपार्श्व जिनेन्द्रके कालकी बात है जब सुरों, खेचरों व किन्नरोंके कोलाहलकी खूब धूम थी। वे दोनों भाई बड़े उदास, दुःखधारण करते हुए, पृथ्वीको लाँघकर तेरानगरमें आये। वहाँ रहकर उन्होंने भव्य राज्य किया और समस्त पृथ्वीतलको अपने वशीभूत किया। एक दिन उन्होंने मुनिवरके पास पार्श्व जिनेन्द्रकी पापनाशिनी कथा सुनी। उस मनोहर, दुःखनाशक कथाको सुनकर वे परितोषसे रोमांचित हो उठे, तथा निश्चल होकर धर्म व दयासहित भक्ति-पूर्वक एकाग्र मनसे जिनेन्द्रका ध्यान करने लगे। ५

३

They built the beautiful cave.

अणुराएँ तेहिँ मि भायरेहिँ पुणु लयणु करावित्रु खेयरेहिँ ।
थंभाण सहासहिँ णिम्मवीउ अब्भंतरु सुंदरु कारवीउ ।
मणिरयणहिँ मणिणिम्मवियया हँ किउ ठाउ तेहिँ जिणपडिमयाहँ ।
अणवरउ ण्हाणपूया करंत थिय बहुयकाल जिणु अणुसरंत ।
तहिँ वड्ढिय अणुदिणु मणहरीय णाणाविह महिमा खेयरीय । 5
ण्हु पव्वउ वेड्ढिउ खेयरेहिँ णं मेरु महागिरि सुरवरेहिँ ।
सा सोहा पेक्खवि सुरगणेस ठिय विंभियमण तहिँ णिरवसेस ।
तहिँ अवसरे भो भो सरलचित्त तावाइय णीलहो परममित्त ।
घत्ता—वेयड्ढहो तहो उत्तरदिसिहिँ णयरु अत्थि गयणयलु पिउ ।
सुरकिण्णरखेयरवल्लहउ णं अमरणयरु आवेवि थिउ ॥ ३ ॥ 10

४

Amitavega and Suvega find a Jina temple on Pūdi mountain on their way to Lankā.

तहिँ खगवइ अच्छहिँ बे वि भाय अण्णोण्णणिविडसंबद्धराय ।
ससिकंतदिवायरपउरधाम ते अमियवेयसुव्वेयणाम ।
सुविसुद्धसील संगरे अहंग सम्मत्तरयणपरिभूसियंग ।
ते पव्वदिवहिँ वंदण करंत संचल्लिय एक्कहिँ दिणे महंत ।
दक्खिणदिसि लंकहिँ जंतएहिँ मलयम्मि विसएँ ता दिट्ठ तेहिँ । 5
सिरिपूदी णामें गिरिवरिंदु[2] जहिँ कीलणत्थु आवइ सुरिंदु ।
तहो उवरि खणद्धें[2] ऊवडीय णं सग्गहो सुरवइ परिवडीय ।
घत्ता—ते पेक्खवि छुहपंकेयधवलु[3] चउवीसजिणालउ गयगयणु ।
तं पेक्खवि हरिसहिँ तहिँ जि गय विणिवारिउ दूरहो जेहिँ मयणु ॥४॥

५

The temple was built by a descendant of Ravāṇa.

सुहभावें लंकाणाहएण रावणहो वंसे उप्पण्णएण
सूरप्पहणामपसिद्धएण सिरिसेणाघरिणिहिँ कंतएण ।
एक्कहिँ दिणि रमणहिँ णिग्गएण[1] पुणु पूदीमंदरु पत्तएण ।
मलयम्मि विसइँ[1] परिजंतएण अइरमणभूमि देक्खंतएण ।
कइलासे जेम भरहेसरेण चउवीस पडिम भत्तीभरेण । 5
तहँ तेण करावित्रु सुहयराहँ चउवीसजिणालउ जिणवराहँ ।
मणिरयणविणिम्मियणिम्मलाहँ झायंतहँ मणे फेडियमलाहँ ।
जो सयलकालु वंदिउ सुरेहिँ परिपुज्जिउ झायउ आयरेहिँ ।
घत्ता—देक्खंतहँ णयणहँ सुहु जणहिँ झायंतहँ फेडहिँ दुरियमलु ।
संसारणिहोडणु खणे करहिँ जं चिंतिउ तं पावहिँ सयलु ॥ ५ ॥ 10

---

४. १ N में इससे पूर्व हासियेमें जोड़ा गया है—कियअक्कियपडिमउ अणुसरंत । णयराउ तो वि जिणगुण वहंत । २ D जं चडीय, J N खणद्धं उवरीय. ३ D पंकइं.

५. १ N में इससे पूर्व हासियेमें जोड़ा गया है—तं रम्मि विसए परिजंतएण

३—विद्याधर भ्राताओं-द्वारा जैनधर्म ग्रहण

फिर उन खेचर भ्राताओंने अनुरागसे यह लयण बनवाया। उसका निर्माण सहस्रों स्तम्भों-सहित किया गया और उसका भीतरी भाग सुन्दर कराया गया। उन्होंने मणिनिर्मित जिन-प्रतिमाओंके लिए भी यह स्थान मणि-रत्नोंसे बनवाया। निरन्तर स्नान-पूजा करते व जिनेन्द्रका अनुसरण करते हुए वे खेचर भ्राता बहुत काल तक रहे। यहाँ दिनोंदिन खेचरोंकी मनोहर व नानाविध महिमा बढ़ी। यह पर्वत खेचरोंसे वेष्टित हो गया, जैसे मेरु महागिरि सुरवरोंसे। उस शोभाको देखकर समस्त सुरगणेन्द्र यहाँ विस्मित मन होकर रह जाते थे। उस अवसरपर, हे सरलचित्त! नीलके परम मित्र आये। उस विजयार्द्ध पर्वतकी उत्तर दिशामें गगनतल नामका प्रिय नगर है, जो सुरों, किन्नरों व खेचरोंका वल्लभ है, जैसे मानो देवनगर ही आकर ठहर गया हो।

४—अमितवेग और सुवेग विद्याधरोंका सिरिपूदीपर्वतपर चतुर्विंशति जिनालयका दर्शन

उस गगनतल नामक नगरमें दो खगपति भ्राता रहते थे। उनका परस्पर घनिष्ठ प्रेम था। चन्द्रके समान कमनीय तथा दिवाकरके समान प्रवर तेजस्वी उन भाइयोंके नाम थे अमितवेग और सुवेग। वे सुविशुद्ध शील, समरमें अभंग तथा सम्यक्त्वरूपी रत्नसे परिभूषितांग थे। वे महान् खेचर पर्वके दिनोंमें एक दिन वन्दना करनेके लिए चल पड़े। दक्षिण दिशामें लंकाको जाते हुए मलय प्रदेशमें उन्होंने उस सिरीपूदी नामके गिरिवरेन्द्रको देखा, जहाँ सुरेन्द्र भी क्रीड़ार्थ आता था। क्षणार्द्धमें वे उस पर्वतके ऊपर उतर पड़े, मानो स्वर्गसे सुरपति उतरे हों। वहाँ उन्होंने सुधापंकसे धवल (चूनेसे पुता हुआ स्वच्छ) गगनचुम्बी चतुर्विंशति जिनालय देखा। उसे देख हर्ष से वे वहाँ (जिनबिम्बोंके समीप) गये, जिन्होंने दूरसे ही मदनका निवारण किया था।

५—राघण-वंशी राजा सूरप्रभ-द्वारा उस जैनमन्दिरका निर्माण

रावणके वंशमें एक सूरप्रभ नामसे प्रसिद्ध लंकाका राजा हुआ। उसकी प्रिय गृहिणीका नाम श्रीसेना था। एक दिन वह रमण करनेके लिए निकल कर मलय प्रदेशमें जाते हुए व अति रमणीक भूमि देखते हुए पूदीपर्वतपर आ पहुँचा। और जिस प्रकार भरतेश्वरने भक्तिभावसे कैलासपर चौबीस प्रतिमाएँ करायी थीं, उसी प्रकार उस लंकानाथने शुभ भावसे पूदी मन्दरपर जिनवरोंका वह चतुर्विंशति जिनालय निर्माण कराया था। वे जिनप्रतिमाएँ मणिरत्नोंसे विनिर्मित, निर्मल तथा ध्यान करनेवालोंके मनमें मलोंका नाश करनेवाली थीं। उस जिनालयकी देव सदाकाल वन्दना व आदरसे पूजा व ध्यान करने लगे। वे जिनबिम्ब दर्शन करनेवालोंके नेत्रोंको सुख उत्पन्न करते, ध्यान करनेवालोंके पापरूपी मलका नाश करते, एवं एक क्षणमें (जन्ममरणरूप) संसारका नाश करते थे। उनके दर्शकगण जो चिन्तन करते वह सकल वस्तु पा जाते थे।

६

Hymn to the Jina.

जिणेसरबिंबइँ दिट्ठइँ तेहिँ णिवारिउ मिच्छमहातमु जेहिँ ।
सरीरइँ बायइं सुद्धमणेहिं जिणिंदु अणिंदु सुदेउ [1]थुणेहिँ ।
ण अत्थि जयत्तए तेत्तिय वाणि सुथुव्वइ जेत्तिएँ केवलणाणि ।
तिलोयसरूवहो लद्धपमाण णमो जयणाह अमेय अमाण ।
गयलीलइँ महिलउ जहिँ चलंति णियरूवें रइरूउ वि खलंति
जहिँ देक्खिवि लोयहँ तणउ भोउ वीसरियउ देवहँ देवलोउ ।
आवासिउ णयरहो बहिपएसे अरिसंक पवड्ढिय तहिँ जि देसे ।
आवासु मुएवि सहयरसमेउ करकंडु गयउ रमणहिँ अमेउ ।

---

५. १ प्रतिषु 'रमणिहिं'.

३—शासनदेवीका अवतार

फिर वह मृगनयनी रामकी स्त्री (सीता)के सदृश सस्नेहचित्त होकर उसके आगे आयी और बोली—हे कुमार, मैं तुम्हारी अनुचरी हूँ और तुम्हारे शत्रुओंका प्रलय करनेके लिए उत्पन्न हुई हूँ। कुमार उसके साथ अटवीके मध्य भागमें गया जहाँ मनुष्यों, खेचरों, किन्नरों व देवोंका भी प्रवेश असाध्य था। वहाँ उन्होंने एक पुराना कूप देखा। तथापि उनके हृदयमें उससे कोई बड़ा डर प्रविष्ट नहीं हुआ। वहाँ उन्होंने देखा कि एक सर्प निष्ठुर पंजोंवाले मेढकसे युद्ध कर रहा है। उनको युद्ध करते देख उस कुमारने तुरन्त अपने अंगको तृण समान समझकर तलवारसे अपना मांस काटा, और उनके खानेके लिए उनके बीच फेंक दिया। उसके साहसको जानकर वे दोनों मानव होकर उसके आगे आ उतरे। एकने अहीरका रूप बनाया था, और दूसरेने बटु (ब्राह्मणकुमार) का। उन तीन व्यक्तियोंसे वह कुमार ऐसा सुशोभित हुआ जैसा मानो स्वर्गसे कोई सुर आ गया हो।

४—राजपुत्रकी रक्षा और समृद्धि

उन्हें किसी राजाने देखा और उत्साहपूर्ण वचनोंसे उनका सम्मान किया। उस रूपकी पिटारी नारीको देखकर राजाके मनमें मानो प्रलयकी बीमारी प्रविष्ट हो गयी। उस नारीकी अभिलाषाको प्राप्त होकर राजाने कुमारके प्राणनाशका विचार किया। राजा उस कुमारको शिकार खेलने ले गया। वहाँ एकान्तमें एक अन्धकूप था। राजाने कुमारको उसमें ढकेलकर पटक दिया और आप महिलाके सम्मुख पहुँचा। किन्तु वहाँ उसे सर्पने डस लिया, जिससे वह मर गया। उसी समय मेढक कुमारको कुएँसे निकाल लाया। कुमारको राजपट्ट बाँधा गया और सबने घोड़ों का समूह समर्पित किया। अब वह लीलापूर्वक राज्यलक्ष्मीका उपभोग करने लगा। एक बार उसने उस चकोराक्षीसे पूछा—हे सुन्दरि, तू कौन है, मुझे कह दे। मैं खूब स्नेहसे आदरपूर्वक तुझसे पूछता हूँ। तब वह शासनदेवी अपना वही पुराना वृत्तान्त राजाको कहकर उसी क्षण अपने निवासस्थानको चली गयी।

५—करकण्डका सिंहलद्वीपमें रमण

खेचरने करकण्डसे कहा—हे गुणसागर, सुन्दर, मैंने जो शकुनकी कहानी कही, वह तुमने सुन ली। यह कहकर वह खेचर सत्यलक्ष्मीपुर नामक अपने घर चला गया। फिर एक दिन करकण्डने तुरन्त वहाँसे प्रयाण कर दिया। नरप्रधान करकण्ड राजा (बीच-बीचमें) निवास (पड़ाव) करता हुआ सिंहलद्वीप पहुँचा, जहाँ राजहंस-शिशु मनको हरते थे; जहाँ सुर, खेचर व किन्नर रमण करते थे; जहाँ महिलाएँ गजलीलासे चलतीं तथा अपने रूपसे रतिके रूपको भी पराजित करती थीं; जहाँके लोगोंका भोग-विलास देखकर देवोंको देवलोक भी विस्मृत हो जाता था। करकण्डने नगरके बाहरी प्रदेशमें अपना पड़ाव डाला, जिससे उस देशमें शत्रुके आनेकी शंका बढ़ उठी। अभेय (दुर्जेय) करकण्ड अपने आवासको छोड़कर सहचरोंके साथ रमण करने निकला। वहाँ उसे एक महान् वटवृक्ष दिखायी दिया, जो सैकड़ों पक्षियोंसे भरा हुआ था, मानो देवोंसे

तहिँ गरुवउ सवणसएहिँ भरिउ णं कप्पवच्छु देवेहिँ धरिउ। 10
दलवंतहिँ पत्तहिँ परियरिउ वहु दिट्ठु राएँ तसु वित्थरिउ।
घत्ता—करकंडें पेक्खवि तहो वडहो दीहइँ सुट्ठु सुकोमलइँ।
ता लेविणु गुलिया धणुहडिया विद्धाइँ असेसइँ सइलइँ ॥ ५ ॥

६

The Simhala king invites Karakanda to his palace.

वडपण्णइँ विद्धइँ जं सरेण णरणाहहो कहियउ सो चरेण।
जो भासिउ चारणमुणिवरेण वरु आयउ णरवइ सो भरेण।
ण वि जाणहुँ किं सो वरुणु चंदु अह होइ णरेसरु किं सुरिंदु।
खेलंतें वणे णिवसुयगणेण वडपत्तणिवहु विद्धउ खणेण।
ता राएँ पेसिय णरपहाण गय सिग्घिरहो खेवें ते सयाण 5
चंपाहिउ भणियउ तेहिँ मित्त पइँ कोक्कइ णरवइ सरलचित्त।
सो तुम्हहँ उवरि णिवद्धणेहु संचल्लहु तुम्हइँ तासु गेहु।
तं सुणिवि भणइ करकंडु राउ जइ आवइ सम्मुहुँ तुम्ह राउ।
रयणाण विणिम्मियसुंदरासु ता जामि तुम्ह णिवमंदिरासु।
तं सुणिवि तेहिँ खणि णियणिवासु घरि जाइवि अक्खिय वत्त[1] तासु। 10
घत्ता—सो आवइ णरवइ तुज्झु घरि जइ तुम्हइँ लेणहँ जाहु तहो।
तं सुणिवि णराहिउ णीसरिउ मउ सम्मुहुँ सो चंपाहिवहो ॥६॥

७

Karakanda marries the Simhala princess.

सो दिट्ठउ राएँ अइसुतेउ णं विग्गहवंतउ मयरकेउ।
अणुराएँ ता गुणसायरेण णिउ णयरे णराहिउ आयरेण।
पइसंतउ सो पुरि जणहिँ दिट्ठु गोपालसहिउ णं देउ विट्ठु।
जुवईजणमणसंताउ दिंतु करकंडु णराहिउ गेहु पत्तु।
रइवेयहे णामें णिवसुआहे। दक्खालिउ सो सुललियमुआहे। 5
सो बालएँ अवलोइउ जुवाणु णं हियएँ पइट्ठउ कुसुमवाणु।
विहलंघल काइँ वि णउ मुणेइ [1]सा पेक्खइ किं पि ण ण वि सुणेइ।
ण वि जणणहो लज्जा ताहे जाय कंपंतिहे पुलएँ खलिय वाय।
पेक्खेविणु धूयहे सेयवाहु पारंभिउ राएँ खणे विवाहु।
घत्ता—[2]कउ मंडउ मोत्तियतोरणहिँ गुरुचउरिय हेमें णिम्मविय। 10
अइउच्चिय मणहर वेइ किय रयणविणिम्मिय णिम्मलिय ॥ ७ ॥

८

Karakanda returns with the bride by the sea.

वेवाहु कियउ लहु ताहु के वि खेयर अहिलासहो जाहिँ जे वि।
दाइज्जइँ दिण्णा तहे पयंड णिज्झरझरंतमयगिल्लगंड।
वरतुरयथट्ट किंकिणिरवाल रयणेहिँ विणिम्मिय दिण्ण माल।

---

६. १ N वात.

७. १ प्रतिषु 'सो'. २ N किउ।

सुरक्षित हुआ कल्पवृक्ष हो। जो दलवान् (नये विकसित होते हुए) पत्तोंसे युक्त था, तथा जो समानरूपसे विस्तार लिये हुए था। करकण्डने उस वटवृक्षके दीर्घ और अति सुकोमल पत्तोंको देखकर अपना छोटा-सा गुलेल-धनुष ले उन सबको छेद डाला।

६—सिंहलनरेश-द्वारा करकण्डका स्वागत

जब करकण्डने बाणसे वटपत्रोंको वेध डाला, तब यह बात एक गुप्तचरने जाकर राजासे कही—हे नरपति, चारण मुनिवरने जिसकी भविष्यवाणी की थी, वह वर अब निश्चयसे आ गया है। मैं नहीं जानता हूँ कि वह वरुण है या चन्द्र, अथवा कोई नरेश्वर है, कि सुरेन्द्र। उसने राजपुत्रों-सहित वनमें खेलते हुए एक क्षणमें वटपत्रोंके समूहको वेध डाला है। तब राजाने अपने प्रधान पुरुषोंको भेजा। वे सयाने पुरुष तुरन्त करकण्डके शिविरको गये और चम्पाधिराजसे बोले— हे सरलचित्त मित्र, तुम्हें हमारे नरपतिने बुलवाया है। उन्हें आपके ऊपर स्नेह हो गया है। अतएव आप उनके घर चलिए। यह सुनकर करकण्ड राजा बोले—यदि तुम्हारा राजा स्वयं मेरे सम्मुख आयेगा, तो मैं तुम्हारे राजाके रत्नोंसे निर्मित सुन्दर महलमें जाऊँगा। यह सुनकर उन्होंने उसी क्षण घर जाकर अपने राजासे यह बात कही—हे राजन्, वे आपके घर तभी आयेंगे, जब आप स्वयं उन्हें लेने जावें। यह सुनकर राजा निकल पड़ा और चम्पाधिपतिके सम्मुख पहुँचा।

७—रतिवेगाका प्रेमभाव व परिणय

सिंहलके राजाने अतितेजस्वी करकण्डको देखा, मानो वह शरीरवान् कामदेव ही हो। उस गुणसागर राजाने अनुरागसे आदरपूर्वक करकण्डका नगरमें प्रवेश कराया। नगरमें प्रवेश करते हुए करकण्डको लोगोंने ऐसे देखा जैसे मानो वह गोपालों-सहित विष्णुदेव (कृष्ण) ही हो। युवतीजनोंके मनको संताप पहुँचाता हुआ करकण्ड राजा महलमें आया। वहाँ उसे राजाने अपनी सुललित भुजाओंवाली रतिवेगा नामकी पुत्रीको दिखलाया। बालिकाके इस युवकका अवलोकन करते ही, मानो उसके हृदयमें कुसुम-(काम-) बाण प्रविष्ट हो गया। वह ऐसी विह्वल हुई कि कुछ मानती ही नहीं थी, न कुछ देखती थी और न कुछ सुनती। उसे अपने पिताकी भी लज्जा न रही। वह काँपने लगी तथा रोमांचसे उसकी वाणी लड़खड़ाने लगी। जब राजाने अपनी पुत्रीके (प्रेमभाव रूप) पसीनेके प्रवाहको देखा, तब उचित समयपर उसका विवाह प्रारम्भ कर दिया। मोतियोंके तोरणोंसे मण्डप सजाया गया; स्वर्णनिर्मित बड़ी-बड़ी चौरियाँ लटकायी गयीं; तथा अति उच्च, मनोहर, रत्ननिर्मित निर्मल वेदी बनायी गयी।

८—करकण्डकी जलयात्रा

शीघ्र ही उसका ऐसा विवाह किया गया कि खेचर भी उसकी अभिलाषा करने लगे। उसे दहेजमें धाराप्रवाह झरते मदसे गीले मण्डस्थलोंवाले प्रचण्ड हाथी, एवं किंकिणियोंकी ध्वनि करते हुए उत्तम घोड़ोंके समूह दिये, रत्नोंसे निर्मित मालाएँ दीं, तथा अन्य भी जो कुछ नयनाभिराम होता

जं अवरु किं पि णयणाहिरामु तहे राएँ दिण्णउ लेवि णामु ।
एएहिँ समउ मणि तुट्ठएण जामायहो अप्पिय दुहिय तेण । 5
बहुरयणइँ दिण्णइँ तुरियएण पहिराविय राणा राणएण ।
णरणाहें विसज्जिउ णिवपहाणु संजोइउ राएँ सलिलजाणु ।
दुट्ठारिणरिंदहो पलयकालु तहिँ जाणे चडिण्णउ धरणिवालु ।
धयवडवमालु परिघुलिउ भाइ तं पवणवसें जलमज्झे जाइ ।
घत्ता—अवराइँ सहासइँ छण्णवइँ णरणियरणिरंतरपूरियइँ । 10
णं अमरविमाणइँ धर सरहिँ जलगमणहो आसाऊरियइँ ॥ ८ ॥

९

He encounters a sea monster.

जाम सिंधुमज्झि जाहिँ जाणयाइँ मंडिऊण ताडिऊण सज्जियाइँ ।
ताव दिट्ठु राणएण मच्छु फारु णाइँ तेण सायरस्स लद्ध सारु ।
तेण रूवें णाइँ विण्हु कीलएइ सायरो व्व रायरिद्धि णं णिएइ ।
जोयणाइँ सट्ठि अत्थि तुंगिमाइँ अद्धओ वि अद्धि आएँ होइ ताइँ ।
सो वि सट्ठिसत्त पाय दीहमाणु सायरं पि रुंधिऊण थक्किमाणु । 5
मंदरो व्व तोयमज्झे अप्पमाणु उच्छलंतु पक्खलंतु छज्जमाणु ।
मंदु मंदु सुप्पयंडु रंगमाणु रोसएण धाविऊण लग्गमाणु ।
सो वि देक्खि राणयाहँ भग्गमाणु खंचियं पि तक्खणेण तोयजाणु ।
घत्ता—भयभीयणरिंदहिँ दुत्थियहिँ सयलइँ जलजाणइँ उब्भियइँ ।
णं काइँ वि दुट्ठइँ देवयइँ मंताण पहावें थंभियइँ ॥ ९ ॥ 10

१०

Karakaṇḍa is carried away by a Vidyādharī

सो वि मच्छु पेक्खिऊण सुद्धभाउ छंडिऊण ।
ताव तेण दुद्धरेण बद्धमाणमच्छरेण ।
मल्लगंठि बंधिऊण खग्गवेणु कड्ढिऊण ।
तं पि जाणु छंडिऊण रोसएण धाविऊण ।
राइणा तुरंतएण दिण्ण झंप कुद्धएण 5
उल्लवेवि दुक्कु तित्थु थूलकाउ मच्छु जित्थु ।
पोटमज्झे भाविऊण सो वि मच्छु घाइऊण ।
लूरियाइं वम्मयाइँ फाडियाइँ चम्मयाइँ ।
जत्थ अत्थि सच्छणीरु उच्छलंतु णट्ठ वीरु ।
ताव तम्मि खेयरीएँ णीउ राउ दुद्धरीएँ । 10
सो वि णीउ पेक्खिऊण सुब्भडेहिँ चिंतिऊण ।
दिण्ण झंप सायरम्मि दुक्खिएहिँ तक्खणम्मि ।

---

८. १ J लइवि. २ S छणवइं । ९. १ S पारु,

१०. १ J रावणा; S रायिणा. २. N धाविऊण, ३. N में इससे पूर्व हासियेमें—'सायरो महागहीरु.' ४. N में इससे पूर्व हासियेमें—'ताव तम्मि जुज्झदच्छु', ५. N में इससे पूर्व हासियेमें—'णीउ हेरि सुद्धियाइं महगहीरु मुद्धियाइं.'

है, वह सब राजाने नाम ले-लेकर दिया। मनमें संतुष्ट होकर उक्त समस्त वस्तुओंसहित अपनी पुत्रीको अपने जामाताको अर्पित किया। राजाने अन्य राजाओंको भी तुरन्त बहुत-से रत्न दिये और उनकी पहिरावन की। सिंहलके राजासे विदा होकर, नृप-प्रधान करकण्डने जलयानका संयोग किया और वह दुष्ट शत्रु राजाओंका प्रलयकाल, धरणीपाल उस यानपर जा चढ़ा। ध्वज-पताकाओंसे फहराता हुआ वह यान बड़ा सुन्दर दिखायी दिया, और पवनके वेगसे जलके मध्य चलने लगा। अन्य भी छयानवे हज़ार नौकाएँ नरसमूहोंसे खूब भर गयीं, मानो देवोंके विमान अपनी जलगमनकी आशा पूरी करनेके लिए पृथ्वीपर चल रहे हों।

९—समुद्रमें महामत्स्यका प्रादुर्भाव

जब वे यान मण्डित और वितानोंसे सुसज्जित होकर समुद्रमें जा रहे थे, तब राजा करकण्डने एक महाकाय मत्स्य देखा;जैसे मानो उसने सागरका सार पा लिया हो;जैसे मानो उस रूपमें विष्णु क्रीड़ा कर रहे हों; अथवा जैसे मानो स्वयं सागर करकण्डकी राज्य-ऋद्धिको देख रहा हो। उस मत्स्यकी ऊँचाई ६० योजन एवं विस्तार इसके आधेका आधा अर्थात् १५ योजन तथा उसकी दीर्घताका मान ६७ पाद था। इस प्रकार वह सागर-भरको रूँधकर स्थित था। वह मन्दर पर्वतके समान जलमें अप्रमाण रूपसे उछलता-कूदता शोभा दे रहा था। धीरे-धीरे चलते हुए वह सुप्रचण्ड मत्स्य रोषसे दौड़कर यानके पीछे लग गया। उसे दौड़ते हुए देखकर राजाने उसी क्षण जलयानको खिंचवाकर रुकवा लिया। अन्य राजाओंने भी भयभीत व व्याकुल होकर समस्त जलयानोंको खड़ा करवा लिया, मानो उन्हें किसी दुष्ट देवताने मन्त्रोंके प्रभावसे स्तम्भित कर दिया हो।

१०—मत्स्यसे युद्ध और करकण्डका अपहरण

उस मत्स्यको देखकर उस दुर्द्धर राजाने अपना शान्तभाव छोड़, क्रोध धारण किया; तथा मल्लग्रन्थि बाँधकर एवं तलवार खींचकर, यान छोड़ रोषसे दौड़कर तुरन्त समुद्रमें छलाँग मारा। वह लपकता हुआ वहाँ पहुँच गया, जहाँ वह स्थूलकाय मत्स्य था। उसने उसके पेटके मध्यमें प्रविष्ट होकर मत्स्यको मार डाला, उसके मर्मस्थल छेद डाले और चर्म फाड़ डाले। फिर वह वीर उछलता हुआ स्वच्छ जलमें आ गया। उसी समय एक दुर्द्धर खेचरी राजाको ले उड़ी। राजाको हरा देख सुभटोंने चिन्ता की तथा दुःखी होकर तत्क्षण सागरमें गोता मारा। सागरका

घत्ता—हल्लोहलि हूयउ सयलु जलु अपरंपरि जाणइँ[6] संचलहिँ ।
हा हा रउ उट्ठिउ करुणसरु तहो सोएँ णरवर सलवलहिँ ॥ १० ॥

११

Lamentations of Rativegā.

जा णरपंचाणणु वियसियआणणु जलि पडिउ ।
ता सयलहिँ लोयहिँ पसरियसोयहिँ अइडरिउ ॥
रइवेय सुभामिणि णं फणिकामिणि विमणभया ।
सव्वंगें कंपिय चित्ति चमक्किय मुच्छ गया ॥
कियचमरसुवाएँ सलिलसहाएँ गुणभरिया ।
उट्ठाविय रमणिहिँ मुणिमणदमणिहिँ मणहरिया ॥
सा करयलकमलहिँ सुललियसरलहिँ उरु हणइ ।
उव्वाहुलणयणी गग्गिरवयणी पुण भणइ ॥
हा वइरिय वइवस पावमलोमस किं कियउ ।
मइँ आसि वरायउ रमणु परायउ किं हियउ ॥
हा दइव परम्मुहु दुण्णय दुम्मुहु तुहुँ हुयउ ।
हा सामि सलक्खण सुट्ठ वियक्खण कहिँ गयउ ॥
महो उवरि भडारा णरवरसारा करुण करि ।
दुहजलहिँ पडंती पलयहो जंती णाह धरि ॥
हउँ णारि वराइय आवइँ आइय को सरउँ ।
परिछंडिय तुम्हहिँ जीवमि एवहिँ किं मरउँ[2] ॥
इय सोयविमुद्धइँ लवियउ सुद्धइँ जं हियइँ ।
हउँ बोल्लिसु तइयहुँ मिलिहइ जइयहुँ मज्झु पइ ॥
घत्ता—अइसोउ करेविणु मंतिवरु संबोहिवि परियणु दुम्मियउ ।
गउ जाणइँ लेविणु जलहितडे तं परियणु तहिँ णिच्चलु कियउ ॥११॥

१२

Rativega worships goddess Padmāvatī.

आवासिय सेण्णा तित्थु जाव रइवेयएँ उज्जउ कियउ ताव ।
पुणु तुरिउ विलक्खीहूइयाइँ अणुसरिय देवि कोमलगिराइँ ।
उद्धरियउ मंडलु ताएँ रम्मु णं धम्मु जिणेंदें हरियछम्मु ।
तहो मज्झि णिवेसिय दिव्व देवि पोमावइ णामें थिर करेवि ।
पुव्वाहिँ मि दिसिहिँ मि जउ थियाउ आहूयउ देविउ आइयाउ[4] ।
रत्तंदणकद्दें[3] जा घडीय ससिचंदणकुंकुमसमलहीय[3] ।
फलफुल्लणिवेज्जहिँ पुज्ज कीय उववासइँ पढमउँ अणुसरीय ।
उवएसें लद्धउ बीयवंतु[4] णवकुंकुमकुसुमहिँ जविउ मंतु ।
घत्ता—आरत्तहिँ दव्वहिँ आलिहिवि आरत्तहिँ वत्थहिँ परिहणिय ।
आरत्तझाणु झाएविँ पुणु णिज्झाइय देवअ थिरमणिय ॥ १२ ॥

---

६. J जाणहिं.
११. १ D दुण्णइ दुम्मुह. २ J करउँ.
१२. १ J N आउयाउ. २ J रत्तंदिणकद्दें; D रतंदणकद्दें. ३ J में 'समलहीय' से पंक्ति ८के 'णवकुंकुम' तक पाठ छूटा है । ४ N बीयबंदु. ५ N आरत्तमाण माएवि.

समस्त जल खलभला उठा; यान परस्पर टकरा गये; हाय-हायका करुण स्वर उठ पड़ा, तथा उसके शोकमें सब मनुष्य बलबला उठे।

११—रतिवेगाका विलाप

जब वह प्रसन्नमुख नरसिंह जलमें पड़ गया, तब सब लोग भयभीत हो उठे और उनका शोक बढ़ गया। नागकन्याके समान सुन्दरी रतिवेगा विमनस्क हो उठी तथा सर्वांग कम्पित एवं चित्तमें चमत्कृत होकर मूर्च्छित हो गयी। तब उस गुणवती, मनोहर सुन्दरीको उसकी मुनियोंके मनको भी दमन करनेवाली रमणी सखियोंने खूब-चँवरियोंकी हवा करके, एवं जलकी सहायतासे मूर्च्छासे उठाया। तब वह अपने सुललित सरल करकमलों-द्वारा छाती पीटने लगी; और फिर डबडबायी आँखों तथा गद्‌गद स्वरसे विलाप करने लगी। हाय, पापमलिन बैरी यम, यह तूने क्या किया ? मैंने जिसे अभी ही अपने रमणके रूपमें वरा था, उसे तू क्यों मुझसे छीन ले गया ? हाय देव, तू क्यों ऐसा पराङ्मुख, दुर्जय और दुष्ट हो गया ? हाय, मेरे सुलक्षण, सुविचक्षण स्वामी, तुम कहाँ चले गये ? हे भट्टारक, हे नरश्रेष्ठ, मेरे ऊपर करुणा कीजिए। हे नाथ, दुःखसागरमें पड़ती हुई, प्रलयको जाती हुई मुझे बचाइए। मैं एक दीन नारी हूँ। इस आपत्ति के आनेपर मैं किसका स्मरण करूँ ? तुम्हारे छोड़कर चले जानेपर अब मैं जीऊँगी या यों ही मर जाऊँगी ? इस प्रकार शोकविमूढ़ होकर उसने शुद्ध हृदयसे कहा (प्रतिज्ञा ली) कि अब मैं तभी बोलूँगी जब मुझे मेरा पति मिल जायेगा। तब मन्त्रिवर अत्यन्त शोक मनाकर, तथा दुःखी परिजनोंको सम्बोधित करके, यानोंको लेकर समुद्रतटपर गया और वहाँपर उसने समस्त परिजन समाजको ठहरा दिया।

१२—रतिवेगा-द्वारा पद्मावतीकी पूजा

जब वहाँपर सेनाका पड़ाव पड़ गया, तब रतिवेगाने धर्मोद्योग (व्रतसाधन) किया। उसने विह्वल होकर कोमल वाणीसे देवीका अनुसरण (आह्वान) किया। उसने रमणीक मण्डलका निर्माण किया, जैसे मानो जिनेन्द्रने निश्छल धर्मका उद्धार किया हो। उस मण्डलके बीच उसने दिव्यदेवी पद्मावतीको, नाम लेकर, स्थापित किया। पूर्व दिशामें जो देवियाँ स्थित हैं, वे उसके आह्वान करनेपर वहाँ आयीं। उसने रक्त चन्दनके काष्ठसे गढ़ी हुई पद्मावतीकी मूर्त्तिकी शुभ्र चन्दन व कुंकुमसे अर्चना की; तथा फल-फूल व नैवेद्यसे पूजा की; एवं उपवासपूर्वक उसका अनुस्मरण किया। उसने उपदेश-द्वारा जो बीज-मन्त्र पाया था, उसका नये कुंकुम और पुष्पोंसहित जाप किया। लाल द्रव्योंसे लिखकर, लाल वस्त्रोंका परिधान करके, लाल (अग्नि आदिक) द्रव्यका ध्यान करके, फिर उसने स्थिर मनसे देवतामें अपना ध्यान लगाया।

१३

Goddess Padmavati appears.

समचिवि पूजिवि झायइ जाव समागय देवय पोमिणि ताव ।
समंथरलील सकोमलअंगि कुणंतिय का वि अउव्विय भंगि
विणिम्मियरूवसमिद्धि खणेण सरीरइँ रत्तिय सुद्धमणेण ।
करेहिँ चऊहिँ करंति गुणाल सपोत्थयभिंग समुहमुणाल ।
सकुंडलकण्णफुरंतकवोल सणेउरकिंकिणिमेहलरोल । 5
फणीफणपंच सिरेण धरंति पसण्णिय णिम्मल का वि करंति ।
महीयलि पायसरोय थवंति सुहाविहँ वाणिहँ किं पि चवंति ।
दिसाहँ मुहम्मि पसारियधामु उरम्मि णिवेसियमोत्तियदामु ।
घत्ता—वरु देमि भणंती देवि खणे रइवेयहे अग्गइँ गुणभरिय ।
तुहुँ मग्गि किसोयरि जं हियइँ तउ कारणेँ धरणिहे अवयरिय ॥१३॥ 10

१४

The goddess grants a boon to Rativega who asks for information about her husband.

जा देविहे दिट्ठउ मुहकमलु रइवेयहे जायउ अंसुजलु ।
महो देवि भडारिए दुरियमलु तउ दंसणे णट्ठउ तं सयलु ।
पइँ देवि सहावें जो थुणइ सो दुक्खपरंपर णउ मुणइ ।
जो अणुदिणु झायइ तुज्झु मुहुँ तसु होहि तरंडउ देवि तुहुँ ।
महो दीणहे तुहुँ कारुण्णु करि दुहसायरे मइँ णिवडंति धरि । 5
हउँ किं पि ण मग्गम्मि देवि पइँ अब्भत्थिय तुहुँ वरु एक्कु मइँ ।
जइ सच्चउ भयवइ देहि वरु महो वयणु एक्कु तुहुँ देवि करु ।
रयणायरे महो सामिउ गयउ किं जीवइ अह किं सो मुयउ ।
घत्ता—ता कहइ सुरेसरि तुह रमणु जो जाणहो होंतउ परिपडिउ ।
कणयप्पहविज्जाहरसुअहे सो हियवइँ तक्खणे संचडिउ ॥ १४ ॥ 10

१५

Karakanda, says the goddess, had been taken to Tilakadvipa where he had become the lord of all.

ता मोहवसें कणयप्पहाए खणि तिलयदीउ सो णियउ ताए ।
वक्खालिउ जणणहो ताय पेक्खु मइँ सायरि लद्धउ दिव्वचक्खु ।
एहु सामि महारउ रिसिहिँ सिट्ठु जह लच्छिएँ लद्धउ देउ विट्ठु ।
अणुराउ मुणेवि विज्जाहिवेण वेवाहु कियउ तहे उच्छवेण ।
करकंडइँ ता एक्कहिँ दिणम्मि हउ वइरिउ ससुरहो तक्खणम्मि । 5
जो सुअणु परायउ असइ भोज्जु उवयारु करइ किर कवणु चोज्जु
कणयप्पहवइरिउ हयउ जेण सो सामिउ होसइ किं परेण ।
इय मुणिवि केर विज्जाहरेहिँ पडिवण्णिय तुरिय कयायरेहिँ ।

---

१३. १ N मायइ.

१५. १ J तहिं.

१३—पद्मावती देवीका प्रकट होना

रतिवेगाने जब पूजा-अर्चा करके ध्यान लगाया, तब पद्मावती देवी वहाँ प्रकट हुई। वह कोमलांगी देवी धीरे-धीरे, लीलापूर्वक, एक अनिर्वचनीय, अपूर्व मुद्रा धारण किये हुए थी। उसने उस समय अत्यन्त सौन्दर्यमय रूप धारण किया था। वह शरीरसे रक्तवर्ण थी, व मनसे विशुद्ध। वह अपने चार हाथोंमें गुणयुक्त पुस्तक, भृंग (झारी), मुद्रांगुली तथा मृणाल लिये हुए थी। उसके कपोल कर्णकुण्डलोंसे चमक रहे थे, तथा उनके नूपुरों व काँचीसे किंकिणियोंकी झंकार हो रही थी। वह अपने सिरपर पाँच नागफण धारण किये हुए थी, एवं एक अपूर्व ही निर्मल प्रसन्नता फैला रही थी। वह पृथ्वीतलपर अपने चरण-कमलोंको रखती हुई, तथा सुहावनी वाणीमें कुछ कहती हुई आई। वह उरस्थलमें मोतियोंकी माला पहने हुए थी, जिसकी कान्ति समस्त दिशाओंमें फैल रही थी (यहाँ मौक्तिकदाम छन्दका प्रयोग है)। वह गुणोंसे भरी देवी क्षणमात्रमें रतिवेगाके आगे आ खड़ी हुई और बोली—"मैं वरदान देती हूँ। हे कृशोदरि, जो कुछ तेरे हृदयमें हो, सो तू माँग ले। मैं तेरे कारण ही धरणीपर उतरी हूँ।"

१४—रतिवेगाकी देवीसे वरदानकी प्रार्थना

जब देवीके मुखकमलको देखा, तब रतिवेगाकी आँखोंमें अश्रु भर आये। (वह बोली—) हे भट्टारिके देवि, तेरे दर्शनसे मेरा समस्त पापमल नष्ट हो गया है। हे देवि, जो कोई स्वभावसे तेरी स्तुति करता है, वह दुःख-परम्पराका अनुभव नहीं करता। जो कोई प्रतिदिन तेरे मुखका ध्यान करता है, उसके लिए, हे देवि, तू (संसारसागरसे तारनेके लिए) नौका बन जाती है। मुझ दीनपर तू दया कर; और दुःखसागरमें गिरती हुई मुझे बचा ले। हे देवि, मैं तुझसे कुछ नहीं माँगती। केवल एक वरदानके लिए मेरी तुझसे प्रार्थना है। हे भगवति, यदि सचमुच ही तू मुझे वर देती है तो, हे देवि, तू मेरी एक बात कर—"मेरा स्वामी रत्नाकरमें चला गया है, वह जीवित है अथवा मृत्युको प्राप्त हो गया ?" (यह सुनकर) सुरेश्वरी बोली—"तेरा रमण जो यान परसे नीचे उतरा, वह तत्क्षण ही कनकप्रभा नामकी विद्याधर कन्याके हृदयपर चढ़ गया।"

१५—देवी-द्वारा करकण्डकी कुशल-वार्त्ता

तब मोहके वशीभूत होकर कनकप्रभा उसे उसी क्षण तिलकद्वीपको ले गयी, और उसे अपने पिताको दिखलाया—"देखिए तात ! मैंने इस दिव्यचक्षु पुरुषको सागरमें पाया है। ऋषियोंने कहा था कि यही मेरा स्वामी होगा, जैसे कि लक्ष्मीने विष्णुको (सागरमें) पाया था।" विद्याधरने उसके अनुरागको जानकर उत्सवसे उसका विवाह कर दिया। फिर करकण्डने एक दिन अपने श्वसुरके वैरीका शीघ्र ही नाश कर डाला। जो सज्जन पुरुष पराया भोजन करता है, वह उसका उपकार करे, इसमें आश्चर्य ही क्या है ? "जो कोई कनकप्रभके वैरीको मारेगा वही तुम्हारा स्वामी होगा, अन्य किसीसे क्या ?" इस भविष्य वाणीको मानकर विद्याधरोंने आदरपूर्वक तुरन्त करकण्डकी सेवा स्वीकार कर ली। उन्होंने अनुरागसे अपने दोनों हाथ जोड़कर और

घत्ता—अणुराएँ मउलेवि करजुवलु सिरु णविवि पयत्तें अणुसरिय ।
विज्जाहरु सो ण वि अत्थि तहिँ तसु तणिय केर जें ण वि धरिय ॥१५॥ 10

१६

The goddess assures Rativegā of her reunion with her husband.

तउ रमणइँ कीयइँ साहसाइँ को वण्णहुँ सक्कइ बहिणि ताइँ ।
वेवाहिय तेण अणंगलेह णं कामकिरायहो तणिय रेह ।
पुणु लीलएँ परिणिय चंदलेह णं मयणसहोयरि दिव्वदेह ।
कुसुमावलि चारुचरित्तचित्त रयणावलि परिणिय कणयदित्त ।
अवराइँ मि कण्णहँ सयइँ सत्त परिणीयइँ मइँ तुह कहिय वत्त । 5
ता सोउ णिवारिवि करहि धम्मु करकंडु मिलेसइ गलियछम्मु ।
अइतुरिउ लएविणु पउरदव्वु अणवरउ देहि तुहुँ दाणु भव्वु ।
रइवेएँ भणियउ तं सुणेवि किं सायरे गउ आवइ वलेवि ।
घत्ता—पडिवयणु भडारी तहे भणइ महो वयणहो संसउ किं करहि ।
कणयामरतेयसमग्गलउ सो अणुदिणु जिणवरु संभरहि ॥ १६ ॥ 10

इय करकंडमहारायचरिए मुणिकणयामरविरइए भव्वयणकण्णावयंसे पंचकल्लाणविहाणकप्पतरु-फलसंपत्ते करकंडविज्जाहरविवाहलंभो णाम सत्तमो परिच्छेउ समत्तो ।

॥ संधि ॥ ७ ॥

सिर नवाकर प्रयत्नपूर्वक उसका अनुसरण किया। वहाँ अब ऐसा कोई विद्याधर न रहा जिसने उसकी सेवा स्वीकार न की हो।

१०

१६—देवीका रतिवेगाको धर्मोपदेश

पद्मावती देवीने कहा—"हे बहन, तेरे रमणने जो साहस किये हैं, उनका वर्णन कौन कर सकता है ? उसने अनंगलेखाको भी विवाह लिया है, जो मानो कामरूपी किरातकी रेखा (शोभा) ही है। फिर उसने लीलापूर्वक चन्द्रलेखाका भी परिणय किया है, जो मदनकी सहोदरीके समान दिव्यदेह है। उसने सुन्दर चारित्र और चित्तवती कुसुमावली तथा सुवर्णकान्ति रत्नावलीका भी परिणय किया है। और भी सात-सौ कन्याएँ उसने विवाह ली हैं। मैंने तुझे बात कह दी। अतः अब तू शोकका निवारण करके धर्मका पालन कर। तुझे निर्दोष रूपमें करकण्ड मिलेगा। अतिशीघ्र प्रचुर द्रव्य लेकर तू निरन्तर भव्य दान दे।" यह सुनकर रतिवेगाने कहा—"क्या सागरमें गया हुआ मनुष्य फिर लौटकर आता है ?" तब भट्टारिका देवीने उत्तर दिया—"तू मेरे वचनमें संशय क्यों करती है ? तू तो कनक व अमरतेजसे सम्पन्न जिनवरका प्रतिदिन संस्मरण कर।"

५

१०

इति मुनि-कनकामर-विरचित भव्यजनकर्णावतंस पंचकल्याणविधानकल्पतरुफल-सम्पन्न करकण्ड-महाराजचरित्रमें करकण्डका विद्याधर कन्याओंसे विवाह-लाभ नामक सातवाँ परिच्छेद समाप्त।

सन्धि–८

१

The goddess illustrates her point by the story of Aridamana,

रइवेय भणइ हे देवि सुणु तुह वयणु सुहावउ भावियउ ।
महो अक्खु पसाउ करेवि तुहुँ किं को वि गयउ णरु आइयउ ॥

तं सुणिवि भडारी कहइ ताहे दुरिएण विलित्तउ मणु ण जाहे ।
हे सुंदरि णिसुणहि सरलचित्ते जिणणाहहो चलणहँ परमभत्ते ।
हउँ अक्खमि णेहें तुज्झु किं पि अरिदमणणराहिवचरिउ तं पि । 5
एत्थत्थि अवंती णाम देसु णं तुट्टिवि पडियउ सग्गलेसु ।
तहिँ णयणपियारी णयरि अत्थि उज्जेणि णाउ गयरविगभत्थि ।
तहिँ अत्थि पसिद्धउ पवरतेउ अरिदमणु णराहिउ गुणणिकेउ ।
तहो विमला भामिणि णयणरम्म आसण्णभव्व परिगलियकम्म ।
तहो अत्थि मंति जणजणियराउ वरदत्तु णराहिव[1]-दिण्णभाउ । 10

घत्ता—तहो मंतिहे वडवा सुंदरिय गय चरणहँ बाहिरे पुरवरहो ।
सा रमिय तुरंतइं मयणभर पेक्खेविणु तुरयइँ गिरिवरहो ॥ १ ॥

२

Aridamana's minister got a colt which was watched by a Vidyādhara in the form of a parrot.

सा गया पट्टणं मंतिणा पेक्खिया सव्वसल्लक्खणा गब्भिणी लक्खिया ।
तेण संरक्खिया मंदिरे धारिया णेहवंताइँ ण्वाणाइँ सा चारिया ।
सोहणो वायवेओ किसोरो तहे[1] जायओ वासरे सुंदरे सोरहे[1] ।
णीलवण्णो सउण्णो मुहे वंकुडो मज्झहीणो उरे पच्छले वित्थडो ।
दीहपुक्कारहिक्कारउद्दो धुरो तालुतंबोवमो लोयणा भंगुरो । 5
णण्हरोमावलीकण्णसंसग्गओ थोवएहिं दिणेहिं पवुड्ढिं[2] गओ ।
मंतिचित्तस्स अच्चंतु सो भाविओ सूरतावेण वाएण णे पोविओ ।
भूमिगेहम्मि जा बद्धओ अच्छए सग्गिणीछंदकीरो वि तं पेच्छए ।

घत्ता—जउलगि गब्भि परिट्ठियउ गिरितुरयहो णंदणु जयपवरु ।
तउलगि पेक्खइ दिणि जि दिणे को वि खेयरु कीरसुरूवधरु ॥२॥ 10

---

१. १ S J णराहिउ.

२. १ J °हो. २ J पविट्ठी.

सन्धि–८

१—वियोगियोंके पुनर्मिलनका उदाहरण

रतिवेगा बोली—"हे देवि, सुन। मैंने तेरा सुहावना वचन अपने ध्यानमें लिया। अब तू कृपा करके मुझे यह तो कह कि क्या कोई गया हुआ नर फिर वापस आया है?" यह सुनकर भट्टारिकाने, जिसका मन पापसे लिप्त नहीं था ऐसी उस रतिवेगासे कहा—"हे सरलचित्त, जिननाथ के चरणोंकी परमभक्त, सुन्दरि, सुन। मैं तुझे स्नेहसे अरिदमन राजाका चरित्र सुनाती हूँ। यहाँ अवन्ति नामका देश है; मानो स्वर्गका एक टुकड़ा टूट कर आ पड़ा हो। वहाँ एक नयनोंको प्यारी उज्जैनी नामकी नगरी है, जहाँ सूर्यकी किरणें प्रवेश नहीं कर पातीं। वहाँ प्रसिद्ध, प्रवर तेजस्वी, गुणनिधान, अरिदमन नामका राजा था। उसकी विमला नामकी भामिनी थी, जो नयनरम्य, आसन्नभव्य व क्षीणकर्म (निष्पाप) थी। उसका मन्त्री लोगोंका स्नेहभाजन तथा राजाका विश्वासपात्र वरदत्त नामका था। इस मन्त्रीकी सुन्दर घोड़ी नगरके बाहर चरने गयी। कामसे व्याकुल उसे देखकर, तुरन्त ही पर्वतके एक तुरंगने उसका रमण किया।

२—राजमन्त्रीकी घोड़ी और उसका बछड़ा

घोड़ी पट्टणमें लौट आयी। मन्त्रीने देखा कि वह सर्वलक्षणसम्पन्न गर्भिणी हो गयी। अतएव उसने उसकी खूब रक्षा की, अपने घर ही रखा और चिकना घास-दाना चराया। फिर एक सुन्दर सुगन्धपूर्ण (शुभ) दिन उसके एक शोभनीय वायुवेग किशोर (बछेरा) उत्पन्न हुआ। वह नीलवर्ण, पुष्ट, मुखमें बाँकुड़ा, मध्यमें कृश तथा उरमें और पिछले भागमें विस्तीर्ण था। वह लम्बी फुंकार करता तथा रौद्र हींस छोड़ता था, और धुर्य (खूब चलनेवाला–जोतने योग्य) था। उसका तालु ताम्रवर्ण था, और वह आँखोंसे चंचल था। उसकी रोमावली सूक्ष्म थी, और कानोंका परस्पर संसर्ग हो जाता था। थोड़े ही दिनोंमें वह बड़ा हो गया। मन्त्रीके चित्तको वह अत्यन्त भाया। उसके तेजको सूर्यताप, तथा वेगको वायु भी नहीं पाते थे। वह जब भूमिगृह (घुड़साल)में बाँधा हुआ रहता था, तब एक सूआ उसे स्वच्छन्द भावसे देखा करता था। (इस कडवकमें सर्गिणी छन्दका उपयोग किया गया है)। जबतक वह विजयशाली पहाड़ी घोड़ेका पुत्र गर्भमें स्थित था, तब-तक कोई एक खेचर सूएका रूप धारण करके उसे दिन-प्रतिदिन देखा करता था।

३

The parrot asks a cowherd to take it and sell to the king for 500 gold coins.

खेयरु हूयउ कीरो पव्वयमत्थयधीरो ।
भोयसएहिँ णभग्गो कंतहे णेहइँ लग्गो ।
अच्छइ जाव सुहेणं भुंजइ भोय चिरेणं ।
ताव सधम्मु सुसीलो मत्तयकुंजरलीलो ।
पीवरदीहरबाहो सुंदरु गोहणणाहो । 5
तेत्थ वणम्मि पवण्णो चेट्ठइ जाव णिसण्णो ।
दिट्ठउ ता णयणेहिं कीरइँ सो सगुणेहिं
उत्तउ कोमलवाएँ छंदइँ चित्तधयाएँ ।
घत्ता—तुहुँ गोवाल लएवि मइँ णेहि तुरंतउ पुरवरहो ।
कंचणपंचसएहिँ फुडु जाएवि देहि णरेसरहो ॥ ३ ॥ 10

४

On the way they see a merchant caught by a harlot who demanded money.

सुणीऊण वाणी मुणीऊण णाणी ।
णएणं विणीए मणे मण्णणीए ।
सुएणावि जुत्तो पुरं झंत्ति पत्तो ।
खणें दिंतु दिट्ठी तहिं दिट्ठ सिट्ठी ।
सुही कुट्टिणीएँ धरीओ गणीएँ । 5
भणीओ बलाएँ गिरा कोमलाएँ ।
तुमं रायआणा म जाही अयाणा ।
तुमं जेट्ठउत्तो सुईणे विसुत्तो ।
महं पुत्तियाएँ घरे सुत्तियाएँ ।
सुछंदें विराएँ कया सोमराएँ । 10
तहे देहि[3] दव्वं णिवारेहि गव्वं ।
घत्ता—तहो कोलाहलु अइपवरु हट्टहँ मज्झेण[4] पसरियउ ।
ण वि सक्कइ वारहो को वि णरु जामच्छइ वणिवरु धरियउ ॥४॥

५

The parrot settles the dispute by a wit.

तो भणेइ चारु कीरु वच्छलेण वाय धीरु ।
भो कहेइ सेट्ठि मज्झु वारयामि जेण जुज्झु ।
ता कहेइ सेट्ठि तासु कारणं पि कंदलासु ।
तं सुणेवि सूयएण णाणसायरं गएण ।
उत्तु सेट्ठि अक्कयाहिँ देहि दव्वु सज्जयाहिँ । 5
सो सुणेवि दिव्ववाणि तासु जाय चित्ते काणि ।

---

३. १ D वट्टइ; N वेट्ठइ.
४. १ D खणें उत्तमाणी. २ D N मज्झि. ३. D देवि. ४. J मज्झि पसारियउ.

३—सुएके रूपमें खेचर

वह खेचर एक पर्वतके मस्तकपर एक धैर्यवान् सूआ हुआ। वह आकाशमें उड़ता तथा अपनी कान्ताके स्नेहमें लगकर सैंकड़ों भोगों-सहित सुखसे रहता हुआ दीर्घ काल तक भोग भोगता रहा। तब एक धर्मवान्, सुशील, मत्तकुंजरके समान लीला करता हुआ, प्रबल और दीर्घ भुजाओंसे युक्त, एक सुन्दर गोधननाथ (ग्वाला) उस वनमें आया। वह जब वहाँ बैठा हुआ था, तब उस सूएने अपने सगुण नेत्रोंसे उसे देखा, और चित्तको हरण करनेवाली स्वच्छन्द कोमल- ५
वाणीसे कहा—"हे गोपाल, तू मुझे तुरन्त नगरमें ले चल, और पाँच-सौ सुवर्णमुद्राओंमें मुझे नरेश्वर के हाथ बेच दे।" (यहाँ चित्रध्वजा छन्द है।)

४—कुट्टिनीका सेठसे विवाद

यह वाणी सुनकर और समझकर वह ज्ञानी गोप, नीतिसे सुशिक्षित, तथा मनसे माननीय सूए-सहित झटपट नगरमें आया। वहाँ दृष्टि डालनेपर एक सेठ दिखायी दिया। उस सुहृद् सेठको कुट्टिनी गणिकाने पकड़ रखा था। वह अबला कोमल शब्दोंमें उससे कह रही थी—"तू राजा है, अज्ञानी मत बन। तेरा ज्येष्ठ पुत्र स्वप्नमें, अपने घरमें स्वच्छन्द भावसे विराग (स्नेहरहित) तथा शान्तभावसे युक्त सोती हुई मेरी पुत्रीके साथ सोया है। (यहाँ सोमराजी छन्द है) ५
अतएव तू उसे द्रव्य दे। अपना गर्व छोड़।" इस बातका भारी कोलाहल हाट (बाजार) के बीच फैल रहा था; और उस पकड़े गये वणिक्वरको कोई मनुष्य छुड़ानेमें समर्थ नहीं हो रहा था।

५—स्वप्नका स्वभाव दर्पण-प्रतिबिम्बवत्

तब वह सुन्दर धीर सूआ वात्सल्यभावसे बोला—"हे सेठ, मुझे बात तो बतला, जिससे मैं इस युद्धका निवारण कर सकूँ।" तब सेठने उस क्रन्दन (युद्धके कोलाहल) का कारण कहा। तब ज्ञानसागरको पहुँचे हुए (महाज्ञानी) सुएने सेठसे कहा—"इस सुसज्जित चाचीको द्रव्य दो।" इस दिव्य वाणीको सुनकर सेठके चित्तमें लज्जा उत्पन्न हुई। किन्तु ज्योंही सेठ द्रव्य लाकर, सब कुट्टिनीको देने लगा, त्योंही नीतिमार्गके ज्ञायक सूएने कहा—"सेठ, एक आदर्श (दर्पण) भी

आणएवि जाव दव्वु कुट्टिणीहे देइ सव्वु ।
ताव उत्तु सूयएण णीइमग्गु जाणएण ।
आणि सेट्ठि आरिसो वि देमि दव्वु जेम को वि ।
आणियं च तं पि तेण सूयएण तक्खणेण
दप्पणस्स मज्झे बिंबु लेहि अक्कु एहु दव्वु ।
गूढचित्त जाणिया वि छंदिणा समाणिया वि ।
घत्ता—ता[2] बोल्लइ कुट्टिणि भग्ग सुय पडिबिंबु किँ लेणहुँ[3] जाइ बले[4] ।
तं सुणिवि पडुत्तरु सा भणिय सुइणइँ किं गहणउ लहइ चँले[5] ।।५।।

६

The parrot reaches the palace.

हराविय कुट्टिणि जाम सुएण पयंपइ सेट्ठि सुयस्स णएण ।
सुवण्णपरिग्गहु एहु सरेहु लएविणु भावइ तं जि करेहु ।
सुणेविणु सूयइँ वुच्चइ तेम वणीसरु चित्ति चमक्कइ जेम ।
हिरण्णइँ अम्हइँ काइँ करेहुँ सुसज्जणलोयहँ चित्तु हरेहुँ ।
सुणेविणु कीरहँ भावविसुद्धि अहीरहँ दिण्णिय दाणपविद्धि ।
अहीरु पउत्तउ सूयएँ एहि लएविणु रायदुवारहो णेहि ।
णिओ खणि रायदुवारहो सो वि हुओ घरु बुद्धिसमिद्धिहे जो वि ।
दुवारिउ उत्तउ कीरहँ मित्त सुमोत्तियदामपसारियचित्त ।
घत्ता—लइ अक्खइ वत्त महो तणिय णियरायहो अग्गइँ सरल तुहुँ ।
पेक्खेसमि णयणाणंदयरु छणससहरतुल्लउ तासु मुहु ।।६।।

७

It gives an account of itself to the king.

पडिहारइँ रायहो कहिउ एव सुउ बाहिरे अच्छइ देवदेव ।
तं सुणिवि [1]णिवाविउ राणयेण संभासिउ सो पोमाणणेण ।
ता सूएँ उट्ठाएवि पाउ अहिणंदिउ आसीवाएँ राउ ।
भो णरवइ करिकरदीहबाहु चिरु जीवहि सुरसरि जाम वाहु ।
[2]मणि तुट्ठएँ राएँ कीरु वुत्तु किं आयउ को तुहुँ भणु णिरुत्तु ।
पडिवज्जइ [3]जणवर णाहचारु तह कवडकहाणउ रयउ फारु ।
ता कहइ कीरु णरवइ पुरम्मि सुय पंचसयइं सेँबलितरुम्मि ।
जावच्छहुँ ते मइँ भणिय वेल्लि लइ छिण्णहुँ [5]मुहु हय तेहिँ लल्लि ।
णउ छिण्णिय तेहिं जा हि सोवि आरुहिय विडोवरि गुरुय होवि[6] ।
गुंजारुणणयणउ कसणवण्णु भिल्लाण णिवहु ता तहिँ पवण्णु ।
घत्ता—तहिँ रुक्खे चडेविणु सुयघरइँ पासि समोडिय तेहिँ खणे ।
ता बद्धा अम्हइँ सयल सुअ मइँ चिंतिउ को वि उवाउ मणे ।।७।।

---

५. १ SJ सक्क. २ J तो. ३ J लेणहं. ४ JN बले ।
७. १ J अणाविउ. २ S मणतुट्ठयं. ३ D जिणवर. N में 'जिणवर' को सुधारकर 'अह णर°' ४ J सेँमलियरुम्मि. ५ SJN महु. ६ SJN में यह पूरी पंक्ति छूटी है ।

लाओ जिससे मैं इसे अपूर्व द्रव्य दूँ।" सेठ दर्पण भी ले आया। सूएने तत्क्षण दर्पणके बीच उस द्रव्यका बिम्ब प्रकट करके कुट्टिनीसे कहा—"चाची, ले इस द्रव्यको।" तब वह गूढ़चित्त व समझदार कुट्टिनी अपनी इच्छासे बोली—"रे भगोड़े सुए, कहीं प्रतिबिम्ब भी लिया जाता है?" यह सुनकर सूएने प्रत्युत्तर दिया—"हे चंचले, कहीं स्वप्नमें देखी वस्तु भी ग्रहण की जा सकती है?" (यहाँ समानिका छन्द है)। १०

६—सुआ राजद्वारपर पहुँचा

जब सूएने इस प्रकारसे कुट्टिनीको हरा दिया, तब सेठ न्यायपूर्वक सूएसे बोला—"इस सुवर्ण-सम्पत्तिको सरेखो (गिनो) और इसे लेकर जो भावे सो करो।" यह सुनकर सुएने ऐसी बात कही, जिससे वणीश्वर चित्तमें चमक उठा। वह बोला—"हिरण्यका मैं क्या करूँगा? मैं तो सुसज्जन लोगोंका चित्त हरण करता हूँ।" सूएके विशुद्ध भावको सुनकर सेठने उस सुवर्णराशिका भारी दान उस अहीरको दे दिया। फिर सूएने अहीरसे कहा—"चलो, मुझे लेकर राजद्वारपर पहुँचाओ।" तब जो सूआ बुद्धि-सम्पत्तिका घर हो रहा था, उसे लेकर ग्वाल एक क्षणमें राजद्वार पर पहुँचा। सूएने द्वारपालसे कहा—"सुन्दर मोतियोंकी मालापर अपना चित्त प्रसारित करनेवाले, हे सरल मित्र, लो, मेरी बात अपने राजाके आगे जाकर कहो। मैं राजाके पूर्णचन्द्रमाके तुल्य, नयनानन्ददायी मुखको देखना चाहता हूँ।" (यहाँ मौक्तिकदाम छन्द है) ५

७—सुएकी कपट-कहानी

प्रतीहारने जाकर राजासे कहा—"हे देवदेव, बाहर एक सूआ आया है।" यह सुनकर उस कमलमुख राजाने उसे अपने पास बुलवाया और उससे संभाषण किया। तब सूएने अपना पैर उठाकर आशीर्वाद-द्वारा राजाका अभिनन्दन किया—"हे हस्तिशुण्डके समान दीर्घबाहु नरपति, चिरजीवी हो; जबतक गंगाका प्रवाह चल रहा है।" मनमें सन्तुष्ट होकर राजाने सूएसे कहा—"तुम कौन हो, और यहाँ क्यों आये हो? ठीक-ठीक बतलाओ।" तब उस नभचर पक्षीने यह बात स्वीकार की, और एक बड़ी कपट-कहानी रची। फिर सूएने कहा—"हे नरपति, पहले एक सेमल वृक्षमें पाँच-सौ सूए रहते थे। मैं भी वहीं रहता था। मैंने उन सबसे कहा—लो, इस बेलको काटो। उन्होंने ललकसे उसपर बार-बार आघात किये। अभी वह बेल उनके द्वारा पूरी कट भी न पायी थी, क्योंकि वह बढ़कर उस वृक्षपर खूब चढ़ गयी थी, तभी गुंजाके समान लाल आँखों-वाला कृष्णवर्ण भिल्लोंका एक समूह वहाँ आ पहुँचा। उन्होंने क्षणमात्रमें वृक्षपर चढ़कर सूओंको उनके घरों (घोसलों) से निकालकर अपने जालमें समेट लिया। तब हम सब सूए फँस गये। तब अपने मनमें मैंने एक उपाय सोचा। ५ १०

८

How it reached a hermitage and learnt the Sastras. It then informs the king about the minister's beautiful horse.

मइँ वुत्ता सयल वि सुय करेवि कवडेण वि अच्छहु खणु मरेवि ।
भिल्लेण चडेविणु सयल दिट्ठ तले घल्लिय मण्णेवि ते णिचिट्ठ[1] ।
ता उड्डिवि गय दसदिसिहिँ ते वि हउँ तावसवाडउ गउ वलेवि ।
मइँ सयलइँ सत्थइँ जाणियाइँ पव्वयसिरि सोक्खइँ माणियाइँ ।
तहिँ दिट्ठउ गिरिवरतणउ आसु गउ वडवासंगहो कामवासु । 5
अइसुंदरु घोडउ ताहँ जाउ धरणियले लग्गइ णाहि पाउ ।
मइँ जाणिउ सो विज्जाहरेण तुह अक्खिय णेहपरव्वसेण ।
घरि अच्छइ मंतिहे सो चरंतु तं सुणिवि णरेसरु गउ तुरंतु ।
घत्ता—घरु जाइवि तासु महंतयहिँ पुणु भणियउ वयणु णरेसरहँ ।
महो कज्जु ण रयणहिँ माणिकहिँ तुह तुरयइँ पुज्जइँ मणहरइँ ॥८॥ 10

९

The horse takes the king and the parrot across the sea where they see a hundred maidens.

णियहियवहँ दुक्खु वहंतएण सो अप्पिउ तेण महंतएण ।
गउ तुरउ लेवि णियमंदिरासु पल्लाणु विहिउ तहो बंधुरासु ।
तहिँ चडिउ णरेसरु सहुँ सुएण देवाविउ फेरउ दिढभुएण ।
कीरेण णिवारिउ देव धाउ मा पयडहि छंडहि णियसहाउ ।
णरणाहेँ तुरयहो सुयछलेण कसताडणु किउ कोऊहलेण । 5
ता तुरउ तुरंतउ णहयलेण गउ सायरु लंघिवि दूरएण ।
समरीणहँ राणहँ भणिउ कीरु कहिं लब्भइ बंधव विमलणीरु
ता कीरें गयणंगणु सरेवि अवलोइउ पाणिउ थिरु करेवि ।
आवेविणु कीरइँ भणिउ तासु लइ चलहि तुरिउ रयणायरासु ।
घत्ता—जाएविणु सायरि कण्णसउ दिट्ठउ तेत्थु रमंतियउ । 10
सुय[2] वयणइँ ठाणे तहो तणइँ खणे रायइँ देउ समच्चियउ ॥९॥

१०

The king wins the heart of Ratnalekhā.

ण्हाणच्चणु देवहँ[1] करिवि ताउ कण्णाण णिवहु णियघरु गयाउ ।
सूएण णराहिउ तक्खणेण अणुमग्गें णीयउ तहुँ तणेण ।
छोहारदीवसंपत्तएण कण्णाण णिलउ राणहँ गएण ।
अवरोप्परु चित्तें मिलियएण ता तक्खणि भणियउ सूयएण ।
हे णरवइ तुहुँ एह रयणलेह लइ परिणहि कंचणदिव्वदेह । 5
चिरु कहिय मुणिंदहिँ आरिसेहिँ परिणेवी एह तुम्हारिसेहिँ[2] ।

---

८. १ D J N णिविट्ठ ।
९. १ N राउ २ D सुर°.
१०. १ N करइ. २ J में यह चरण छूटा है.

८—सूएने राजाको मन्त्रीके घोड़ेकी चाह उत्पन्न की

"मैंने सब सूओंसे कहा—क्षण-भरके लिए मर जानेका कपट (बहाना) बनाकर पड़ रहो। भीलने चढ़कर सबको देखा और उन्हें निश्चेष्ट जानकर नीचे डाल दिया। तब वे उड़-उड़कर दशों दिशाओंमें चले गये। मैं चलकर एक तापसोंके बाड़ेमें पहुँचा। वहाँ मैंने सकल शास्त्रोंका ज्ञान प्राप्त किया, तथा एक पर्वतकी चोटीपर सुखपूर्वक रहने लगा। वहाँ मैंने एक पहाड़ी घोड़ेको देखा, जिसने कामवासनासे एक घोड़ीका संग किया। उससे उस घोड़ीने एक अति सुन्दर बछेरेको जन्म दिया, जिसका पृथ्वीपर पैर ही नहीं लगता। मुझ विद्याधरने यह जान लिया, और यह बात स्नेहके परवश होकर तुझे कह दी। वह घोड़ा मन्त्रीके घर चारा चर रहा है।" सूएकी यह बात सुनकर, राजा तुरन्त वहाँ गया। उस नरेश्वरने उस (मन्त्री) के घर जाकर उससे कहा—"मुझे तेरे रत्नों और माणिक्योंसे कोई काम नहीं, मेरे मनोरथ तो तेरे तुरंगसे पूरे होंगे।"

९—घोड़ा राजाको ले उड़ा

उस महन्तने अपने हृदयमें दुःख अनुभव करते हुए वह घोड़ा राजाको अर्पित कर दिया। उसे लेकर राजा अपने महलको गया और उस सुन्दर घोड़ेपर पलाण खिंचवाया। नरेश्वर सूएके साथ उसपर चढ़ा और उस दृढ़भुजावालेने उसको फेरा (चक्कर दिलाया)। सूएने राजाको रोका—"हे देव, इसे चाबुक नहीं मारना, नहीं तो यह अपना शान्तभाव छोड़ देगा।" राजाने कौतूहलवश सूएकी आँख बचाकर घोड़ेको एक कोड़ा मारा। तुरंग तुरन्त ही आकाशतलमें उड़ने लगा और सागरको लाँघकर दूर चला गया। राजाने श्रान्त होकर सूएसे कहा—"हे बन्धु, स्वच्छ पानी कहाँ मिले?" तब सूएने आकाशमें उड़कर स्थिरभावसे पानीका अवलोकन किया। फिर लौटकर सूएने राजासे कहा—"लो, तुरन्त रत्नाकरको चलिए।" सागरमें जाकर उन्होंने वहाँ सौ कन्याओंको रमण करते हुए देखा। उस स्थान पर राजाने सूएके वचनानुसार देवकी भले प्रकार अर्चना की।

१०—राजाकी रत्नमालासे भेंट

वह कन्याओंका समूह भी देवोंका स्नान और अर्चना करके अपने घर गया। सूआ राजाको भी तत्क्षण उन्हींके पीछे-पीछे ले गया। छोहार द्वीपमें पहुँचकर राजा उन कन्याओंके घर पहुँचा। उनके चित्तोंको परस्पर मिलाते हुए, सूएने तत्क्षण राजासे कहा—"हे नरपति, तू इस कंचनके समान दिव्यदेह रत्नलेखाका परिणय कर ले। बहुत पहले ही आर्य मुनीन्द्रोंने कह रखा है कि इसका परिणय तुम्हारे-जैसे पुरुष-द्वारा ही होगा।" यह सुनकर नरेन्द्रने उस कमलसमान

तं सुणिवि णरिंदें[3] सा भणीय अंभोरुहदीहरलोयणीयें[1] ।
हे सुंदरि सूयउ भणइ जाइँ पडिहासेहिँ[2] तुहुँ वयणाइँ ताइँ ।
घत्ता—तं सुणिवि कुमारी पडिलवइ अणुराएँ वयणु पडिक्खलइ ।
मइँ केर तुहारी मणि धरिय सुयवयणु णरेसर किं चलइ ॥ १० ॥ 10

११

He sails with her for home and reaches a deserted island.

तं वयणु सुहावउ सुणिवि[1] तेण सा परिणिय राणइँ तुरियएण ।
तहिँ णेहेँ[2]इँ भोयसहास भुत्त ता एक्कहिँ दिणे पडिलवइ धुत्त ।
पयडंतिए[3] णिब्भरु परमु णेहु हे णरवइ पेक्खहुँ तुम्ह गेहु ।
तहे वयणु सुणेविणु सोहमाणु परसज्जिउ राएँ सलिलजाणु ।
तं भरियउ रयणहिँ मणहरेहिँ परिसोहिउ धयवडसुंदरेहिँ । 5
सुयतुरयहिँ धरिणिहिँ सहुँ णरिंदु तहिँ चडियउ रेहइ णं सुरिंदु ।।
तं सलिलजाणु रयणायरम्मि वाएण गयउ दीवंतरम्मि ।
उव्वसि परिलग्गउ गयदिणम्मि ता राएँ चिंतिउ णियमणम्मि ।
घत्ता—पुणु भणियउ कीरु णरेसरइँ किम रयणि गमेवी एत्थु सुहि ।
तं सुणिवि कीरु पडिलवइ णिव अइणिब्भरु होइवि मा सुयहि ॥११॥ 10

१२

Their bad luck on the island and the sea.

हयणारिकीरणिव थिरमणेहिँ किय तुरिय जाम चउहिँ मि जणेहिँ ।
णिबपहरहिँ तुरियइँ हयसमाणु ता चोरहिँ हरियउ सलिलजाणु ।
रविउग्गमे णरवइ णियइ जाव ण वि पेक्खइ बोहिथु तुरउ ताव ।
पुणु वुत्त कहिय कोरहो णिवेण गउ बोहिथु णं[2] जाणहुँ किं पहेण ।
मणि खेउ वहंतहिँ सूयएण पुणु भणिउ णराहिउ तुरियएण । 5
खेडु[3] कट्टिवि बंधहु तुरिउ तेव रयणायरु लीलहिँ तरहु जेव ।
तं रइवि चडिण्णउ सरलराउ णियघरिणिहे सरिसउ सुयसहाउ ।
तँहो लहरिहिँ बंधइँ तोडियाइँ देसंतर राएँ हिंडियाइँ ।
घत्ता—ता उड्डिवि सूयउ वडि गयउ णिउ णरवइ लहरिहिँ कोंकणहो ।
तहो घरिणि मणोहर विहिवसइँ णिय खंभायच्चहो पट्टणहो ॥ १२ ॥ 10

१३

Ratnalekhā at Khambhāyacca.

तहिँ लंबझलंबा कुट्टणीहिँ सा दिट्ठी ताइँ वियक्खणीहिँ ।
घरि रयणलेह णेवावि ताहिँ जलगंधु णिवारिउ सुललियाहिँ ।
ता लंबझलंबहिँ भणिय मुद्ध विणु गहणइँ वेस ण होइ सुद्ध ।
तं णिसुणिवि जंपिउ सुंदराए इह जूवइँ जो मइँ जिणइ माए ।
सो सोवइ मइँ सहुँ भणिउ ताहिँ ता जिणिया जूवें णर तियाहिँ । 5

---

३ णरिंदइं भणिय सा वि. ४ N °लोयणा वि. ५ N पडिहासइं.

११. १ N मुणियएण. २ N तेहइं. ३ J N परमणेहु.

१२. १ J में 'ण' छूटा है. २ N परेण. ३ S खडि कट्ठेवि. ४ J तहिं.

दीर्घनयना कन्यासे कहा—"हे सुन्दरि, यह सूआ जो बातें कह रहा है, वे तू पसन्द करती है न ?" यह सुनकर उस कुमारीने उत्तर दिया। अनुरागसे उसके वचन लड़खड़ा रहे थे। वह बोली—"मैंने तो अपने मनमें आपकी सेवाका भाव धारण कर लिया है। हे नरेश्वर, सूएका वचन कैसे टल सकता है ?"

११—राजाकी जलयात्रा

उसका ऐसा सुहावना वचन सुनकर राजाने तुरन्त ही उसका परिणय कर लिया और वहाँ स्नेहसे सहस्रों भोग भोगे। फिर एक दिन उस कुशल कन्याने परमस्नेह प्रकट करते हुए कहा—"हे नरपति, मैं तुम्हारा घर देखना चाहती हूँ।" उसका वह शोभनीक वचन सुनकर राजाने एक सलिलयान (नौका) सुसज्जित कराया। उसे मनोहर रत्नोंसे भरा और सुन्दर ध्वजपटोंसे शोभायमान किया। सूए, घोड़े और गृहिणीके साथ उसपर चढ़कर नरेन्द्र ऐसा शोभायमान हुआ जैसे सुरेन्द्र। वह सलिलयान रत्नाकरके वायुके बलसे चलता हुआ द्वीपान्तरमें पहुँचा। दिन अस्त होते वह यान एक ऊजड़ द्वीपसे जा लगा। तब राजाने अपने मनमें चिन्ता की और फिर सूएसे कहा—"हे मित्र, यहाँ रात्रि कैसे निकाली जायगी ?" तब सूएने उत्तर दिया—"हे नृप, बहुत असावधान होकर मत सोइए।" ५

१२—नौका-भंग और पति-पत्नी वियोग

तब घोड़ा, नारी, सूआ और राजा—इन चारों जनोंने स्थिर मनसे चार पहरे नियत किये। राजाके पहरेमें चोर जल्दीसे घोड़े-सहित सलिलयानको हर ले गये। रवि उदय होनेपर जब राजाने देखा, तब उसे अपनी नौका व घोड़ा दिखायी नहीं दिया। तब राजाने यह बात सूएसे कही—"न जाने नौका किस मार्गसे चली गई ?" सूएने मनमें खेद धारण करते हुए तुरन्त राजासे कहा—"खड (लकड़ी) काटकर, तुरन्त उन्हें बाँधो, जिससे तुम सरलतासे रत्नाकरको तर सको।" सरल स्वभावी राजा नौकाकी रचना करके अपनी गृहिणी तथा सूएके साथ उसपर चढ़ गया। किन्तु समुद्रकी लहरोंसे नौकाके बन्धन टूट गये और राजा देशान्तरमें भटक गया। तब सूआ उड़कर एक वटवृक्षपर जा पहुँचा, राजाको समुद्रकी लहरोंने कोंकणमें जा डाला तथा उसकी मनोहर गृहिणी विधिवश खम्भायत पट्टणमें जा पड़ी। ५

१३—रत्नलेखा खंभायतकी कुट्टनीके घर

खम्भायतमें रत्नलेखाको लम्बझलम्बा नामकी विलक्षण कुट्टनीने देखा। वह उसे अपने घर लिवा ले गयी और उस सुललिताने उसकी जलकी गन्धका निवारण किया। फिर लम्बझलम्बाने उस भोली महिलासे कहा—"बिना ग्रहण (प्रेम-बन्ध) के वेश्या शुद्ध नहीं होती।" यह सुनकर उस सुन्दरीने कहा—"हे माता, जो कोई मुझे जूएमें जीत सकेगा, वही मेरे साथ सो सकता है।"

तहँ दव्वु लेवि वेसहे विइण्णु पुणु वहिउ कूरु अंगणे पइण्णु ।
रयणायरवडे सूयहँ णिकाउ तं चुणिवि वलिवि पुणु तहिँ गयाउ ।
सुयणामइँ पुच्छिय कहिँ गयाय तुम्हइँ सुहि भोयणु लेवि आय ।
तहो कहिय वत्त तेहिँ मि सुएहिँ पुणु भणिय ते वि वयणुल्लएहिँ ।
घत्ता—मइँ लेविणु तुम्हइँ पेहु तहिँ जहिँ कूरु पइण्णउ बालियहँ । 10
ता णीयउ तेहिँ तुरंतयहिँ घरु वेसहिँ दिट्ठउ सो वि तहँ ॥ १३ ॥

१४

Her fame in the game of dice reaches Aridamana's ear.

चुणंतइँ कीरइँ अंसुवमाल पमेल्लिय पेक्खिवि सामिणि बाल ।
चिराणउ सूयउ ताहँ मुणेवि अणाविउ सो सुयणामु भणेवि ।
अरे सुय भायर आवहि एत्थु तुहारउ सामिउ अच्छइ केत्थु ।
ण जाणउँ देवि कहिँ गउ राउ पवड्ढिउ ताहे मणम्मि विराउ ।
णिवारिय सूयहँ देवि विसाउ कुणंतहँ णासइ सुद्धउ भाउ । 5
महारउ चित्तु कहेइ मयच्छि मिलेसइ सामिउ पावियलच्छि ।
सुणेविणु कीरहो वाणि सणिद्ध रमंतिय अच्छइ भावविसुद्ध ।
पवड्ढिय कित्ति समुद्दपमाण सुमोत्तियदामइँ बद्ध जुवाण ।
घत्ता—अरिदमणहो केण वि इउ कहिउ पट्टणु खंभायहु जहिँ ।
ण वि सारिहिँ जूवइ को वि णरु ण वि सक्कइ जिणणहँ बाल तहिँ ॥१४॥ 10

१५

Renuion of Ratnalekhā and Aridamana.

तं सुणिवि णरेसरु थिरमणेण गउ खंभाइच्चहो तक्खणेण ।
तहिँ जाइवि टिंटहिँ गउ तुरंतु जूवारहँ सयलहँ मणु हरंतु ।
तहँ मज्झि णिविट्ठउ सो सहेइ छणइंदहो लीला णं वहेइ ।
जीयाइँ णरिंदहँ आयरेण सोवण्णहँ सत्तसयाइँ तेण ।
धणु दिंतउ भंडहँ णग्गुडाहँ गउ वेसहँ घरु धणलंपडाहँ । 5
जूएण पसिद्धी कित्ति जाहे देवाविउ गहणउ तेण ताहे ।
अप्पुणु पुणु रयणिहिँ गयउ तेत्थु सूयहँ सहुँ रमणि णिविट्ठ जेत्थु ।
सा भणिय तेण णं मयणदूउ लइ सुंदरि खेल्लहिँ सारिजूउ ।
घत्ता—सा जित्ती तेण णराहिवइँ जा हूई मणे विहडप्फडिय ।
ता ताहँ वियाणिवि णियरमणु खणे अंगें अंगु समुब्भिडिय ॥१५॥ 10

१६

The goddess reassures Rativegā and goes away.

जावच्छइ तिहँ सहुँ तेत्थु राउ ता तुरय लेवि को वि टक्कु आउ ।
तहिँ मज्झि णिहालिउ राणएण किउ ऊहणु तें सहुँ टक्कएण ।
बोल्लाविउ राएँ णामु लेवि ता घोडें जोइउ मुहु वलेवि ।

---

१४. १ N पविट्ठिउ.
१६ १ J तित्थु. २ S मज्झे. ३ J में 'सहुं' छूटा है।

फिर उस महिलाने जूएमें अनेक पुरुषोंको जीत लिया और उनका द्रव्य लेकर उस वेश्याको दे दिया। फिर उसने दही और भात आँगनमें बिखरा दिया। समुद्रके वटवृक्षमें रहनेवाले सूओंका पुञ्ज उस दही-भातको चुनकर वापिस जब उसी वटवृक्षपर गया, तब उस राजाके सूएने उनसे पूछा—"तुम कहाँ गये थे, जहाँसे, हे मित्र, तुम यह भोजन लेकर आये ?" तब उन सूओंने उसे सब बात कही। तब उस सूएने पुनः उनसे बात कही—"तुम मुझे वहाँ ले चलो, जहाँ बालिकाने भात फैलाया है।" तब वे उसे तुरन्त वहाँ ले गये और उसने वह वेश्याका घर देखा।

१४—रत्नमालाके द्यूतकौशलकी ख्याति राजाके कानोंपर

उस सूएने भात चुनते हुए खूब आँसू बहाये। यह देखकर उसकी स्वामिनी बालाने अपना पुराना सूआ पहचान लिया और नाम लेकर उसे बुलाया—"अरे भाई सूए, यहाँ आओ। तुम्हारा स्वामी अब कहाँ है ?" सूएने उत्तर दिया—"नहीं जानता, देवि, कि राजा कहाँ गया ?" यह सुनकर उस सुन्दरीके मनमें विराग बढ़ा। सूएने उसे रोका—"हे देवि, विषाद करनेसे शुद्ध भाव नष्ट हो जाता है। हे मृगाक्षी ! मेरा चित्त कहता है कि स्वामी, लक्ष्मी प्राप्त करके अवश्य मिलेगा।" सूएकी स्नेहपूर्ण वाणी सुनकर वह विशुद्धभावसे प्रसन्न रहने लगी। उसकी कीर्ति समुद्रप्रमाण बढ़ गयी। उसने सुन्दर मोतियोंकी मालाओंसे युवकोंको बाँध लिया। (यह मौक्तिकदाम छन्द है।) यह बात अरिदमन राजासे किसीने कही कि स्वम्भायत पट्टणमें कोई नर सारापांसा खेलना नहीं जानता। कोई भी वहाँकी एक बालिकाको नहीं जीत पाता।

१५—राजा-रानीकी द्यूतक्रीडा और पहिचान

यह सुनकर राजा अरिदमन अपना मन स्थिर करके तत्क्षण स्वम्भायतको गया। वहाँ जाकर वह तुरन्त टेण्टा (जूआघर) में गया और वहाँ समस्त जुआड़ियोंके मनको हरण करने लगा। उनके बीच बैठा हुआ वह ऐसा शोभता था, मानो उसने पूर्णचन्द्रकी लीला धारण की हो। उस राजाने वहाँ आदरपूर्वक सात सौ सुवर्ण जीत डाले। फिर वह भाँड़ों और नगोड़ोंको धन बाँटता हुआ उस धन-लम्पटा वेश्याके घर गया। उसने जिसकी जूएमें कीर्त्ति प्रसिद्ध थी—उसको ग्रहण (आमन्त्रण) दिलवाया। फिर आप स्वयं रात्रिमें वहाँ गया, जहाँ सूएके साथ वह रमणी बैठी थी। उसने उससे कहा—"लो सुन्दरि, हम मदनदूतके समान सारिद्यूत खेलें।" राजाने उसे जीत लिया, जिससे वह सुन्दरी मनमें घबरा उठी। किन्तु जब उसने जान लिया कि वह उसीका पति है, तब उसी क्षण उसके अंगसे अपने अंगका आलिंगन किया।

१६—देवीका रतिवेगाको सम्बोधन—जैसे वे मिले तैसे तुझे तेरा पति भी मिलेगा

जब राजा अरिदमन रत्नलेखाके साथ वहाँ स्वम्भायतमें रह रहा था, तब कोई एक टक्क (पंजाब देशवासी) घोड़े लेकर वहाँ आया। राजाने उन घोड़ोंके बीच निहार कर देखा और उस टक्कके साथ मोल-भाव किया। राजाने नाम लेकर घोड़ेको बुलाया। तब घोड़ेने भी मुँह मोड़कर

अइदुज्जलु ऊहणु जो किओ वि सोवण्णु देवि तें किणिउ सो वि ।
तियकीरणराहिवअस्सयाहँ मेलाविउ हूइउ दुत्थियाहँ ।
भुंजंतइँ सोक्खइँ तहिँ ठियाइँ णियदेसहो पुणु तइय वि गयाइँ ।
मइँ कहियउ हेलि तुह सो जि राउ रयणायरे पडियउ घरहो आउ ।
जह आयउ सो गुणगणमहंतु तुह मुद्धि मिलेसइ तुज्झु कंतु ।

घत्ता—इउ कहिवि भडारी तहें सयलु सव्वंगें णिरुवम कोमलिय ।
सा गइय तुरंती णियणिलउ चंदाणण देवहँ परिमिलिय ॥१६॥

१७

Karakaṇḍa returns to Ratiṿega.

रइवेयएँ ता दुम्मणमणाइँ पंकयरुहकोमलआणणाइँ ।
जं देविइँ भणियउ वयणु किं पि अणुसरिउ खणद्धें ताइँ तं पि ।
धणु पवरु लएवि तुरंतियाइँ अहिणवमुणालवरगत्तियाइँ ।
तं सयलु विहंजिवि दुत्थियाहँ सुहभोयणु दिण्णउ भुक्खियाहँ ।
जावच्छइ सा तहिँ रइ करंति जिणणाहहो चलणइँ मणि सरंति ।
रयणावलिविहिभारें णमंति मुत्तावलिमोत्तियदाम दिंति ।
कुसुमंजलिकुसुमहिँ विप्फुरंति पल्लोवमविहिपल्लवें चरंति ।
चउसत्थियविहिसत्थेण जंति वसुहारविहाणहो मणु थवंति ।
ता एक्कहिँ दिणि कणयप्पहाइँ तहिँ आणिउ सो करकंडु ताइँ ।

घत्ता—रइवेयइँ दिट्ठउ णियरमणु तहिँ हरिसइँ वड्ढिउ अंसुजलु ।
ता विज्जु चमक्किय कसणतणु सिहिकंतइँ णं जलहरु सजलु ॥१७॥

१८

Karakaṇḍa conquers the Southern kings.

रइवेयइँ पुणु कणयप्पहाहे गुरु आयरु कीयउ सयलु ताहे ।
परिओसु पवड्ढिउ परियणाहँ सामंतमंतिविभियमणाहँ ।
तहिँ अच्छिवि कित्तिय दिण सराउ संचल्लिउ ता करकंडु राउ ।
ता दिविडदेसु महियलु भमंतु संपत्तउ तहिँ मच्छरु वहंतु ।
तहिँ चोडिचेरपंडियणिवाहँ केणावि खणद्धें कहिउ ताहँ ।
अरि आयउ तुम्हहँ उवरि देव तिम किज्जइ दूरहु जाइ जेव ।
तं सुणिवि खणद्धें ते मिलीय करकंडहो जाएवि पुणु भिडीय ।
करि करिहिँ भिडिय रह रहवराहँ हय तुरयहँ ता णर णरवराहँ ।
रोसारुण दारुण अइभिडंति धयदंडछत्तसीसइँ पडंति ।
अंतउ ललंति णर पक्खलंति जसलुद्ध महाभड पुणु मिलंति ।
कउ संगरु तेहिँ महंतु केव गयणंगणि सुरवर डरिय जेव ।

घत्ता—करकंडइँ धरिया ते वि रणे सिरमउड मलिय चरणेहिँ तहु ।
मउडग्गहिँ देक्खिवि जिणपडिम करकंडहो जायउ बहलु दुहु ॥१८॥

---

४ S हले. ५ J घरहिं,

१७. १ D रइवेएं. २ D पउरु.

१८. १ DN सणद्धें.

राजाकी ओर देखा। जो कुछ कमसे-कम मोल ठहरा, उतना सुवर्ण देकर राजाने घोड़ेको खरीद लिया। इस प्रकार दुरवस्थाको प्राप्त उन स्त्री, सूआ, राजा और अश्व, इनका फिर मिलाप हो गया। वे सुख भोगते हुए वहाँ रहे; और फिर वे अपने देशको चले आये। पद्मावती देवीने रतिवेगासे कहा—"हे बालिके, मैंने तुझे कह सुनाया कि किस प्रकार वह राजा समुद्रमें पड़कर भी घर लौट आया। जिस प्रकार वह महागुणवान् राजा आ गया, उसी प्रकार, हे मुग्धे, तेरा कान्त भी तुझे मिल जायेगा।" रतिवेगाको इतना सब कहकर वह सर्वांगसे निरुपम, कोमल व चन्द्राननी भट्टारिका पद्मावती देवी, तुरन्त अपने निवास-स्थानको चली गयी और देवोंमें जा मिली।

१७—रतिवेगा और करकण्डका पुनर्मिलन

तब यहाँ कमलके समान कोमलमुखी रतिवेगाने उदास मन होते हुए भी, जो कुछ वचन देवीने कहा था, उसका क्षणार्द्धमें अनुसरण करना प्रारम्भ कर दिया। उस अभिनव मृणालके समान सुन्दरांगी बालिकाने तुरन्त प्रचुर धन लेकर समस्त दुःखी दरिद्र लोगोंमें बाँट दिया और भूखे लोगोंको अच्छा भोजन कराया। इस प्रकार वह वहाँ भक्ति करती हुई, मनमें जिनेन्द्रके चरणोंका स्मरण करती हुई, रहने लगी। वह रत्नावली नामक उपवासविधिके भारसे झुक रही थी; मुक्तावली रूपी मोतियोंकी माला धारण करती थी; कुसुमाञ्जली रूपी पुष्पोंसे चमकती थी; पल्योपम विधि-रूपी सार्थसे गमन करती थी, तथा वसुधारा नामक विधानमें अपना मन स्थापित करती थी। फिर एक दिन वह कनकप्रभा नामकी विद्याधर-कन्या करकण्डको वहाँ ले आयी। रतिवेगाने अपने पतिको देखा, तब हर्षसे उसकी आँखोंमें अश्रुजल भर आया। वह कृशांगी ऐसी चमक उठी जैसे कृष्णवर्ण सजल मेघ बिजलीसे चमक उठता है, अथवा मयूरी सजल मेघको देखकर नाच उठती है।

१८—करकण्डका द्रविड राजाओंसे युद्ध और उनकी पराजय

फिर रतिवेगाने कनकप्रभाका सब प्रकारसे बड़ा आदर किया। परिजनोंमें तथा विस्मित मन सामन्तों और मन्त्रियोंमें परितोष बढ़ा। वहीं कुछ दिन आनन्दपूर्वक रहकर करकण्ड राजा वहाँसे चल पड़ा। महीतलपर भ्रमण करते हुए, तथा मनमें मात्सर्य (क्रोध) भाव रखते हुए, वह द्रविड़ देशमें पहुँचा। वहाँ चोड, चेर व पाण्ड्य राजाओंसे किसीने क्षणार्द्धमें जाकर कहा—"हे देव, तुम्हारे ऊपर बैरी चढ़ आया है। ऐसा कीजिए जिससे वह दूरसे ही चला जाये।" यह सुनकर वे राजा क्षणार्द्धमें परस्पर मिले और फिर जाकर करकण्डसे भिड़ गये। हाथी हाथियोंसे, रथ रथवरोंसे, हय तुरंगोंसे तथा पुरुष पुरुषोंसे भिड़ने लगे। वे रोषसे लाल होकर दारुण रीतिसे युद्ध करने लगे। ध्वजा, दण्ड, छत्र तथा सिर कट-कटकर पड़ने लगे। योद्धा अन्तरंगमें ललकते और प्रस्खलित होते। यशके लोभी महाभट पुनः परस्पर मिलते। इस प्रकार उन द्रविड राजाओंने ऐसा महान् संग्राम किया कि जिससे गगनांगनमें सुरवर भी डर उठे। करकण्डने उन राजाओंको रणमें पकड़ लिया और उनके सिरपरके मुकुटोंको अपने चरणोंसे रौंदा। किन्तु मुकुटोंके अग्रभाग पर जिन-प्रतिमाको देखकर करकण्डको बहुत दुःख उत्पन्न हुआ।

१९

He reinstalls them and returns to Terapur.

हा हा मइँ मूढइँ किं कियउ जिणबिंबु वि चरणें आहयउ ।
इह पावफलें दुग्गइणिवासु णउ जाणहुँ होसइ कहिँ मि वासु ।
मणि दुम्मिय मउलियलोयणेण चोडाहिव मुक्का ते वि तेण ।
जं संगरि मइँ तुम्हइँ खलीय जं चरणहिँ मउडइँ दरमलीय ।
तं खमहु सयलु महो बंधवासु पडिगाहहु देसु सपिंडवासु । 5
तं णिसुणिवि तेहिँ पडिवयणु उत्तु तुह सेव करेसहिँ अम्ह पुत्त ।
इय जंपिवि ते चंपाहिवासु पुणु सरिय खणद्धें अडविवासु ।
तणु तिणु व गणेविणु ललियगत्त तउ करिवि तेइँ सग्गग्गि पत्त ।
घत्ता—करकंडु तहंतउ णीसरिउ गउ संमुहुँ तेरापट्टणहो ।
जहिँ सुंदरि मयणावलि हरिय संपत्तउ तं पएसु वणहो ॥१९॥ 10

२०

Karakaṇḍa regains Madanāvali and returns to campā

जावच्छइ सो तहिँ आयरेण मयणावलि अप्पिय खेयरेण ।
ता तेण तुरिउ विज्जाहिवेण तहो कहिउ भवंतरु णियहिएण ।
अहि होंतउ हउँ अण्णहिँ भवम्मि हिंडंतु पराइउ तुह घरम्मि ।
ता दिट्ठउ मइँ पंजरठिओ वि पारावउ पारावियँ जुओ वि ।
सो पाएँ गहिउ मइँ चडफडंतु ता पत्तउ तहिँ तुहुँ परिभमंतु । 5
छंडाविउ सो पइँ तुरियएण णवकारु पइण्णउ करुणएण ।
सो खेयरु जायउ तहो फलेण हउँ णासिवि गउ तुज्झु वि छलेण ।
एक्कहिँ दिणि चप्पिउ हयखुरेण मुणि कण्णजाउ दिण्णउ वरेण ।
हउँ खेयरु जायउ फलइँ तेण तुहुँ एत्थु दिट्ठ संपत्तएण ।
चिररोसें हरिय मइँ घरिणि तुज्झु लइ अक्खिउ मइँ तुह एउ गुज्झु । 10
हउँ एवहिँ किंकरु तुह भरेण पुणु णमिय चरण सण्णयसिरेण ।
अवराहु कियउ जो मइँ वि देव सो खमहि ण छंडमि तुज्झ सेव ।
घत्ता—संमाणिवि दाणइँ सो खयरु गउ चंपहिँ साहिवि महि णिवइ ।
सो रज्जु करंतउ बहुय दिण तहिँ अच्छइ कणयामरणिलइँ ॥२०॥

इय करकंडमहारायचरिए मुणिकणयामरविरइए भव्वयणकण्णावयंसे पंचकल्लाणविहाणकप्पतरु-फलसंपत्ते करकंडपुहइसाहणो चंपापुरिपवेसो णाम अट्ठमो परिच्छेउ समत्तो ।

॥ संधि ॥ ८ ॥

---

२०. १ DN सविणय.

१६—करकण्डका पश्चात्ताप व तेरापुरका आगमन

करकण्ड पश्चात्ताप करने लगा—"हाय हाय, मुझ मूढ़ने यह क्या किया ? जिनबिम्बको भी चरणसे आहत किया। इस पापके फलसे न जाने कौन-सी दुर्गतिमें मेरा निवास होगा ?" इस प्रकार मनमें दुःखी होकर तथा अपनी आँखें मींचकर उसने उन चोड राजाओंको छोड़ दिया और कहा—"जो मैंने संग्राममें तुम्हें पराजित किया, व जो अपने चरणोंसे तुम्हारे मुकुटोंको रौंदा, यह सब मुझे अपना बन्धु समझकर क्षमा करो, और अपने पैतृक-निवास देश (जन्मभूमि) को वापिस लो।" यह सुनकर उन द्रविड राजाओंने उत्तर दिया—"अब आपकी सेवा हमारे पुत्र करेंगे।" चम्पाधिपको ऐसा कहकर फिर उन्होंने क्षणार्द्धमें वनवासका अनुसरण किया। वे ललितगात्र नृप अपने शरीरको तृणके समान गिनकर तपस्या करके स्वर्गके अग्रभागको प्राप्त हुए। करकण्ड वहाँसे निकलकर तेरापट्टनके सम्मुख गया और वनके उस प्रदेशमें पहुँचा, जहाँ सुन्दरी मदनावली हरी गयी थी।

२०—मदनावलीकी पुनः प्राप्ति और चम्पापुरी-आगमन

वहाँ जब वह आदरपूर्वक रह रहा था, तब उस खेचरने मदनावलीको लाकर अर्पित किया। उस विद्याधरने तुरन्त ही अपने हृदयसे अपना भवान्तर कह सुनाया। मैं पूर्व भवमें सर्प था। भ्रमण करता हुआ मैं तुम्हारे घरमें आ पहुँचा। वहाँ मैंने पिंजरेमें स्थित परेवीसे युक्त परेवेको देखा। मैंने उसका पैर पकड़ लिया। वह तड़फड़ाने लगा। उसी समय तू घूमता हुआ वहाँ आ पहुँचा। तूने उसे तुरन्त छुड़ा लिया और करुणापूर्वक उसे णमोकार मन्त्र दिया। उसके फलसे वह परेवा खेचर हो गया। मैं तेरी आँख बचाकर वहाँसे भाग गया। एक दिन मैं एक घोड़ेके खुरसे कुचला गया। उस समय एक मुनिवरने मेरे कानमें णमोकार मन्त्रका जाप दिया। उसके फलसे मैं खेचर हो गया, और यहाँ आनेपर मैंने तुझे देखा। उस पुराने रोषके कारण मैंने तेरी गृहिणीका हरण किया। ले, मैंने तुझे यह गुप्त बात कह दी। अब मैं पूर्णरूपसे तेरा किंकर हूँ। इतना कहकर उस खेचरने अपना सिर नवाकर करकण्डके चरणोंको नमस्कार किया। फिर बोला—"हे देव, मैंने जो अपराध किया, उसे क्षमा कीजिए। मैं अब कभी तुम्हारी सेवा नहीं छोड़ूँगा।" करकण्ड नृपतिने उस खेचरका दानसे सम्मान करके व पृथ्वीको साधकर (वशीभूत करके) चम्पाको गमन किया। वहाँ वह राज्य करते हुए बहुत दिनों तक अपने कनकमय अमर प्रासादमें रहा।

इति मुनि-कनकामर-विरचित भव्यजनकर्णाभरणसे पञ्चकल्याणविधान-कल्पतरु-फलसम्पन्न करकण्डमहाराज-चरित्रमें करकण्डका पृथ्वीसाधन तथा चम्पापुरी-प्रवेश नामक अष्टम परिच्छेद समाप्त।

संधि—६

१

The forest guard reports the arrival of sage shilagupta.

चंपाहिउ बुहयणवेढियउ सुहलीलइँ अच्छइ जाव तहिँ ।
ता आयउ उज्जाणाहिवइ अत्थाणि णिविट्ठउ राउ जहिँ ॥

सो पुच्छिउ करकंडपुँ णिवेण — कहि आयउ तुहुँ कज्जेण केण[1] ।
सो कहइ णरेसर उववणम्मि — जो झायहिँ सुमरहिँ णियमणम्मि ।
जसु दंसणे हरि उवसमु सरेइ — करिकुंभहो गाहु ण सो करेइ । 5
अवरुप्परु वइरइँ जे वहंति — तहो दंसणे मइउ मणे लिहंति ।
जसु दंसणे अणुवय के वि लिंति — जिणु छंडिवि अण्णहिँ मणु ण दिंति ।
केहिँ मि मणि गहियइँ गुणवयाइँ — अवराइँ मि पुणु सिक्खावयाइँ ।
धम्मालउ संजमणिलउ भाइ — किं जिणवरु मुणिवेसेण णाइँ ।
तहिँ आयउ मुणिवरु णाणजुत्तु — णामेण पसिद्धउ सीलगुत्तु । 10

घत्ता—करकंडु सुणेविणु तं वयणु अत्थाणहो उट्ठिउ तक्खणिण ।
गउ सत्तपयइँ मउलेवि कर सुमरंतउ मुणिवरपय मणिण ॥१॥

२

People start on a visit to the sage.

ता ओणँदभेरि तुरंतएण — देवाविय तुट्ठइँ राणएण ।
तहे णेइ[2] सुणेविणु लद्धभोय — परिमिलिय खणद्धें भवियलोय[3] ।
क वि माणिणि चल्लिय ललियदेह — मुणिचरणसरोयहँ बद्धणेह ।
क वि णेउरसद्दें रणझणंति — संचल्लिय मुणिगुण[4] णं थुणंति ।
क वि रमणु ण जंतउ परिगणेइ — मुणिदंसणु हियवपुँ सइँ मुणेइ । 5
क वि अक्खयधूव भरेवि थालु — अइरहसइँ चल्लिय लेवि बालु ।
क वि परिमलु वहलु वहंति जाइ — विज्जाहरि णं महियलि विहाइ ।

घत्ता—काइ वि छणससहरआणणिय करे कमल करंती संचलिय ।
आणंदिय भेरिहे सुणिवि सरु लहु भवियण सयल वि तहिँ मिलिय ॥२॥

३

On his way Karakanda sees a miserable woman.

जिणिंदधम्मरत्तओ — मुणिंदपायभत्तओ ।
सुवण्णकंतिदित्तओ — सरोयपत्तणेत्तओ

---

१. १] जेण.
२. १ DJ णंदियँ. २ DN सद्द. ३ DN णयरलोय. ४ N मुणिवरगुण थुणंति.

सन्धि—६

१—चम्पाके उपवनमें शीलगुप्त मुनिका आगमन

बुधजनोंसे वेष्टित चम्पाधिप जब सुख व लीलापूर्वक वहाँ रह रहा था, तब जहाँ सभामें राजा बैठा था वहाँ उद्यानका अधिपति आया। करकण्ड राजाने उससे पूछा—"तू किस कार्यसे आया है, सो कह।" उसने कहा—"हे नरेश्वर, जिसका लोग अपने मनमें ध्यान और स्मरण करते हैं, जिसके दर्शनसे सिंह भी उपशान्त हो जाता है, और हाथीके मस्तकका आग्रह नहीं करता; जिसके दर्शनसे परस्पर वैर धारण करनेवाले प्राणी भी अपने मनमें मार्दव भाव ले लेते हैं; जिसके दर्शनसे कोई अणुव्रत ले लेते हैं और जिनेन्द्रको छोड़कर अन्य किसीमें मन नहीं देते; कोई गुणव्रत ग्रहण कर लेते हैं और पुनः अन्य शिक्षाव्रत ले लेते हैं; जैसे धर्मालय ही हों, अथवा संयमके घर, या मानो मुनिके वेशमें जिनवर ही हों—ऐसे ज्ञानयुक्त शीलगुप्त नामके प्रसिद्ध मुनिवर उपवनमें आये हैं।" यह वचन सुनकर करकण्ड अपने सिंहासनसे तत्क्षण उठ खड़ा हुआ तथा हाथ जोड़कर व मनमें मुनिवरके पदोंका स्मरण करते हुए सात पग आगे बढ़ा।

२—नर-नारियोंका मुनि-दर्शनके लिए उत्साह

फिर तुरन्त ही राजाने सन्तुष्ट होकर आनन्दभेरी दिलवायी। उस भेरीका नाद सुनकर सौभाग्यशाली भव्य लोग क्षणार्द्धमें आ मिले। कोई ललितदेह मानिनी मुनिके चरण-कमलोंमें स्नेह बाँधकर चल पड़ी। कोई नूपुरके शब्दोंसे झुन-झुन ध्वनि करती हुई चली, मानो मुनिके गुणोंका स्तवन कर रही हो। कोई अपने साथ चलते हुए रमणकी ओर ध्यान न देकर स्वयं हृदयसे मुनिके दर्शनकी अभिलाषा कर रही थी। कोई अक्षत व धूपसे थाल भरकर, बालकको ले, बड़े वेगसे चल पड़ी। कोई खूब सुगन्ध उड़ाती हुई जा रही थी, मानो विद्याधरी महीतलपर शोभित हो रही हो। कोई पूर्णचन्द्रमुखी हाथमें कमल लेकर चल पड़ी। इस प्रकार आनन्दभेरीका स्वर सुनकर सभी भव्यजन शीघ्र वहाँ आ मिले।

३—शोक-व्याकुल स्त्रीका दृश्य

जिनेन्द्रधर्ममें अनुरक्त, मुनीन्द्रके चरणोंका भक्त, स्वर्ण समान कान्तिवान्, कमलपत्रके समान नेत्रवान्, प्रलम्ब व पीनभुजशाली, सब शास्त्रोंका ज्ञाता एवं विशुद्ध व सुसन्धित-गात्र राजा कर-

पलंबपीणहत्थओ विबुद्धसव्वसत्थओ ।
विसुद्धसंधिगत्तओ पणेण जाव पत्तओ ।
तहिं पि ताव दिट्ठिया भणंति हा पमूढिया । 5
पुरंधि का वि दुक्खिया हणंति दो वि कुक्खिया ।
रुवंति अंसुवाहुलं जणाण दुक्खसंकुलं ।
कुणंति चित्तु आउलं धरंति वेसु वाउलं ।
घुलंति जा वि मुच्छए पडंति भूपएसए ।
सुणेवि तं णरेसरो सुवारुणिद्धणीसरो । 10

घत्ता—करकंडइँ पुच्छिउ को वि णरु एह णारि वराई किं रुवइ ।
विलवंती हियवइँ दुहु करइ अप्पाणउ विहलंघल मुअइ ॥ ३ ॥

४

He learns the cause of her troubles and becomes disgusted with the ways of the world.

ता अक्खिय रायहो वत्त तेण दुक्खाउर हूई एह जेण ।
तं कारणु णिसुणहि सामिसाल भुंजंतिहे भोयइँ सयलकाल ।
उप्पण्णउ णंदणु विहिवसेण सो णीयउ आयहे वइवसेण ।
तें रुवइ सदुक्खउ महिल एह अप्पाणउ घल्लइ वद्धणेह ।
परिमेल्लइ पासु ण णंदणासु वीसरइ ण सो पुणु णियमणासु । 5
तं सुणिवि वयणु रायाहिराउ संसारहो उवरि विरत्तभाउ ।
धी धी असुहावउ मंचलोउ दुहकारणु मणुवहँ अंगभोउ ।
रयणायरतुल्लउ जेत्थु दुक्खु महुबिंदुसमाणउ भोयसुक्खु ।

घत्ता—हा माणउ दुक्खइँ दड्ढतणु विरसु रसंतउ जहिँ मरइ ।
भणु णिग्घिणु विसयासत्तमणु सो छंडिवि को तहिँ रइ करइ ॥४॥ 10

५

Transitory nature of worldly existence.

कम्मेण परिट्ठिउ जो उवरे जमरायहँ सो णिउ णिययपुरे ।
जो बालउ बालहिँ लालियउ सो विहिणा णियपुरि चालियउ ।
णवजोव्वणि चडियउ जो पवरु जमु जाइ लएविणु सो जि णरु ।
जो बूढउ वाहिसएहिँ कलिउ जमदूयहिँ सो पुणु परिमलिउ ।
बलहद्दहँ सहुं हरि अतुलबलु सो विहिणा णीयउ करिवि छलु । 5
छक्खंड वसुंधर जेहिँ जिया चक्केसर ते कालेण णिया ।
विज्जाहर किंणर जे खयरा बलवंता जममुहे पडिय सुरा ।
फणिणाहइँ सरिसउ अमरवइ जमु लिंतउ कवणु वि णउ मुअइ ।

घत्ता—णउ सोत्तिउ बंभणु परिहरइ णउ छंडइ तवसिउ तवि ठियउ ।
धणवंतु ण छुट्टइ ण वि णिहणु जह काणणे जलणु समुट्ठियउ ॥५॥ 10

---

४ १ N सम्वलोउ.

कण्ड जब बाजारमें पहुँचा, तब उसने वहाँ देखा कि एक कोई दुःखी पुरवासिनी मूढ़भावसे हाय-हाय कर रही है; अपनी कुक्षिको दोनों ओर कूट रही है; खूब आँसू बहा-बहाकर रो रही है; लोगोंके चित्तको दुःखसे संकुलित और व्याकुल कर रही है; बावला भेष धारण किये है; मूर्च्छासे डोल रही है; व भूमिपर गिर-गिर पड़ती है। उस लोगोंपर प्रभाव डालनेवाले मदिरा-पानसे उन्मत्त ध्वनिके समान स्वरको सुनकर करकण्डने किसी मनुष्यसे पूछा—"यह बेचारी नारी क्यों रोती है; और क्यों विलाप करती हुई हृदयमें दुःख करती, एवं अपने-आप विह्वल हो-होकर मर रही है ?"

४—करकण्डका वैराग्यभाव

तब उस मनुष्यने राजासे बात कही—"जिस कारणसे वह ऐसी दुःखातुर हुई है, उस कारणको, हे स्वामिसार, सुनिए। सदाकाल भोग भोगते हुए इसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ। किन्तु विधिवशात् उसे इसके पाससे यमराज छुड़ा ले गया। इसीसे यह महिला दुःखी होकर रोती है, और स्नेहसे बँधकर आत्मोत्सर्ग कर रही है। वह अपने पुत्रका साथ नहीं छोड़ती और न उसे अपने मनसे भुलाती है।" उस वचनको सुनकर राजाधिराज करकण्ड, संसारके ऊपर विरक्त-भाव होकर कहने लगे—"धिक्-धिक्, यह मर्त्यलोक बड़ा असुहावना है। शरीरका भोग ही मानवके दुःखका कारण है। यहाँ समुद्रके तुल्य महान् दुःख है, तथा भोगोंका सुख मधुबिन्दुके समान अत्यल्प। हाय, जहाँ मानव दुःखसे दग्धशरीर होकर बुरी तरह कराहता हुआ मरता है, ऐसे संसारमें निर्लज्ज व विषयासक्त मनुष्यको छोड़, कहो और कौन प्रीति कर सकता है ?"

५—अनित्य-भावना

कर्मवश जो उदरमें आकर बैठा, उसे यमराज अपने पुरमें ले गया। जिस बालकको लाला-पाला, उसे विधिने अपने नगरको चला दिया। जो नवयौवनमें चढ़ा, उस प्रवर मनुष्यको भी यम लेकर चल देता है। जो बूढ़ा होकर सैकड़ों व्याधियोंसे पीड़ित है, वह तो फिर यमदूतों-द्वारा परिमर्दित होनेवाला ही है। बलभद्रके साथ अतुल बलशाली नारायणको भी विधि छल करके ले भागा। जिन चक्रवर्तियोंने छह खण्ड वसुन्धराको जीता, उन्हें भी काल ले उड़ा। जो विद्याधर, किन्नर, खेचर, सुर व देव हुए, वे बलवान् होते हुए भी यमके मुखमें जा पड़े। नागेन्द्रके सदृश अमरेन्द्रको भी यम ले जाता है; वह किसीको छोड़ता नहीं। न वह श्रोत्रिय ब्राह्मणको बचने देता, और न तपमें स्थित तपस्वीको छोड़ता। उससे न धनवान् छूटता और न निर्धन। जैसे मानो काननमें दावानल भभक उठा हो (ऐसी संसारकी अनित्य दशा है)।

६

Fickleness of worldly pleasures.

दइवेण विणिम्मिउ देहु जं पि लायण्णउ मणुवहँ थिरु ण तं पि ।
णवजोव्वणु मणहरु जं चडेइ देवहिँ वि णं जाणिउ कहिँ पडेइ ।
जे अवर सरीरहिँ गुण वसंति ण वि जाणहुँ केण पहेण जंति ।
ते कायहो जइ गुण अचल होंति संसारहँ विरइ ण मुणि करंति ।
करिकण्ण जेम थिर कहिँ ण थाइ पेक्खंतहँ सिरि णिण्णासु जाइ । 5
जह सूयउ करयलि थिउ गलेइ तह णारि विरत्ती खणि चलेइ ।
भूणयणवयणगइ कुडिल जाहँ को सरल करेवइँ सक्कु ताहँ ।
मेल्लंती ण गणइ सयण इट्ठ सा दुज्जण-मेत्ति व चल णिकिट्ठ ।
घत्ता—णिज्झायइ जो अणुवेक्ख चल वइरायभावसंपत्तउ[3] ।
सो सुरहरमंडणु होइ णरु सुललियमणहरगत्तउ ॥६॥ 10

७

Helplessness of the mortals.

रयणीए परिसमणु संगामे सुरदमणु
आवइहँ पत्ताइँ हियय्म्मि सुत्ताइँ ।
तहो किं पि णउ फुरइ उट्ठेइ वइसरइ ।
अह विवरे पइसरउ सुरलोउ अणुसरउ ।
सुरगिरिहिँ आरुहउ पंजरहिँ तणु छुहउ । 5
बंधवहिँ मित्तेहिँ करधरियकुंतेहिँ ।
पुत्तेहिँ सुत्थियउ मंतेहिँ रक्खियउ ।
भडणियरपरियरिउ णउ तेहिँ पुणु धरिउ ।
बलएउ चक्कहरु सुरणाहु णहे खयरु ।
जमु वरुणु धरधरणु ण वि होइ कु वि सरणु । 10
घत्ता—असरणअणुवेक्खउ जो वि पुणु अणुदिणु भावइ णिययमणे ।
सो सुरणारिहिँ ललियतणु भोयवंतु भुंजियइ खणे ॥ ७ ॥

८

Troubles of life.

संसारे भमंतहँ कवणु सोक्खु असुहावउ पावइ विविहदुक्खु ।
णरयालइँ णाणाणारएहिँ चिरकियहिँ णिहम्मइ वइरएहिँ ।
हियएँ ण वि चिंतहुँ सक्कियाइँ तहिँ भुत्तइँ पवरइँ दुक्कियाइँ ।
अवरुप्परु जाइविरुद्धएहिँ तिरियाण मज्झे उप्पण्णएहिँ ।
मुहबंधणलेयणताडणाइँ पावियइँ तेहिँ तणुफाडणाइँ । 5
मणुयत्तणे माणउ परिमलंतु परिझिज्जइ णियमणे सलवलंतु ।
सुरलोइँ पवण्णउ णट्ठबुद्धि मणि झिज्जइ देक्खवि परहो रिद्धि

---

६. १ N णु. २ DN थाइ. ३ SJ संपण्णउ.
७. १ J रमणीए. २ DN सत्ताइं.
८. १ S पायालएं. २ N परिमिज्जइ.

६—अनित्य-भावना (चालू)

दैवने जिस देहका निर्माण किया है, मानवका वह लावण्य भी स्थिर नहीं है। जो मनोहर नवयौवनपर चढ़ता है, उसे भी देव न जाने कहाँ जा पटकते हैं। शरीरमें जो और गुण निवास करते हैं, वे सब भी न जाने किस मार्गसे निकल जाते हैं। यदि वे कायके गुण अचल होते, तो मुनि संसारसे विरक्ति नहीं करते। गजकर्णके समान लक्ष्मी कहीं स्थिर नहीं ठहरती; देखते ही देखते वह विनष्ट हो जाती है। जिस प्रकार पारा हथेलीपर रखते ही गल जाता है, उसी प्रकार नारी विरक्त होकर एक क्षणमें चली जाती है। जिसकी भौंहें, नयन, वचन व गति सब कुटिल हैं, उस नारीको कौन सरल बना सकता है ? जो छोड़ते समय न स्वजनोंको गिनती और न इष्ट, वह नारी दुर्जन-मैत्रीके समान चंचल और निकृष्ट होती है। जो वैराग्य-भावको प्राप्त होकर इस अनित्य-अनुप्रेक्षाका ध्यान करता है, वह नर सुललित और मनोहर गात्र होकर देवोंके विमानका आभूषण बनता है।

७—अशरण-भावना

रात्रिमें विश्राम लेता और संग्राममें देवोंका दमन करता। किन्तु जब आपत्ति आ पड़ती है और हृदय सो जाता है, तब उसकी कोई चेष्टा नहीं रहती। न वह उठता है, और न बैठता। चाहे गुफामें जा छिपो, चाहे सुरलोकका अनुसरण करो, या सुरगिरिपर जा चढ़ो, अथवा पिंजड़ेमें अपने शरीरको डाल रखो। चाहे बन्धु और मित्र हाथोंमें भाले लिये खड़े रहें। पुत्र बचाते रहें और मन्त्र-रक्षा करते रहें, या योद्धाओंका समूह घेरे रहे। किन्तु ये सब किसीको मृत्युसे नहीं बचा सकते। बलदेव, चक्रधारी नारायण, सुरेन्द्र, आकाशगामी खेचर, यम, वरुण, शेषनाग—कोई शरण नहीं हो सकता। जो कोई उस अशरण-अनुप्रेक्षाकी प्रतिदिन अपने मनमें भावना करता है, उसके शरीरका सुरनारियाँ लालन करतीं और यथासमय उस सौभाग्यशालीके साथ भोग भोगती हैं।

८—संसार-भावना

संसारमें भ्रमण करते हुए जीवको कौन-सा सुख होता है ? वह नाना प्रकारके असुहावने दुःखोंको ही पाता है। नरक-लोकमें उसे उसके पूर्वके वैरी नारकी मारते हैं। वहाँ ऐसे बड़े-बड़े पाप भोगने पड़ते हैं, जो हृदयसे सोचे भी नहीं जा सकते। परस्पर जाति-विरोधी तिर्यंचोंके बीच उत्पन्न होकर, उनके द्वारा मुखबन्धन, छेदन, ताड़न व अंगफाड़नके दुःख प्राप्त होते हैं। मनुष्यभवमें मान धारण करता हुआ अपने मनमें सलबलाता और परिक्षीण होता रहता है। सुरलोकमें पहुँचकर यह नष्ट-बुद्धि जीव दूसरोंकी ऋद्धि देखकर मनमें खीझता रहता है। जिस

णंडणारि[3] जेम रूवइँ करेइ तिम जीउ कलेवर सइँ धरेइ ।
घत्ता—संसारहँ उवरि णिहालणउ किउ जेण णरेण कयायरेण ।
भणु काइँ ण लद्धउ तेण जइ पवररयणरयणायरेण ॥ ८ ॥ 10

९

Sole responsibility of each individual.

जीवहो सुसहाउ ण अत्थि को वि णरयम्मि पडंतउ धरइ जो वि ।
सुहिसज्जणणंदणइट्ठभाय ण वि जीवहो जंतहो ए सहाय ।
णिय जणणि जणणु रोवंतयाइँ जीवँ सहुँ ताइँ ण पउ गयाइँ ।
धणु ण चलइ गेहहो एक्कु पाउ एक्कल्लउ भुंजइ धम्मु पाउ ।
तणु[2] जलणि जलंतइँ परिवडेइ एक्कल्लउ वइवसघरि चडेइ । 5
जहिँ णयणणिमेसु ण सुहु हवेइ एक्कल्लउ तहिँ दुहु अणुहवेइ ।
अहिणउलसीहवणयरहँ मज्झे उप्पज्जइ एक्कु वि जिउ असज्झे ।
सुरखेयरकिंणरसुहयगाम तहिँ भुंजइ एक्कु वि जियइ जाम ।
घत्ता—इह अणुवेक्खा[3] जो अणुसरइ सीलें मंडिवि णिययतणु ।
सासयपउ सो सुहणिलउ एक्कल्लउ सोहइ मुक्कतणु ॥ ९ ॥ 10

१०

Senses and qualities are alien to Self.

इउ भासइ मुणि गुणगण वहंतु जीवहो परिभिण्णउ तं कहंतु ।
परिपोसिउ उसहंसएहिँ जं पि भिण्णउ सरीरु जीवाउ तं पि ।
लोयणइँ सुतारइँ दीहराइँ जीवहो परिभिण्णइँ सुहयराइँ ।
जीहा तरुपल्लवसण्णिहा वि जीवहो दूरेण वि सा थिया वि ।
तणुफंसगंधकण्णहँ समिद्धि जीवहो अइभिण्णी रूवरिद्धि । 5
जे अवर वि गुण कायहो मिलंति ते जीवहो भिण्णा संचलंति ।
जे कायहो थूला बहुय के वि अइसुहुमा जीवहो दूरे ते वि ।
कोहाइचउक्कु वि पुण्णपाव ते जीवहो भिण्णा कम्मभाव ।
घत्ता—इह अणुवेक्खा थिर करिवि णियमणि झायइ जो जि णरु ।
सो परमप्पउ णिम्मलउ देहविवज्जिउ होइ वरु ॥ १० ॥ 10

११

Impure nature of the physical body.

इहु देहहो भणु गुणु को विहाइ कउ मंडणु असुइ सहावें जाइ ।
जे णयण तरल विब्भमगया वि ते दूसाणिवहहिँ दूसिया वि ।
भणु णासारंधहो का विसुद्धि जहिँ गलइ सिंभु पयडउ असुद्धि ।
गुणअमिउ अहरे जणु किं कलेइ जहिँ लालासारणि परिघुलेइ ।
गुणुदीसइ कवणु उरोरुहाहँ परिपूरिय पूयएँ वणणिहाहँ । 5

---

३ D णरणारि S णरु णारि.

९. १ J में यहाँसे लेकर पंक्ति ६ के 'एक्कल्लउ' तकका पाठ छूट गया है। २ D N S जलणु.
३ J अणुपेक्खा.

११. १ N सहाव.

प्रकार नट-नारी नाना रूप धारण करती है, उसी प्रकार यह जीव स्वयं नाना कलेवर धारण किया करता है। जिस मनुष्यने भले प्रकार संसारके ऊपर अवलोकन किया, और महान् रत्नत्रय रूपी रत्न प्राप्त कर लिये उसे कहो, इस जगमें क्या नहीं मिला ?

९—एकत्व-भावना

जीवका ऐसा कोई सुसहायक नहीं है, जो उसे नरकमें गिरनेसे बचा ले। सुहृद्, स्वजन, नन्दन व इष्ट भ्राता, ये जीवके जाते समय सहायक नहीं होते। स्वयं अपनी जननी या जनक, रोते हुए भी, जीवके साथ एक पैर भी नहीं जाते। धन भी एक पैर घरके बाहर साथ नहीं चलता। जीव अकेला ही धर्म व पापका फल भोगता है। शरीर जलती अग्निमें गिरकर भस्म हो जाता है। जीव अकेला ही यमके घरको चढ़ता है। वहाँ नयन-निमेष (पल) मात्र भी सुख नहीं होता। वहाँ जीव अकेला ही दुःखका अनुभव करता है। असाध्य (दुःखपूर्ण) अहि, नकुल, सिंह आदि वनचरोंके बीच अकेला जीव ही जाकर उत्पन्न होता है। सुरों, खेचरों व किन्नरोंके सुन्दर ग्राममें भी जीव अकेला ही जबतक जीता है, भोग भोगता है। जो कोई अपने शरीरको शीलसे मण्डित कर इस एकत्व अनुप्रेक्षाका अनुसरण करता है, वह शरीरसे मुक्त होकर सुखके निलय शाश्वत पदमें अद्वितीय रूपसे शोभायमान होता है। ५ १०

१०—अन्यत्व-भावना

गुणगणोंके धारी मुनिने फिर भाषण किया और जीवसे जो सर्वथा भिन्न है, उसे बतलाया। जो सैकड़ों औषधोंसे परिपोषित किया जाता है, वह शरीर भी जीवसे भिन्न है। बड़े-बड़े दीर्घ सुखकारी लोचन भी जीवसे परिभिन्न हैं। वृक्षके पल्लव समान चंचल यह जिह्वा भी जीवसे दूर ही स्थित है। शरीरके स्पर्श, गन्ध व कानोंके गुण तथा रूपऋद्धि, जीवसे अतिभिन्न हैं। और भी जो गुण कायमें आ मिलते हैं, वे सब जीवसे भिन्न होकर चले जाते हैं। जो भी कायके बहुतसे स्थूल व अतिसूक्ष्म गुण हैं, वे भी जीवसे दूर ही हैं। क्रोधादिक चारों कषाय व पुण्य और पाप, ये सब कर्मभाव जीवसे भिन्न हैं। जो मनुष्य इस अनुप्रेक्षाको स्थिर करके अपने मनमें ध्याता है, वह देहसे विवर्जित, निर्मल और उत्तम परमात्मा हो जाता है। ५

११—अशुचि-भावना

इस देहमें कहो कौन-सा गुण दिखायी देता है ? जो स्वभावतः अशुचि है उसका मण्डन क्या ? जो तरल और विभ्रमपूर्ण नेत्र हैं, वे दूषण-समूहोंसे दूषित हैं। कहो, नासिका-रन्ध्र में क्या विशुद्धि है, जहाँ स्पष्ट ही अशुद्ध श्लेष्म बहता रहता है ? अधरमें लोग क्यों अमृतगुण की कल्पना करते हैं, जब कि वहाँ लारका प्रवाह घूमता रहता है ? स्तनोंमें कौन-सा गुण दिखायी देता है, जब कि वे पीवसे भरे हुए फोड़ोंके सदृश हैं ? सघन मांसके बढ़े हुए, दूषित पिण्डोंसे ५

घणमंसपवड्ढियपिंडयाहँ [2]को करइ रई तहँ दूसियाहँ ।
कडिमंडलु भणियउ[3] किं वुहेहिं परिसवइ असुद्धउ विहिं मुहेहिं ।
वसरुहिरमंसहड्डोइं जेत्थु भणु सुद्धिहे कारणु कवणु तेत्थु ।
जइ भिंतरु वाहिरु विहि करंतु भणु जणवउ को तहिं रइ सरंतु ।
घत्ता—उप्पण्णउ सुक्कइँ सोणियइँ असुइसहावउ जो जणु झायइ । 10
एह अणुवेक्खा णिच्चुल्लिय तं पुणु सिद्धिहे मग्गइँ लायइ ॥ ११ ॥

१२

How Karmas are contacted.

रयणायरे जलसंघाउ जेव कम्माण णिवहु आसवइ तेव ।
जह सल्लु पणट्ठउ चुंबएण आणियइ कम्मु तह जीवएण ।
सहसणेण परिचत्तएण संमिलइ कम्मु मिच्छत्तएण ।
वज्जरइ जिणेसरु गलियछम्मु अविरइपरिणामें मिलइ कम्मु ।
कम्मासउ कोहें माणएण तह डंभइँ लोहइँ कीयएण । 5
मणमारणु सीलउ जइ हवेइ कम्मासववइरि ण संघवेइ ।
हिंसालउ वयणु वि जो सरेइ तहो कम्मु मिलंतउ को धरेइ ।
जो हिंसइँ काउ समायरेइ सो कम्मइँ सहुँ ता रइ करेइ ।
घत्ता—बंधहो कारणु करेवि तणु अणुवेक्ख जो झायइ पुणु हियए ।
सो धण्णउ सासयसोक्खरसु अविरामइँ सो णरु तहिं पियए ॥ १२ ॥ 10

१३

How the inflow of Karmas is checked.

जो समत्तु धीरे[1]चित्तु उद्धरेइ सो वि दुट्ठ मिच्छदिट्ठि संवरेइ ।
जो खमाइँ सुद्धियाइँ वावरेइ कोहवारि दुक्खकारि सो हरेइ ।
महवेण जो चरेइ सुद्धएण[3] माणखंभु तासु जाइ णिच्छएण ।
अज्जवम्मि चित्तु देइ जो महंतु [3]सो हवेइ वंचणाविसो णिहंतु ।
कायपिंडे सुंदरे वि जो णिरीहु सो णिरुत्तु पक्खलेइ लोहसीहु । 5
धम्मे संतु भाउ देवि जो सरेवि तं मणो वि मक्कडो वि सो धरेवि ।
पूयया[4]इँ पूयएइ वीयराउ तक्खणेण सो हणेइ दुट्ठराउ ।
धम्मसव्वु भावसुद्धि झाणजोइ जो करेइ सो धरेइ कौउलाइं ।
घत्ता—खमदमसहियउ गुणणिलउ एयउ जो पयडिउ संवरइ ।
अणुहुंजिवि सोक्खइँ सग्गे पुणु सो सिद्धिहे सम्मुहुँ संचरइ ॥ १३ ॥ 10

१४

How Karmas are got rid of.

विहिँ भेयहिँ णिज्जर खवियणेहें सविवायावायहिँ मुणहिँ एह ।
चिरकालें संचिउ कम्मु फारु उप्पाइय भुंजइ बहुपयारु ।

---

२ J D N में यह चरण छूटा है. ३ S भणिउ. ४ S हट्ठाइं

१३. १ SJ धीरुँ. २ S में 'सुद्धएण' से पूर्व 'भाएण' जुड़ा है. ३ S सोह देइ. ४ S भारु. ५ DN केउलोइं.

१४. १ N °देह. २ N में इससे पूर्व हाँसियेमें जोड़ी गयी पंक्ति है—तिरियहं हवेइ अविवाइ फारु । संभवइ णरहं सवबाइ सारु । ३ J सो पायइ.

कौन रति करे ? बुद्धिमानों (कवियों) ने कटिमण्डलका न जाने क्यों वर्णन (प्रशंसन) किया है, जब कि वहाँ दो-दो गुप्त भुखोंसे अशुद्ध मल बहता है ? जिस शरीरमें वसा, रुधिर, मांस और हड्डियाँ हैं, वहाँ कहो शुद्धिका कौन-सा कारण है ? यदि भीतरी व बाहरी विधि (शुद्धि) का विचार करें, तो कौन मनुष्य इस शरीरके साथ रति करेगा ? यह शरीर शुक्र व शोणितसे उत्पन्न हुआ स्वभावतः अशुचि है, ऐसा जो मनुष्य ध्यान करता है, उसे यह अनुपम अनुप्रेक्षा १० सिद्धिके मार्गपर लगा देती है ।

१२—आस्रव-भावना

जिस प्रकार समुद्रमें जलका समूह एकत्र होता है, उसी प्रकार जीवके साथ कर्मोंके पुंज-का आस्रव होता है । जिस प्रकार खोया हुआ शल्य (लोहेकी सूई) चुम्बकसे पकड़ा जाता है, उसी प्रकार जीव (कषायोंकी प्रेरणासे) कर्म ग्रहण करता है । सम्यग्दर्शनके परित्यागसे मिथ्यात्व-भावके द्वारा कर्मका सम्मिलन होता है । अज्ञानको दूर करनेवाले (केवलज्ञानी) जिनेश्वरने कहा है कि कर्म अविरत परिणाम (व्रत-हीनता) के कारण संचित होता है । कर्मोंका आस्रव ५ क्रोधसे, मानसे, मायासे तथा लोभ करनेसे होता है । यदि मनके दमन रूप शील उत्पन्न हो जाये, तो कर्मास्रवरूपी वैरीकी सम्भावना नहीं रहती । जो हिंसामय वचनका अनुसरण करता है, उसे कर्मबन्ध होनेसे कौन बचा सकता है ? जो हिंसाभावसे काय-क्रिया करता है, वह तब कर्मोंमें रति करता है । जो इस शरीरको बन्धका कारण मानकर, हृदयसे इस अनुप्रेक्षाका ध्यान करता है, वह मनुष्य धन्य है । वह शाश्वत सुख रूपी रसका अविराम भावसे पान करेगा । १०

१३—संवर-भावना

जो धीरचित्त होकर सम्यक्त्वका उद्धार करता है, वह दुष्ट-मिथ्यादृष्टिका संवरण करता है । जो शुद्ध क्षमाभावसे व्यापार करता है, वह दुःखकारी क्रोधरूपी जल-प्रवाहको रोक सकता है । जो शुद्ध मार्दव-भावसे आचरण करता है, उसका मान रूपी स्तम्भ निश्चयसे चला जाता है । जो महापुरुष आर्जव गुणमें चित्त देता है, वह वञ्चनारूपी विषका निहन्ता हो जाता है । जो इस सुन्दर कायपिण्डमें भी निरीह है, वह निश्चय ही लोभरूपी सिंहको जीत लेता है । ५ जो धर्ममें शान्तभाव देकर (रखकर) आचरण करेगा, वह इस मनरूपी मर्कटको वशमें ला सकेगा । जो पवित्रभावसे वीतरागकी पूजा करता है, वह तत्क्षण ही दुष्ट-राग (मोह) का नाश करता है । जो सब प्रकारसे धर्माचरण करता है, भावोंमें शुद्धि लाता है तथा ध्यान-योग करता है, वह केवलज्ञान भी प्राप्त कर लेता है । जो कोई क्षमा व दमन (इन्द्रिय-निग्रह) से सहित, गुणोंका धारी होता हुआ इन कर्म-प्रकृतियोंका संवर कर लेता है, वह स्वर्गमें सुख १० भोगकर फिर सिद्धि (मोक्ष) की ओर गमन करता है ।

१४—निर्जरा-भावना

रागका क्षय करनेवाली निर्जराको दो प्रकारसे जानना चाहिए—एक सविपाक निर्जरा, और दूसरी अपाक निर्जरा । जीवने चिरकालसे बहुत-सा कर्म संचित किया है, वर्त्तमानमें भी

रविकिरणहिँ गिंभे जो तणु खवेइ जो तरुतले वरिसालँउ गमेइ
सिसिरम्मि तुसारु जो सिरे धरेइ सो कम्मु पयत्तें अवहरेइ ।
जो दुद्धरु तवभरु उव्वहेइ उववासहिँ जो तणु तिणुं करेइ । 5
अणिबंधउ वयणु जि संवरेइ [6]सो सयलइँ कम्मइँ णिज्जरेइ ।
मणु मारइ जो बाहिरे चरंतु सो हणइ कम्मु जणु मणि तुरंतु ।
चंदायणे भोयणु जो चरेइ सोवीराहारु जो आयरेइ ।
बहु कायकिलेस जो अणुसरेइ बावीसपरीसहँ जो सहेइ ।
अविवाय सो णिज्जर जणु वहेइ जो दुविहु परिग्गहु परिहरेइ । 10
सयमेव समावइ कम्मु जासु णिज्जर हवेइ सविवाय तासु ।

घत्ता—णिज्जरइ कम्मु संसुद्धमणु मणवयकाएँ जो वि णरु ।
देवाण मज्झे भुंजेवि सुहु सो णिच्छइँ सिवपुरु लहइ घरु ॥ १४ ॥

१५

Divisions of the universe.

तिहिँ खंडहिँ खंडिउ लोउ एहु सो चउदह रज्जुय उड्ढदेहु ।
णारयणिवासु पढमउ विहाइ पल्हत्थिउ मल्लउ धरिउ णाइँ ।
घरु बीयउ तिरियहँ[1] जं अमेउ झल्लरिसमाणु तं तिरियलोउ ।
जहिँ अमरहँ विरइ ण अत्थि भोइ[2] अमरालउ [3]मुरयसमाणु होइ ।
दुहु दीसइ जहिँ ण वि णिमिसमेत्तु तहो उवरि पसिद्धउ सिद्धखेत्तु । 5
जं कहियउ मुणिगणवरगुणीहिँ तं थक्कउ वायवलेहिँ तीहिँ ।
गयणंगणे रवि अच्छेइ जेव ण्हु भुवणु ण केण वि धरिउ तेव ।
किरियाविहीणु णहु किं परेण तह भुवणु ण केण वि किउ णरेण ।

घत्ता—पालिवि पंच महव्वयइँ लोयणुवेक्खहे जो मणु जुंजइ ।
सो णरु धण्णु सलक्खणउ अमरहँ सुहइँ अणेयइँ भुंजइ ॥ १५ ॥ 10

१६

Pious thoughts.

जिणणाहपायपंकयरुहाहँ संभवउ पयत्तइँ भत्ति ताहँ ।
सद्दंसणणाणचरित्तयाहँ महो होउ जम्मु कुले सावयाहँ ।
महो जम्मे जम्मे पंच वि वयाइँ संपज्जहुँ बिहिँ भेयहिँ गयाइँ ।
परियाणिउ जें संसारसारु जिणसासणु महो संपडउ चारु ।
समदमजमणियमकयायराहँ महो भत्ति होउ मुणिसायराहँ । 5
दहलक्खणधम्महो सुंदरासु महो भत्ति होउ सिवसुहयरासु ।
जरजम्मणमरणइँ अवहरंतु मग्गण मणे चउदह विप्फुरंतु ।
चउदहगुणठाणइँ महो घडंतु गुण सिद्धहँ महु थिर मणे चडंतु ।

घत्ता—अणुवेक्खा बोहिपुँ अणुसरिवि पुणु हियपुँ चडाविय जेण लहु ।
सिवकामिणिवयणहो मंडणउ कियउ खणद्धें तेण बहु ॥ १६ ॥ 10

---

४ S J वरिसाउल. ५ S J मणु. ६ N अणुबद्धउ. ७ प्रतियोंमें यह चरण दसवीं पंक्तिके पश्चात् आया है। किन्तु छन्दनिर्वाहकी दृष्टिसे उसे यहाँ रखा गया है। ८ N °काएहि.

१५. १ S में पाठ है–'विरियहि' और उसपर टिप्पण है–जाणीहि. २ प्रतिमु 'भोउ' ३. S J मुरइ.

१६. १ S °सारयाहं.

उत्पन्न करता है, और उसे बहुत प्रकारसे भोगता है। जो कोई ग्रीष्मकालमें सूर्यकी किरणोंसे अपना तन खपाता है, जो वृक्षतलमें वर्षाऋतुका गमन करता है, जो शिशिर कालमें अपने शिरपर तुषार झेलता है, वह प्रयत्नपूर्वक कर्मका अपहरण करता है। जो दुर्द्धर तपका भार धारण करता है, जो उपवासों-द्वारा अपने शरीरको दुर्बल करता है, तथा जो अनिबद्ध (अप्रासंगिक-अप्रामाणिक) वचनोंका संवरण करता है, वह अपने समस्त कर्मोंकी निर्जरा कर लेता है। जो बाहर विचरण करते हुए मनको मार लेता है, वह मनुष्य तुरन्त ही अपने मनमें कर्मका हनन कर देता है। जो चान्द्रायण-विधिसे भोजन करता है, जो सौवीर (कांजी) का आहार लेता है, जो बहुत-से कायक्लेश रूप तपोंका अनुसरण करता है, जो बाईस परीषहोंको सहन करता है, और जो दोनों प्रकारके (अन्तरंग व बहिरंग) परिग्रहका परिहरण (त्याग) करता है, वह मनुष्य अविपाक निर्जरा करता है। जिसका कर्म स्वयमेव (अपना फल देकर) समाप्त हो जाता है, उसके सविपाक निर्जरा होती है। जो नर शुद्ध मन होकर मन-वचन-कायसे कर्मकी निर्जरा करता है, वह देवोंके बीच सुख भोगकर निश्चय ही शिवपदमें घर (स्थान) पाता है।

१५—लोक-भावना

यह लोक तीन खण्डोंमें विभाजित है, और चौदह राजू ऊँचा है। पहला खण्ड नरक-लोक है जो आकारसे ऐसा दिखायी देता है, जैसे मानो उलटा कर मल्लक (शराब-शकोरा) रख दिया गया हो। दूसरा खण्ड तिर्यक् लोक है, जो झालरके समान है, अमेय (असंख्यात योजन प्रमाण) है, और तिर्यंच जीवोंका घर है। तीसरा खण्ड अमरालय (स्वर्गलोक) है, जो मुरज (मृदंग) के समान है, जहाँ देवोंमें भोगकी प्रवृत्ति है, विरक्ति नहीं। इसके ऊपर वह प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र है, जहाँ निमिष मात्र भी दुःख नहीं दिखायी देता। जैसा उत्तम गुणधारी मुनिगणोंने कहा है, यह समस्त लोक तीन बात-वलयोंसे घिरा हुआ स्थित है। जिस प्रकार गगनांगनमें रवि रहता है, उसी प्रकार इस भुवनको कोई धारण करनेवाला नहीं है। जिस प्रकार आकाश क्रिया-विहीन (अकृत्रिम) है उसी प्रकार इस भुवनको किसी मनुष्यने नहीं बनाया है। जो कोई पाँच महाव्रतोंका पालन कर इस लोकानुप्रेक्षामें अपने मनको लगाता है, वह नर धन्य है, सुलक्षण है और वह देवोंके अनेकों सुख भोगता है।

१६—बोधि-दुर्लभ-भावना

जिनेन्द्रके चरणकमलोंमें मेरी प्रयत्नपूर्वक भक्ति होवे। मेरा जन्म ऐसे श्रावकोंके कुलमें होवे, जिनमें सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान व सम्यक् चारित्रकी प्रवृत्ति है। जन्म-जन्ममें मुझे दोनों प्रकारके (अणुव्रत और महाव्रत रूप) पाँचों व्रत प्राप्त हों। जिसके द्वारा संसारका सार जान लिया गया है, वह सुन्दर जैन-शासन मुझे प्राप्त होवे। शम, दम, यम व नियममें आदर करनेवाले मुनीश्वरोंमें मेरी भक्ति हो। सुन्दर मोक्ष-सुखके दायक दशलक्षण धर्ममें मेरी भक्ति होवे। जरा, जन्म और मरणका अपहरण करनेवाली चौदह मार्गणाएँ मेरे मनमें विस्फुरायमान हों। मुझे चौदह गुणस्थान घटित हों। सिद्धोंके गुण स्थिर भावसे मेरे मनपर चढ़ जायें। इस प्रकार बोधिपूर्वक अनुस्मरण करके जिसने इस अनुप्रेक्षाको शीघ्र ही अपने हृदयपर चढ़ा लिया, उसने क्षणार्द्धमें अपनेको बहुत कुछ शिवरूपी कामिनीके मुखका मण्डन बना लिया (वह मोक्षमार्ग पर लग गया)।

१७

Fruits of observing Dharma.

दहलक्खणलक्खिउ होइ धम्मु जो पालइ तहो स कियत्थु जम्मु ।
धम्मेण तुरंगम संपडंति वरचमरइँ लीलइँ तहो पडंति ।
धम्मेण विमाणहिँ रइ करेइ रहकुंजरजाणहिँ संचरेइ ।
धम्मेण लहइ वरलच्छि फार संसारमहण्णवरयणसार ।
संपज्जहिँ धम्मइँ विविह भोय णउ आणालंघणु करहिँ लोय । 5
धम्मेण सरासइ वयणि ठाइ हियइच्छिय मणहरु लहइ भाइ ।
धम्मेण सत्तभोमइँ घराइँ वररयणइँ णाणासुहयराइँ ।
सुर सेवहिँ धम्में जिणवरिंद धम्मेण सयल सुरवर णरिंद ।
धम्मेण सलक्खण होइ णारि मयमत्तजुवाणहँ पलयकारि ।
घत्ता—दामोयर जिणवर धम्में फुडु पडिकेसव संकर सग्गि सुर । 10
कल्लाणइँ सयलइँ ते हवहिं धम्मेण वि हलहर चक्कहर ॥ १७ ॥

१८

With the pure thoughts Karakaṇḍa reaches the sage.

अणुवेक्खउ एयउ मणे सरंतु विसयाण परम्मुहु सेइँ करंतु ।
महिलाण णिवहु तिणसमु गणंतु सवणाण पियारी गिर भणंतु ।
मणु चवलु चलंतउ संथवंतु संपत्तउ णंदणवणु भमंतु ।
जं किण्णरखेयररवबमालु तं दिट्ठउ णंदणवणु विसालु ।
कोहाइजलणविद्दमणमेहु जो णाणकिरणविप्फुरियदेहु । 5
जो कामकिरायहो हिययसल्लु जो मोहभडहो पडिखलणमल्लु ।
दहलक्खणधम्महो जो णिवासु परसमयकयारहो जो हुवासु ।
जो तवसिरिकामिणिकयणरत्तु जो कम्मणिबंधणबंधचत्तु ।
घत्ता—जो जम्मणमरणविणासयरु दुविहभेयसंजमणिलउ ।
सो उववणे दिट्ठउ सीलणिहि सिवकामिणिवयणहो वरतिलउ ॥१८॥ 10

१९

The king hymns the sage and requests for a religious sermon.

तहो दंसणें जायउ हरिसु अंगे कमलाण जेम रविकिरणसंगे ।
भामरि तिउ देविणु थुइ करेवि पुणु चरणकमलजुवलउ सरेवि ।
जय तिमिरपणासणखरदिणिंद पयपाडिय पइँ सुरणरफणिंद ।
जय माणमहागिरिवज्जदंड जय णिरुवम मोक्खहो भरियकुंड ।
जय मोहविडविछिंदणकुठार जय चउगइसायरतरणकार । 5
तुहुँ दूरि णमंतहँ हरहि पाउ जह दिणयरु तमफेडणसहाउ ।
पइँ सुमरइ अणुदिणु जो मणेण सो सिवपुरि पावइ तक्खणेण ।

---

१७. १ S कि वत्थु.

१८. १ D N मइ. २ N का पत्र ७३ नहीं मिला जिसमें यहाँसे लेकर कडवक २३की ४थी पंक्ति तकका पाठ था ।

१७—धर्म-भावना

धर्म दशलक्षणयुक्त होता है। इसे जो पालन करता है उसका यह जन्म कृतार्थ है। धर्मसे तुरंग प्राप्त होते हैं और लीलापूर्वक उसके ऊपर उत्तम चमर ढोले जाते हैं। धर्मसे ही जीव विमानोंमें आनन्द करता है तथा रथों, कुंजरो व यानों-द्वारा संचार करता है। धर्मसे ही संसाररूपी महासमुद्रके रत्नोंकी सारभूत उत्तम प्रचुर लक्ष्मी प्राप्त होती है। धर्मसे नानाप्रकारके भोग प्राप्त होते हैं, और लोग आज्ञाका उल्लंघन नहीं करते। धर्मसे सरस्वती मुखमें विराजमान होती है, और हे भाई, मनुष्य मनोहर हृदयेच्छित वस्तुओंको प्राप्त करता है। धर्मसे सतखण्डे घर तथा नाना सुखकारी उत्तम रत्न मिलते हैं। धर्मसे ही देव जिनवरेन्द्रोंकी सेवा करते हैं, और धर्मसे ही सब उत्तम देव और नरेन्द्र होते हैं। धर्मसे ही मदोन्मत्त युवकोंकी प्रलयकारी सुलक्षणा नारी होती है। धर्मसे ही स्पष्टतः दामोदर (नारायण), जिनवर, प्रतिनारायण, शंकर और स्वर्गमें देव होते हैं। उसीसे सकल कल्याण प्राप्त होते हैं। धर्मसे ही बलदेव और चक्रवर्ती होते हैं।

१८—शीलगुप्त मुनिका दर्शन

इन अनुप्रेक्षाओंको मनमें स्मरण करता हुआ, स्वयंको विषयोंसे पराङ्मुख बनाता हुआ, महिलाओंके समूहको तृण समान गिनता हुआ, श्रवणोंको प्यारी वाणी बोलता हुआ, चलायमान चपल मनको स्थिर करता हुआ, करकण्ड चलते-चलते नन्दन वनमें पहुँचा। उसने उस विशाल नन्दन-वनको देखा, जो किन्नरों और खेचरोंके कोलाहलसे परिपूर्ण था। फिर उसने उस उपवनमें उन शीलोंके निधान (शीलगुप्त) मुनिको देखा, जो क्रोधादि कषायरूप अग्निको बुझानेके लिए मेघ थे, जिनका शरीर ज्ञानकी किरणोंसे विस्फुरायमान था, जो कामरूपी किरातके हृदयके शल्य थे, जो मोहरूपी भटको पराजित करनेवाले मल्ल थे। जो दशलक्षण धर्मके निवास तथा परसमय (मिथ्यामत) रूपी कूड़े-करकटके हुताश थे। जो तपश्रीरूपी कामिनीके वदनमें अनुरक्त थे, जो कर्मबन्ध व कर्मोंके बन्धक हेतुओंसे रहित थे, जो जन्म और मरणका नाश करनेवाले थे, दो प्रकारके संयमके निधान थे, तथा शिवकामिनीके मुखके उत्तम तिलक थे।

१९—मुनिराजकी स्तुति

मुनिराजके दर्शनसे करकण्डके अंगमें हर्ष उत्पन्न हुआ, जिस प्रकार रविकी किरणोंके संगसे कमलोंको। मुनिकी तीन प्रदक्षिणा देकर स्तुति करके और फिर उनके युगल चरण-कमल की वन्दना करके करकण्ड प्रार्थना करने लगे—जय हो आपकी, जो अन्धकारका नाश करनेके लिए प्रखर सूर्य हैं। आपने देवों, मनुष्यों व फणीन्द्रोंको अपने चरणोंमें झुकाया है। जय हो, मानरूपी महागिरिके वज्रदण्ड। जय हो, मोक्ष (सुख) के भरे हुए अनुपम कुण्ड। जय हो, मोह वृक्षके छेदक कुठार। जय हो, चतुर्गति रूप सागरके तारक। आप दूरसे ही नमस्कार करनेवालोंके पापको हरण करते हैं, जिस प्रकार अन्धकारको हटाना दिनकरका स्वभाव ही है! जो कोई प्रति-

कमकमलइँ वंदिवि मुणिवरासु उवविट्ठउ अग्गएँ तवधरासु।
सो भणइ भडारा हरियछम्मु महो को वि पयासहि परमधम्मु।
घत्ता—जें कियइँ पणासइ दुहणिवहु परिवड्ढइ सिवसुहु अणुवमउ। 10
तं कहहि भडारा करुण करि इहलोयहं भव्वहं सग्गमउ॥ १९॥

२०

The sage's sermon on holy conduct and ways of charity.

तं सुणिवि तहो वयणु मुणि भणइ हयमयणु।
तहो कहइ वरधम्मु जं करइ सुहजम्मु।
जो धम्मतरु राय सो होइ दुहु भेय
वयजलइँ सिंचियउ वड्ढेइ सुत्थियउ।
णरजम्मलद्धेण भावइँ विसुद्धेण। 5
जिणपुज्ज जो करइ मुणिचरण मणे धरइ।
सज्झाउ अणुसरइ संजमइँ संचरइ।
तवणियमभारेण दिण गमइ सारेण।
चउभेयपरिभिण्णु जें दाणु जणे दिण्णु।
तिविहस्स पत्तस्स सुविसुद्धपत्तस्स 10
जिणगेह जाएवि भत्तीइँ आणेवि।
अह गेहि पत्तस्स कालिं भमंतस्स।
मुणिगणहँ भत्तेण सुविसुद्धचित्तेण।
मज्झण्णे हूयम्मि णियगेहेपत्तम्मि।
ठा भणेवि गेण्हेवि तहो पट्टु पुणु देवि। 15
पयकमल धोवेइ जलु तं पि वंदेइ।
चंदणइँ अक्खेहिँ फुल्लेँ णिवज्जेहिँ।
दीवेण धूवेहिँ पूजेइ पूगेहिँ।
अंजलियणीरस्स वंदेइ पय तस्स।
घत्ता—छहिँ कम्महिँ जो णरु संचरइ छव्वासयछायउ जासु तणु। 20
असुहत्तउ लेसउ परिहरिवि जिणबिंबहो जुंजइ णियमणु॥ २०॥

२१

Right faith and righteous living.

किं बहुयइँ णरवर जंपिएण। सइंसणु पालइ जो हिएण।
सइंसणु जिणवरणिच्छएण सइंसणु फिट्टइ मिच्छएण।
सइंसणु तच्चहँ सद्दहेण संकाइयदोसहँ णिग्गहेण।
पुणु मज्जु मंसु महु णवणियाइँ वडपिप्पल जेण विवज्जियाइँ।
पिल्लि क्खणि फेंफरि उंबरी वि जो वज्जइ इह पंचुंबरी वि। 5
ण वि खेलइ जूउ ण पियइ सीहु जो होसइ मंसहो णरु णिरीहु।
जो वज्जइ वेसा णयणरम्म पारद्धि ण खेलइ जो अहम्म।

---

१९ १ प्रतिषु 'हिय'.

दिन मनमें आपका स्मरण करता है, वह शीघ्र ही मोक्षपुरीको पा लेता है। फिर मुनिवरके चरण-कमलोंकी वन्दना करके करकण्ड उस तपस्वीके आगे बैठ गया और बोला—"हे भट्टारक, मुझे अज्ञानको दूर करनेवाला कुछ परम धर्म समझाइए, जिसके करनेसे दुःखका समूह प्रनष्ट हो और अनुपम मोक्ष-सुखकी वृद्धि हो। हे भट्टारक, करुणा करके ऐसा धर्म कहिए, जो लोकमात्रको हितकारी व भव्योंको सद्गमनकारी (या स्वर्गमय) हो।"

२०—साधुको आहारदानकी विधि

करकण्डका यह वचन सुनकर, कामविजयी मुनि बोले, और उन्हें ऐसा उत्तम धम समझाने लगे जिससे जन्म सफल हो। वे बोले—"हे राजन्, जो धर्मरूपी वृक्ष है, वह दो प्रकारका (श्रावक धर्म और मुनिधर्म) होता है। जब वह व्रतरूपी जलसे सींचा जाता है, तब वह भले प्रकारसे बढ़ता है। नरजन्म पाकर विशुद्ध भावसे जो कोई जिनेन्द्रकी पूजा करता है, मनमें मुनियोंके चरणोंको धारण करता है, स्वाध्याय करता है, संयमपूर्वक आचरण करता है तथा तप और नियमके सारभूत भारसे दिन निकालता है (वह धर्मपालक है)। जो लोगोंको चार प्रकारका दान देता है, जो तीन प्रकारके पात्रोंमें-से प्राप्त हुए किसी भी सुविशुद्ध पात्रको (निम्न विधिसे) आहार-दान देता है—या तो जिनमन्दिरमें जाकर भक्तिपूर्वक पात्रको ले आवे अथवा यथाकाल भ्रमण करते, गृहपर आये हुए साधुको मध्याह्नके समय सुविशुद्ध चित्तसे मुनिगणोंका भक्त श्रावक 'ठहरिए' कहकर उन्हें पडगाहे, फिर उन्हें लेकर और (बैठनेको) पट्ट देकर उनके पदकमलोंको धोवे, और उस जलकी भी वन्दना करे। फिर चन्दन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप व फलोंसे उनकी पूजा करे। फिर अंजलीमें जल लेकर उनके पदोंकी वन्दना करे। जो नर षट्कर्मोंका आचरण करता है, जिसका शरीर छह आवश्यकोंसे युक्त है, जो लेशमात्र भी अशुभभावका परिहरण करके जिनबिम्बमें अपना मन योजित करे।

२१—सम्यग्दर्शनका स्वरूप

"हे राजन्, बहुत कहनेसे क्या लाभ ? जो कोई हृदयसे सम्यग्दर्शनका पालन करता है (वही सच्चा धार्मिक है)। यह सम्यग्दर्शन जिनेन्द्रमें निश्चयपूर्वक श्रद्धान करनेसे होता है। मिथ्यात्वसे सम्यग्दर्शन नष्ट हो जाता है। सम्यग्दर्शन तत्त्वोंके श्रद्धानसे तथा शंकादिक दोषोंके निग्रहसे उत्पन्न होता है। फिर जो कोई मद्य, मांस, मधु, नवनीत (मक्खन), बड़, पीपर इनका त्याग करता है; एवं पिप्पली, सिरनी, फेंफरी व उदुम्बरी आदि पाँच उदुम्बरोंको छोड़ता है (वह श्रावक है)। जो न जूआ खेलता है, न मदिरा पीता है, जो मांसकी सर्वथा इच्छा नहीं रखता, जो नयनरम्य वेश्याका त्याग करता है, जो अधर्मरूप आखेट नहीं खेलता, जो नर पराया धन कदापि

जो हरइ ण परधणु णरु कया वि दूराउ विवज्जइ परतिया वि ।
घत्ता—जो सत्त वि वसणइँ परिहरइ विसतरुवरु जह सव्वायरइँ ।
सो सोक्ख णिरंतर अणुहवइ ण वि खज्जइ दुक्ख णिसायरइँ ॥ २१ ॥ 10

२२

Religious observances for a honseholder.

वयहीणु ण णरवइ महइ को वि वयवंतउ रंकु वि पुज्जु होइ ।
विहिँ भेयहिँ ताइँ समासियाइँ घरवयइँ जईसरसंठियाइँ ।
अणुवयइँ सुथूलइँ अक्खियाइँ अइसुहुमइँ ताइँ महव्वयाइँ ।
तसजीवहँ रक्खा जो करेइ सो माणउ पढमउ वउ धरेइ ।
णउ बोल्लइ थूली अलियवाणि सो बीयउ अणुवउ धरइ णाणि । 5
णउ चोरिएँ गिण्हेइ दव्वु जो वि सो पालइ अणुवउ तइयओ वि ।
जो णारि पराई गणइ माय सो अणुवउ तुरियउ धरइ राय ।
परिमाणु परिग्गहे जो करेइ सो णरवइ पंचमु वउ धरेइ ।
घत्ता—णिसिभोयणे सहुँ दिसिगमविरमु पसुपासु जु बंधणु परिहरइ ।
भोयइँ उपभोयइँ तणु करिवि सो सुरहरि लीलइँ रइ करइ ॥ २२ ॥ 10

२३

Householder's Dharma continues.

समभावइँ जीवइँ जो णिएइ परिभावइ संजमु जो हिएइँ ।
जो अट्टरउद्दइँ परिहरेइ सो णरवरु सामाइउ धरेइ ।
उववासु करइ मासहो चयारि दो अट्ठमि चउदसि दुक्खहारि ।
जो णरवरु चउविहु देइ दाणु दय जीवहँ देइ जो अवरु णाणु ।
वाहीणहँ ओसहु जो करेइ सो सग्गु अलीढइँ अणुसरेइ । 5
जो भोयणवेलहे पत्तदाणु अणुराएँ दिण्णउ खाणु पाणु ।
कारुण्णइँ दीणहँ दुत्थियाहँ जें भोयणु दिण्णउ भुक्खियाहँ ।
जो पच्छिमयालि सलेहणेण सुहि पाण विसज्जइ थिरमणेण ।
घत्ता—जो एयइँ अणुवयगुणवयइँ सिक्खावय पालइ दुद्धरइँ ।
सो सासयबहुसुहलंपडउ पावेसइ सुक्खपरंपरइँ ॥ २३ ॥ 10

२४

Ascetic duties.

घरधम्मु णरेसर एम होइ इउ भणहिँ चिराणा परमजोइ ।
रिसिवयइँ पंच णिसुणेहि राय खणु एकु ण पइसइ जेत्थु माय ।
तसथावरजीवहँ करइ रक्ख सो भुंजइ भोय असंखलक्ख ।
अणुरायएँ अलिय ण कह भणेइ सो वयणइँ सुरगुरु आहणेइ ।
जो परधणु कह व ण अवहरेइ सो सुरवइ विवणम्मणु करेइ । 5
जो णवविहु कीरइ बंभचेरु सो पावइ सिवसुहु णट्ठमेरु ।
जो दुविहु परिग्गहु परिहरेइ संसारमहण्णउ सो तरेइ ।

---

२२. J १ णिसहइ.
२३. १ N सुह.

हरण नहीं करता, एवं जो पर-स्त्रीका दूरसे ही त्याग करता है। इस प्रकार जो सर्व आदरपूर्वक सातों ही व्यसनोंका विषवृक्षके समान परिहरण करता है, वह निरन्तर सुखोंका अनुभव करता है एवं दुःखरूपी निशाचरका भक्ष्य नहीं बनता।

२२—अणुव्रत व गुणव्रत

हे राजन्! व्रतहीन पुरुषका कोई आदर नहीं करता, किन्तु व्रतवान् रंक भी पूज्य होता है। वे व्रत संक्षेपमें दो प्रकारके कहे गये हैं। एक गृहस्थव्रत (अणुव्रत) और दूसरे मुनिव्रत (महाव्रत)। अणुव्रत स्थूल होनेके कारण कहे गये हैं। वे ही व्रत अतिसूक्ष्म रूपमें महाव्रत कहलाते हैं। जो त्रसजीवोंकी रक्षा करता है, वह मानव पहला (अहिंसा) व्रत धारण करता है। जो स्थूलरूपसे झूठ वचन नहीं बोलता, वह ज्ञानी दूसरा (अमृषा) अणुव्रत धारण करता है। ५ जो चोरी करके द्रव्य ग्रहण नहीं करता, वह तीसरा (अचौर्य) अणुव्रत पालता है। जो परायी नारी को माता गिनता है, वह, हे राजन्, चौथा (ब्रह्मचर्य) अणुव्रत धारण करता है। जो परिग्रहमें परिमाण करता है, (मर्यादा रखता है) वह, हे नरपति, पाँचवाँ (अपरिग्रह) अणुव्रत धारण करता है। जो कोई निशिभोजन त्यागके साथ दिशागमनका विराम (मर्यादा) रखता है, तथा पशुओंको पाशमें फँसाना या बाँध कर रखना छोड़ देता है, एवं भोगों व उपभोगोंको स्वल्प कर लेता है, १० वह देवोंके विमानमें लीलापूर्वक सुख भोगता है।

२३—शिक्षाव्रत

जो कोई जीवोंको समताभावसे देखता है, जो हृदयसे संयमकी परिभावना करता है, जो आर्त और रौद्र ध्यानोंका परिहरण करता है, वह उत्तम मनुष्य सामायिक धर्मका धारी है। जो एक मासमें चार दुःखहारी उपवास करता है, अर्थात् दो अष्टमी और दो चतुर्दशीके, जो श्रेष्ठ नर चतुर्विध दान देता है, जो जीवोंपर दया करता है एवं ज्ञानदान देता है, जो व्याधियों-की औषध करता है, वह निश्चयसे स्वर्ग प्राप्त करता है। जो भोजनके समय भक्तिपूर्वक खान- ५ पान रूप पात्रदान देता है तथा करुणापूर्वक दीन, दुखी व भूखोंको भोजन देता है, एवं जो सुहृदय व्यक्ति अन्तकालमें स्थिर मनसे सल्लेखना-द्वारा प्राण विसर्जित करता है (वह सच्चा गृहस्थ है)। इस प्रकार जो इन दुर्द्धर अणुव्रतों, गुणव्रतों व शिक्षाव्रतोंका पालन करता है, वह मुक्तिरूपी वधूके मुखका अभिलाषी सुखोंकी परम्पराको प्राप्त करेगा।

२४—महाव्रतोंका स्वरूप

हे नरेश्वर, गृहस्थ धर्म इस प्रकारका होता है, ऐसा चिरन्तन परम योगियोंने कहा है। अब, हे राजन्, उन पाँच मुनिव्रतोंको सुनो—जहाँ एक क्षण-मात्रके लिए भी माया (मनकी वक्रता)-का प्रवेश नहीं होता। जो त्रस और स्थावर जीवोंकी रक्षा करता है, वह असंख्य लाख भोगोंको भोगता है। जो अनुरागके कारण झूठ वचन नहीं बोलता, वह अपने वचनसे बृहस्पतिको भी जीत लेता है। जो पराये धनका कदापि अपहरण नहीं करता, वह इन्द्रको भी चिन्तित कर देता ५ है। जो नौ प्रकार ब्रह्मचर्यका पालन करता है, वह असीम मोक्ष-सुखको प्राप्त करता है। जो दो प्रकार (अन्तरंग व बहिरंग) परिग्रहका परिहरण करता है, वह संसाररूपी महासमुद्रको पार

मूलगुणहँ जो णरवइ धरेइ आलिंगणु वहो सिवयहु करेइ ।
उत्तरगुण जेत्तिय मुणिवराहँ णिव पारु ण पावइ को वि ताहँ ।
विहिँ भेयहिँ जं थिउ सवणरम्मु तं णरवइ मइँ तुह कहिउ धम्मु । 10

घत्ता—एयाइँ वयइँ पंच वि णिवइ परिपालइ सत्तिएँ जो वि णरु ।
कणयामरसिवमाणिणि वरइ सो हवइ णिरुत्तउ ताहे वरु ॥ २४ ॥

इय करकंडमहारायचरिए मुणिकणयामरविरइए भव्वयणकण्णावयंसे पंचकल्लाणविहाणकप्पतरु-फलसंपत्ते करकंडधम्मायण्णणो णाम णवमो परिच्छेउ समत्तो ।

॥ संधि ॥ ९ ॥

---

२४. १ प्रतिषु 'णरु वइ.'

कर लेता है। हे नरपति, जो मूलगुणोंको धारण करता है, उसका शिवरूपी वधू आलिंगन करती है। मुनिवरोंके जितने उत्तरगुण हैं, हे सज्जन्, उनका कोई पार नहीं पा सकता। हे नरपति, जो श्रवणरम्य धर्म दो प्रकारसे व्यवस्थित है (गृहस्थ धर्म और मुनि धर्म) वह मैंने तुम्हें समझा दिया। हे नृपति, जो मनुष्य इन पाँचों व्रतोंको अपनी शक्ति-भर पालन करता है, वह कनक व अमररूप मुक्ति-मानिनीका वरण करता है और वह निश्चय ही उसका वर बनता है। १०

इति मुनि कनकामर-विरचित भव्यजनकर्णावतंस पंचकल्याणविधानकल्पतरुफल-सम्यक्त्व करकण्ड-महाराजचरित्रमें करकण्ड-धर्मश्रवण नामक नौवाँ परिच्छेद समाप्त।

संधि—१०

१

Karakanda's questions and the sage's reply.

आयण्णिवि तं चंपाहिवेण पुणु भणिउ मुणीसरु णयसिरेण ।
महो अक्खहि करुणइँ मुणिपवर जं पुच्छउँ[1] हउँ तुच्छें सरेण ।
जइ अंगु सलोणउ हुयउ महु करे कंडु कीस तं कहहि लहु ।
अइवल्लहु महु जणणिहे रमणु विच्छोयउ कें कम्मेण भणु ।
कें कम्में सा करिणा हरिया महो घरिणि काइँ खयरेण णिया । 5
तं सुणिवि पयासइ तासु मुणि जं भणमि णरेसर तं णिसुणि ।
एत्थम्मि भरहे वेयड्ढगिरि तहो दाहिणदिसिहिँ समिद्धसिरि ।
रहणेउरु चक्कवालु णयरु तहिँ णीलु णराहिउ हुउ खयरु ।
णिद्धाडिउ सो दाइयहिँ तहो गउ णासिवि तेरापट्टणहो ।
उवसाहिय मेइणि तहिँ ठियइं जिणघरइँ अणेयइँ तें कियइं । 10
धणमित्तु णाउ तहिँ अत्थि वणि जो सेवइ अणुदिणु सयलगुणि ।
सम्मत्तरयणरयणायरहो घरे धणवइ गेहिणि अत्थि तहो

घत्ता—जं बुज्झइ तं सयलु वि करइ गुणवंतउ ताहे वि हरइ मणु ।
धणयत्तु अत्थि गोवालु वरु सीलेण विहूसिउ जासु तणु ॥ १ ॥

२

Cowherd Dhanadatta of Terapur once plucked a lotus.

सो एक्कहिँ दिणि णिसि मोक्कलेवि गउ दाहिणदिसि महिसिहुँ लएवि ।
तहिँ दिट्ठु सरोवरु तेण रम्मु वरकमलहिँ फुल्लिउ णाइँ धम्मु ।
कमलायरु रेहइ अइसुतारु णं धरहिँ समागउ णहु सुतारु ।
पोमिणिदलउप्परि पुंडरीय णं हरियधरहिँ णिवपुंडरीय ।
रेहंति अह व वियसियसुराय हरिभायणे णं मणि पोमराय । 5
तहो मज्झि परिट्ठिउ एक्कु पोमु उड्डुगणहिँ सुसोहिउ णाइँ सोमु ।
तं देक्खिवि तहो मणि फुरिउ राउ सरि पइठउ लेणहिँ साणुराउ ।
जलि पइसिवि लइयउ पोमु तेण णं खुडिउ सरोवरसिरु खणेण ।

घत्ता—तं लेविणु जा सो णीसरइ हरिसुक्कंठियणिययतणु ।
परिफुल्लियपोमहो संगएण तें वियसिउ णिम्मलु तासु मणु ॥ २ ॥ 10

---

१. १ S J पुच्छिउ मइं. २ यहाँसे चौथे कडवककी तृतीय पंक्ति तक पाठसहित N का ७५वाँ पत्र अप्राप्य है ।

संधि—१०

१—करकण्डका मुनिराजसे प्रश्न

चम्पाधिप करकण्डने उक्त प्रकार धर्मश्रवण करके, सिर नवाकर, मुनीश्वरसे फिर कहा—"हे मुनिराज, अब करुणा करके मुझे वह बतलाइए, जो मैं अपने तुच्छ शब्दोंमें पूछता हूँ। यदि मेरा यह अंग ऐसा सलोना (सुन्दर) हुआ, तो मेरे हाथपर यह कण्डु (खुजलीका दाग) कैसे हुआ ? यह शीघ्र कहिए। जब मेरी माताका पति अत्यन्त प्यारा था, तब कहिए उसका वियोग किस कर्मसे हुआ ? किस कर्मके कारण उसका हाथीने अपहरण किया ? तथा वह खेचर मेरी गृहिणीको क्यों ले गया ?" यह सुनकर मुनि करकण्डको बतलाने लगे—हे नरेश्वर, मैं जो कहता हूँ, उसे सुनो। इसी भरत क्षेत्रमें विजयार्द्धपर्वत है। उसकी दक्षिण दिशामें लक्ष्मी-सम्पन्न रथनूपुर-चक्रवाल नामका नगर है। वहाँ नील नामका खेचर राजा हुआ। वह अपने वैरियोंसे पीड़ित हुआ वहाँसे भागकर तेरापट्टनमें पहुँचा। वहाँ रहते हुए उसने पृथ्वीको वशीभूत किया और अनेक जिनमन्दिर बनवाये। उसी नगरमें धनमित्र नामका वणिक् रहता था, जो प्रतिदिन समस्त गुणी जनोंकी सेवा करता था। सम्यक्त्वरूपी रत्नके रत्नाकर उस वणिक्के घरमें उसकी धनवती नामकी गृहिणी थी। उसके धनदत्त नामका एक अच्छा ग्वाला था जिसका तन शीलसे विभूषित था। वह जो कुछ उसका स्वामी कहता था, वह सब करता था; और ऐसा गुणवान् था कि अपनी स्वामिनीके मनको भी हरण करता था।

२—धनदत्त गोपने कमल तोड़ा

वह ग्वाला एक दिन रात्रि व्यतीत होनेपर भैंसोंको ले, दक्षिण दिशामें गया। वहाँ उसने एक रम्य सरोवर देखा। वह उत्तम कमलोंसे ऐसा फूला हुआ था, जैसे (भव्य जनोंसे) धर्म। वह अति विशाल कमल सरोवर ऐसा सुन्दर दिखायी देता था, जैसे मानो आकाश अपने सुन्दर तारामण्डल-सहित पृथ्वीपर आ गया हो। कमलपत्रोंके ऊपर पुण्डरीक ऐसे शोभायमान थे, जैसे हरी-भरी पृथ्वीपर बड़े-बड़े राजा। अथवा, वे विकसित लाल कमल ऐसे शोभायमान थे, जैसे पद्मरागमणि हरे पात्रमें रखे हों। उस सरोवरके मध्यमें एक पद्म स्थित था, जैसे मानो तारा-गणोंसे सुशोभित चन्द्र हो। उसे देखकर गोपके मनमें चाह उत्पन्न हुई, और वह अनुरागसे उसे लेनेके लिए सरोवरमें प्रविष्ट हुआ। जलमें प्रवेश करके उसने उस कमलको तोड़ लिया, मानो एक क्षणमें ही सरोवरका सिर काट लिया गया हो। उसे लेकर अपने तनमें हर्षसे उत्कण्ठित होता हुआ जब वह सरोवरसे निकला, तब उस खूब फूले हुए पद्मके प्राप्त होनेसे उसका निर्मल मन खूब प्रसन्न हुआ।

३

A Sura charged him to present the flower to the greatest person on pain of death.

तं सररुहु लेविणु चलिउ जाम सुरु आयउ णायकुमारु ताम ।
गोवालु भणिउ तें सुरवरेण सरु रक्खिउ मइँ इउ आयरेण ।
जं फुल्लु ण लेणहँ लहइ को वि णउ खेयरु विसहरु सुरवरो वि ।
तं लइयउ सुंदर पइँ णरेण मइँ भणियउ तुहुँ सव्वायरेण ।
ता एह करेजहि मज्झु वाय जो वइरु तिहुवणे णमियपाय । 5
जसु वंसणि तुरियउ दुरियणासु इउ कुसुमु चडावहि चरणि तासु ।
जो मज्झु वयणु ण करेहि मित्त तो णिच्छउ मारमि मुद्धचित्त ।
फणिदेवें भणियउ वयणु जं पि धणयत्तु गयउ मण्णेवि तं पि ।
घत्ता—तें चिंतिउ वइरु सेट्ठि महु जो पणविउ सयलहिँ णरवरहिँ ।
एँ फुल्लें अंचमि पाय तहो जं रक्खिउ देवहिँ विसहरहिँ ॥ ३ ॥ 10

४

The cowherd in search of the greatest man.

तं मुणिवि गयउ सेट्ठिहे समीउ तहो पुरउ परिट्ठिउ सो विणीउ ।
ता पुच्छिउ सेट्ठिहिँ महो पुरो वि किं थक्कउ तुहुँ पंजलियरो वि ।
धणयत्तु भणइ भो सेट्ठि ताय एँ पोमें पुज्जमि तुज्झु पाय ।
कहि कारणु पुच्छिउ सो कहेइ सरे लयउ पोमु मइँ सुरु भणेइ ।
जो वइरु तिहुवणि पुज्जि सो वि णउ पुज्जहि जइ मारेमि तो वि । 5
इउ सुणिवि ताय चिंतंतु आउ लइ अप्पहिँ पुज्जमि तुज्झु पाउ ।
तुहुँ वइरु जणवयवंदणिज्जु फुल्लेण वि एणें पुज्जणिज्जु ।
तं सुणिवि सेट्ठि पभणेइ पुत्त महो णरवइ वइरु चारुचित्त ।
वणि लेवि गयउ सो णिवघरम्मि णिउ दिट्ठउ ता जिणमंदिरम्मि ।
पुव्वुत्तउ सयलु वि कहिवि तासु तुहुँ वइरु पणवइ लोउ जासु । 10
घत्ता—तें आयइँ पुज्जहुँ पाय तुहुँ फुल्लेण सरोवरलद्धइण ।
तं सुणिवि णरेसरु पडिलवइ महो वइरु मुणिवरु णिच्छइण ॥ ४ ॥

५

He worshipped the Jina with the flower with his hands and feet unwashed. Hence he was reborn as Karakaṇḍa.

गय सव्व पुरउ ते मुणिवरासु तं फुल्लु चडावहुँ जसहरासु ।
तुहुँ वइरु मुणिवर वीयराय परिपुज्जहुँ पोमें तुज्झु पाय ।
हउँ वइरु होमि ण मुणि भणेइ सव्वहँ गरुआरउ जणु गणेइ ।
देवाण देउ जिणवरु पसिद्धु अरिकम्म हणेविणु जो विसुद्धु ।
जो णाणसमिद्धउ सिद्धिपत्तु सो पुज्जहि तुहुँ अणुरायरत्तु । 5

३. १ J तिहुअणि. २ S J सुद्धचित्त.
४. १ S N सुणेवि. २ N पंजलि धरेवि.
५. १ S अणुराएं तुरंतु.

३—देवका गोपको आदेश

उस कमलको लेकर ज्योंही वह चला, तभी वहाँ नागकुमार नामका देव आ पहुँचा। उस देवने ग्वालेसे कहा—"मैं बड़े आदरसे इस सरोवरकी रक्षा करता हूँ। जिस फूलको लेनेमें न कोई खेचर समर्थ है, न नाग और न देव, उसे, हे सुन्दर, तूने नर होते हुए भी ले लिया है। अब मैं सर्व आदरपूर्वक तुझसे कहता हूँ, मेरी यह बात मान। जो कोई त्रिभुवनमें सबसे बड़ा हो, जिसके चरणोंको सब कोई नमस्कार करता हो, तथा जिसके दर्शनसे तुरन्त पापका नाश होता हो, उसीके चरणोंमें इस पुष्पको चढ़ाना। यदि तू मेरे वचनको नहीं मानेगा, तो हे शुद्धचित्त मित्र, मैं तुझे निश्चय ही मार डालूँगा।" नागकुमार देवने यह जो वचन कहा, उसे मानकर धनदत्त वहाँसे चला आया। उसने विचार किया—मेरा सेठ ही सबसे बड़ा है, जिसे सभी बड़े-बड़े नर प्रणाम करते हैं; इसलिए जिस फूलकी रक्षा आगे देवोंने की है, उससे उसी (सेठ) के चरणोंकी पूजा करूँ।

४—त्रैलोक्यमें सबसे बड़ा कौन ?

ऐसा विचारकर, गोप सेठके समीप गया और उसके सम्मुख विनीत भावसे खड़ा हो गया। तब सेठने पूछा—"तू मेरे आगे हाथ जोड़े क्यों खड़ा है ?" धनदत्त बोला—"हे तात सेठ, मैं इस कमलसे तुम्हारे चरणोंकी पूजा करूँगा।" सेठने पूछा—इसका कारण तो बतला ?" उसने कहा—"जब मैंने सरोवरसे इस कमलको लिया, तब देवने मुझसे कहा कि जो त्रिभुवनमें बड़ा हो, उसकी पूजा करना। यदि तू पूजा नहीं करेगा, तो मैं तुझे मार डालूँगा। यह सुनकर, हे तात, मैं चिन्तन करता हुआ आया हूँ; मैं अपनेसे तुम्हारे चरणोंकी पूजा करता हूँ। तुम बड़े हो और जनपद-द्वारा वन्दनीय हो। अतएव इस फूलसे आप ही पूजनीय हैं।" यह सुनकर, सेठ बोला—"हे सुन्दर चित्तवान् पुत्र, मुझसे तो नरपति बड़ा है।" तब वह वणिक् उसे लेकर राजाके घर गया। उन्हें राजाकी भेंट जिनमन्दिरमें हुई। उससे पूर्वोक्त समस्त वृत्तान्त कहकर वह बोला—"तुम बड़े हो, जिसे लोग प्रणाम करते हैं। इसीलिए हम इस सरोवरसे प्राप्त फूलसे तुम्हारे चरणोंकी पूजा करने आये हैं" यह सुनकर नरेश्वर बोला—"मुझसे तो मुनिवर निश्चय ही बड़े हैं।"

५—गोपकी जिनेन्द्र-पूजा और करकण्डके रूपमें पुनर्जन्म

तब वे सब यशोधर मुनिराजके आगे फूल चढ़ानेको गये और बोले—"हे वीतराग मुनिवर, तुम बड़े हो, अतएव इस पद्मसे हम तुम्हारे पैर पूजेंगे। तब मुनि बोले—"मैं बड़ा नहीं हूँ। लोग सबसे बड़ा तो देवोंके देव जिनेन्द्रको मानते हैं, जो प्रसिद्ध हैं और जो कर्मरूपी शत्रुओंका विनाश कर विशुद्ध हुए हैं, जो ज्ञानसे उद्दीपित हैं और सिद्धि प्राप्त कर चुके हैं। तू भक्तिपूर्वक उसी जिनेन्द्र देवकी पूजा कर।" मुनिकी यह वाणी सुनकर, धनदत्तने बिना हाथ-पाँव धोये ही उस

धणदत्तु सुणेविणु तासु वाणि धोवंतउ ण वि पुणु चरणपाणि ।
जिणु अंचिउ तें पोमें वरेण चिरु मेरुहिँ णाइँ पुरंदरेण ।
तहो लोयहिँ साहुक्कारु दिण्णु भत्तीभरेण मणु जासु भिण्णु ।
तहो एक्कहो फुल्लहो फलइँ सो वि चंपाहिवणंदणु तुहुँ हुओ वि ।
जिणमहिम विसुद्धिएँ जो करेइ सिवकामिणि करयलि सो धरेइ । 10

घत्ता—कइमइँ विलित्तहिँ पयकरहिँ जं अंचिउ जिणवरु जयतिलउ ।
तें कंडु तुह पइँ करें हुयउ इउ अक्खिउ मइँ तुह सुहणिलउ ॥ ५ ॥

६

Past life of Karakaṇḍa's parents. Nāgadatta and his faithless wife.

भो णरवइ गुणगणहरियसहो[1] सुणि एवहिँ जणणहो तणिय कहा[2] ।
इह भरहे अत्थि सावत्थिपुरि[3] जहिँ रमइँ णिरारिउ चिरु खयरि ।
तहिँ अत्थि पसिद्धउ महुरसुणि सिरिणायदत्तु णामेण वणि ।
तहो णायदत्त णामें घरिणि चिंताणलउब्भव सा अरणि ।
तहो पासु वणीसरु णउ मुअइ णउ रयणिदिवसु कत्थइँ सुवइ । 5
तें वणिणा जो परिपालियउ कामिणिकरपल्लवलोलियउ ।
वणिणंदणु णरवइ रूढिगउ णियगुणहिँ विणीयउ तहिँ भयउ ।
सो एक्कहिँ दिणि बंभणहो सुंओ कुंजरकरदीहरपीणभुओ ।

घत्ता—फणिदत्तइँ सो बंभणसुयउ अवलोयउ पंकयणेत्तियएँ ।
अणुराउ पवड्ढिउ तहो उवरि मणि चिंत्तिउ सुललियगत्तियएँ ॥६॥ 10

७

Her love advances out of wedlock

सा जोवइ पुणु पुणु सो कुमारु पच्चक्खु णाइँ ससरीरु मारु ।
णवकणयवण्ण सिसुहरिणणेत्त ता हूई खणे विवरीयचित्त ।
सव्वंगमयणसरसल्लियाहे हियय्म्मि ण भावइ किं पि ताहे ।
कर विहुणइ रोमंचउ वहेइ तहो पयडो रोमावलि वहेइ[1] ।
थण दावइ छोडइ णीविबंधु भणु किं किं ण करइ मयणअंधु । 5
कुसुमाउहसरणियरेण जित्त णउ संकइ कासु वि[2] चलियचित्त ।
परलोयकज्जे उज्जुवमणाहँ णउ गुरुवणलोयहँ सज्जणाहँ ।
णउ वीहिय[3] पुत्तहो बंधवासु णउ मायहे लज्जइ पिययमासु ।

घत्ता—जो सयलगुणायरु णिउणमइ विणयभावसंजुत्तउ ।
कोमलवयणपउत्तियहिँ सो किं ताएँ ण उत्तउ ॥ ७ ॥ 10

---

६. १ J सह. २ J कह. ३ N वासत्थि. ४ SJ चालियउ. ५ JS में यह चरण नहीं है व N में हासिये पर दिया है ।

७. १ S हुवेइ; N कहेइ. २ SJ चलइ. ३ N वीहिय.

उत्तम पद्मसे जिन भगवान्‌की पूजा की, जैसे पूर्वमें इन्द्रने मेरुपर जाकर की थी। लोगोंने उसे साधुवाद दिया, क्योंकि उसका मन भक्तिके भारसे भर रहा था। उसी एक फूलके फलसे वह धनदत्तका जीव तू चम्पाधिराजके पुत्रके रूपमें उत्पन्न हुआ है। जो कोई विशुद्धिपूर्वक जिन भगवान्‌की पूजा करता है, वह शिवकामिनीको अपने हाथसे पकड़ लेता है। क्योंकि तूने कीचड़-से विलिप्त हाथ-पैरोंसे जगतिलक जिनेन्द्र भगवान्‌की पूजा की थी, इसीलिए तेरे हाथ और पैरमें यह कण्डु (खुजलीका दाग) हुआ है। मैंने तुझे सुखकारी बात बतला दी।"

६—करकण्डके माता-पिताका पूर्व जन्म

अपने गुणगणोंसे सभाके मनको हरण करनेवाले हे नरपति, अब अपने पिताके सम्बन्धकी कथा सुन! इसी भरतक्षेत्रमें श्रावस्ती नामकी नगरी है, जहाँ नित्य ही खेचरियाँ रमण करती हैं। उस नगरमें एक प्रसिद्ध मधुरभाषी श्री नागदत्त नामका वणिक् रहता था। उसकी नागदत्ता नामकी गृहिणी थी, जो चिन्ता रूपी अग्निको उत्पन्न करनेके लिए अरणि रूप थी। वह वणिक् उसका पास नहीं छोड़ता था, और न रात-दिन कहीं सो पाता था। उस वणिक्‌ने जिसका परिपालन किया था, तथा कामिनी स्त्रियोंके करपल्लवों-द्वारा लालन कराया था, वह वणिक् पुत्र, हे राजन्, बड़ा हुआ तथा अपने गुणोंसे विनयशील निकला। कुञ्जरकी सूँड़ समान विशाल व स्थूल भुजशाली उस ब्राह्मण पुत्रको एक दिन कमलनेत्री नागदत्ताने देखा, जिससे उसके ऊपर उसका अनुराग बढ़ा। उस कोमलगात्री सेठानीने अपने मनमें उसका चिन्तन किया।

७—नागदत्ताकी पतिपालित ब्राह्मण कुमारपर प्रेमासक्ति

वह पुनःपुनः उस कुमारको देखने लगी, जैसे मानो वह प्रत्यक्ष शरीरवान् कामदेव हो। फिर वह नये सुवर्ण सदृश वर्णवाली, बाल-मृगनयनी एक क्षणमें विपरीत चित्त हो गयी। उसका सर्वांग मदनके बाणसे ऐसा विद्ध हुआ कि उसे अपने हृदयमें कुछ भाता ही नहीं था। वह हाथ मलती और रोमाञ्चित होती, एवं उसे अपनी रोमावली प्रकट करके दिखलाती। कभी स्तन दिखलाती और कभी नीवीबन्ध छोड़ती। कहो कामान्ध मनुष्य क्या-क्या नहीं करता? कामदेवके बाणसमूह से पराजित होकर वह चलायमान चित्त हुई किसीकी शंका ही नहीं करती थी। न तो वह परलोक कार्यमें उद्यतमन गुरुजनों व सज्जनोंकी लाज करती, न पुत्र व बन्धुजनोंका भय खाती और न माता व प्रियतमकी लाज करती। जो कुमार सकल गुणोंकी खान, निपुणमति एवं विनय-भावसे संयुक्त था, उससे उसने कोमल वचन-प्रोक्तियों-द्वारा क्या-क्या नहीं कहा?

८

The Brahmin boy resists, but ultimately succumbs.

तं सुणिवि वयणु कयउच्छवेहिँ ता पिहिय सवण करपल्लवेहिँ ।
विप्फारिवि लोयण सिरु धुणेवि सो जंपइ दुट्ठिय सा मुणेवि ।
हा माए माए किं चवहि एत्थु विहलंघल कय मज्जेण जेत्थु ।
हउँ णंदणु तुहुँ महो तणिय माय बोल्लंति हियएँ तुह कवण छाय ।
गयणयलु व लीला जो वहंतु परियाणहि किं ण वि कुलु महंतु । 5
सम्माणदाणसम्माणियाए इउ साहसु किमु पइँ कियउ माए ।
जणणयणसवणआणंदभूय किं माए बुद्धि विवरीय हूय ।
तं हणिवि वयणु करे धरिवि ताएँ सो णिच्चलु किउ मयभिंभलाएँ ।
घत्ता—हरिहरबम्हपुरंदरहँ देवाहँ वि तिय खणे मणु हरइ ।
जो माणउ पडियउ ताहे पिडि महहीणु वरायउ किं करइ ॥८॥ 10

९

Her faithlessness discovered by her husband who retires for penance and is reborn as Dhāḍivāhana.

सब्भावेँ कामुउ सयलु जणु तिय झायइ हियवएँ एयमणु ।
